फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 10, वर्ष 12, अंक 24, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, बुधवार, 1 मार्च, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : भारत की पहली महिला इंजीनियर



अन्दर : राहुल को उपकप्तानी से हटाना किसी प्रकार का संकेत नहीं : रोहित

# मनीष सिसोदिया और सतेंद्र जैन का इस्तीफा

## मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंजूर भी किया, मनीष आप में दूसरे नंबर के थे नेता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में केजरीवाल सरकार के दो मंत्रियों मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने पद से इस्तीफा दे दिया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दोनों का इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया है। इस्तीफा देने वाले दोनों ही नेता अलग-अलग मामलों में आरोपी हैं।

केजरीवाल के बाद आम आदमी पार्टी में मनीष सिसोदिया ही सबसे बड़े नेता है। मनीष सिसोदिया के पास दिल्ली सरकार के कुल 33 में से 18 विभाग थे। सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद सबसे बड़ी दिक्कत यही है कि उनका काम कौन संभालेगा। केजरीवाल के एक और मंत्री सत्येंद्र जैन पहले से जेल में हैं। जैन के पास स्वास्थ्य, उद्योग, बिजली, गृह, सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण और जल संसाधन जैसे मंत्रालय थे, जिन्हें सिसोदिया को सौंप दिया गया था। सिसोदिया के पास शिक्षा, लोक निर्माण, वित्त, आबकारी जैसे सबसे अहम विभाग थे। फरवरी 2020 में मुख्यमंत्री केजरीवाल के अपने बाकी विभाग छोड़ दिए थे।

**समस्या बढ़ी**

**शराब नीति केस में सीबीआई हिरासत में हैं सिसोदिया**

**केजरीवाल के सामने 10 साल में सबसे बड़ी चुनौती**

**जैन 9 महीने से हैं जेल में मनीष के पास थे 18 विभाग**



इसके बाद सिसोदिया इन विभागों को भी देख रहे थे। आम आदमी पार्टी में सिसोदिया के कद का नेता और अरविंद केजरीवाल का इतना भरोसेमंद व्यक्ति फिलहाल कोई नही है। दिल्ली सरकार अगले फाइनेंशियल ईयर के लिए बजट की तैयारी कर रही है। बजट का सारा कामकाज मनीष सिसोदिया ही देख रहे थे। दिल्ली सरकार का बजट आम आदमी पार्टी की सरकार आने के पहले करीब 30 हजार करोड़ रुपए का था, जो अब 75 हजार करोड़ रुपए का हो गया है। पहले सत्येंद्र जैन और अब मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी से आम आदमी पार्टी के 10 साल के इतिहास में अरविंद केजरीवाल के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। सिसोदिया दिल्ली में एजुकेशन सेक्टर में आए बदलाव के पोस्टर बॉय हैं।

पार्टी के कई नेता बताते हैं कि एक तरह से दिल्ली की सरकार वही चलाते हैं। पार्टी के राष्ट्रीय स्तर पर प्रसार में भी सिसोदिया की भूमिका अहम रही है। सत्येंद्र जैन को एऊने पिछले साल 30 मई को गिरफ्तार किया था। जेल से जैन की मजे की जिंदगी जीने की फोटो और वीडियो आए दिन सामने आते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एऊने कोर्ट में एक हलफनामा और कुछ तस्वीरें देकर इसकी शिकायत की थी। ईडी ने कहा था कि सत्येंद्र जैन को तिहाड़ जेल में कई तरह की सुविधाएं मिल रही हैं। जेल के सीसीटीवी फुटेज में उन्हें बैक और फुट मसाज कराते देखा गया है। जेल सुपरिन्टेंडेंट नियमों के खिलाफ जाकर सत्येंद्र जैन से मुलाकात करते हैं, वे उनसे पूछने जाते हैं कि जेल में मंत्री को कोई समस्या तो नहीं है।ईडी ने कहा था कि कोर्ट के आदेश का उल्लंघन कर सत्येंद्र जैन के लिए रोजाना उनके घर से खाना मंगाया जाता है। उनकी पत्नी पूनम जैन अक्सर उनसे मिलने सेल में आती हैं, जो गलत है। वे केस के अन्य आरोपियों के साथ अपनी सेल में घंटों मीटिंग करते हैं। यह केस की जांच के लिए सही नहीं है। सत्येंद्र जैन जेल मंत्री होने का गलत फायदा उठा रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचे सिसोदिया को नहीं मिली राहत

**सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट जाने को कहा**

नई दिल्ली। आबकारी घोटाला मामले में पांच दिन की सीबीआई रिमांड पर चल रहे दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। उनकी तरफ से वकीलों ने गिरफ्तारी के खिलाफ और सीबीआई के काम करने के तौर-तरीकों के खिलाफ याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट में दो जजों की बेंच सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई की। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ और जस्टिस नरसिम्हा की बेंच के सामने मनीष सिसोदिया का पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान जजों ने कहा कि आप हाईकोर्ट जा सकते थे। सीधे सुप्रीम कोर्ट आना अच्छी और स्वस्थ परंपरा नहीं। आपके पास जमानत के लिए हाईकोर्ट का विकल्प है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा ने कहा कि मामला दिल्ली में होने का यह मतलब नहीं कि आप सीधे सुप्रीम कोर्ट का रूख करें। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री सिसोदिया के पास अपनी जमानत को लेकर कई सारे विकल्प हैं। उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट जाना चाहिए। इस मामले में हम कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकते। वहीं सूत्रों के मुताबिक आम आदमी पार्टी सुप्रीम कोर्ट की सलाह पर अब इस मामले को हाईकोर्ट में लेकर जाएगी। पार्टी ने कहा कि हम कोर्ट का सम्मान करते हैं। अदालत ने आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पांच दिन की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में सौप दिया। अदालत ने माना कि जांच के हित में रिमांड जरूरी है। वहीं सिसोदिया की और से कहा गया कि तत्कालीन उपराज्यपाल ने आबकारी नीति में बदलावों को मंजूरी दी थी, लेकिन सीबीआई निर्वाचित सरकार के पीछे पड़ी हुई है। राऊज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल के समक्ष सिसोदिया को पेश करते हुए जांच अधिकारी ने उनसे जांच एवं पूछताछ के लिए पांच दिनों की हिरासत मांगी।

# यूपी के 8 पीसीएस अफसरों का तबादला

**इधर से उधर**

**हिरदेश कठेरिया पुलिस कमिश्नर स्टाफ नियुक्त**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने मंगलवार को 8 पीसीएस अधिकारियों के ट्रांसफर किए हैं। इसके बाद आजमगढ़, बरेली, प्रतापगढ़, गाजीपुर समेत कई जिलों के अधिकारियों का ट्रांसफर किए गए हैं। आजमगढ़ के मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला को अपर निदेशक सीडा लखनऊ के पद पर भेजा गया है।

गाजीपुर के मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता को आजमगढ़ का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मिजार्पुर के नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह को हापुड़ का अपर जिलाधिकरी के पद पर ट्रांसफर किया गया है। बलरामपुर के उपजिलाधिकारी मंगलेश दुबे का मिजार्पुर का नगर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। वहीं, बरेली के नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार गुप्ता को प्रतापगढ़ ट्रांसफर किया गया है। वहीं, इसके पहले यूपी सरकार ने सोमवार को गौतमबुद्ध नगर की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए तीनों जोन के अपर पुलिस उपायुक्त के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। पुलिस प्रवक्ता धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आईपीएस शक्ति मोहन अवस्थी को नोएडा जोन का, जबकि राजीव दीक्षित को सेंट्रल जोन का और अशोक कुमार को ग्रेटर नोएडा क्षेत्र का अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। शुक्ला के मुताबिक, हिरदेश कठेरिया को पुलिस कमिश्नर का स्टाफ अफसर नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि सेंट्रल जोन के एडीसीपी विशाल पांडे को अपर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय और अपर पुलिस उपायुक्त दिनेश कुमार सिंह को अपर पुलिस उपायुक्त सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाया गया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार वे मुख्यमंत्री को उनके प्रशासनिक कार्यों में सलाह देंगे। इस अवधि में उन्हें अस्थायी सरकारी सेवक माना जाएगा। उन्हें अंतिम आहरित वेतन में शुद्ध पेंशन की राशि घटाने के बाद भुगतान किया जाएगा।




# भोपाल ट्रेन ब्लास्ट में 7 को सजा-ए-मौत



## एक को उम्रकैद की सजा, लखनऊ की एनआईए कोर्ट ने सुनाया फैसला

**लखनऊ।** लखनऊ की विशेष एनआईए कोर्ट ने भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन ब्लास्ट के 7 आरोपियों को फांसी और 1 को उम्रकैद की सजा सुनाई है। मोहम्मद फैसल, गौस मोहम्मद खान, मोहम्मद अजहर, आतिफ मुजफ्फर, मोहम्मद दानिश, सैयद मीर हुसैन, आसिफ इकबाल रॉकी को फांसी की सजा दी गई है। जबकि मोहम्मद आतिफ ईरानी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। सुनवाई के दौरान आठों आतंकी कोर्ट में मौजूद रहे। इस मामले में कुल 9 आतंकी दोषी पाए गए थे। एक आतंकी सैफुल्ला की मुठभेड़ में मौत हो चुकी है।

9 आतंकियों पर देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने, आतंकी गतिविधियों के लिए धन, विस्फोटक और हथियार जुटाने के आरोप थे। साथ ही जाकिर नाइक का वीडियो दिखाकर युवाओं को जिहाद के लिए उकसाने सहित अन्य मामले में 21 मार्च, 2018 को आरोप तय किए गए थे। इनमें से एक आतंकी सैफुल्ला की मौत हो चुकी है। शुक्रवार यानी 24 फरवरी को कोर्ट ने बाकी 8 आतंकियों मोहम्मद फैसल, गौस मोहम्मद खान, मोहम्मद अजहर, आतिफ मुजफ्फर, मोहम्मद दानिश, सैयद मीर हुसैन, आसिफ इकबाल रॉकी और मोहम्मद आतिफ ईरानी को दोषी ठहराया था। पुलिस ने इन सभी आतंकियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। लखनऊ के काकोरी में हुई मुठभेड़ में सैफुल्ला मारा गया था। अन्य आरोपियों के पास से भारी मात्रा में गोला बारूद और हथियार बरामद हुए थे। इसके बाद मामले की विवेचना ठक्ळ्र ने करते हुए बाकी आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। यूपी अळर ने मुठभेड़ में आतंकी सैफुल्ला के पास से ये सामान बरामद किए थे।




सैफुल्ला, मृतक

**कार्रवाई**

**भोपाल-उज्जैन ट्रेन ब्लास्ट को अंजाम दिया था, शुक्रवार को कोर्ट ने आरोपियों को दोषी करार दिया था**

**मुठभेड़ में मारा गया था सैफुल्ला, ट्रेन में ब्लास्ट होते ही मची अफरा-तफरी, लोग कूदकर भागने लगे**

एमपी पुलिस ने दोपहर करीब 1.30 बजे पिपरिया में चलती बस से 3 युवकों को अरेस्ट किया। इन्होंने उप्र के लखनऊ, कानपुर और इटावा में साथियों के नाम बताए। यूपी एटीएस ने कार्रवाई शुरू की। कानपुर से फैसल खां, इमरान और इटावा से फकरे आलम धरा गया। कानपुर से अरेस्ट आतंकियों के लैपटॉप से आईएसआईएस से जुड़े वीडियो और साहित्य मिले। कोर्ट ने इन आतंकियों के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, विधि खिलाफ क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1967 की धारा 16 (ख), लोक संपत्ति निवारण अधिनियम 1984 की धारा 4, रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 150 और 151 सहित भारतीय दंड संहिता की धारा 324 और 326 के तहत आरोप तय किए हैं।

7 मार्च 2017 को भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन (59320) सुबह 6:25 बजे निर्धारित समय से भोपाल स्टेशन ट्रेन रवाना हुई। सुबह 9:38 बजे का वक्त रहा होगा। शाजापुर जिले के कालापीपल के पास जबड़ी रेलवे स्टेशन के करीब ट्रेन में ब्लास्ट हुआ। इसमें नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रेन में अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोग ट्रेन से कूद गए। उसकी वजह से उन्हें चोटें आईं। ब्लास्ट की आवाज सुनकर कुछ लोगों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोका। 14 मार्च 2017 को केंद्र सरकार ने मामले की जांच एनआईए को सौंपी। जांच में सामने आया कि आतंकी संगठन क्र से जुड़े आतंकियों ने बम प्लांट किया था। जांच एजेंसियों ने मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से मोहम्मद फैजल, गौस मोहम्मद खान, मोहम्मद अजहर, आतिफ मुजफ्फर, मोहम्मद दानिश, सैयद मीर हुसैन, आसिफ इकबाल रॉकी और मोहम्मद आतिफ ईरानी को गिरफ्तार किया, जबकि एक आतंकी सैफुल्लाह मुठभेड़ में मारा गया।

### महिला बोली- 6 साल का बेटा मरते-मरते बचा

सीहोर की रहने वाली जिया कुशवाहा भी उस दिन ट्रेन में सवार थीं। जिया बताती हैं, "हम लोग बोलई बाबा के स्थान पर जा रहे थे। ट्रेन में बहुत भीड़ थी। ट्रेन में बैठने की जगह तक नहीं थी। बमुश्किल हमें ऊपर की सीट पर बैठने की जगह मिली। मैं तो नीचे ही खड़ी रही। अचानक से टिफिन बम जैसा कुछ फटा। जहां मैं खड़ी थी, वहां मेरे ऊपर ही ब्लास्ट हुआ। इतने में अफरा-तफरी मच गई। मेरी उंगली कटकर लटक गई थी। बाल भी उड़ गए थे। कान के परदे फट गए। पूरे शरीर में छर्रे लगे थे। कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। ट्रेन में धुआं-धुआं हो गया था।"मुझे स्वस्थ होने में करीब 3 महीने लग गए थे। हादसे के वक्त मेरी उम्र 26 साल थी। मेरा 6 साल का बेटा मरते-मरते बचा है। उस दौरान मैं प्रेग्नेंट थी। मेरा मिसकैरेज भी हो गया था। बुजुर्ग दादा जी का पैर खराब हो गया था। धमाके से ट्रेन ऊपर से फट गई थी। दहशत ये भी थी कि कहीं ट्रेन पटरी से न उतर जाए। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था। दहशत आज भी याद आती है, मेरी उंगली हमेशा के लिए खराब हो गई है, हड्डी के अंदर से 6 टुकड़े हुए थे। सरकार से 25 हजार रुपए सहायता के तौर पर मिले। आतंकियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए।




# अवनीश कुमार अवस्थी का कार्यकाल एक वर्ष और बढ़ा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी का कार्यकाल 29 फरवरी 2024 तक और बढ़ा दिया गया है। गौरतलब है कि अपर मुख्य सचिव गृह रहे अवनीश कुमार अवस्थी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सलाहकार नियुक्त किया गया था। अवनीश कुमार अवस्थी को इस अवधि में अस्थायी सरकारी सेवक माना जाएगा। गौरतलब है कि विस्तार पाने की तमाम चर्चाओं के बीच 31 अगस्त को अवनीश अवस्थी सेवानिवृत्त हो गए थे। उप्र. एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) समेत उनके सभी विभागों का कार्यभार प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री व सूचना संजय प्रसाद को सौंप दिया गया था। अवनीश अवस्थी के पास गृह के अलावा गोपन, वीजा-पासपोर्ट, जेल प्रशासन एवं सुधार, सतर्कता विभाग, धर्मार्थ कार्य विभाग की जिम्मेदारी थी। वह यूपीडा व उप्र. स्टेट हाईवेज अथॉरिटी (उपशा) के सीईओ और डीजी जेल भी थे। ऊर्जा विभाग का अतिरिक्त चार्ज भी उनके पास था।

# यूपी में बिजली की दरें बढ़ाने की तैयारी

**अप्रैल में आम जनता की सुनवाई करेगा आयोग**

**लखनऊ।** यूपी में बिजली की दरें झटका देने की तैयारी हो चुकी है। बिजली कंपनियों द्वारा वर्ष 2023-24 की वार्षिक राजस्व आवश्यक्ता (एआरआर) के लिए विद्युत नियामक आयोग में दाखिल प्रस्ताव को आयोग ने स्वीकार कर लिया है। इस प्रस्ताव में बिजली कंपनियों द्वारा 18 से 23 फीसदी तक बिजली दरें बढ़ाने का मुद्दा प्रमुखता से रखा है। अब नियामक आयोग तय प्रक्रिया के तहत इस मामले में सुनवाई कर अगले 120 दिन के अंदर अपना फैसला सुनाएगा। 18-23 फीसदी तक घरेलू बिजली की दरें बढ़ाने का प्रस्ताव है। इसके अलावा 10-15 फीसदी तक अन्य श्रेणी की बिजली दरें बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया है। 16 फीसदी तक औद्योगिक बिजली की दरें बढ़ाने का प्रस्ताव है। अब बिजली कंपनियों द्वारा अगले तीन दिन में प्रस्तावित वृद्धि की दरों को समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया जाएगा। जिसके बाद उपभोक्ताओं से आपत्तियां और सुझाव लिए जाएंगे, इसके लिए उपभोक्ताओं को 15 दिन का समय मिलेगा। उपभोक्ताओं की आपत्तियां व सुझाव के बाद आयोग सुनवाई शुरू करेगा। सभी पक्षों को सुनने के बाद आयोग मई के अंतिम सप्ताह या जून के पहले सप्ताह में अपना फैसला दे सकता है। एआरआर को सुनवाई के लिए स्वीकार करने के बाद 120 दिन के अंदर आयोग द्वारा फैसला देने का नियम है। विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन आरपी सिंह और सदस्य वीके श्रीवास्तव ने बिजली कंपनियों के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। आयोग ने अपने आदेश में कहा है कि प्रस्ताव में इंगित जिन कमियों पर जवाब अभी तक बिजली कंपनियों ने दाखिल नहीं किया है वह दाखिल करें। बिजली दरों पर आम जनता की सुनवाई अप्रैल 2023 से शुरू होगी।उ.प्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि बिजली दरों में बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव का आयोग में विरोध होगा। इस बार भी उपभोक्ताओं के सहयोग से इसमें जीत हासिल की जाएगी। बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का 25133 करोड़ रुपये निकल रहा है। ऐसे में बिजली दरों में वृद्धि की बात करना उपभोक्ताओं से धोखा है। अगले पांच साल तक बिजली दरों में हर वर्ष सात फीसदी की कमी की जाए तब उपभोक्ताओं का हिसाब बराबर होगा। परिषद इसके लिए उपभोक्ता परिषद में पैरवी करेगा।

# उमेश पाल हत्याकांड : 6 नहीं, 13 शूटर थे...

## मुस्लिम हॉस्टल में प्लानिंग, जेल में अतीक वॉट्सऐप से कॉन्टैक्ट करता था

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड में बड़े खुलासे हुए हैं। सबसे बड़ी बात तो यह कि उमेश पाल की हत्या के लिए 6 लोग नहीं बल्कि 13 शूटर पहुंचे थे। जिनमें से 7 बैकअप में इंतजार कर रहे थे। इसके साथ ही यह भी पता चला है कि हत्या की साजिश मुस्लिम हॉस्टल में रची गई थी।

इस साजिश में अहम रोल अहमदाबाद के साबरमती जेल में बंद अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ का था। बता दें कि अशरफ बरेली जेल में बंद है और वह जेल से ही वह वॉट्सऐप कॉल के जरिए अपने गुर्गों से जुड़ता था। दरअसल यह खुलासा इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकील और हत्या में शामिल सदाकत खान ने पूछताछ के दौरान किया है। इस मामले में जानकारी देते हुए प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने बताया कि सदाकत को एसटीएफ ने सोमवार को गोरखपुर से गिरफ्तार किया। वह नेपाल भागने की फिराक में था। सदाकत इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मुस्लिम बोर्डिंग हॉस्टल के कमरा नंबर 36 में अवैध रूप से रह रहा था। इसी कमरे में उमेश पाल की हत्या की साजिश रची गई थी।

**खुलासा**

**माफिया अतीक का बेटा असद शूटरों को लीड कर रहा था**

बता दें कि पुलिस ने बीते सोमवार को अतीक अहमद के ड्राइवर अरबाज को मुठभेड़ में मार गिराया और सदाकत खान को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, पुलिस बाकी लोगों की तलाश में जुटी हुई है।



जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने अब तक की जांच में पता लगाया है कि उमेश पाल की हत्या में कुल 13 शूटर शामिल थे। जिसमें से पुलिस ने शाबिर नाम के एक और शूटर की पहचान की है, जो राइफल से गोलियां चला रहा था। पुलिस के साथ ही रळऋभी उसकी तलाश में जुटी हुई है।पुलिस ने धूमनगंज थाना क्षेत्र के उउळश फुटेज खंगालने के बाद अतीक के बेटे असद, बमबाज गुड्डू मुस्लिम, गुलाम और अरबाज की पहचान की गई थी। वहीं, 5वें साजिशकर्ता की पहचान सदाकत खान के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि माफिया अतीक का बेटा असद शूटरों को लीड कर रहा था। इसी के चलते कुल 13 शूटर उमेश को मारने पहुंचे थे, जिनमें से 6 गोली चला रहे थे और 7 बैकअप में थे। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद शूटर्स को बैकअप देने वाले भी अपने अपने वाहनों से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, साबिर इस साजिश और घटना में शामिल होने वाला 6वां शख्स है, जिसकी पुलिस ने पहचान कर ली है जबकि बाकी 7 की पहचान पूछताछ के आधार पर की जा रही है।

### लालू से डर रहे हैं पीएम मोदी, इसकारण वे हमें बाधना चाहते : राबड़ी देवी

**पटना।** आईआरसीटीसी घोटाला यानी जमीन के बदले रेलवे में नौकरी देने के मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने लालू यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती सहित 14 आरोपियों को समन जारी किया है। कोर्ट की कार्रवाई पर बिहार की पूर्व सीएम और लालू की पत्नी राबड़ी देवी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। राबड़ी देवी ने कहा, बिहार में पीएम नरेंद्र मोदी लालू यादव से डर रहे हैं, इसलिए वे हमें बाधना चाहते हैं। लेकिन हम लोग डरने वाले नहीं हैं। राबड़ी ने कहा, पीएम मोदी सभी को भगा रहे हैं। उन्होंने नीरव मोदी को भगाया। जब राबड़ी से सीबीआई, ईडी की कार्रवाई को लेकर सवाल हुआ, तब उन्होंने बताया कि बिहार में लालू से डर रहे हैं। इसकारण पीएम मोदी हमें बांधाना चाहते हैं। हम न बंधने वाले हैं, न भागने वाले हैं।

# चित्रकूट जेल कांड में डिप्टी जेलर गिरफ्तार

**कसा शिकंजा**

**मुख्तार असांरी के बेटे-बहू को जेल में मिलवाने का आरोप**

**चित्रकूट।** चित्रकूट जेल कांड में माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को उसकी पत्नी निखत से मिलवाने के मामले के आरोपी डिप्टी जेलर चंद्रकला को गिरफ्तार कर एंटी करप्शन कोर्ट लखनऊ भेज दिया गया है। चित्रकूट एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि न्यायिक हिरासत में डिप्टी जेलर को 14 दिन के लिए लखनऊ जेल भेजा गया है।

मुख्तार अंसारी के बेटे बहू के मिलन कांड में सहयोग देने वाले फराज खान कैंटीन ठेकेदार नवनी सचान को भी पुलिस ने जेल भेज चुकी है। जेल कांड के मामले में पुलिस की 18 टीमें प्रदेश में अलग-अलग जाकर छापेमारी कर रही हैं। इस कांड में लगभग 20 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही है।चित्रकूट जेल कांड में एसटीएफ, एसओजी, यूपी पुलिस, एसआईटी टीम सबूत खंगालने में जुटी हैं। इसमें दो कैफे संचालक को पूछताछ के लिए पकड़ा गया है। इन्हें सर्विलांस व एसआईटी अपने साथ ले जाकर कंप्यूटर से जानकारी एकत्र करने में जुटी है। इसके अलावा एक बैंक के अधिकारी भी इस मामले में मददगार के रूप में निशाने पर है।

# शादी में जा रहे बाइक सवार दो युवकों को ट्रक ने कुचला

**दुखद**

### ट्रक छोड़कर चालक फरार ग्रामीणों ने किया एक घंटा चक्काजाम

जनसंदेश न्यूज

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के डुबकियां एसओएस स्कूल के पास बाइक सवार दो युवकों को बेकाबू ट्रक ने कुचल दिया। घटना स्थल पर ही दोनों की मौत हो गयी। दोनों मामा के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकले थे।

घटना से आक्रोशि ग्रामीणों ने हाइवे जाम कर दिया। करीब एक घंटे बाद पुलिस के समझाने पर लोग शांत हुए। आगे की कार्रवाई में शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। युवकों की पहचान सीरगोवर्धन निवासी रितेश यादव (22) और अनुराग यादव (24) के तौर पर हुई।


हादसे के बाद वाहनों की लगी कतार

जानकारी के अनुसार चौबेपुर के गउडीह गांव निवासी सीयाराम यादव के बेटे गोविंद यादव की शादी में रितेश अपने दोस्त अनुराग के साथ बाइक से आ रहा था। शाम चार बजे डुबकियां गांव के पास बेकाबू ट्रक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बीच सड़क पर गिरे और ट्रक कुचलते हुए निकल गयी। कानूनी कार्रवाई और स्थानीय लोगों से बचने के लिए आरोपी चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। ग्रामीणों की सूचना पर चौबेपुर थाना प्रभारी राजीव सिंह मयफोर्स मौके पर पहुंचे और दोनों को पीएचसी चिरईगांव लेकर आये।

यहां जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना से गुस्साए मामा के गांव वालों ने सड़क पर जमाकर डेडबॉडी को अस्पताल से वापस लाने की जिद करने लगे। हालांकि पुलिस को समझाने पर ग्रामीण शांत हो गये। रितेश यादव दो भाई एक बहन में बड़ा था। पिता मुन्ना यादव अहमदाबाद में गन्ने का जूस बेचने का काम करते हैं।

# मंगलवार को हुई लंबित छह मामलों की सुनवाई

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** ज्ञानवापी प्रकरण में सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में लंबित छह मामलों की सुनवाई मंगलवार को हुई। इस मामले में अगली सुनवाई 29 मार्च को होगी। एक सितंबर 2021 को केदार घाट के श्रीविद्यामठ की साध्वी पूर्णाम्बा देवी शारदाम्बा की ओर से दाखिल वाद भी है। इसमें ज्ञानवापी परिसर स्थित मां श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन-पूजन की मांग की गई है। इसमें ज्ञानवापी परिसर में मिले शिवलिंग के नियमित दर्शन-पूजन की मांग की गई है।



वहीं परिसर में मिले शिवलिंग के पूजा-पाठ राग-भोग आरती करने को लेकर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र पर सुनवाई शुरू हुई। इस मामले में दो मार्च की तिथि नियत की। सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत में सुनवाई हुई। सीनियर डिविजन की कोर्ट में अविमुक्तेश्वर भगवान की ओर से दिल्ली निवासी हिन्दू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता व खजुरी निवासी अजीत सिंह की तरफ से दाखिल वाद पर भी सुनवाई हुई। कोर्ट में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद की ओर से दाखिल अर्जी पर सुनवाई हुई। मुस्लिम पक्ष ने दाखिल वाद के सबंधित सुसंगत साक्ष्य को उपलब्ध करने के मांग करते हुए अर्जी दाखिल की थी और इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 15 मार्च की तिथि नियत की है। उर्स वाले मामले में सुनवाई टल गई।

इस मामले में अब 16 मार्च की तिथि नियत की है। इसमें लोहता निवासी मुख्तार अहमद समेत अन्य ने वाद दाखिल की है।

## संक्षेप

### जनरल स्टोर में 40 हजार की चोरी

**सारनाथ।** सारनाथ थाना क्षेत्र के सलारपुर में जनरल स्टोर की दुकान को चोरों ने निशाना बनाया और 40 हजार से ज्यादा का समान गायब चोरी कर लिया। घटना सोमवार की देर रात की है। पीड़ित की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी खंगाला। जानकारी के अनुसार सलारपुर गांव निवासी राहुल गुप्ता की जनरल स्टोर की दुकान पंचक्रोशी रोड पर है। सोमवार की रात ताला तोड़कर दुकान में घुसे चोर ने गल्ले में रखा 40 हजार नकदी और कुछ सामान लेकर चंपत हो गए। चौकी प्रभारी सरायमोहाना अशोक सिंह ने बताया कि छत के रास्ते के दरवाजे में भीतर से ताला लगा था। इसे बाहर से नहीं तोड़ा जा सकता। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### दस साल की बच्ची से छेड़खानी करने वाला गिरफ्तार

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में शनिवार की शाम 10 साल की बच्ची से छेड़खानी के आरोपी युवक को पुलिस ने साधु कुटिया के पास से दबोचा। आगे की कार्रवाई में उसे जेल भेजा गया। मिर्जामुराद थाना प्रभारी दीपक कुमार रणावत ने बताया कि आरोपी पिंटू के खिलाफ पीड़िता की तरफ से मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोपी ने बच्ची को पैसा का लालच देकर बुलाया और छे-ड़खानी की। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पिंटू को पकड़ा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत, खजुरी चौकी प्रभारी रविकांत चौहान, एसआई राजकुमार चौहान सहित आदि लोग रहे।

### ट्रक से कुचलकर मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

**वाराणसी।** लालपुर-पांडेयपुर थाना क्षेत्र के खजुरी (मकबूल आलम रोड) पेट्रोल पंप के पास सोमवार की रात दस बजे ट्रक से कुचलकर बाइक सवार वृद्ध की मौत के मामले में बेटे ने अज्ञात चालक के विरुद्ध मंगलवार को लालपुर-पांडेयपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। बड़ी पियरी औघड़नाथ की तकिया कबीरचौरा निवासी माता प्रसाद (65) बाइक से चौकाघाट की तरफ जा रहे थे। इस दौरान ट्रक ने उन्हें कुचल दिया था। घटना में माता प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई।

### पोखरे में मिली युवक की लाश

**वाराणसी।** लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र के ऐढ़े गांव के पोखरे में 40 साल के युवक की लाश मिली। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त विकास सिंह निवासी चंदौली के तौर पर की। आगे की कार्रवाई में शव का पंचनामा कर मोर्चरी में रखवाया गया। पुलिस की माने तो विकास चंदौली का निवासी है और ऐढ़े के पास ही किराये के मकान में रहता था। पारिवारिक विवाद के चलते वो घर से निकला था। मौत कैसे हुई ये पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा। वहीं उसके आसपास रहने वालों की माने तो उसके और पत्नी के बीच अनबन थी ऐसे में वो यहां किराये पर रहता था। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना देने के बाद शव का पंचनामा कर मोर्चरी में रखवाया।

### चार वारंटी दबोचे गये

**सिंधोरा।** मारपीट और धमकी देने के मामले में फरार अभियुक्तों को कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को सिंधोरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया और कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के सम्मान देने के बावजूद भी चारों हाजिर नहीं हुए थे। सभी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी था।

# छावनी परिषद सदस्यों का चुनाव 30 अप्रैल को

**सात वार्डों से निर्वाचित होगें सात सदस्य**

**25 मार्च को नामांकन 30 अप्रैल को चुनाव व परिणाम**

**वाराणसी।** सात वर्षों के लंबे अंतराल के बाद छावनी परिषद में सात सदस्यों के निर्वाचन के लिए परिषद के अध्यक्ष की ओर से मंगलवार को छावनी अधिनियम 2007 की धारा 20 के अंतर्गत अधिसूचना जारी कर दिया गया ' जारी सूचना के अनुसार आगामी 30 अप्रैल को चुनाव संपन्न होगा और देर रात तक एक से सात वार्डो से निर्वाचित सदस्यों के परिणाम भी मिल जाएंगे ' चुनाव कार्यक्रम के अनुसार चार मार्च को तीन बजे तक मतदाता सूची में छूटे हुए लोगों के नाम अंकित करने के लिए दो प्रति में आवेदन प्राप्त किए जाएंगे, प्राप्त आवेदन की सूची पर आपत्ति छह मार्च, बोर्ड द्वारा गठित समिति द्वारा क्लेम व ऑब्जेक्शन की सुनवाई 13 मार्च, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 मार्च को किया जाएगा। नामांकन 25 मार्च को होगा नाम वापसी एक अप्रैल को। चुनाव चिह्न वितरण आठ अप्रैल को। 30 अप्रैल को मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक व मतदान के बाद सभी सात वार्डो में हुए मतदान पेटिका को छावनी कार्यालय में लाया जाएगा जहां परिणाम आने तक मत गणना जारी रहेगी ' छावनी परिषद के चुनाव की सूचना से स्थानीय जिला अधिकारी, कमिश्नर के साथ साथ प्रिंसिपल डाइरेक्टर, मध्य कमांड, लखनऊ को भी अवगत करा दिया गया है।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2005 अनुक्रमांक 2704995 का अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। आशा मौर्य पुत्री अवधेश कुमार पत्नी परमानंद ग्राम-गोड़र खुर्द, पोस्ट-दुबार कला, लालगंज, मीरजापुर।

मेरा बीए प्रथम वर्ष 2005 अनुक्रमांक नंबर 249913, द्वितीय वर्ष 2006 अनुक्रमांक 342977 तथा तृतीय वर्ष 2007 अनुक्रमांक 996393 का अंक तथा मूल प्रमाण वास्तव में खो गया है। पूजा वर्मा पुत्री प्रह्लाद, वार्ड न. 4 शास्त्री नगर, बेल्थरारोड, जिला-बलिया।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2001 अनुक्रमांक नंबर 1736848 तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2003 अनुक्रमांक 00678135 का अंक तथा मूल प्रमाण वास्तव में खो गया है। पूजा वर्मा पुत्री प्रह्लाद, वार्ड न. 4 शास्त्री नगर, बेल्थरारोड, जिला-बलिया।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है** - जय प्रभा चंद्रशेखर महाविद्यालय जयप्रकाश नगर बलिया में स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में अतिरिक्त विषय अंग्रेजी, अर्थशास्त्र एवं मनोविज्ञान में एक-एक प्रवक्ताओं की शैक्षणिक योग्यता यूजीसी व विश्वविद्यालय के परिनियमावली अनुसार योग्य अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो सहित विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अंदर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें।
प्रबंधक/प्राचार्य
मो.-9473723340,7905271895

**आवश्यकता है** - दूजा देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रजौली सहतवार बलिया में स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित,वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान में एक-एक प्रवक्ताओं की एवं स्नातक स्तर पर कला संकाय में समाजशास्त्र तथा स्नातकोत्तर स्तर पर गृह विज्ञान विषय में भी एक-एक प्रवक्ताओं की शैक्षणिक योग्यता यूजीसी व विश्वविद्यालय के परिनियमावली अनुसार योग्य अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो सहित विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अंदर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें।
प्रबंधक/प्राचार्य
मो.-9473723340,7905271895

आवश्यकता है रामललित सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कैलहट, चुनार, मिर्जापुर सम्बद्ध महात्मा गॉधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में अंग्रेजी व विज्ञान संकाय में गणित, भौतिक विज्ञान व कृषि विज्ञान संकाय में सस्य विज्ञान, उद्यान विज्ञान, कृषि अर्थशास्त्र में 3-3 प्रवक्ताओं तथा स्नातक स्तर पर कला संकाय में गृहविज्ञान, हिन्दी, प्राचीन इतिहास, सैन्य विज्ञान, जर्नलिज्म एण्ड मॉस कम्युनिकेशन व बी0बी0ए0, बी0एफ0ए0, बी0लिब0 एवं विज्ञान संकाय में वनस्पति विज्ञान, बायोटेक्नोलाजी विषय में 2-2 प्रवक्ताओं की। योग्यता / वेतनमान यूजीसी / विश्वविद्यालय के नियमावली व परिनियमावलीनुसार, योग्य अभ्यर्थी 07 दिनों के अन्दर समस्त प्रमाणपत्रों की छायाप्रति, 2 फोटो सहित आवेदन करें।
प्रबन्धक 8840319799

### मामला कोर्ट में पर हो रहा अवैध अतिक्रमण

**वाराणसी।** आदमपुर थाना अन्तर्गत किला कोहना (राजघाट) में रेलवे की विवादित जमीन पर अवैध निर्माण हो रहा है। अजगैब शहीद मजार से आगे बढ़ने पर लबे सड़क पर विवादित जमीन जो रेलवे और वक्फ बोर्ड के बीच न्यायालय में लंबित है। जानकारी के अनुसार उक्त जमीन पर बांस बल्ली लगाकर ढलाई का कार्य किया जा रहा है। इसके अवाला पीछे की ओर भी मनमाने ढंग से बाउंड्री वाल खड़ी की गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ भू माफिया करीब महीने भर से रेलवे की जमीम पर कब्जा कर रहे हैं। जबकि उक्त जमीन को लेकर रेलवे और वक्फ बोर्ड के बीच मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। जिसके कारण सालों से यहां कोई नव निर्माण नहीं हुआ है।

वीडीए को नहीं है निर्माण की जानकारी : विवादित जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण किए जाने के संबंध में जब विकास प्राधिकरण के इलाकाई जेई से पूछा गया तो उन्होंने मामले की जानकारी होने से अनभिज्ञता जताई। कहा कि यदि अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है तो मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों की माने तो निर्माण कार्य शुरू होने के दूसरे दिन ही मौके पर वीडीए कर्मी पहुंच गए थे। बावजूद विभाग नकार रहा है।

# रेस्टोरेंट संचालक पर हमले के आरोपी को मिली जमानत

**वाराणसी।** रेस्टोरेंट में घुसकर संचालक पर जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपितों को कोर्ट से राहत मिल गयी। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने सराय मोहना, सारनाथ निवासी आरोपित अमित साहनी व रोहित साहनी को 50-50 हजार रुपए के दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव, बृजपाल सिंह यादव व कृष्णा यादव ने पक्ष रखा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी शिवशंकर प्रसाद ने दशाश्वमेध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि पांच नवंबर 2022 को वह अपने रेस्टोरेंट में बैठा था। उसी दौरान दीपू साहनी, अमित साहनी, रोहित साहनी, दीपू का भांजा राजेश यादव व दीपू के पांच कर्मचारी व 7-8 सहयोगियों के साथ रेस्टोरेंट में चापड़, लोहे की रॉड, बांस इत्यादि लेकर घुस आए और मारपीट करने लगे। इस दौरान उनलोगों ने वादी, वादी के भाई जय नारायण मोहन गुप्ता, भरत पर गंभीर हमला किया। जिससे उनलोगों के सिर, हाथ एवं शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई। इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपितों समेत 6 नामजद व कई अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया था। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से दलील दी गई कि वादी और आरोपितो का होटल अगल-बगल है और मात्र व्यवसायिक रंजिश के चलते उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। अदालत ने पत्रावली व साक्ष्यों के अवलोकन के बाद आरोपित को अंतरिम जमानत दे दी।

### गैंगरेप के आरोपियों को 20 साल की सजा

**वाराणसी।** ननिहाल में रहने वाली किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने गैंगरेप के दो आरोपी सारनाथ निवासी सुनील और चौबेपुर निवासी गोविंद राजभर को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट प्रथम) त्रिभुवन नाथ की अदालत ने 20-20 साल की सजा सुनाई साथ ही 58 हजार का अर्थदंड दोनों पर लगाया। कोर्ट ने पीड़िता को बतौर क्षतिपूर्ति 75 हजार देने का आदेश भी दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार चौबेपुर थाना क्षेत्र निवासी वादी मुकदमा ने चौबेपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि उसकी 16 साल की नतिनी बचपन से उसके साथ घर में रहती है। 28 दिसंबर 2015 को दिन में एक बजे छाही सारनाथ निवासी सुनील अपने साथी शंकरपुर चौबेपुर निवासी अभियुक्त गोविंद राजभर के साथ आया और नतिनी को बहलाकर साथ भगा ले गया। मामले में विवेचना के दौरान पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया और पीड़िता को उनके कब्जे से बरामद किया था। मेडिकल में पीड़िता से दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी। पीड़िता ने बताया कि दोनों अभियुक्तों ने उसके साथ गैंगरेप किया। अदालत ने पत्रावली के अवलोकन व गवाहों के बयान के आधार पर दोनों अभियुक्तों को दोषी पाने के बाद सजा सुना दी।

# डीएम, सीडीओ ने गोद लिए क्षय रोगियों का जाना हाल


**कुशलक्षेम**

### उपचार में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी : डीएम

### क्षय रोगियों के पोषण का रखा जाएगा पूरा ख्याल : सीडीओ

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान तथा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को विकास भवन कार्यालय में जिलाधिकारी एस राजलिंगम और मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल की ओर से गोद लिए गए क्षय रोगियों से मुलाकात की और उनके उपचार एवं पोषण स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि 15 फरवरी को जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी समेत कई अधिकारियों ने 10-10 क्षय रोगियों को गोद लेकर उनके उपचार व पोषण में सुधार लाने की पहल की थी।


विकास भवन कार्यालय में क्षय रोगियों से मिले डीएम एस राजलिंगम, सीडीओ हिमांशु नागपाल

जिलाधिकारी ने गोद लिए गए सभी क्षय रोगियों से विकास भवन में व्यक्तिगत मुलाकात कर उनसे बातचीत की एवं उन्हें सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मरीजों को अपने पोषण पर विशेष ध्यान देना चाहिए तथा दवाई में कभी भी व्यवधान नहीं होना चाहिए अर्थात दवाई नियमित रूप से खानी चाहिए। किसी भी समस्या होने पर तत्काल सरकारी चिकित्सालय में संपर्क करना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी ने भी गोद लिए गए सभी क्षय रोगियों से उनके स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधित बिंदुओं पर वार्ता की।

उन्हें अन्य सरकारी सुविधाएं जैसे आयुष्मान भारत कार्ड, वृद्धा पेंशन योजना का लाभ नियमानुसार प्रदान करने के लिए कहा गया। इसके साथ ही समय-समय पर मरीजों से स्वयं बातचीत कर उनका हालचाल लेते रहने के लिए कहा। इस मौके पर सीएमओ डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि जनपद में वर्तमान में करीब 6330 सक्रिय टीबी रोगी हैं जिनका उपचार चल रहा है। इसमें से 4174 क्षय रोगियों ने गोद लिए जाने के लिए अपनी सहमति दी है और उन्हें विभिन्न अधिकारियों व अन्य लोगों ने गोद लिया गया है। समस्त टीबी रोगियों को नियमित हर माह पोषण पोटली प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही क्षय रोगियों को गोद लेने वाले सभी निक्षय मित्र उनके उपचार में सहयोग कर रहे हैं।

### गर्भवती स्त्रियों के रोग के कारण निवारण पर चर्चा

**वाराणसी।** चौकाघाट स्थित राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय व चिकित्सालय में मंगलवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। भगवान धन्वंतिर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शशी सिंह ने गर्भवती स्त्रियों में होने वाले रोगों तथा इनके इलाज के बारे में चर्चा किया और गर्भवती स्त्रियों में प्रसव काल में एपिडोसिन के प्रयोग पर व्याख्यान दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर नीलम गुप्ता ने की और महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, छात्र छात्राओं ने उपस्थित होकर इसे सफल बनाया। प्रोफेसर सी वी रमन की स्मृति में यह दिवस मनाया जाता है उनके द्वारा किए गए योगदान को याद करते हुए उनको नमन किया गया।

# बनारस-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस में विस्तार



**वाराणसी।** यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा 12538/12537 बनारस-मुजफ्फरपुर-बनारस द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस का विस्तार एक मार्च से सोमवार एवं बुधवार को प्रयागराज रामबाग तक किया जायेगा। पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 12538 मुजफ्फरपुर-बनारस द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस एक मार्च से सोमवार एवं बुधवार को प्रयागराज रामबाग से पांच बजे प्रस्थान कर ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस सहित सभी निर्धारित ठहराव पर रुकते मुजफ्फरपुर 18.10 बजे पहुंचेगी।

## हिंदू राष्ट्र घोषित हो इसके लिए किया पोस्टर चस्पा

**वाराणसी।** बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के समर्थन में वाराणसी के घरों, मठों, मंदिरों, घाटों और दुकानों की दीवारों पर भारत हिंदू राष्ट्र घोषित हो' के पोस्टर चिपकाए गए हैं। भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग उठाई गई है। बताया जा रहा है कि कई घरों की दीवार पर ये पोस्टर चिपके देखे जा रहे हैं। धीरेंद्र शास्त्री के आह्वान पर उनके कुछ समर्थकों ने सीर गेट, बीएचयू, अस्सी घाट, सामने घाट, लहरतारा, सिगरा समेत कई जगहों पर ऐसे पोस्टर लगाए गए हैं। मांग करने वाले इस पोस्टर पर पुलिस भी एक्टिव हो गई है। जगह-जगह से पोस्टर उखाड़ रही है और यह भी पता लगा रही है कि किन लोगों ने ये पोस्टर चिपकाए हैं।

## लोकनिर्माण विभाग के सर्वे से व्यापारियों में हड़कम्प

**मंडुवाडीह।** मंडुवाडीह चौराहे पर चौड़ीकरण को लेकर मंगलवार की शाम लोक निर्माण के कर्मचारी पहुंच कर दुकानों एवं मकानों की नापी करने लगे। यह देखते ही मौजूद व्यापारियों में हड़कम्प मच गया। इस दौरान कर्मचारियों ने जद में आने वाले भवन स्वामियों के नाम भी दर्ज किया। मौके पर मौजूद लोकनिर्माण विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मंडुवाडीह चौराहे पर जाम की स्थिति को देखते हुए 30 मीटर रेडियस की नापी की जा रही। उनसे पूछने पर की कार्य कब तक लगेगा उनका कहना था कि अभी सर्वे का कार्य चल रहा है और जो भी उपयुक्त होगा उसी हिसाब से आगे का कार्य किया जाएगा।

## एसीपी के निर्देश पर धरे गए जुआड़ी

**पिंडरा।** सिंधोरा पुलिस ने मंगलवार को बसन्तपुर स्थित मुसहर बस्ती में दबिश देकर सात जुआड़ियों को धर दबोचा। एसीपी अमित पांडेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम बसन्तपुर स्थित मुसहर बस्ती पहुची जहां बगीचे में खेल रहे जुआड़ियों को धर दबोचा। सात जुआड़ी पुलिस के गिरफ्त में आये, अन्य भाग निकले। पुलिस ने एक बाइक, ताश के पत्तो के अलावा 3150 रुपये बरामद की। इन दिनों फूलपुर व सिंधोरा थाना क्षेत्र में जुआ का खेल खूब चल रहा है। जिसे संज्ञान लेते हुए एसीपी के निर्देश पर पुलिस ने धर दबोचा। उन्होंने बताया कि इस बाबत सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# निरस्त गाड़ियों का बढ़ाया गया समय

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के लखनऊ-रायबरेली जं0-प्रतापगढ़-वाराणसी रेल खण्ड के अण्टू-जागेशरगंज-चिलबिला-प्रतापगढ़ (20.08 किमी.) के दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में होने वाले रेल संरक्षा आयुक्त का निरीक्षण तिथि परिवर्तित कर दो मार्च कर दिये जाने के कारण पूर्व से किये गये गाड़ियों के निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन एवं रेग्यूलेशन को बढ़ा दिया गया है।

जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि बनारस से एक एवं दो मार्च को चलने वाली 15107 बनारस-लखनऊ एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ से एक एवं दो मार्च को चलने वाली 15108 लखनऊ-बनारस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बनारस से एक एवं दो मार्च को चलने वाली 15127 बनारस-नई दिल्ली एक्सप्रेस बनारस से निर्धारित समय 13.30 बजे के स्थान पर 60 मिनट विलम्ब से 14.30 बजे प्रस्थान करेगी।

# बाल श्रम के खिलाफ चलेगा अभियान, होगी कार्रवाई


दशाश्वमेध घाट पर बैठक करते लोग

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में मंगलवार को बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति से जनपद को मुक्त कराये जाने के लिए माँ गंगा निषादराज शिवान्यास ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ दशाश्वमेध घाट पर बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में माँ गंगा निषादराज शिवान्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद मांझी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में सहायक श्रम आयुक्त वाराणसी द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी का स्पष्ट निर्देश है कि वाराणसी में 18 वर्ष से कम आयु के बाल किशोर श्रमिको का नियोजन पूर्णतः निषिद्ध किया जाना है यदि वाराणसी स्थित घाटों पर संचालित नौकायानों/जलयानो आदि पर 18 वर्ष से कम आयु के बाल / किशोर श्रमिक नियोजित पाये जायेगें तो उनके नियोजको के विरूद्ध कठोर विधिक कार्यवाही अपनायी जायेगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रामचन्दीपुर, वि.ख. चिरईगांव, जिला-वाराणसी**

पत्रांक / 2022-23 दिनांक 28.02.2023

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2022-23 में पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा/स्वच्छ भारत मिशन/गंगा एक्शन प्लान (ग्रामीण) अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये कार्यस्थलों पर निम्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक टिन नम्बर धारी आपूर्तिकर्ता दिनांक 02.03.2023 से दिनांक 04.03.2023 तक कार्य दिवस में अपराह्न दो बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सीलबन्द निविदा/कोटेशन जमा कर सकते हैं। जो दिनांक 06.03.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी / निर्माण समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष अपराह्न तीन बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | ईंट प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2. | सीमेन्ट | प्रति बोरी | |
| 3. | लाल बालू | प्रति घन. मी. | |
| 4. | मोरंग बालू | प्रति घन. मी. | |
| 5. | ईंट गिट्टी 40 मी.मी. व पत्थर गिट्टी 22.4 मी.मी. से 53 मी.मी. तक | प्रति घन. मी. | |
| 6. | सरिया, छड़ | प्रति कुन्तल | |
| 7. | ह्यूम पाईप (300 एम.एम., 360एम.एम., 450एम.एम. व 600, 900 एम.एम. न. पी.3 | प्रति मीटर | |
| 8. | प्लास्टिक बैंच | प्रति नग | |
| 9. | हैण्डपम्प सम्बन्धित सामग्री | प्रति नग | |
| 10. | हैण्डपम्प रिबोरिंग एवं समरसेबुल पम्पसेट | प्रति नग | |
| 11. | स्ट्रीट लाइट एवं सोलर लाइट (मानक एवं रेट के अनुसार) | प्रति नग | |
| 12. | पी.वी.सी. पाईप एवं फिटिंग सम्बन्धित सामग्री | प्रति नग | |
| 13. | इण्टरलाकिंग ईंट 80 एम.एम. | प्रति नग | |
| 14. | ई-रिक्शा कूड़ा गाड़ी | प्रति नग | |
| 15. | [illegible] सम्बन्धित उपकरण | प्रति नग | |
| 16. | पेंट से सम्बन्धित सामग्री | प्रति लीटर | |
| 17. | स्वच्छता से सम्बन्धित सामग्री कूड़ा गाड़ी, बेलचा इत्यादि | प्रति नग | |
| 18. | [illegible] सम्बन्धित उपकरण | प्रति सेट | |
| 19. | शौचालय निर्माण सामग्री | प्रति सेट | |
| 20. | ट्राईसाइकिल | प्रति नग | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें**-1. सभी कार्य स्वीकृत व अनुमोदित कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के माध्यम पर कराये जायेंगे। 2. सामग्री की मात्रा, कार्य स्वीकृत होने के बाद अधोहस्ताक्षरी के आदेश पर कार्य स्थान पर आपूर्ति की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. सामग्री की आपूर्ति, ग्राम पंचायत की परिधि में जो निविदा द्वारा निर्धारित दर पर कार्य स्थल पर की जायेगी। 4. आपूर्तिकर्ता वाणिज्य कर एवं आयकर कटौती का सम्बन्ध भुगतान कर तिमाही उसकी प्रति अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायेंगे। 5. गुणवत्ता मानक के अनुरूप न होने पर भुगतान की कार्यवाही रोकते हुए बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

श्रीमती विभा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रामचन्दीपुर
वि.ख. चिरईगांव, वाराणसी

प्रभु प्रकाश सुरेका
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रामचन्दीपुर
वि.ख. चिरईगांव, वाराणसी

**कार्यालय ग्राम पंचायत गोबरहां, वि.ख. चिरईगांव, जिला-वाराणसी**

पत्रांक / 2022-23 दिनांक 28.02.2023

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2022-23 में मनरेगा/स्वच्छ भारत मिशन/गंगा एक्शन प्लान (ग्रामीण) अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये कार्यस्थलों पर निम्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक टिन नम्बर धारी आपूर्तिकर्ता दिनांक 02.03.2023 से दिनांक 04.03.2023 तक कार्य दिवस में अपराह्न दो बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सीलबन्द निविदा/कोटेशन जमा कर सकते हैं। जो दिनांक 06.03.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी / निर्माण समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष अपराह्न तीन बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | ईंट प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2. | सीमेन्ट | प्रति बोरी | |
| 3. | लाल बालू | प्रति घन. मी. | |
| 4. | मोरंग बालू | प्रति घन. मी. | |
| 5. | ईंट गिट्टी 40 मी.मी. व पत्थर गिट्टी 22.4 मी.मी. से 53 मी.मी. तक | प्रति घन. मी. | |
| 6. | सरिया, छड़ | प्रति कुन्तल | |
| 7. | ह्यूम पाईप (300 एम.एम., 360एम.एम., 450एम.एम. व 600, 900 एम.एम. न. पी.3 | प्रति मीटर | |
| 8. | प्लास्टिक बैंच | प्रति नग | |
| 9. | हैण्डपम्प सम्बन्धित सामग्री | प्रति नग | |
| 10. | हैण्डपम्प रिबोरिंग एवं समरसेबुल पम्पसेट | प्रति नग | |
| 11. | स्ट्रीट लाइट एवं सोलर लाइट (मानक एवं रेट के अनुसार) | प्रति नग | |
| 12. | पी.वी.सी. पाईप एवं फिटिंग सम्बन्धित सामग्री | प्रति नग | |
| 13. | इण्टरलाकिंग ईंट 80 एम.एम. | प्रति नग | |
| 14. | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 15. | [illegible] सम्बन्धित उपकरण | प्रति नग | |
| 16. | पेंट से सम्बन्धित सामग्री | प्रति लीटर | |
| 17. | स्वच्छता से सम्बन्धित सामग्री कूड़ा गाड़ी, बेलचा इत्यादि | प्रति नग | |
| 18. | [illegible] सम्बन्धित उपकरण | प्रति सेट | |
| 19. | शौचालय निर्माण सामग्री | प्रति सेट | |
| 20. | ट्राईसाइकिल/कचरा वाहन ई-रिक्शा | प्रति नग | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें**-1. सभी कार्य स्वीकृत व अनुमोदित कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के माध्यम पर कराये जायेंगे। 2. सामग्री की मात्रा, कार्य स्वीकृत होने के बाद अधोहस्ताक्षरी के आदेश पर कार्य स्थान पर आपूर्ति की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. सामग्री की आपूर्ति, ग्राम पंचायत की परिधि में जो निविदा द्वारा निर्धारित दर पर कार्य स्थल पर की जायेगी। 4. आपूर्तिकर्ता वाणिज्य कर एवं आयकर कटौती का सम्बन्ध भुगतान कर तिमाही उसकी प्रति अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायेंगे। 5. गुणवत्ता मानक के अनुरूप न होने पर भुगतान की कार्यवाही रोकते हुए बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

चांदनी यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गोबरहां
वि.ख. चिरईगांव, वाराणसी

प्रभु प्रकाश सुरेका
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत गोबरहां
वि.ख. चिरईगांव, वाराणसी



# वाराणसी



# इस बार फाग बम से लोग रंगों में होंगे सराबोर


**अनोखा बम**

### सिगरा स्थित प्रतिष्ठानों मेंअभी से मिलने लगा बम वाला रंग

### इसके साथ ही सूखें रंगों की पिचकारियां भी मोहेंगी लोगों मन

**अश्विनी कुमार श्रीवास्तव**

**वाराणसी।** गीले रंगों से तौबा कर रहे लोगों को ध्यान में रखते हुए इस बार फॉग गुलाल बाजार की शोभा बढ़ा रहे हैं, इनमें फाग बम भी लोग पंसद कर रहे हैं। फाग बम घर में फेंकते ही तेज धमाके की आवाज की जगह अबीर गुलाल से पूरा वातावरण रंगीन कर देगा। जीहां अगर आप भी रंगों के इस त्योहार में अपने मित्रों से रंगों से सराबोर होने से बचना चाहेंगे तो भी बच नहीं पायेंगे, क्योकि यह फाग बम आपके घर आंगन में आकर गिरेगा और पूरे घर को रंगों में सराबोर कर देगा। यह फाग बम बीस रुपये से सौ रुपये तक प्रति पीस बाजार में उपलब्ध है।



फाग बम

रंगों के इस त्योहार में हर बार परम्पराओं से कुछ अलग बाजार में उपलब्ध होता है सो इस बार भी गीले रंग की बजाया बाजार में सूखे रंगों की खुमारी छायी है। सिर्फ अबीर गुलाल को हाथ से ना लगाकर अब इसे बम की तरह इस्तेमाल किया जायेगा। इतना ही नहीं रंगों से भरा राकेट भी बाजार में उपलब्ध है जो आपके घर में तो जायेगा लेकिन बजने के बजाए सतरंगी छटा बिखेरेगा।

### फागर केन व माचिस ने भी मचाया धमाल

फागर केन दिखने में एकदम कोल्ड ड्रिंक की तरह लेकिन ढक्कन खोलते ही आपको अबीर गुलाल से सराबोर कर देगा। इसके अलावा फाग माचिस चिंगारी के बजाए अबीर गुलाल की जगह लेगा। फागर केन की कीमत दो सौ रुपये प्रति बाजार में उपलब्ध है। इसके अलावा कई किस्म के मॉस्क लोगों को खुब लुभा रहा है।

### कहीं नकली रंग बिगाड़ ना दे आपकी होली

होली पर बाजार में हर ओर रंगों से दुकाने सज गयी हैं। जो हर्बल के नाम पर लोगों को खूब लुभा रही है। लेकिन इन रंगों में असली और नकली भी आपको परखना होगा। नकली रंग आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके साथ ही यह हानिकारक भी होते हैं।




रंग को खरीदते समय ध्यान दें कि रंग में से किसी तरह के केमिकल या पेट्रोल की गंध तो नहीं आ रही। यदि गंध है तो वह केमिकल युक्त रंग और गुलाल है। काले रंग का गुलाल- इसमें लेड आक्साइड होता है, जो गुर्दे को प्रभावित करता है। हरे रंग का गुलाल- इसमें कापर सल्फेट होता है। जो आंखों को प्रभावित करता है। चमकीले रंग के गुलाल- इसमें एल्युमीनियम ब्रोमाइड होता है। जो कैंसर का कारण बन सकता है। नीले रंग का गुलाल- इसमें प्रूशियन ब्लू होता है। जो त्वचा को प्रभावित करता है। लाल रंग का गुलाल- इसमें मरकरी सल्फाइट होता है। जो स्किन कैंसर की संभावना बढ़ाता है। सूखे गुलाल- इसमें एस्बेस्टस या सिलिका होता है। जिससे अस्थमा, त्वचा में संक्रमण और आंखों में जलन जैसी समस्या होती है। गीले रंग-इसमें जेनशियन वायोलेट होता है। जिससे स्किन टोन पर असर पड़ता है। सिगरा स्थित प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान छोटा माल के अधिष्ठाता आशोक गोगिया ने बताया कि इस बार भी पूर्व की तरह कुछ अलग रंगों का जखीरा लाया गया है, बताया कि अब लोग गीले रंग से बचने लगे हैं इसको ध्यान में रखते हुए सूखे रंगों की वैरायटी लायी गयी है।

# खेल प्रतियोगिताओं में दिखीं छात्रा खिलाड़ियों की प्रतिभा



अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करतीं छात्राएं

**जनसंदेश न्यूज**

**वार्षिक खेल दिवस**

### वसंत महिला महाविद्यालय में बास्केटबॉल, लॉन टेनिस और बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन

**वाराणसी।** बीएचयू से सम्बद्ध वसंत महिला महाविद्यालय में मंगलवार को वार्षिक खेल दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान आयोजित बास्केटबॉल, योगा, जुम्बा, ड्रिल, पिरामिड गठन, ताइक्वांडो, नींबू और चम्मच रेस, म्यूजिकल चेयर, रस्साकशी आदि में छात्रा खिलाड़ियों की प्रतिभा निखर कर सामने आयी।

महाविद्यालय में नवनिर्मित बास्केटबॉल, लॉन टेनिस और बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन करते हुए विशिष्ट अतिथि विभोर भृगुवंशी ने कहा कि वर्तमान समय में स्पोर्ट्स शिक्षा बेहद जरुरी है। जिसको यह कॉलेज बखूबी साकार कर रहा है। प्राचार्या प्रो. अल्का सिंह ने कहा कि जी-20 के लक्ष्यों को साकार करने में शिक्षा के साथ खेलों का भी अपना विशेष महत्व है। महाविद्यालयों में खेल गतिविधियां होने से छात्रों की प्रतिभा निखर कर सामने आती है। स्पोर्ट्स कमेटी की संयोजिका डॉ. श्वेता ने खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने मार्च-पास्ट निकाला। संचालन छात्रा शिवानी राय, रश्मि जायसवाल व श्रेया सिंह ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद डॉ. विभा सिंह पटेल ने दिया। इस दौरान सिद्धार्थ मेनन, संगीता रॉय, डॉ. वेदमणि मिश्रा, डॉ. अरविंद जायसवाल, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. संदीप पांडे, अनुराग तिवारी, अनुराग दुबे, चंद्रमोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रतिभाओं को संवारने वाले शिल्पी हैं शिक्षक



**जनसंदेश न्यूज**

**चिरईगांव।** बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को संवारने वाले शिक्षक शिल्पी होते हैं। प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। उक्त बातें खण्ड शिक्षा अधिकारी स्कंद गुप्ता ने मंगलवार को कम्पोजिट विद्यालय कोटवां में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में व्यक्त किये। छात्र-छ७त्राओं की सांस्कृतिक मनमोहक प्रस्तुति देखकर अभिभावक और अतिथि काफी गदगद् नजर आये। प्राथमिक विद्यालय जाल्हूपुर, फूलपुर प्राथमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय रामचंदीपुर में इत्यादि विद्यालयों में भी धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ चिरईगांव के अध्यक्ष ज्योतिभूषण त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम सिंह, रचना, कमलेश यादव, रामप्रवेश पाल, पुष्पराज सिंह, हरिद्वार मिश्र, प्रीति गुप्ता, मनीष कुशवाहा, कमरूद्दीन, संतोष, रविशंकर पांडेय, आलोक कुमार मौर्य आदि शामिल थे। संचालन सुदर्शन ने किया।

# किसानों का लाखों बकाया लगा रहे क्रय केंद्रों के चक्कर

**जनसंदेश न्यूज**

**पड़ताल**

### जिले में धान खरीद की समय सीमा समाप्त

### कमोवेश हर केंद्र पर किसानों का पैसा फंसा

**वाराणसी।** धान की खरीद की समय सीमा समाप्त हो चुकी है। बावजूद इसके कई किसानों का लाखों बकाया है और वे अपना पैसा पाने के लिए क्रय केंद्रों के चक्कर काटने को विवश है। जिले के कई धान खरीद केंद्रों की मंगलवार को पड़ताल में यह बात सामने आयी।

चांदमारी प्रतिनिधि के मुताबिक, हरहुआ बालक के दो धान क्रय केंद्रों पर 5073 कुंतल धान की खरीद की गई। लेकिन 72 घंटे में भुगतान के दावे की हवा निकल चुकी है। आयर समिति पर किसानों का लाखों रुपये बकाया है। जिसके लिए किसान समिति का चक्कर लगा रहे हैं। यहां पर 152 किसानों से 4316.40 कुंतल, गोसाईपुर समिति पर 22 किसानों से 760 कुंतल धान खरीदा गया। गोसाईपुर समिति के सभी किसानों का भुगतान किया जा चुका है। जबकि आयर समिति पर 24 किसानों का लगभग 10 लाख रुपया बकाया है। सचिव दुर्गा प्रसाद मिश्र ने बताया कि चार दिन पहले तक भुगतान नहीं हुआ था। फिर से ऑनलाइन चेक कराना होगा। सहायक विकास अधिकारी सहकारिता अवधेश सिंह ने बताया कि लगभग 10 लाख रुपया अभी बकाया है। जिसे जल्द ही भुगतान करा दिया जाएगा।

पिंडरा प्रतिनिधि के मुताबिक, स्थानी ब्लॉक के बाबतपुर गांव स्थित कोऑपरेटिव सचिव आशुतोष सिंह ने बताया कि 8000 कुंतल के सापेक्ष 7168 कुंतल धान की खरीदारी हुई। जिसे 177 किसानों ने बेचा है। अभी भी 30 किसानों का पैसा भुगतान करना बाकी है। वही, फूलपुर कोऑपरेटिव के सचिव इंदू प्रताप सिंह ने बताया कि 9000 कुंतल के सापेक्ष दो सौ किसानों से 8170 कुंतल धान की खरीदा हुई है। इसमें से 46 किसानों के धान का पैसा बाकी है। भुगतान के बाबत दोनों सचिव ने बताया कि पीसीएफ विभाग के पास पैसा न होने के कारण भुगतान नहीं हो पाया है।

सिंधोरा प्रतिनिधि के मुताबिक, सिंधोरा धान क्रय केंद्र पर 3644.40 कुंतल धान की खरीद हुई। दो किसानों को छोड़कर शेष किसानों के बीच 72,95,856 रुपये का भुगतान किया जा चुका है। केंद्र के सचिव गिरीश सिंह दो किसानों का अभी तक भुगतान न होने की वजह नहीं बता पाए।

# विकास इंटर कॉलेज के संस्थापक आरएन सिंह का निधन

**चांदमारी।** परमानंदपुर स्थित विकास इंटर कालेज के संस्थापक आरएन सिंह का सोमवार को रात्रि में निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मणिकर्णिकाघाट पर मंगलवार को किया गया। आरएन सिंह के निधन की खबर से पूरा विद्यालय परिवार शोक में डूब गया। आरएन सिंह विकास इंटर कालेज के प्रबंधक अशोक कुमार सिंह के पिता थे। आरएन सिंह सरदार पटेल इंटर कालेज के प्रधानाचार्य रह चुके थे। वे विकास एजुकेशनल ग्रुप के संस्थापक थे।



## राजकीय आईटीआई करौंदी में दो दिनी रोजगार मेला आज से

वाराणसी। स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की तरफ से राजकीय आईटीआई करौंदी परिसर में रोजगार मेला का आयोजन एक और दो मार्च को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न चार बजे तक किया जाएगा। इस दौरान आने वाली कंपनी अभ्यर्थियों का पंजीकरण कर ऑनलाइन टेस्ट और साक्षात्कार लेंगी। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय रोजगार के लिए सिक्योरिटी गार्ड, हेल्पर, क्लीनर (एसी टेक्नीशियन, इलेक्ट्रीशियन, ऑटोमोबाइल प्लम्बर मशीनिस्ट, सीएनसी ब्लास्टर पेंटर, पाइप फिटर, जीटीएडब्लू वेल्डर) आदि रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए पंजीकरण किया जाएगा।

## छात्र सलाहकार बने डॉ. अखिलेश

**वाराणसी।** बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने दंत चिकित्सा विज्ञान संकाय के सहायक आचार्य डॉ. अखिलेश चंद्रा को संकाय का छात्र सलाहकार नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति डॉ. पवन कुमार दुबे के स्थान पर की गई है।

# मनरेगा परिवारों को 100 दिन मिले रोजगार

**निर्देश**

### सीडीओ ने विकास कार्यों की वर्चुअली समीक्षा की



**वाराणसी।** मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने मनरेगा योजना से आच्छादित ज्यादा से ज्यादा परिवारों को चालू वित्तीय वर्ष में 100 दिन रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कहा कि इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वह मंगलवार को विकास कार्यों की वर्चुअली समीक्षा बैठक कर रहे थे। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने मनरेगा जॉब कार्ड धारकों के आधार सीडिंग मनरेगा साइट पर कराने के निर्देश दिए। कहा कि जिन श्रमिकों के भुगतान किसी कारणवश रिजेक्ट हो गए हैं। उनका आगामी दो दिन में पुनः सृजित कर भुगतान किया जाए। उन्होंने 20 से अधिक श्रमिकों वाले कार्यों पर महिला मेट को लगाने का निर्देश दिया। मिशन अंत्योदय सर्वे 2022 की समीक्षा में पाया गया कि सभी विकास खंडों की आईडी जिले स्तर से अप्रूव्ड कर दी गई है। सर्वे करने वाले कर्मचारियों की आईडी अभी किसी भी विकास खंड द्वारा पूर्ण रूप से अप्रूव्ड नहीं की गई है। केवल हरहुआ व पिंडरा में एक-एक आईडी सत्यापित की गयी है। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को दो दिन में आईडी सत्यापित करने का निर्देश दिया, ताकि कार्य शुरू हो सके।

समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के जिन लाभार्थियों की प्रथम किस्त अभी तक पेंडिंग है, उसे तत्काल जारी करने के निर्देश दिए गए। जिन लाभार्थियों के जमीन की समस्या है, उनके एसडीएम से बात कर समस्या का निदान कराकर तत्काल किस्त जारी करने के निर्देश दिए गए। सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे भौतिक निरीक्षण के पश्चात ही प्रत्येक आवास का सत्यापन कराएं। साथ ही दूसरी किश्त की डिमांड करने का भी निर्देश दिया।

## आज इन क्षेत्रों में एक घंटे कटेगी बिजली

**वाराणसी।** नगरीय विद्युत वितरण खंड प्रथम के तहत विद्युत उपकेंद्र गोदौलिया पर मरम्मत कार्य के लिए एक मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली काटी जाएगी। इस दौरान रामापुरा, दशाश्वमेध, बांसफाटक और आसपास क्षेत्रों की विद्युत बाधित रहेगी। यह जानकारी नगरीय विद्युत वितरण मंडल प्रथम के अधीक्षण अभियंता ने दी है।

# स्मिता लोहिया व अंजना शर्मा को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार



**वाराणसी।** बाबा गोरक्षनाथ की नगरी में नवम प्रांतीय अधिवेशन अनुगूंज गत दिनों 25 व 26 फरवरी को किया गया। जिसमें स्मिता लोहिया को सर्वश्रेष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष व अंजना शर्मा को सर्वश्रेष्ठ प्रांतीय सहायक मंत्री का पुरस्कार दिया गया। इसके साथ ही मंडल को बहुत सारे पुरस्कार प्राप्त हुए। दोनों महिलाओं की सफलता से काशीवासियों को गर्व है। सत्र 2023-25 के लिए काशी शाखा के अध्यक्ष पंकज टेकरीवाल का निर्विरोध प्रांतीय उपाध्यक्ष पद पर शपथ ग्रहण कराया गया जो मंडल के लिए बहुत ही गोरव की की बात है। इस अवसर पर प्रांगण में महेश चौधरी, श्याम मनोहर लोहिया, रजनी कानोडिया, मनीषा अग्रवाल, निशा अग्रवाल, पंकज टेकरीवाल, रीता अग्रवाल, ऐश्वया आचार्य, निधि केडिया, अनिल के जाजोदिया आदि मौजूद थे।

# वाराणसी नगर निगम पर अनियमितता का आरोप

## एमएलसी ने कहा- निजी कंपनी को ठेका पहले दिया व रजिस्ट्रेशन बाद में हुआ

**आरोप**

### एक ही पते पर 10 कंपनियों का एड्रेस नगर विकास मंत्री ने बताया निराधार जांच के लिए किया आश्वस्त




**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा ने वाराणसी नगर निगम पर गलत तरीके से ठेका देने का आरोप लगाया है। उन्होंने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कहा कि ठेका पहले दे दिया गया और रजिस्ट्रेशन बाद में हुआ। नियमों को ताक पर रखकर एक निजी कंपनी के नाम 'लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस' जारी किए गए। उन्होंने कहा कि 17 मई, 2020 को कंपनी का रजिस्ट्रेशन हुआ, जबकि ठेका 5 मार्च, 2020 को ही दे दिया गया था। आशुतोष सिन्हा ने नगर-निगम में बड़े भ्रष्टाचार की भी बात कही। उन्होंने बताया कि वाराणसी नगर निगम और उस निजी के बीच हुए कॉन्सेसन एग्रीमेंट में किसी भी गवाह के हस्ताक्षर नही हुए। मैं भी अधिवक्ता हूं और यह अच्छे जानता हूं कि जब कोर्ट मैरिज में भी गवाह की जरूरत होती है, तो इतने बड़े एग्रीमेंट में गवाह क्यों नही हैं। सिन्हा ने आगे कहा कि जिस कंपनी के साथ एग्रीमेंट हुआ है, उसके पते पर कुल 10 कंपनियां और भी रजिस्टर्ड हैं। इनके ऊपर कुल लगभग 200 करोड़ रुपए का लोन बकाया है। जो काम 600 रुपए में हो रहा है, उसी काम के लिए 2600 रुपए में दिया जा रहा है। इस कंपनी द्वारा कोई घोटाला नहीं किया जाएगा। नगर विकास मंत्री ने विधान सभा में आशुतोष सिन्हा के सवालों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि कंपनी मुंबई में काम करती है। उसकी एक छोटी कंपनी अलग से बनारस के लिए गठित की गई थी। इसमें कुछ गलत नहीं है। मंत्री ने कहा कि कंपनी को कुल 62 करोड़ 13 लाख रुपए से ज्यादा दिए गए हैं। वहीं, अभी भी 38 करोड़ रुपए और दिए जाने हैं।इस पर आशुतोष सिन्हा ने कहा कि उन्होंने गोल-मटोल जवाब दिया। मैंने, सभापति से इस प्रकरण को प्रश्न और संदर्भ समिति में भेजने के लिए अनुरोध किया। सभापति ने सारे डॉक्यूमेंट नगर विकास मंत्री की को सौंपने के लिए निर्देश दिया। वहीं, इस प्रकरण पर जांच के लिए आश्वस्त किया गया। इससे पहले भी आशुतोष सिन्हा ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में यह मुद्दा उठाया था।





















# साफ सफाई व्यवस्था को जांचने सड़क पर उतरे नगर आयुक्त

**मांगी रिपोर्ट**

### जोनल अधिकारियों से कहा दें रोजाना की रिपोर्ट

### ऐसे नहीं चलेगा काम, ड्रेसकोड में होंगे सफाई कर्मी



**वाराणसी।** नगर आयुक्त शिपू गिरि कार्यभार संभालते ही एक्शन में आ गए। मंगलवार को शहर की साफ सफाई व्यवस्था को जांचने सड़क पर उतरे और इस दौरान लोगों से संवाद भी किया।


तड़के सुबह छह बजे निकले नगर आयुक्त ने संत अतुलानन्द चैराहा, शिवपुर से लेकर भोजूबीर, अर्दलीबाजार, गोलघर, मकबूल आलम रोड तेलीयाबाग, लहुराबीर, मैदागिन, नीचीबाग क्षेत्र में साफ सफाई की जांच की। दशाश्वमेध से गादौलिया तक निरीक्षण के दौरान मल्टी लेवल पार्किंग की क्षमता को जांचा साथ ही यहां महिलाओं के लिए शौचालय की कमी पर आश्चर्च व्यक्त किया और कहां कि महिलाओं के लिए शौचालय निर्माण के लिए जगह तलाशने को कहा। लोगों से संवाद के दौरान पाया कि जोनल अधिकारी ड्यूटी से नदारत रहते हैं। इस बात पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की साथ ही कड़ा तेवर दिखाया साथ ही चेताया कि अगर जोनल अधिकारी सफाई को व्यवस्था को नहीं जांचेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई से गुरेज नहीं किया जायेगा साथ ही डे टू डे की रिपोर्ट भी जोनल अधिकारी नगर आयुक्त को देंगे।

उन्होंने निर्देशित किया कि सफाईकर्मी अपने निर्धारित ड्रेसकोड में ही काम पर होंगे। नगर आयुक्त ने मौके पर उपस्थित सभी स्वास्थ्य एवं खाद्य निरीक्षकों को चेताया। कहा कि सफाई कर्मियों की उपस्थिति का भौतिक सत्यापन वो खुद करेंगे और अनुपस्थित मिलने पर कार्यवाही की जायेगी। ठठेरी बाजार में निरीक्षण के दौरान बह रहे सीवर के पानी पर जलकल विभाग के अवर अभियन्ता को तलब किया और कड़े लहजे में कहा, काम में सुधार लाएं और इस समस्या को तुरंत ठीक करें। इस दौरान गली में उपस्थित नागरिकों से बातचीत की और कार्यों का फीडबैक लिया गया। कालभैरव एवं उसके आसपास की गलियों में स्मार्ट सिटी कार्यों का निरीक्षण किया।

# कार्यपरिषद में शिक्षकों के अनुमोदन पर बनी सहमति

**बैठक**

### पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्र के लिए पहली किश्त चार लाख जारी, स्थापना दिवस पर 14 मार्च से होंगे विविध कार्यक्रम



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विवि के योग साधना केंद्र में कार्यपरिषद की बैठक हुई। बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मुहर लगी। जिसमें उच्चन्यायालय में लम्बित वादों के समादर में संस्कृत महाविद्यालय के अध्यापकों के अनुमोदन पर सहमति व्यक्त किया गया। इसके कलिए विश्वविद्यालय द्वारा मा. उच्च न्यायालय के लिए गठित पैनल की पुष्टि पर विचार करते हुए 08 अधिवक्ताओं का पैनल गठित किया। अधिवक्ता रखने और मद का निर्धारण के लिए कुलपति को अधिकृत किया है। वहीं केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (नई दिल्ली) से सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राध्यापकों को 20 बीस हजार प्रतिमाह मानदेय के अग्रसारण एवं छात्रवृत्ति को स्वीकार किया गया।

बैठक में तय हुआ कि विवि के स्थापना दिवस को भव्य तरीके से मनाया जायेगा इसके लिए 14 मार्च विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। शास्त्रों में निहित ज्ञान और 64 कलाओं पर शोध के लिए आईकेएस सेंटर बनाने पर विचार हुआ। पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्र के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन प्रभाग से दो साल तक 24 लाख का भुगतान होगा जिसकी पहली त्रैमासिक किस्त चार लाख विवि को प्राप्प हुई। योग विज्ञान केन्द्र विभाग के गठन पर सहमति बनी जिसमें शास्त्री योग, आचार्य योग एंव स्नातकोत्तर डिप्लोमा इन योग को योग विज्ञान केंद्र अधिन चलाया जायेगा। बैठक में ऑनलाइन जुड़ने वालों में कुलपति प्रो योगेश चन्द्र दुबे, कुलपति प्रो. सीमा सिंह, ऑफ लाईन प्रो.अरुण कुमार राय, कुलसचिव प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी, वित्त अधिकारी जेपी पांडेय, प्रो. रमेश प्रसाद, प्रो. राजनाथ, प्रो. विजय पांडेय, प्रो. हीरक कान्त चक्रवर्ती, डॉ. ब्रह्मचारी,डॉ सत्येंद्र कुमार यादव रहे।

## संक्षेप

### प्रो.सहाय बने एनसीईआरटी भाषा विकास समिति के सदस्य



**वाराणसी।** हिन्दी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो.निरंजन सहाय एनसीईआरटी की भाषा पाठ्यपुस्तक निर्देश संशोधन एवं विकास समिति सदस्य बनाए गए हैं। इसके पहले वे भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के भाषा सामग्री निर्माण विशेषज्ञ के रूप में भी योगदान दे चुके हैं। प्रो. सहाय ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसाओं के आलोक में अनेक बिंदु उभरे हैं जिन्हें पाठ्यपुस्तकों की विचार यात्रा में शामिल करना बेहद अहम है। भारतीय भाषाओं में संवाद का सिलसिला, बहुभाषिक भारतीय परिदृश्य, विलक्षण भारतीय संस्कृति के अहमतत्त्व, जेंडर संवेदनशीलता, रोजगार के उभरते नए क्षेत्र आदि अनेक ऐसे पहलू हैं, जिन्हें संजीदगी से पाठ्यपुस्तक निर्माण परिधि में शामिल करना बदलते समय की आवश्यकता है।

### कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर से मिला



**वाराणसी।** जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन से उनके कार्यालय में मिला और पूर्व मंत्री व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय की सुरक्षा व्यवस्था को और चुस्त-दुरुस्त करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पिछले दिनों प्रयागराज में जिस तरह से मुकदमें के गवाह उमेश पाल की हत्या कर दी और पता चला है कि इसमें मुख्तार अंसारी का नाम भी आया है। ऐसे में प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय की सुरक्षा को लेकर चिंतित होना स्वाभाविक हैं। क्योंकि मुख्तार अंसारी को कोई सजा अगर सम्भव भी हो पाई हैं तो वो अजय राय की गवाही के कारण ही सम्भव हो पाया हैं। प्रतिनिधिमंडल ने सुप्रीम कोर्ट के गवाह सुरक्षा अधिनियम का हवाला देते हुए अजय राय समेत उनके परिवार की मुकम्मल सुरक्षा की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में राजेश्वर सिंह पटेल, राघवेंद्र चौबे, सतीश चौबे, प्रजानाथ शर्मा, अनिल श्रीवास्तव, अशोक सिंह, फसाहत हुसैन बाबू, लोकेश सिंह, देवेंद्र सिंह, दिलीप चौबे आदि थे।

### सांस्कृतिक विरासत का डिजटलीकरण समय की मांग

**वाराणसी।** संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में कला-इतिहास एवं पर्यटन प्रबंध विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित मार्क ट्वेन के यात्रा-वृत्तान्त में उल्लिखित धार्मिक, सांस्कृतिक एवं कला-विरासत के पुनर्मूल्यांकन पर आयोजित त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन काशी की संगीत परम्परा, डिजिटल युग में भारतीय कला विरासत पर और पर्यटन पर केन्द्रित व्याख्यान हुए। व्याख्यान में प्रो प्रीति त्रिवेदी ने बताया कि लौकिक, शास्त्रीय व अर्द्ध शास्त्रीय श्रेणी अंतर्गत काशी की संगीत परम्परा सदियों पुरानी तथा वैदिक काल में ही भारतीय संगीत का प्रारम्भिक उल्लेख मिलता है। ज्योति सिन्हा ने बनारस की संगीत परम्परा की समृद्धता बनाए रखने में बाईयों व कोठेवालियों मन्दिरों, देवालयों, मठों, मजारों, दरगाहों आदि के योगदान की चर्चा की। प्रथम सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्रो विभा त्रिपाठी ने प्राचीन वाराणसी और उसके परिवेश पृष्ठभूमि पर चर्चा की। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता वित्ताधिकारी डॉ अभय ठाकुर ने की। बंगलौर की स्थापत्यकार मीरा नटपल्ली ने हंपी स्थित बालकृष्ण मंदिर के दृश्य पुर्ननिर्माण पर रोचक प्रस्तुति दी। सुशील शर्मा ने अमेरिका इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन स्टडीज, गुरुग्राम ने विगत साठ वर्षों में प्राचीन मंदिर स्थापत्य के अध्ययन में छायाचित्र अभिलेखागार व उसके डिजिटिलीकरण प्रक्रिया के विकास क्रम व योगदान को प्रस्तुत किया। श्रीलंका की पी गायत्री ने श्रीलंका व भारत के डिजीटल विरासत संरक्षण का तुलनात्मक अध्ययन पर्यटन परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत किया। अन्त में पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के सलाहकार रहे प्रो बिनॉय बहल ने डिजटलीकरण ने शास्त्रों के परिप्रेक्ष्य में अभिव्यक्त भावों, वस्त्राभूषणों की व्याख्या की। सत्र में आम राय यह निकल कर आई कि सांस्कृतिक विरासत का डिजटलीकरण समय की मांग है। दूसरे दिन का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ।

# यशोदा मेमोरियल हॉस्पिटल पर सीएमओ की कार्रवाई

**सख्ती**

### औचक निरीक्षण में हुआ खुलासा अस्पताल बंद करने का निर्देश



**वाराणसी।** पाण्डेयपुर स्थित यशोदा मेमोरियल हॉस्पिटल पंजीयन नवीनीकरण कराये बिना ही चल रहा था। मंगलवार को औचक निरीक्षण में इसका खुलासा हुआ। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कोई डाक्टर भी नहीं मिला। मामले को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल का संचालन बंद करने का निर्देश दिया गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप चौधरी ने बताया कि मंगलवार को पांडेपुर स्थित यशोदा मेमोरियल हॉस्पिटल का निरीक्षण कराया गया । निरीक्षण में पता चला कि चिकित्सालय बिना पंजीयन नवीनीकरण के संचालित किया जा रहा था। जिसके कारण चिकित्सालय को प्राथमिक करवाई के तौर पर कारण बताओ नोटिस देते हुए तीन दिन का समय दिया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में कोई भी चिकित्सक उपस्थित नहीं मिला। मात्र मैनेजर रमाकांत मिश्रा एवं मेडिकल स्टोर के संचालक ही वहां मिले। इन लोगों ने बताया कि संचालक व चिकित्सक डॉक्टर कमल कुमार बाहर गए हैं। संचालक डॉ कमल कुमार से दूरभाष पर हुई वार्ता में उन्हें अवगत करा दिया गया कि वह तत्काल प्रभाव से चिकित्सालय का संचालन बंद कर दें एवं पंजीयन नवीनीकरण के बाद ही चिकित्सालय का संचालन मानक के अनुरूप करें।

# नगर आयुक्त की जनसुनवाई में आये 30 आवेदन

**वाराणसी।** नगर आयुक्त शिपू गिरि ने मंगलवार को जनसुनवाई की। सुनवाई में 30 मामले उनके सामने आये। प्राप्त शिकायतों में स्मार्ट सिटी से सम्बन्धित एक शिकायत, जोनल अधिकारी भेलूपुर से सम्बन्धित तीन, वरूणापार जोनल अधिकारी से सम्बन्धित तीन, दशाश्वमेध जोन से सम्बन्धित एक, कोतवाली जोन से सम्बन्धित एक, जलकल विभाग से सम्बन्धित छह शिकायतें, सामान्य विभाग से सम्बन्धित छह शिकायतें, स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित एक शिकायत, आलोक विभाग से सम्बन्धित एक शिकायत, राजस्व विभाग से सम्बन्धित चार शिकायत, उद्यान विभाग से सम्बन्धित एक शिकायत तथा अधिष्ठान से सम्बन्धित दो शिकायतें प्राप्त हुईं। नगर आयुक्त ने प्राप्त शिकायतों को सुनवाई में उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों को तीन दिन के अंदर निस्तारण कर उसकी रिपोर्ट मांगी। जन सुनवाई में विभाग से जुड़े सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# आयुष्मान भारत डिजिटल ईलाज में वरदान

**सुविधा**

### न इंतजार न ही लम्बी कतार आभा से हो रहा त्वरित उपचार



**वाराणसी।** पेट में तेज दर्द से परेशान शिवपुर निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग शिवपूजन खुद को दिखाने के लिए पं. दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय के ओपीडी में पहुंचे तो वहां भीड़ देख परेशान हो गये। चिंता होने लगी कि इस भीड़ में उनकी पर्ची कब बनेगी और चिकित्सक को दिखाने के लिए उनका नम्बर कब आयेगा। अभी वह इसी उधेड़बुन में ही थे कि उनके साथ आये उनके बेटे राहुल ने उनकी समस्याओं का समाधान कर दिया। राहुल ने अपने मोबाइल फोन में आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट आभा पहले से ही बना रखा था जिसके खाते में उनके पिता का भी नाम दर्ज था । मोबाइल फोन से राहुल ने अस्पताल का क्यूआर कोड स्कैन किया और आभा काउंटर पर पहुंचे। चंद मिनट में ही शिवपूजन को दिखाने के लिए ह्यआभा की पर्ची उनके हाथ में थी, जिसमें उनका पूरा विवरण के साथ ही यह भी दर्ज था। पं. दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर. के सिंह बताते हैं कि उपचार की पर्ची बनवाने के लिए अब लोगों को न तो लम्बी कतार में खड़े होने की जरूरत है और न ही घंटों इंतजार की। इन सभी समस्याओं का समाधान कर दिया है ह्यआभा ने। यदि आप ने आभा आईडी बना रखा है तो अस्पताल के आभा काउंटर पर लगे क्यूआर कोड को सम्बन्धित मोबाइल से स्कैन करते ही मरीज को दिखाने की पर्ची बिना लाइन में लगे ही मिल जायेगी। उन्होंने बताया कि ओपीडी में दिखाने की पर्ची बनवाने के लिए पूर्व की व्यवस्था के साथ-साथ आभा की पर्ची भी बनायी जा रही है।

# पुष्प प्रदर्शनी में रेलवे के उद्यान निरीक्षक पुरस्कृत



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** राजकीय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की ओर कंपनी बाग में आयोजित दो दिवसीय पुष्प एवं शाक भाजी प्रदर्शनी में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के उद्यान निरीक्षक मुकेश कुमार को कुल 60 पुरस्कारों सहित रनिंग शिल्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रदर्शनी में कुल 148 श्रेणियों में से 102 श्रेणियों को पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसीी मंडल की ओर से प्रदर्शित किया गया था। वाराणसी मंडल के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने मुकेश कुमार कोसम्मानित करते हुए उनके द्वारा पुष्पों की बेहतर देखभाल की सराहना भी की। प्रदर्शनी में 18 प्रथम, 27 द्वितीय,15 तृतीय पुरस्कार(कुल 60 पुरस्कार) सहित 1 रनिंग शील्ड प्राप्त किया। प्रदर्शनी में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल द्वारा पिटूनिया, गेंदा, कैलेंडुला, अरुकेरिया, साइकस, रंगोली, बुके में प्रथम पुरस्कार, गमले में लगे पैन्सी, डहेलिया,फूलों का हार तथा गुलदस्ता में द्वितीय जबकि मनी प्लांट, फारेन एवं सदाबहार पत्ती में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया है। मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने उद्यान टीम की सराहना की।

# विज्ञान किसी भी सीमाओं को नहीं जानता

**बोलीं प्रो. इनु**

### महिला महाविद्यालय बीएचयू में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन



**वाराणसी।** महिला महाविद्यालय-बीएचयू की प्रधानाचार्य प्रो. इनु मेहता ने कहा कि विज्ञान किसी भी सीमाओं को नहीं जानता, क्योंकि ज्ञान मानवता से संबंधित है। वह महाविद्यालय में मंगलवार को आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी।

उन्होंने विश्वविद्यालय के संस्थापक भारतरत्न पं. मदन मोहन मालवीय की शिक्षाओं को आत्मसात करने का छात्राओं का आह्वान किया। साथ ही कड़ी मेहनत और नवीन विचारों से देश को वैज्ञानिक रूप से स्वतंत्र बनाने की दिशा में प्रयास करने की शिक्षा दी। इस दौरान छात्राओं ने महान भौतिक विज्ञानी सीवीके रमन की याद में 'आओ करें हम ये वादा, विज्ञान का हो हर घर से नाता' विषयक नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का मंचन किया। इसका उद्देश्य लोगों को यह सीख देना था कि बेहतर लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। प्रतियोगिता में चार टीमों ने हिस्सा लिया। तत्पश्चात आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में 15 प्रतिभागी शामिल हुए। विजेतओं को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल में शामिल प्रो. रीता सिंह, प्रो. निशात अफरोज, प्रो. मिताली देव, डॉ. स्वर्णलता सिंह व डॉ. दिव्या कुशवाहा ने छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया। इस अवसर पर प्रो. नीलम श्रीवास्तव, प्रो. मुक्ता सिंह, प्रो. ललिता वट्टा, प्रो. निशी कुमारी, डॉ. राखी गर्ग, प्रो. नम्रता, प्रो. रीता सिंह आदि उपस्थित थीं।

# अतिक्रमण और गृहकर के खिलाफ चला अभियान



जनसंदेश न्यूज

**कार्रवाई**

### नगर निगम की टीम ने करीब चार लाख वसूला जुर्माना

**वाराणसी।** अपर नगर आयुक्त के निर्देशन में मंगलवार को नगर निगम की टीम ने सारनाथ क्षेत्र में अतिक्रमण अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान यातायात पुलिस भी साथ रही।

टीम ने हवेलियों चौराहे से रंगोली गार्डन तक सड़क और पटरी पर किए गए अतिक्रमण हटवाया गया। यहां गुमटी और काउन्टर जब्त किया गया। कुछ दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया। क्षेत्र में स्थिति वेंडिंग जोन में सभी वेंडरों को व्यवस्थित कर सभी की अस्थाई झुग्गियां हटवायी गयी। वहीं, आदमपुर जोन कर अधीक्षक के निर्देशन में सरैयां इलाके में गृह कर बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाकर 45 हजार गृहकर वसूला गया। दशाश्वमेध जोन के मदनपुरा और पांडे हवेली में अभियान चलाकर 3.50 लाख वसूला गया।

गोदौलिया दशाश्वमेघ घाट मार्ग पर सड़क किनारे नगर निगम द्वारा पूर्व आवंटित दुकानों को 01 मार्च तक खाली कर नव निर्मित प्लाजा में आवंटित दुकानों में शिफ्ट हो जाने की सूचना चस्पा की गयी।

# नुक्कड़ नाटक कर मासिक स्वास्थ्य पर किया जागरूक




**वाराणसी।** आर्य महिला पीजी कॉलेज के तेजस्विनी महिला प्रकोष्ठ के द्वारा अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा अस्सी घाट एवं कॉलेज परिसर में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया।

दोनों का विषय क्रमशः लैंगिक असमानता एवं मासिक स्वास्थ्य था। जिसका मूल उद्देश्य समाज में व्याप्त भ्रामक अवधारणाओं का अंत करना एवं मासिक धर्म से संबंधित भ्रांतियों को समझाते हुए महिला स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील समाज का निर्माण करना। गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने अस्सी घाट पर लैंगिक असमानता पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर जन सामान्य का ध्यान आकृष्ट किया। नुक्कड़ नाटक 'मुझे पंख मिले हैं आज' के माध्यम से छात्राओं ने लैंगिक असमानता पर प्रहार करते हुए वर्तमान में सभी समस्याओं से लड़ते हुए अपने सपनोंकों साकार करने पर सबका ध्यान आकर्षित किया।

धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉक्टर अनीता सिंह ने छात्राओं के इस प्रयास की विशेष सराहना कि इसमें डॉ. ऋचा मिश्रा, डॉ. मंजु मेहरोत्रा, डॉ. ममता गुप्ता, डॉ. अनामिका सिंह, डॉ चंचला सिंह, डॉ सुनीता यादव, डॉ. नरेश सिंह, डॉ. कुलदीप की उपस्थिति रही।

### संस्कार भारती की ओर से नरिया में संगीत बैठक

**वाराणसी।** संस्कार भारती वाराणसी महानगर की ओर से नरिया स्थित कार्यालय के सभागार में मासिक संगीत बैठक नादयात्रा का सफल आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया ख्यात शिक्षाविद डॉ. अनिल रिछारिया ने किया। मौके पर संस्कार भारती काशी प्रान्त के संगठन मंत्री दीपक शर्मा एवं संस्कार भारती वाराणसी महानगर अध्यक्ष डॉ. कुमार अम्बरीष चंचल तथा संरक्षक डॉ आर वी शर्मा तथा प्रमोद पाठक ने अतिथि का स्वागत किया। इसके उपरांत ध्येय गीत प्रस्तुत किया। महामंत्री संस्कार भारती वाराणसी महानगर सौरभ श्रीवास्तव ने। इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम प्रस्तुति रही तरुण कलाकार श्री पुष्कर भागवत द्वारा वायलिन वादन की आपके साथ तबला संगति रही। सिद्धार्थ चक्रबर्ती की। पुष्कर ने वायलिन वादन का आरंभ किया राग श्याम कल्याण में आलाप के साथ मध्य तीनताल में निबद्ध गत से इसी क्रम में द्रुत तीनताल में निबद्ध गत से अपनी साधना एवं प्रतिभा का परिचय दिया। द्वितीय प्रस्तुति रही अमन देव शर्मा के गायन की।

# यात्रियों के लिए बने पोर्टिको में अवैध वाहन

**मनमानी**

### बोलीं निदेशक अवैध रुप से खड़े वाहनों पर होगी कार्रवाई

जनसंदेश न्यूज



**बाबतपुर।** लालबहादुर शास्त्री अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्रियों के लिए बनाए गए पोर्टिको में इन दिनों अवैध वाहनों का कब्जा है। जिससे विमान यात्रियों को पार्किंग से टर्मिनल भवन तक पहुंचने में काफी असुविधा होती है।

हवाई अड्डे पर पार्किंग से टर्मिनल भवन तक यात्रियों को जाने हेतु दो लेन का पोर्टिको बनाया गया है। इसी दोनों पोर्टिको लेन से विमान यात्री पार्किंग में अपने वाहन को पार्क कर आगमन व प्रस्थान करते हैं। ऐसे में यात्रियों के लिए बनाए गए पोर्टिको लेन में अवैध रूप से दो पहिया वाहनों को खड़े किए जाने से यात्रियों को लगेज बैगेज को पैदल लेकर अपने वाहन तक पहुंचने में काफी असुविधा होती है। जबकि इसी स्थान पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए बाकायदा पुलिस सहायता बूथ बनाया गया है। जो दो पहिया वाहनों से घिरा रहता है उद्घाटन के बाद से अब तक उक्त बूथ का ताला नही खुल सका। निदेशक अर्यमा सान्याल ने बताया कि पुलिस बूथ खोले जाने को लेकर सम्बन्धित अधिकारी को पत्र द्वारा सूचित किया गया है। वही पोर्टिको में अवैध रूप से खड़े हो रहे दो पहिया वाहनों पर उचित कार्यवाही किया जाएगा।

### अवैध क्रूजर स्टैंड का संचालन हो गया शुरू

**वाराणसी।** जिला प्रशासन के रोक के बावजूद सामनेघाट इलाके में एक बार फिर से अवैध वाहन स्टैंड चलाने वाले सक्रिय हो गए हैं। पिछले साल सितंबर माह में बंद कराए गए वाहन स्टैंड को फिर से संचालकों ने शुरू कर दिया। सामने घाट स्थित मरी माता मंदिर के सामने दर्जनों क्रूजर गाड़ियों को खड़ी कर बिहार के विभिन्न जिलों में वाहनों का संचालन किया जा रहा है। अवैध वाहन स्टैंड को बंद कराने के लिए पिछले साल नगर आयुक्त एडीएम सिटी मौके पर पहुंचे थे।

पूर्वोत्तर रेलवे
अधिसूचना सं0-22/2023
रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न लिखित द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस गाड़ी का संचालन दिनांक 01.03.2023 से प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को प्रयागराज रामबाग तक निम्नवत् किया जायेगा।
गाड़ी सं. 12538/12537 बनारस-मुजफ्फरपुर-बनारस (द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस)

| 12538 आगमन आ. | 12538 आगमन प्र. | 12538 विस्तारित सोम., बुध. आ. | 12538 विस्तारित सोम., बुध. प्र. | स्टेशन | 12537 आगमन आ. | 12537 आगमन प्र. | 12537 विस्तारित मंगल., गुरु. आ. | 12537 विस्तारित मंगल., गुरु. प्र. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| -- | -- | -- | 5.00 | प्रयागराज रामबाग | -- | -- | 8.30 | -- |
| -- | -- | 6.00 | 6.02 | ज्ञानपुर रोड | -- | -- | 7.00 | 7.02 |
| -- | -- | 6.18 | 6.20 | माधोसिंह | -- | -- | 6.43 | 6.45 |
| 7.25 | -- | 7.15 | 7.25 | बनारस | -- | 6.00 | 6.00 | 6.10 |
| -- | 18.10 | -- | 18.10 | मुजफ्फरपुर | 19.35 | -- | -- | 19.35 |

कृपया ध्यान दें:- (1) इन गाड़ियों से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 से बचाव एवं इसकी रोकथाम हेतु जारी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
मुजाफि/टी-107
मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक/गोरखपुर
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।
[illegible]

# डीआरएम व संरक्षा आयुक्त ने किया रेल लाइन का निरीक्षण

**जायजा**

### अधिकारियों ने मातहतों को दिया बेहतर व्यवस्था करने का निर्देश



रेलवे लाइन का निरीक्षण करते मुख्य संरक्षा आयुक्त एवं डीआरएम



सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर केबिन पैनल कार्यालय का निरीक्षण करते मुख्य संरक्षा आयुक्त व डीआरएम

**बैरिया।** सुरेमनपुर क्षेत्र के यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। पूर्वोत्तर रेलवे के संरक्षा आयुक्त मोहम्मद लतीफ खान एवं डीआरएम वाराणसी रामाश्रय पांडेय के साथ अधिकारियों ने बकुलहा से सहतवार तक बनाई गई दूसरी रेलवे लाइन का मंगलवार को निरीक्षण किया। अधिकारियों ने विद्युतीकरण, रेलवे ट्रैक के ज्वाइंडरों एवं अन्य तकनीकी माध्यमों का जांच किया। इसके बाद हाई स्पीड का ट्रायल हुआ। केबल सिस्टम को भी परखा गया। बुधवार से दूसरे ट्रैक पर भी ट्रेनें दौड़ेगी।

उल्लेखनीय है कि नवनिर्मित रेलवे ट्रैक के निरीक्षण एवं हाई स्पीड ट्रायल के लिए अधिकारियों की टीम के साथ मुख्य संरक्षा आयुक्त एवं डीआरएम सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे पहुंचे। उन्होंने बकुलहा से लेकर सहतवार तक स्पीड ट्रायल एवं निरीक्षण किया। निरीक्षण में सब कुछ ठीक-ठाक मिला। केवल इब्राहिमाबाद गांव के सामने रेलवे लाइन के किनारे एक पेड़ की टहनी विद्युत लाइन पर झुकी हुई मिली। इसको लेकर मुख्य संरक्षा आयुक्त ने मातहतों की जमकर क्लास लिया और तुरंत टहनियों को कटवाने का निर्देश दिया। रेलवे के अधिकारियों द्वारा बकुलहा व सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन भवन, स्टेशन मास्टर कार्यालय, बुकिंग कार्यालय, रेलवे के सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफार्म आदि का निरीक्षण कर स्टेशन पर साफ-सफाई, पेयजल शौचालय, लाइट तथा पंखे की बेहतर व्यवस्था का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रशासनिक अधिकारी निर्माण एससी श्रीवास्तव, एडीआरएम राहुल श्रीवास्तव, इंजीनियर रजनीश केसरी, वीरेंद्र राजपूत, चीफ इंजीनियर सिग्नल आरके, चीफ इंजीनियर इलेक्ट्रिक सप्लाई ओपी सिंह, पीआरओ अशोक चौधरी, मुख्य अभियंता सिग्नल बीके श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। डीआरएम ने बताया कि एक मार्च, बुधवार की सुबह से नवनिर्मित दूसरे ट्रैक पर भी ट्रेनों का परिचालन शुरू हो जाएगा।

**सुरेमनपुर स्टेशन पर बढ़ेगी यात्री सुविधाएं: डीआरएम**

**बैरिया।** मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी रामाश्रय पांडेय ने बताया कि सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन का चयन अमृत भारत रेलवे स्टेशन के रूप में हुआ है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में उक्त स्टेशन पर इस योजना के तहत सभी सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएगी। इसमें प्लेटफार्म पर कोच डिस्प्ले, पूछताछ खिड़की, एक से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए दिव्यांगों को रैम्प सहित अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। प्लेटफार्म नंबर दो पर यात्री शेड एवं यात्रियों को बैठने के लिए पर्याप्त संख्या में बेंच, पंखे, पेयजल, शौचालय, प्रकाश आदि की व्यवस्था कर दी जाएगी। डीआरएम ने स्पष्ट किया कि जो सुविधा महानगरों के रेलवे स्टेशनों पर मिलती है, वह सारी सुविधाएं सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर बहाल हो जाएगी।

### अधिकार सेना ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

**बैरिया।** सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेनों का ठहराव पुनः बहाल करने और कुछ ट्रेनों के ठहराव की मंजूरी के लिए अधिकार सेना द्वारा डीआरएम को ज्ञापन सौंपा गया। अधिकार सेना के जिलाध्यक्ष विनोद सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पूर्व में निरस्त की गई अप पूर्वांचल एक्सप्रेस, डाउन गोंदिया एक्सप्रेस, डाउन हरिहरनाथ एक्सप्रेस का ठहराव सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर पुनः बहाल करने की मांग की। वहीं, छपरा-चेन्नई गंगा कावेरी एक्सप्रेस का ठहराव स्वीकृत करने का भी आग्रह किया। हेमंतपुर-करमानपुर के सामने अंडरपास, सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर यात्री शेड, पेयजल व शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। इस पर डीआरएम ने उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## संक्षेप

### मकान मालिकों ने डीएम को सौंपा पत्रक



**बलिया।** बलिया-बैरिया मार्ग पर सतीश चंद्र कालेज से मंगल पांडेय प्रतिमा स्थल कदम चौराहा के मध्य स्थित पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत प्रस्तावित सड़क हेतु भूमि प्राप्त करने के विरूद्ध मकान मालिकों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा। कहा कि सतीशचंद्र कालेज से कदम चौराहा के मध्य स्थित पीडब्ल्यूडी की 12 फीट पीच सड़क है। इस सड़क के दोनो तरफ पटरी है। सड़क की कुल चौड़ाई 80 फीट है। यह प्रत्येक दशा में राजकीय अभिलेखों एवं नक्शा से साबित होती है। सड़क के प्रस्तावित चौड़ीकरण में सड़क के उत्तर स्थित 42 फीट पटरी है, जो बहुत कम भूमि सड़क हेतु चौड़ीकरण में प्राप्त करने के लिए पैमाइश की गई है। दक्षिण स्थित 26 फीट की पटरी है। प्रार्थीगण के मकानों में भूमि प्राप्त करने हेतु पैमाइश की गई है। यह अभिलेखीय साक्ष्यों एवं नक्शा के बिल्कुल विपरीत है। मांग किया कि राजकीय अभिलेख एवं नक्शा के अनुसार पुनः सड़क के चौड़ीकरण हेतु पैमाइश कराया जाय। मौके पर प्रदीप कुमार, राजेश कुमार, कन्हैया प्रसाद, अविनाश गुप्त, संजय गुप्त, छोटेलाल, साकेत, लल्लन प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### बलिया निवासी सीपू गिरि बने वाराणसी के नगर आयुक्त



**बलिया।** वाराणसी के नवागत आयुक्त सीपू गिरि मूलरूप से बलिया के निवासी है। 2017 बैच के आईएएस अधिकारी सीपू गिरि इससे पहले प्रयागराज में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर रहे। 22 साल की उम्र में भारतीय प्रशासनिक सेव में चयनित होने वाले सीपू गिरि श्रावस्ती जिले में असिस्टेंट मजिस्ट्रेट और चंदौली में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रहे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि बनारस स्मार्ट सिटी है। जनसहयोग से काशी को और स्मार्ट बनाया जाएगा। स्मार्ट सिटी के कार्यों को और बेहतर तरीके से कराने का पूरा प्रयास होगा। इसी क्रम में जनमानस की आकांक्षाओं और सहयोग के बल पर नगर निगम की सेवाओं को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

### ड्रग इंस्पेक्टर ने किया दवा दुकानों का निरीक्षण

**बलिया।** औषधि निरीक्षक सिद्धेश्वर व लिपिक रवि कुमार ने मनियर के विभिन्न दवा दुकानों पर सोमवार की शाम को निरीक्षण किया। औषधि निरीक्षक के आगमन की सूचना मिलते ही औषधि दुकानदारों में हड़कंप मच गया। मनियर देवापुर ढाले पर स्थित एक दुकान एवं मनियर-खेजुरी मोड़ स्थित गुमटी में संचालित एक दवा दुकान पर औषधि निरीक्षक ने दुकानदार से क्रय-विक्रय की रसीद एवं लाइसेंस की मांग की, जिस पर दुकानदार दिखाने में असमर्थ दिखे। इस पर उन्होंने चेतावनी दी कि बिना लाइसेंस के दुकानों को संचालित न करें। जब लाइसेंस मिल जाए तो दुकान खोलें। उन्होंने दुकान को बंद करा दिया। उसके बाद मनियर बस स्टैंड स्थित तिवारी दवाखाने पर पहुंचे और दवा के लाइसेंस व अन्य कागजात देखे। वह कुछ दवा के सैम्पल अपने साथ लेकर चले गये।

### रासेयो के विशेष शिविर का समापन

**रसड़ा।** हीरानंद महाविद्यालय नारायणपुर, रसूलपुर, रसड़ा के बहुद्देशीय हाल में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्रीविलास त्रिपाठी ने कहा कि आज के स्वयंसेवक-सेविका कल के भविष्य हैं। उन्हें अपने जीवन को सार्थक बनाने की जरूरत है, ताकि उनको अपने लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। इस अवसर पर डॉ. शिवजी गुप्ता, डॉ. अरुण सिंह, विनोद तिवारी, अनिल यादव, ओमप्रकाश सिंह, कमलेश सिंह, श्रवण यादव, बब्बन जी, शैलेश कुमार आदि मौजूद रहे। सभी का आभार कार्यक्रम अधिकारी कमलेश मिश्रा ने व्यक्त किया।

### विधायक ने सदन में मजबूती से रखी अपनी बात



**बेल्थरारोड।** क्षेत्रीय विधायक हंसूराम ने विधानसभा सत्र के दौरान सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र की करीब एक दर्जन समस्याओं का मुद्दा मजबूती से उठाया। विधायक ने कहा कि सीएचसी सीयर में मात्र दो चिकित्सक होने और अस्पताल में दुर्व्यवस्था के चलते गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीज का सही तरीके से इलाज नहीं हो पाता है। उनको इलाज के लिए दूसरे शहरों में जाना पड़ता है। जिला मुख्यालय बलिया की दूरी 60 किमी है। त्वरित उपचार न मिलने के कारण लोगों की रास्ते में ही मौत हो जाती है। इसको देखते हुए तत्काल प्रभाव से सीयर में चिकित्सा एवं सभी सुविधा मुहैया कराया जाय। उन्होंने टेक्निकल एजुकेशन, पेयजल, सड़क आदि के साथ ही बेल्थरारोड क्षेत्र में एक स्टेडियम का निर्माण करने की मांग की। विधायक ने उभांव थाना परिसर में बनकर तैयार सीओ सर्किल भवन पर तत्काल सीओ की तैनाती करने का मुद्दा उठाया। कहा कि वर्ष 2016 में भीमपुरा ब्लाक का अस्थाई संचालन हुआ था। सालभर बाद इसे बंद कर दिया गया। इसके कारण क्षेत्रवासियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उसे पुनः चालू कराया जाय।

### गतात्माओं की शांति को प्रार्थना

**बलिया।** लोकतंत्र सेनानी एवं जेपी विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में अधिवक्ता नगर स्थित समाजवादी निवास परिसर में मंगलवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता अनूप चौबे की माता मोतेश्वरी देवी तथा बिशैनी डेरा निवासी शत्रुध्न सिंह एवं राघव सिंह की माता सावित्री सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। मौके पर अजय बहादुर सिंह, देवेन्द्र नाथ, शिवशरण, शुभ्रांशु शेखर, बासुदेव, पारस, नंदलाल, भगवान बाबा, कृष्णा, कन्हैया, संजय, रजिन्द्र, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन द्विजेन्द्र कुमार ने किया।

### धड़ल्ले से हो रही हरे पेड़ों की कटाई



**बलिया।** गड़हांचल में लकड़ी माफियाओं की चांदी कट रही है। लकड़ी माफिया रात-दिन बेखौफ होकर हरे पेड़ों की कटाई किए जा रहे हैं। प्रतिदिन कहीं ना कहीं हरे पेड़ काटे जा रहे हैं। एक तरफ सरकार पर्यावरण को बचाने के लिए हर साल करोड़ों रुपए खर्च कर पेड़ लगवा रही है, वहीं दूसरी तरफ स्थानीय पुलिस और वन विभाग की मिलीभगत से अंधाधुंध हरे पेड़ों की कटाई हो रही है। चौरा सलेमपुर के डेहरी मौजा में खुलेआम पेड़ काटे जा रहे है। दौलतपुर में सड़क के पास ही बौर (आम की मंजरी) लगे आम का पेड़ लकड़ी माफियाओं की भेंट चढ़ गया। वही, ग्राम सभा कैथौली में सागौन के कई पेड़ काट लिए गये। यह स्थिति पूरे क्षेत्र में बनी हुई है। फिरोजपुर में भी लकड़ी माफियाओं ने आम के पेड़ काट दिये। लकड़ी माफिया गाजीपुर जनपद के महेंद, परसा की आरा मशीनों पर लकड़ियों को बेचते हैं या फिर बक्सर, बिहार भेज रहे हैं।

# बलिया में की जाय केंद्रीय विवि की स्थापना : परशुराम सिंह



**बैरिया।** अवकाश प्राप्त पुलिस उपाधीक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता परशुराम सिंह ने बलिया में केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। कहा है कि केंद्रीय विश्वविद्यालय से बलिया के गरीब प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

उन्होंने बलिया के पिछड़ेपन के लिए यहां के नेताओं को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि यहां विकास के लिए जिस तरह का प्रयास हमारे जनप्रतिनिधियों को करना चाहिए था, वैसा नहीं किया गया है। आजादी की लड़ाई में बलिया आगे और विकास में आखिर पीछे क्यो और कैसे है? बैरिया डाक बंगला में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए परशुराम सिंह ने कहा कि जनपद भर के शहीदों एवं वीरता पुरस्कार पाए पूर्व सैनिकों का सम्मान उनके आवास पर जाकर किया जायेगा। इसके लिए एक मार्च, बुधवार से गांव-गांव का भ्रमण करूंगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि दोनों राजनेता कर्मयोगी है। नेता द्वय देश-प्रदेश के विकास के लिए 24 घंटे प्रयासरत रहते है। इनका सानी देश में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में नहीं है। परशुराम सिंह ने स्पष्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी मेरी मनपसंद पार्टी है, लेकिन मैं फिलहाल चुनाव मैदान में नहीं उतारने जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि मेरी इच्छा थी कि सेवानिवृत्त होने के बाद आम लोगों से जुड़कर उनके सुख-दुख का भागी बनूं। इसलिए पूरे बलिया संसदीय क्षेत्र में घूम-घूम कर लोगों की समस्याओं से रूबरू होकर समाधान का प्रयास करूंगा।

# 20 किसानों को मिलेगा खेत तालाब योजना का लाभ

**बलिया।** वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए प्रदेश सरकार ने खेत तालाब योजना का लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। जिले में 20 किसानों को इस योजना का लाभ दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। इसमें 15 सामान्य वर्ग एवं पांच अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। किसान सेवा पोर्टल पर पंजीत किसान आनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना का लाभ लेने वाले किसानों को अनुदान पर सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर पम्प का लाभ आसानी से मिलता है। वर्ष 2023 अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स (मोटा अनाज वर्ष) घोषित होने के बाद सरकार लगातार खेती किसानी को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है। विशेषज्ञों की मानें तो खेत में बने तालाब पर मड़ुआ की बुआई कर खेत से अधिक उत्पादन प्राप्त कर आर्थिक रूप से किसान समृद्ध हो सकते हैं। साथ ही लत्ता वर्गीय सब्जी लौकी, कोहड़ा आदि रोपकर ऊपर से जाली लगाकर सब्जी से भी कमाई कर सकते हैं। बीते पांच सालों में 71 किसान इस योजना का लाभ ले चुके हैं।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर होगी बेंच की व्यवस्था

**बोले मनिराम सिंह**

### बीएसए ने शिक्षकों एवं आंगनबाड़ीद वर्कर्स को किया सम्मानित

जनसंदेश न्यूज



कार्यक्रम को संबोधित करते अधिकारी

**रेवती।** स्थानीय शिक्षा क्षेत्र के बीआरसी प्रांगण में मंगलवार को शिक्षा नीति-2020 एवं निपुण भारत मिशन के अंतर्गत हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी रमा शंकर पांडेय, सीडीपीओ जितेन्द्र उपाध्याय ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि बीएसए मनिराम सिंह को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि बीएसए मनिराम सिंह ने अध्यापकों व आगंनवाड़ी कार्यकत्रियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत अब आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को बेंच पर बैठने की व्यवस्था सरकार द्वारा की जा रही है, ताकि बच्चे निपुण होकर आगे बढ़ सकें। निपुण शिक्षा अधिकारी रत्नशंकर पांडेय ने निपुण भारत मिशन के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि आज के बच्चों को पढाने की जगह सीखने व सीखाने की जरूरत है। इस विधि से बच्चों का बौद्धिक एवं मानसिक विकास होता है।

इसी प्रकार बच्चों को कक्षा में उनकी गतिविधियों से आधारित शिक्षण, पेयर लर्निंग, प्ले बेस्ड लर्निंग आदि की जानकारी उपस्थित अध्यापकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को दिया।

इस दौरान अपने क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले हरेंद्र नाथ दुबे, आलोक कुशवाहा, तारिक अहमद, दिलेश्वर सिंह, अजीत सिंह, रजनीश चौबे, रजनीश राय, बृजेंद्र, मनोज कुमार, विश्वंभर द्विवेदी, रहनुमा बेगम, सरोज, सीमा पांडेय, वेद रत्न चौबे, तेज नारायण आदि को बीएसए ने अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुनील कुमार सिंह, राजेश सिंह, दीपक सिंह, राजन कुमार, ममता सिंह, कामिनी पांडेय आदि मौजूद रहे। संचालन अजीत सिंह ने किया।

# महुली में गंगा पर बनेगी टू-लेन सड़क व पुल

**बोले वीरेन्द्र सिंह मस्त**

### बलिया-आरा रेल लाइन का नये वित्तीय वर्ष में होगा शिलान्यास

जनसंदेश न्यूज



**बैरिया।** आजादी की लड़ाई में बलिया ने जितना शहादत दिया, उन शहीदों की स्मृति में उससे ज्यादा विकास की बलिया को आवश्यकता है। इसी क्रम में महुली में गंगा पर दो लेन का सड़क एवं पुल बनेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के सोनबरसा से भोजपुर के सरैया तक भारत सरकार द्वारा दो लेन की सड़क बनाई जाएगी। इसकी मंजूरी भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बलिया से लौटने के बाद दिया है।

उक्त जानकारी देते हुए सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने बताया कि सोमवार की देर शाम इस संदर्भ में भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का पत्र मुझे प्राप्त हुआ है। वहीं, उनके कार्यालय की वेबसाइट पर भी यह पत्र अपलोड कर दिया गया है। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के सोनबरसा से दलन छपरा होते हुए सरैया तक दो लेन की सड़क और गंगा में महुली घाट पर सड़क पुल बनाने की मंजूरी दी गई है। मंगलवार को सोनबरसा स्थित अपने संसदीय कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने कहा कि इस सड़क एवं पुल के बन जाने से बैरिया से आरा 40 मिनट में पहुंचा जा सकता है। वही, माल असबाब व अन्य ढुलाई के लिए बंगाल, बिहार, झारखंड और उड़ीसा के लिए यह सबसे संक्षिप्त मार्ग हो जाएगा।

जल्द ही इसका डीपीआर बनाकर धन की मंजूरी भूतल परिवहन मंत्रालय देगा। सांसद ने स्पष्ट किया कि बलिया-आरा नई रेल लाइन का डीपीआर लगभग फाइनल हो गया है। इसमें आधा दर्जन से अधिक रेलवे स्टेशन बनेंगे। इस रेल लाइन की लंबाई 65 किलोमीटर होगी।

इसके शिलान्यास का कार्यक्रम नए वित्तीय वर्ष में रखा जाएगा। सांसद ने एक बार फिर कहा कि मेरा प्रयास है कि बलिया का समग्र विकास हो। इसके लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने जल परिवहन एवं रेलवे के आधुनिकीकरण के क्रम में जनपद के स्टेशनों के सुंदरीकरण व रेलवे ट्रैक के आधुनिकीकरण पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि रेलवे भी इस जिले को कई नई सौगात नए वित्तीय वर्ष में देगा।

### विद्युत करंट से किशोर झुलसा

**रसड़ा।** कोतवाली क्षेत्र के मंदा गांव निवासी भोला राजभर (16) पुत्र अनिल राजभर मंगलवार की सुबह विद्युत की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। घरवालों ने आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

### अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार घायल

**रसड़ा।** कस्बा के प्यारेलाल चौराहे पर मंगलवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल हो गया। आस-पास के लोगों ने उसे सीएचसी रसड़ा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के सिसवा खुर्द गांव निवासी गोविंद वर्मा (22) मंगलवार की सुबह बाइक लेकर रसड़ा बाजार आ रहा था। अभी वह प्यारेलाल चौराहे पर पहुंचा था कि अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

### आज लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**नगरा।** श्री नरहेजी मेडिकल कालेज नरहीं, रसड़ा के प्रांगण में निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं औषधि वितरण कार्यक्रम का आयोजन एक मार्च, बुधवार को किया गया है। आयोजक मंडल के विजय नारायण ने कहा नरहेजी मेडिकल कालेज परिसर में होने वाले चिकित्सा परीक्षण में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक व यूनानी अधिकारी डा. संजय कुमार व विशिष्ट अतिथि डा. एलबी कुशवाहा होंगे। उन्होंने चिकित्सकीय जांच व इलाज के लिए क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ उठाने का आह्वान किया है।

# नौ हजार रुपये के लिए हुई थी जनार्दन की हत्या

जनसंदेश न्यूज

**खुलासा**

### पुलिस ने कोड़रहा ढ़ाला से हत्यारोपियों को किया गिरफ्तार

**बैरिया।** दोकटी पुलिस ने मंगलवार को जनार्दन कमकर हत्याकांड का खुलासा किया। थानाध्यक्ष मदन पटेल ने बताया कि कड़ाई से पूछताछ करने पर दोकटी निवासी संतोष सिंह ने सच उगल दिया। आरोपी ने बताया कि दो साल पहले जनार्दन कमकर ने पन्द्रह हजार रुपये उधार लिया था। इसमें से छह हजार रुपये दे दिया था। शेष नौ हजार रुपये मांगने के लिए मैं गया तो उनके परिजनों द्वारा मुझसे अभद्रता किया गया। आवेश में आकर मैंने अपने पुत्र के साथ मिलकर हत्या कर शव को बिहार की सीमा में फेंक दिया था।

थानाध्यक्ष ने बताया कि हत्यारोपियों के पकड़ने के लिए गठित टीम ने मंगलवार की सुबह कोड़हरा ढाला से दोकटी गांव निवासी संतोष सिंह पुत्र श्रीराम सिंह व संतोष सिंह के पुत्र अभिषेक सिंह उर्फ भीम सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। जनार्दन कमकर के अपहरण का मुकदमा पहले ही दर्ज था। जनार्दन की मृत्यु की पुष्टि के बाद उपरोक्त मुकदमे में से धारा 365 को हटाकर धारा 364 व 302 लगा दिया गया है और हत्यारोपियों को न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया है। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सुबह गठित टीम कोडरहा ढाला पर थी कि हत्यारोपी संतोष सिंह अपने पुत्र अभिषेक उर्फ भीम के साथ कही भागने की फिराक में जा रहा था। उसे पुलिस ने पकड़ लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी संतोष सिंह की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त छुरा को बरामद कर लिया है। वहीं, दूसरे पकड़े गए आरोपी अभिषेक सिंह पुत्र संतोष सिंह के पास से एक अदद तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने में इस्तेमाल की गई चारपहिया वाहन जिसका नंबर यूपी 91इ 6511 है, को बरामद कर लिया है।

### डॉ. राजेंद्र प्रसाद की मनाई गई 60वीं पुण्यतिथि

**बैरिया।** विकास खण्ड मुरली छपरा के ग्राम पंचायत रामपुर में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को 60वीं पुण्यतिथि उनके ससुराल वाली ग्राम पंचायत में मंगलवार को मनाई गई। राजवंशी देवी बालिका जूनियर हाई स्कूल रामपुर के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में उनके चाहने वाले लोगों ने उनके व्यक्तित्व व कृत्तत्व को याद करते हुए। आश्चर्य व्यक्त किया कि काफी अरसे से दोनों पति पत्नि की युगल प्रतिमा अनावारण बाट खोज रही है। अपसोस की किसी राजनेता को समय नहीं मिल रहा है कि उनके प्रतिमा का अनावरण हो सके। ऐसा नहीं की प्रतिमा आनावरण के लिए देश के किसी हस्ती के पास आमंत्रण पत्र न भेजा गया हो। बोरे में लिपटी प्रतिमा आज सवाल कर रही है कि उनका दोष क्या है। अध्यक्षता कर रहे रजनीश कुमार ने कहा कि प्रथम राष्ट्रपति व उनकी धर्मपत्नी राजमाता राजवंशी देवी की प्रतिमा कई वर्षों से बोरे में लिपटी बंद हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार, उमेश, राजाराम चंद्रभान, सुशील व टुनटुन, राजदेव आदि ने विचार व्यक्त किया। संचालन राहुल श्रीवास्तव ने किया।

# सलेमपुर क्षेत्र से योगेश्वर सिंह आजमा सकते हैं अपना भविष्य

**तैयारी**

### लोकसभा क्षेत्र में लगी होर्डिंग से हो रही चर्चा

जनसंदेश न्यूज



**बलिया।** सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से अपना भविष्य आजमाएंगे कुसौरा के योगेश्वर सिंह क्षेत्र में लगी होर्डिंग से होने लगी हैं चर्चा। चाय पान की दुकान के आलावा विभिन्न राजनैतिक दलों में भी उनके लड़ने की चर्चा हो रही हैं। देखना यह होगा की योगेश्वर सिंह अपने राजनैतिक भविष्य के लिए कितने मजबूत होंगे यह तो वक्त तय करेगा, लेकिन उनके लड़ने की चर्चा निर्दल भी हो रही हैं।

बांसडीह विधानसभा क्षेत्र के कुसौरा निवासी योगेश्वर सिंह की होर्डिंग सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा बांसडीह, सिकंदरपुर, बेल्थरारोड़, भाटपाररानी व सलेमपुर में लगी हैं हर अवसर पर वह क्षेत्र की जनता को बधाई दे रहे हैं। अभी हाल में ही उन्होंने अपने गांव कुसौरा में भव्य कार्यक्रम कराया था, जिसमें कई दलों से जुड़े नेता शामिल हुए थे, लेकिन सबके समझ से परे था कि इस आयोजन के पीछे क्या इरादा हैं। लेकिन योगेश्वर सिंह के लगे होर्डिंग से राजनैतिक हलचल शुरू हो चुकी हैं। अब यह चर्चा हो रही हैं कि योगेश्वर सिंह आने वाले लोकसभा चुनाव में मैदान में होंगे, वैसे उनसे बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई हैं, लेकिन उनके एक खास करीबी ने बताया कि वक्त का इन्जार करिये बहुत जल्द राजनीति कि तस्वीर सामने होगी।

वैसे जो भी हो योगेश्वर सिंह एक योग्य उम्मीदवार हो सकते हैं, क्यों कि उन्होंने कई प्रभावशाली लोगों का दिल जितने का काम किया हैं और वह भी लोग उनके लिए खड़े हो सकते हैं। धार्मिक और सामाजिक क्षेत्रों में उन्होंने बहुत काम किया हैं उनके साथ जो भी लोग जुड़े हैं वह उनकी जमकर प्रशंसा करते हैं। वैसे सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र में तीन विधानसभा क्षेत्र बलिया जिले में पड़ता हैं और दो विधानसभा क्षेत्र देवरिया में और कई चुनाव में देवरिया जिले का ही उम्मीदवार चुनाव जीतता रहा हैं, लेकिन इस बार बलिया जिले से जुड़े मजबूत दावेदार मैदान में आ सकते हैं।

### अंग्रेजी देशी व बियर की दुकानों का हुआ ई-लाटरी

**बलिया।** वर्ष 23-24 हेतु आबकारी दुकानों के नवीनीकरण के पश्चात अवशेष मदिरा, भांग की दुकानों का ऑन लाईन ई-लॉटरी के प्रथम चरण के अन्तर्गत व्यवस्थित दुकानों का आवंटन हुआ, जिसमें देशी शराब डिहवा चट्टी की दुकान राधिका ओझा, राजपुर थाना उभाव रीता देवी, शिवपुर जितेन्द्र यादव, गोठाई रणधीर सिंह, विशुनपुरा अंजना, हथौज रीता देवी, चक्की चांद दीयर राम लखन यादव के नाम से देशी शराब की दुकान आवंटन की गयी है। इसके अलावा विदेशी मदिरा चितबड़ागांव अमित कुमार, बछईपुर प्रमोद कुमार सिंह इसके अलावा वियर की दुकान जगदीशपुर पानी टंकी जितेन्द्र यादव, चट्टी चांद दियर मीरा सिंह, छाता की दुकान दीपक कुमार इसके अलावा भांग की दुकानों में बांसडीह अनीता देवी, रानीगंज रविशंकर सिंह, सहतवार अजय कुमार सिंह, भीमपुरा रेखा देवी को दुकान आवंटीत की गयी है। छूटी शेष चार दुकानों को ई-लॉटरी के माध्यम से दी जायेंगी। जिले में अब तक 137 देशी शराब की दुकान, 47 अंग्रेजी शराब की दुकान, 47 वियर की दुकार तथा दो मॉडल शॉप को पुनः रीनिवल किया गया है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने प्रस्तुत किया मॉडल

**उपलब्धि**

### प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

जनसंदेश न्यूज



विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते लोग

**बैरिया।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर मंगलवार को इंडियन स्कूल आफ चिल्ड्रेन रानीगंज में छात्र-छात्राओं ने 31 माडल प्रस्तुत कर विज्ञान प्रदर्शनी लगाई। छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए विज्ञान प्रदर्शनी का अभिभावकों एवं आगंतुकों ने अवलोकन किया। साथ ही बच्चों से प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए गए माडल से संबंधित सवाल भी किए। छात्र-छात्राओं द्वारा मिलने वाले सवालों के जवाब से आगंतुक प्रभावित हुए और छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किए।

प्रदर्शनी में बतौर अतिथि पीजी कालेज सुदिष्टपुरी के प्राचार्य डॉ. राम शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य कमलाकांत सिंह, रामेश्वर सिंह, कृष्ण कुमार पांडे, अरुण सिन्हा तथा पीजी कालेज सुदिष्ट पुरी के भूगोल विभाग के डॉ. विनीत राय आदि ने छात्र-छात्राओं को रमन प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विज्ञान प्रदर्शनी में भाग ले रहे छात्र-छात्राओं के प्रत्येक स्थल पर जाकर उनके माडल से संबंधित प्रश्न पूछ कर उनको अंक भी प्रदान किए गये। इसके अनुसार शिवम तथा शुभम के क्विज बोर्ड माडल को प्रथम, कुमारी प्राची एवं कुमारी रानी के माडल को द्वितीय तथा किशन सोनी एवं अंकित के माडल को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रदर्शनी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

साथ ही 10 अन्य अच्छा माडल बनाने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कमलाकांत सिंह आदि उपस्थित रहे। समस्त आगंतुकों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य आरडी सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन गोरखनाथ सिंह ने किया।

# श्रमिक विरोधी है केंद्र और प्रदेश सरकार : जयप्रकाश

**नाराजगी**

### उप्र कताई मिल मजदूर संघ के श्रमिकों की बैठक संपन्न


श्रमिकों की बैठक को संबोधित करते जयप्रकाश वर्मा

**रसड़ा।** उप्र कताई मिल मजदूर संघ के श्रमिकों की बैठक नगर के ब्रह्माइन सती मंदिर प्रांगण में मंगलवार को हुई। इसमें श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया गया। अध्यक्ष जयप्रकाश वर्मा ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के चार नवंबर 2022 को पेंशन से संबंधित फैसले से उत्पन्न श्रमिकों में अफवाह को स्पष्ट करते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने जो फैसला लिया है, वह हम ईपीएस 95 के सदस्यों के लिए नही है।

यह फैसला उच्च पेंशन प्राप्त करने वालों के लिए है। उन्होंने कहा कि जीपीएस ईपीएस 95 के सदस्य लगातार पांच वर्षों से आंदोलित है, लेकिन श्रमिकों को गुमराह करने के लिए पेंशन बढ़ाने का झुनझुना बजाया जा रहा है। सत्य यह है कि पेंशन में बढ़ोतरी का सरकार की कोई मंशा नहीं है। श्री वर्मा ने कहा कि सरकार शुरू से ही किसान और श्रमिक विरोधी रही है। प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के कल-कारखानों को बंद करके देश के नौजवानों को बेरोजगारी के मुंह में धकेलने का काम किया जा रहा है। हमारे माननीय सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए कताई मिल और चीनी मिल की खाली पड़ी जमीन पर बयानबाजी करते रहते हैं। मौके पर अरविंद, विजय शंकर, जवाहर, राधामोहन, जीतन, वीरेंद्र, छोटेलाल आदि मौजूद रहे।

# कार्यक्रम की सफलता पर पूर्व मंत्री व सांसद पुत्र ने दी बधाई

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे शिलान्यास समारोह की सफलता पर पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त के पुत्र विपुलेंद्र प्रताप ने जनपदवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सफलता में मीडिया का भी बहुत बड़ा योगदान रहा। इनके प्रयास से पल-पल की खबर जनता के बीच पहुंचती रही।

साथ ही ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे शिलान्यास समारोह में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं पीब्डल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने जो भी घोषणाएं की है, वह जल्द ही धरातल पर दिखेगी। उन्होंने इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से जनहित में रहा है। जनता को लाभ मिले। इसको लेकर यह कार्यक्रम आयोजित रहा। सड़कों के निर्माण से शहर को जाम से निजात मिलेगी। साथ ही यात्रा करने में भी सहूलियत मिलेगी। इसके अलावा क्षेत्र की छोटी-बड़ी समस्याओं के भी समाधान करने की बात कहीं है। प्रेस क्लब के सवाल पर कहा कि यदि जमीन उपलब्ध हो जाती है तो प्रेस क्लब का भी निर्माण जल्द से जल्द होगा। विपुलेंद्र प्रताप ने कहा कि सूचना संकलन भवन मुख्यमंत्री के प्रोजेक्ट में है। अन्य जनपदों में सूचना संकलन भवन बनकर तैयार भी हो गया है। यह आप



लोगों की कमी है, जिसके कारण सूचना संकलन भवन नहीं बन पाया। मौके पर उप ब्लाक प्रमुख मुरलीछपरा सुशील पांडेय भी मौजूद रहे।

# सांसद ने 32 छात्राओं को दिया स्मार्ट फोन



जनसंदेश न्यूज

**बेल्थरारोड।** क्षेत्र के मुस्तरी मेमोरियल माइनारिटी महिला महाविद्यालय तिरनई खिजिरपुर में मंगलवार को क्षेत्रीय सांसद रविन्दर कुशवाहा एवं राज्यसभा सांसद सकलदीप राजभर ने क्रमशः कालेज की 32 छात्राओं को स्मार्ट फोन प्रदान किया।

स्मार्ट फोन पाते ही छात्राओं के चेहरे खिल उठे। क्षेत्रीय सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि तकनिकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भाजपा की मोदी सरकार ने स्नातक वर्ग के छात्र-छात्राओं को उनके नाम से स्मार्ट फोन तथा टैबलेट कालेजों के माध्यम से वितरित करने का काम कर रही है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों की चर्चा पश्चात छात्राओं को नसीहत देते हुए कहा कि इस फोन का शिक्षा के हित में आप सभी सदुपयोग करें, ताकि आपका जीवन सार्थक हो सके।

राज्य सभा सांसद सकलदीप राजभर ने कहा कि हमारी सरकार बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं की तर्ज पर काम कर रही है। जिसका नतीजा है हर क्षेत्र में बेटियों का योगदान होने लगा है। शिक्षा पर जोर देते हुए छात्राओं से कहा कि शिक्षा के अभाव में पूरी दुनिया में अंधकार ही अंधकार मिलेगा। इसलिए शिक्षा प्राप्त कर अपनी दुनिया को उजाला करने में अपनी कामयाबी हासिल करें। प्रबन्धक अरबाज खां ने आमत्रित अतिथियों के प्रति सभी का आभार प्रकट किया। प्रबन्धक खां ने अपने अतिथियों को मोमेन्टों तथा ऊनी साल देकर सम्मानित किया।

सांसद कुशवाहा ने महाविद्यालय में सर्वाधिक नम्बर प्राप्त किये जाने पर सरिता मौर्या, ममता तथा गोल्डी को अलग से सम्मानित किया। राष्ट्रीय गान के बाद समारोह का समापन हुआ। इस मौके पर कबीर मठ के महन्त अनिलदास, डॉ. उमेश कुमार अम्बेडकर, राज बहादुर यादव, सतीश सिंह, मु. आजाद खां, मिथिलेश पटेल, आबाद खां, मुरली मनोहर, अवध बिहारी यादव आदि मौजूद रहे।

# भगवान भरोसे चल रहा स्वास्थ्य विभाग

**बैरिया।** क्षेत्र के किसी भी निजी या सरकारी अस्पतालों में अग्निशमन यंत्र एवं आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। अस्पतालों ने अग्निशमन विभाग से कोई एनओसी नहीं ली है। इस संदर्भ में स्वास्थ्य विभाग सबकुछ जानकर भी अनजान बना हुआ है। अगर अस्पतालों में आगलगी की घटना होती है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? यह यक्ष प्रश्न है।

क्षेत्र में लगभग एक दर्जन से अधिक वैध-अवैध निजी अस्पताल एवं नर्सिंग होम संचालित है। वही, दर्जनभर सीएचसी व पीएचसी भी बैरिया तहसील क्षेत्र में संचालित है, किंतु किसी ने भी अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया है। इधर, अग्निशमन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अगर अस्पताल की तरफ से इसके लिए आवेदन पत्र मिलता है तो जांचोपरांत आवश्यक प्रक्रिया पूरा करने वाले अस्पतालों को अग्निशमन विभाग अनापत्ति प्रमाण पत्र देगा। कुल मिलाकर अभी तक व्यवस्था भगवान भरोसे चल रहा है।

उल्लेखनीय है कि कई महानगरों में जिसमें लखनऊ सहित कई शहर शामिल है, जहां अस्पतालों में अगलगी की घटनाओं से व्यापक नुकसान हुआ है। इससे यहां का स्वास्थ्य विभाग सबक नहीं ले रहा है।

> सीएचसी सोनबरसा के अस्पताल भवन का रंगाई-पुताई हो रहा है। इसलिए अग्निशमन यंत्र हटाकर कमरे में रखा गया है। यहां पूर्व से अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था है। बाकी अस्पतालों या निजी अस्पतालों में अग्निशमन यंत्र लगा है या नहीं? यह जांच करने का अधिकार मुख्य चिकित्सा अधिकारी को है। अथवा अग्निशमन विभाग इसकी जांच कर सकता है। अगर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की तरफ से मुझे निर्देशित किया जाएगा तो मैं भी जांच कर सकता हूं। फिलहाल यह मेरे अधिकार क्षेत्र के दायरे में नहीं है।
>
> डॉ. आशीष श्रीवास्तव, अधीक्षक, सीएचसी सोनबरसा

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ

**मझौवां।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अमरनाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुबेछपरा, बलिया में सत्र 2022-2023 के विशेष शिविर का आरंभ ग्राम सभा गोपालपुर के प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत गोपालपुर की ग्राम प्रधान आशा देवी रही। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य श्रीराम बाबू व स्वामी नाथ तिवारी रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। इसके बाद समवेत राष्ट्रगान व लक्ष्य गीत का गायन हुआ। तदुपरांत स्वयंसेवियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत प्राथमिक पाठशाला के बाहर, उसके परिसर व गंगा घाट की ओर जाने वाले रास्तों की साफ-सफाई की गयी। गोष्ठी में कार्यक्रम अधिकारी संजय मिश्र ने विषय वस्तु का प्रवर्तन कर गोष्ठी का संचालन किया। मुख्य अतिथि आशा देवी (ग्राम प्रधान) ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्राओं का बहुमुखी विकास कर राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान करता हैं। प्राचार्य डॉ. गौरी शंकर द्विवेदी ने आशीर्वचन प्रदान किया। आभार ज्ञापन भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ. शैलेंद्र कुमार रॉय ने किया।

# पांच सौ एक जोड़ों का विवाह हुआ सम्पन्न



**सहतवार।** स्थानीय प्रख्यात श्री चैनराम बाबा समाधि स्थल प्रांगण में मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत पांच सौ एक जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। सामूहिक विवाह स्थल पर बारात का स्वागत घरातियों द्वारा हर्षोल्लास के साथ किया गया। द्वारपूजा, तिलक, गृहस्थी सहित विवाह का कार्यक्रम विधि-विधान से हुआ। इस दौरान महिलाएं मंगल गीत गा रही थी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत मंगलवार को समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित जनपद के विभिन्न ब्लाकों के पांच सौ जोड़े का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह सम्पन्न हुआ।

### सांसद व विधायक सहित अन्य ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीष

सलेमपुर सांसद रविन्द्र कुशवाहा एवं बांसडीह विधायक केतकी सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू सहित अन्य ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद एवं बधाई व उपहार दिया। विवाह समारोह में हजारों की संख्या में जिले के अलग अलग स्थानों से लोगो ने शिरकत किया।

### आम लोगों को विभिन्न योजनाओं से किया जाये लाभान्वित

सामूहिक विवाह समारोह के सांसद ने कहा कि पीएम मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आमलोगों के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। सीएम सामूहिक विवाह योजना से गरीब परिवार की बालिकाओं व बालकों का विवाह हो रहा है। विधायक केतकी सिंह ने कहा कि सरकार गरीबों के उत्थान के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ सीधे आमजन को मिल रहा है।

कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद रविन्द्र कुशवाहा एवं बांसडीह विधायक केतकी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

## संक्षेप

### मानदेय भुगतान के लिए डीएम को सौंपा पत्रक

**बलिया।** उप्र रसोइया कर्मचारी संघ की जिलाध्यक्ष रेनू शर्मा ने रसोइया के मानदेय भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को डीएम को पत्रक सौंपा। कहा कि प्राथमिक एवं मीडिल स्कूल में एमडीएम योजना के अंतर्गत रसोई बनाने का कार्य होता है। होली पर्व नजदीक है। वित्त चार माह के मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। इसके चलते रसोइया भूखमरी की कगार पर है। मुख्यमंत्री का आदेश है कि होली के पूर्व मानदेय का भुगतान कर दिया जाय, किन्तु अभी तक मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त गत वर्ष के भी पांच माह के मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। चेताया कि अगर होली से पूर्व मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो विवश होकर तीन मार्च को धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

### बाइक एवं ई-रिक्शा की टक्कर में युवक घायल




**रतसर।** ई-रिक्शा और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को एम्बुलेंस की मदद से स्थानीय सीएचसी भेजवाया। वहीं, ई-रिक्शा चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। गड़वार थाना क्षेत्र के रतसर इण्टर कालेज के समीप सोमवार को जनऊपुर निवासी सुनील कुमार ऊर्फ सोनू (40) पुत्र स्व. रामप्रवेश राम अपने गांव से रतसर बाजार करने के लिए निकला था। अपराह्न लगभग दो बजे जैसे ही वह रतसर इण्टर कालेज के समीप बाईपास रोड पर पहुंचा कि बजरंग चौक की तरफ से आ रही ई-रिक्शा से आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास के लोगों ने एम्बुलेंस एवं पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी रतसर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

### रासेयो के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ



**सिकंदरपुर।** श्री स्वामीनाथ सिंह सुरेंद्र महाविद्यालय धर्मपुर, काजीपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन मंगलवार को महाविद्यालय के संस्थापक इंजी. सुरेंद्र बहादुर सिंह ने किया। शिविर में मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के उपरान्त स्वयंसेविका रचना शर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य एवं उद्देश्य के साथ ही कार्य योजनाओं की चर्चा की। कहा कि यह शिविर सप्त दिवसीय होगा। दीवा-रात्रि चलने वाले कैम्प में सभी स्वयंसेवक-स्वयंसेविका आपस में मिल-जुल कर कार्य करने का कार्य करेंगे तथा समाज को जागरूक करने का प्रयास करेंगे। मौके पर डॉ. संतोष सिंह, चित्रलेखा तिवारी, राजकुमार, अश्वनी, कामेश्वर प्रसाद, बृजेंद्र आदि मौजूद रहे। संचालन कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार एवं नीरज कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से किया।

### ग्राम न्यायालय की स्थापना की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का अनशन प्रारम्भ



**बेल्थरारोड।** जिला मुख्यालय बलिया से 60 किमी दूर बेल्थरारोड तहसील मुख्यालय पर शासन की मंशा के अनुरुप ग्राम न्यायालय की स्थापना की मांग को लेकर स्थानीय तहसील अधिवक्ता एसोसियेशन के बैनर तले मंगलवार से अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन प्रातः 10 बजे से 2 बजे दिन तक प्रारम्भ कर दिया गया है। एसोसियेशन के अध्यक्ष सरफराज अहमद ने कहा कि ग्राम न्यायालय की स्थापना तक यह क्रमिक अनशन जारी रहेगा। इस मौके पर एसोसियेशन के मंत्री महेन्द्र यादव, राशिद मिल पाशा, सविता पटेल, अनिल पाठक, अमरजीत सिंह, अनिल यादव, अतुल प्रकाश यादव, संजय यादव, कलिन्द्र यादव, लक्ष्मी नारायण मिश्र, अहमद रजा एडवोकेट, राशिद अली, विजय कुमार, दिनेश त्रिपाठी, हरेन्द्र राजभर, दीलिप जायसवाल, कौशल श्रीवास्तव, विशाल सिंह, अरुण कुमार श्रीवास्तव, अमानुलहक अब्बासी आदि मौजूद रहे।

### जनपद स्तर पर 15 विज्ञान मॉडल का चयन



**बलिया।** मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशन में विज्ञान व प्रौद्योगिकी परिषद उप्र तथा जिला विज्ञान क्लब द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर जनपद स्तरीय विज्ञान माडल प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को डैफोडिल इंटरनेशनल स्कूल बसंतपुर में किया गया। मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री के प्रतिनिधि धर्मेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित करके किया। विज्ञान माडल प्रदर्शनी में जिले के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 09 व 11वीं तथा पालिटेक्निक के छात्र-छात्राओं ने अपने प्रोजेक्ट के साथ प्रतिभाग किया। जनपद स्तर पर 15 विज्ञान माडल का चयन निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में प्रवीण पाण्डेय, डा. आफताब आलम, सुनील कुमार, वैभव राय, अविनाश पाण्डेय, आशुतोष कुमार सिंह तोमर आदि शामिल रहे। जनपद स्तर पर चयनित बच्चे सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में मण्डल स्तर के आयोजन में प्रतिभाग करेंगे। साथ ही मण्डल स्तर पर 10 छात्र चयनित होकर राज्य स्तर पर लखनऊ में प्रतिभाग करेंगे, जहां उन्हें मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि धर्मेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही जनपद स्तर पर प्रथम प्राची सिंह को 3000, द्वितीय प्रशांत कुशवाहा को 2000, तृतीय अनन्या सिंह को 1000 रुपये तथा सानिध्य कुमार सिंह, पूरव सिंह, अभिज्ञान तिवारी, परिधि सिंह, नितेश, आर्यन, रंजीत कुमार, कृष्ण चौधरी, रितिका राय सहित कुल 15 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह दिया गया। जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक अतुल कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा और इसके उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मौके पर नितेश उपाध्याय, साइमंड रसल, नुरीन जमाल, जमाल आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता डॉ. प्रतिभा तथा संचालन सुधीर कुमार ने किया।

## संक्षेप

### श्रीकृष्ण गोपियों की रासलीला संग श्रोताओं ने खेली होली





**दोहरीघाट, मऊ।** श्रावण मास के सरजू नदी से उत्पन्न रजतेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा रुद्र पाठात्मक यज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन की बाबा मेला राम मंदिर परिसर में उपस्थित भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा का अमृत ज्ञान व रसपान कराते हुए संतोष जी महाराज ने श्रीकृष्ण व गोपियों की रासलीला श्री कृष्ण रुक्मणी का विवाह श्री कृष्ण भगवान की लीलाओं के बारे में बताया गया वही इस दौरान उपस्थित सभी श्रोता और भक्तगण गोपियों की रासलीला के समय फूल अबीर गुलाल के साथ जमकर होली भी खेली। श्री राजेश्वर महादेव की स्थापना को लेकर सभी देवी देवताओं समेत श्री रजतेश्वर महादेव को नगर के सभी मंदिरों काली माता मंदिर, दुर्गा माता, साईं बाबा, राम जानकी, हनुमान मंदिर, पंचमुखी शिव मन्दिर, प्राचीन शिव मंदिर, डीह बाबा मंदिर लाहौरी माता मंदिर आदी सभी देवताओं से आचार्य श्याम जी पांडे कार्तिक पांडेय व काशी से आए हुए विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूरे विधि विधान पूर्वक मिलान व स्पर्श कराकर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न कराया गया इस दौरान हजारों महिलाएं पुरुष बच्चे नगर भ्रमण करते हुए नाचते गाते अबीर गुलाल से होली खेलते हुए झूमते रहे। लोग घरों की छतों से पुष्पा वर्षा करते रहे। जगह-जगह महिलाओं ने जहां आरती उतारना शुरू कर दिया। नगर में चैराहों गलियों बाजारों में समाजसेवियों द्वारा मीठा जलपान नगर के समाजसेवियों द्वारा व्यवस्था की गई थी। इस दौरान प्रशासन भी काफी मुस्तैद रहा थानाध्यक्ष हरिशंकर सिंह पीएसी के जवानों के साथ सुरक्षा में लगे रहे। वही लोगो मे श्री रजतेश्वर महादेव के दर्शन को आतुर दिखे दोहरीयो की पावन भूमि पूरी तरीके से भक्ति के सागर में गोते लगाता रहा।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन 2 मार्च को

**मऊ।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत 2 मार्च 2023 को प्रातः 8 बजे से जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की गरिमामय उपस्थिति में 120 जोड़ो का सामूहिक विवाह कलेक्ट्रेट परिसर मऊ की दक्षिण दिशा के प्रांगण में टेंट लगाकर होना निश्चित है।

### रक्त दाता सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**मऊ।** मंगलवार को प्रकाश हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर के सभागार में प्रकाश ब्लड बैंक सेंटर द्वारा रक्त दाताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पदम श्री अशोक भगत उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित दानदाताओं को भगत जी ने प्रशस्ति पत्र देते हुए कहा कि आप सभी इस पुण्य कार्य में लगे हैं मैं आप सभी का सम्मान करता हूं सेवा ही सबसे बड़ा हवन कुंड है उस कुंड में आप सभी ने जो आहुति दी है आप सभी बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर उन्होंने संस्थापक चेयरमैन प्रकाश चंद्र को बधाई दी और कहा कि सवाल यह नहीं है कि अस्पताल प्राइवेट है या सरकारी महत्वपूर्ण यह है कि मौके पर कौन लोग आपके काम आ रहे हैं जो व्यक्ति आपके समय पर काम आए वही आपके लिए साक्षात भगवान है। कोरोना कॉल में इस हॉस्पिटल ने भी सैकड़ों लोगों की जान बचाई है। डॉक्टर मनीष राय ने पदम अशोक भगत को अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि आज आप जैसे महापुरुष का आशीर्वाद मिलने से पूरा हॉस्पिटल परिवार गौरवान्वित है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जेपी राय, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा मुन्ना दुबे, चुन्नू सिंह, अंजनी सिंह, संजय पांडे, डिंपल जायसवाल, सर्वेश राय, ब्लॉक प्रमुख शिवजी राय आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन भाजपा उपाध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह ने किया।

# मार्च महीने में अभियान चलाकर बढ़ायें वसूली : जिलाधिकारी



**मऊ।** मंगलवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता ने बताया कि माह जनवरी में कुल लक्ष्य 62.15 करोड़ के सापेक्ष 22.95 करोड़ राजस्व की वसूली हुई है, जो कुल लक्ष्य का 36.93 प्रतिषत है। यह पूरे वर्ष के दौरान माहवार वसूली में सबसे कम है।

एमओयू लक्ष्य के अनुसार जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्य 24.72 करोड़ के सापेक्ष 22.95 करोड़ की वसूली हुई, जो कुल लक्ष्य का 92.84 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 1 लाख 19 हजार 554 नेवर पेड उपभोक्ता हैं, जिनमें से कार्यवाही के दौरान 23 हजार 622 लोगों का कनेक्शन काटा गया। बैठक के दौरान ही अधीक्षण अभियंता ने बताया कि राजस्व वसूली हेतु पूरे जनपद में जनवरी माह के शुरू से अब तक 40 हजार 362 उपभोक्ताओं से बात कर वसूली का प्रयास किया गया। माह जनवरी में राजस्व वसूली की खराब स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम ने वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। इस हेतु उन्होंने अधीक्षण अभियंता को समस्त आरसी को तहसीलों पर उपलब्ध कराते हुए तहसीलदार एवं एसडीओ की टीम बनाकर मार्च महीने में अभियान चलाते हुए वसूली बढ़ाने को कहा। जिलाधिकारी ने विद्युत एवं राजस्व विभाग में समन्वय स्थापित करते हुए एक कामन प्रोग्राम बनाकर वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने बड़े बाकायदारो की वसूली पर विशेष जोर देने को कहा, जिससे राजस्व में वृद्धि की जा सके। इसके अलावा उन्होंने छोटे बकायेदारों के साथ ही घरेलू उपभोक्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई से बचने को भी कहा। बुनकरो से बकाया वसूली की चर्चा के दौरान जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता को बुनकरो के साथ बैठक कर शासन की नीतियों से अवगत कराते हुए वसूली करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह, अधीक्षण अभियंता, समस्त उप जिलाधिकारी एवं समस्त अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग उपस्थित रहे।

### रासेयो की कार्य योजना के अनुसार करें कार्य : केशव

**बलिया।** दूजा देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रजौली, सहतवार में राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि शिक्षाविद् केशव सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयप्रकाश सिंह ने छात्र-छात्राओं को एनएसएस के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें निःस्वार्थ भाव से सेवा करना सिखाता है। हमें समाज एवं अन्य लोगों के प्रति विचारशील होना चाहिए। अपने कर्तव्यों के लिए सजग रहना चाहिए। मुख्य अतिथि केशव सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सभी शिविरार्थी अनुशासित तरीके से गांव में जाकर एनएसएस के कार्ययोजना के अनुसार कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व में निखार आएगा। जब तक युवा वर्ग निःस्वार्थ भाव से समाजसेवा के लिए आगे नहीं आयेगा, तब तक सामाजिक चेतना जागृत नही होगा। मौके पर समीक्षा श्रीवास्तव, पवन गुप्ता, यशवंत ठाकुर, कुश कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन अवधेश त्रिपाठी ने किया। आभार संदीप गुप्ता ने व्यक्त किया।

## तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**मऊ।** मंगलवार को डीसीएसके पीजी कॉलेज मऊ के प्रांगण में शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के द्वारा तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सर्वेश पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों एवं विद्यार्थियों का आवाहन किया की शरीर लक्ष्य प्राप्ति का सबसे बड़ा साधन है अतः जीवन शैली में सुधार कर हम बहुत से बीमारियों से बस सकते हैं। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर हरी लाल ने स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जीवनशैली से उपजी समस्याएं जैसे मोटापा शुगर ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करके भौतिकवादी जीवन को और बेहतर तरीके से आनंद ले सकते हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर बाबूलाल, डॉ सुरेश सिंह दीक्षित, डॉ कलाम, डॉक्टर इश्तियाक, डॉ रविंद्र कुमार, डॉ सूर्य भूषण द्विवेदी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सरयू की महा आरती देखने उमड़ा जनसैलाब



**दोहरीघाट, मऊ।** अन्तराष्ट्रीय मातेश्वरी शक्ति पीठ पर चल रहे अश्वमेघ महायज्ञ के आठवें दिन पांच लाख एक हजार दीपों से सरयू की महा आरती जैसे ही शुरू हुई लगता था कि देवलोक पर है और हम रोशनी से नहा रहे हैं। वही महा आरती देखने के लिये करीब पचास हजार के लोगों की भीड़ करीब दो किलोमीटर तक नदी के किनारे दिखाई दी वही सद्गुरु जी महाराज के सानिध्य में दीपों की महा आरती ने भक्ति की गंगा बहा दी।

महा आरती के समय तारे जमीं पर उतर गये थे। जैसे लगता था सरयू माता रोशनी का श्रृंगार किये हुए अपने आकार को फैलाती जा रहीं हैं। महा आरती की तैयारी तो आज हफ्तों से चल रही थी महा आरती का नजारा देखने के लिये देश विदेश से लोग उमड़ पड़े थे। वही दोहरीघाट बड़हलगंज पुल पर करीब हजारों लोगों ने इस विहंगम दृश्य का अवलोकन किया। करीब दस मातृभक्त दिन में दो बजे से ही दोहरीघाट पुल से लेकर पत्तनई गाव के पास तक नदी के किनारे दियों को सजाने के लिये इकट्ठा हो गये थे। सायं पांच बजे सद्गुरु जी महाराज ने सरयू के कलरव के बीच जैसे ही महा आरती शूरू की फिर मां के जयकारे के साथ महा आरती शूरू हो गयी इसके बाद दीप दान शूरू हो गया नदी में लोग फोम के पत्तल व परास के पत्तल पर एक साथ दियों को सजाकर दिन दान कर रहे थे ।वही करीब दस किलोमीटर तक नदी में दीप जलते हुए तैर रहे थे लोगों इस नजारे को मोबाइल व कैमरे में कैद कर एक अपने लिये यादगार बना लिया। वही आकाश में भी गुब्बारे से सैकड़ो दीपों को रखकर उड़ाया गया इस नजारे को लोग अपलक निहार रहे थे।

### दीयों की रोशनी में नहायी सरयू नदी व गांव शहर

जैसे ही सरयू मां की दस लाख दियों से महा आरती शुरू हुई लगता था नदी दियों की रोशनी में नहा कर श्रृंगार कर रही है वही नदी में टिमटिमाते दिये तैर रहे थे तो लगता था कि अपनी मंजिल के तरफ जा रहे हैं। वही नगर से लेकर करीब दस किलोमीटर तक गावों के तटवर्ती इलाके के लोग इस अद्भुत नजारे का अवलोकन कर यही कह रहे थे कि नदी की दियों की रोशनी में डुबी गयी है कोई कहता था आज मुद्दत बाद नदी दियों की रोशनी में श्रृंगार कर रही है।

# उमेश पाल हत्याकांड का साजिशकर्ता गिरफ्तार

**गाजीपुर से जुड़ा था तार**

**प्रयागराज दोहरे हत्याकांड में मुख्य भूमिका में था बारा का सदाकत खान**

**बारा।** प्रयागराज के चर्चित उमेश पाल हत्याकांड में साजिशकर्ता सदाकत खान की गोरखपुर में गिरफ्तारी हो गई है। थाना गहमर गांव निवासी सदाकत के गिरफ्तारी की बात सूनते ही गांव में हड़कंप मच गया है।

गहमर के बारा गांव निवासी सदाकत खान इलाहबाद हाईकोर्ट में वकालत करता है। सदाकत प्रयागराज स्थित मुस्लिम हास्टल के कमरे में काफी दिनों से रहता था। यूपी पुलिस, एसटीएफ प्रमुख और अपर पुलिस महानिदेशक, आईपीएस अमिताभ यश ने इसकी पुष्टि की है कि उमेश हत्याकांड की योजना को अंतिम रूप दिए जाने के दूसरे दौर के तमाम अहम बैठकें सदाकत के कमरे पर ही हुई थीं। गहमर कोतवाल पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि सदाकत की गिरफ्तारी गोरखपुर से हुई है। वह बारा गांव का वाशिंदा जरूर है। लेकिन यहां कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अगर कोई सूचना आती है तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

**बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के थे मुख्य गवाह**

बतादें बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की 24 फरवरी को प्रयागराज के धूमनगंज में हत्या कर दी गई। उमेश पाल हाइकोर्ट में अधिवक्ता के रूप में कार्य कर रहें थे। माफिया अतीक अहमद से अदावत के बाद उन्हें पुलिस से सुरक्षा भी मिली थी। इस वारदात में गनर संदीप निषाद की मौत हो गई वहीं दूसरे गनर राघवेन्द्र सिंह का इलाज चल रहा है।

**संपन्न और शरीफ परिवार से था सदाकत**

गांव के लोग आश्चर्यचकित है कि सदाकत आखिर अपराधियों के संपर्क में कैसे आया। इस सवाल को लेकर तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। सदाकत के पिता शमशाद खान दिल्ली में सेक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। सदाकत इलाहबाद विश्वविद्यालय में छात्रसंघ का नेता भी रह चुका है। गांव में सदाकत की किसी से कभी कोई विवाद तक नहीं हुआ और ना ही उस पर कोई मुकदमा है। सदाकत संपन्न और शरीफ परिवार से है। ऐसे में ग्रामीणों को यकीन ही नहीं हो रहा कि सदाकत का कैसे उमेश पाल डबल मर्डर से लिंक हो सकेगा।

**डबल मर्डर में सदाकत की गिरफ्तारी अहम**

यूपी पुलिस एसटीएफ चीफ के मुताबिक उमेश पाल हत्याकांड कांड में अहमदाबाद जेल में बंद माफिया अतीक अहमद और बरेली सेंट्रल जेल में बंद उसके भाई अशरफ का हाथ सामने आ रहा है। इस मामले में हाईकोर्ट अधिवक्ता सदाकत की गिरफ्तारी अहम है। डबल मर्डर की प्लानिंग क्यों न जेल में बनी हो। मगर उसके बाद उमेश पाल को कत्ल करने के अंतिम रूप दिए जाने वाली बैठकों में अधिकांश बैठकें सदाकत के प्रयागराज स्थित मुस्लिम हॉस्टल वाले कमरे में हुई थीं।

# हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स का प्रशिक्षण

**जमानियां।** स्टेशन बाजार स्थित हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को रोवर्स प्रभारी डॉ संजय कुमार सिंह अध्यक्ष इतिहास विभाग के निर्देशन में शुरू हुआ।उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अखिलेश कुमार शर्मा शास्त्री ने कहा कि शिक्षा के दीक्षा का यह प्रशिक्षण जीवन के लिए बेहद उपयोगी एवं अनुशासित ढंग से जीवन जीने के लिए हमें प्रेरित करता है।अपनी नियमित पढ़ाई लिखाई के साथ शिक्षणेत्तर गतिविधियों से जुड़कर आप रोवर्स रेंजर्स अपने व्यक्तित्व में निखार लाकर आप कामयाबी हासिल कर सकते हैं।इस अवसर पर प्रो. अरुण कुमार, डा. धर्मेंद्र यादव, इनामुल्लाह अंसारी, दीपक शर्मा, प्रदीप कुमार सिंह, कमलेश प्रसाद, वीरेंद्र आदि उपस्थित थे।

# डॉ. राजेंद्र बाबू देश के महान नेता थे : अरुण कुमार

**आयोजन**

**पूर्व राष्ट्रपति राजेन्द्र बाबू की मनाई गई पुण्यतिथि**


डा.राजेंद्र बाबू के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सदस्य।

**गाजीपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वाधान में महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में देश की प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र बाबू की पुण्यतिथि पर पीर नगर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी आरंभ होने के पूर्व महासभा के सभी कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया और देश की संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया।महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि डा. राजेंद्र बाबू इस देश के महान नेता थे। वह शुचिता और विद्वता तथा सरलता और सादगी के प्रतीक थे। वह अत्यंत मेधावी थे। वह महान कानूनविद होने के साथ-साथ सरलता और सादगी के प्रतीक थे। वह महात्मा गांधी के अत्यंत प्रिय थे। उन्हें बिहार का गांधी भी कहा गया। वह इतने नैतिक और ईमानदार थे की उनके राष्ट्रपति पद का कार्यकाल खत्म होने के बाद उनके पास रहने के लिए अपना कोई निजी आवास नहीं था ,उन्होंने बिहार कांग्रेस कमेटी के कार्यालय सदाकत आश्रम को अपनी रहने का ठिकाना बनाया । वह हम सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं ,उनका जीवन हम सबके लिए अनुकरणीय है। इस अवसर पर परवेज अहमद, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, अरुण, चुन्नू,संजय ,विजय प्रकाश श्रीवास्तव,अरुण सहाय, अमरनाथ, परमानन्द, सत्यप्रकाश, पियूष, मोहनलाल, कमल प्रकाश,अमर सिंह, राजेश, मनीष, आशुतोष आदि उपस्थित थे। संचालन शैल श्रीवास्तव ने किया ।

# पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, मौत


बिरनो थाना पर रोते-बिलखते परिजन।

**बिरनो।** थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप के धक्के से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घंटों बाद पहुंची पुलिस शव को बिना परिजनों को जानकारी दिए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के अराजी ओड़ासन निवासी विकास धीमर 18 पुत्र वीरू धीमर सोमवार की सुबह किसी कार्य से जयरामपुर मोटरसाइकिल से जा रहा था।

अभी वह नटवा बाबा के स्थान पर पहुंचा ही था की पीछे से गाजीपुर मुख्यालय की तरफ से तेज रफ्तार आ रही पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतना तेज था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इधर, पिकअप चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। मृतक के पिता ने वीरू ने बताया की सूचना के बावजूद घटना के एक घंटे बाद पहुंची पुलिस ने शव को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के बजाय हम सभी परिजन को बिना बताए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता थाने के चौकीदार है और पुत्र भी थाने में ही कार्य करता था। मौके पर मृतक की मां और बहन सहित भाईयों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। परिजन बार-बार शव देखने को लेकर विलाप करते रहे । तीन घंटे की मशक्कत के बाद मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद बलराम ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया। थानाध्यक्ष कृपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक के पिता ने अज्ञात वाहन के खिलाफ तहरीर दिया है। तहरीर के आधार पर घटना की जानकारी प्राप्त कर कार्रवाई की जाएगी।

# एक करोड़ की लागत से होगा राजकीय नलकूपों का जीर्णोद्धार

**पहल**

**प्रमुख अभियंता पहुंचे शेरपुर गांव, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं**

**जनसंदेश न्यूज**


प्रमुख अभियंता को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित करते पूर्व प्रधान जेपी राय व अन्य लोग।

**गाजीपुर।** प्रमुख अभियंता वाराणसी सोमवार की देर शाम शेरपुर कलां गांव में पहुंचे। गांव में उन्होंने ग्रामीणों की समस्या सुनकर अधिकारियों को समाधान के आदेश दिए। उन्होंने सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थापित राजकीय नलकूप आधुनिक संसाधनों से लैस होंगे और करीब एक करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार कराया जाएगा। ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की सलाह दी। प्रमुख अभियंता वाराणसी चेतन कुमार माहेश्वरी सोमवार को शेरपुर कलां का दौरा करने पहुंचे। प्रमुख अभियंता के साथ एसी राकेश बिहारी मल्ल, अधिशासी अभियंता नलकूप खण्ड प्रथम राहुल अग्रहरी, लघुडाल कमलेश कुमार, सहायता अभियंता चंद्र प्रकाश राय और अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा श्री माहेश्वरी का फूल मालाओं से स्वागत किया। गांव में आयोजित सभा से पूर्व उन्होंने गांव के आसपास स्थापित 27 नलकूपों का भी मुआयना किया।

जहां पर विभाग के अभियंता ने गांव में दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। श्री माहेश्वरी ने लोगों से अपील की कि सरकार द्वारा जारी योजना के तहत गांव में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। लेकिन यह बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है। उस समय काफी मुसीबत आती है।

इसको ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द स्मार्ट स्टार्ट नलकूपों में लगाने की व्यवस्था की जाएगी। वही एक करोड़ की लागत से क्षेत्र में स्थापित 27 नलकूपों का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। जिससे किसानों को फायदा हो सकें। गांव वासियों ने गांव के कई नलकूपों के नाली टूटने और अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया।

प्रमुख अभियंता ने समस्याओं शीघ्र दूर करने के लिए कहा। सभा को विनोद, नमोनारायण, गुप्तेश्वर, रविन्द्र, शिवबदन, पंडा, मुरारी, मुनटुन, ओमप्रकाश व गांव के सम्मानित लोग उपस्थित थे। सभा की अध्यक्षता पूर्व प्रधान जेपी राय और संचालन राजेन्द्र राय (पूर्व अध्यापक कलकत्ता) ने किया।

## संक्षेप

### सोनवल रेलवे क्रासिंग के पास लग रहा जाम, जिम्मेदार चुप



**सुहवल।** थाना क्षेत्र के सोनवल स्थित रेलवे क्रासिंग के समीप लगने वाले जाम के झाम ने राहगीरों एवं ट्रेन यात्रियों के मुसीबत का सबब बनता जा रहा है। लोगों ने बताया कि बनाए गये अस्थाई प्लेटफार्म पर जब से पैसेंजर ट्रेन का ठहराव शुरू हुआ है ,उसी समय से आए दिन क्रॉसिंग के समीप सुहवल ढढनी मार्ग पर टैंपों चालकों की मनमानी एवं सवारियों को वाहनों में बैठाने के चक्कर में मार्गों पर अपने वाहनों को आडे तिरछा खड़ा कर देते है। जिसके चलते यह समस्या जो नासूर बनती जा रही है,इसके चलते राहगीरों के लिए भी मुसीबत का सबब बनता जा रहा है,बावजूद रेलवे सुरक्षा बल व स्थानीय थाना पुलिस लगने वाले जाम को समाप्त कराने को लेकर गंभीर नहीं है। अगर इसी तरह से उदासीनता बरती गई तो भविष्य में कभी भी सड़क हादसे को होने से नहीं रोका जा सकता है।जाम इस कदर की छोटे वाहनों का निकलना तो दूर सुरक्षित तरीके से पैदल भी निकलना दुश्वार हो जा रहा है।इस संबंध में थानाध्यक्ष बागिश ब्रिक्रम सिंह ने बताया कि इसके खिलाफ जल्द ही अभियान चला कार्यवाई की जायेगी ।

### 28344 कुंतल धान की खरीद



**सुहवल।** स्थानीय गांव स्थित राजकीय धान क्रय केन्द्र पर बार शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष में रिकार्ड धान की खरीद विभाग के द्वारा की गई। शासन द्वारा निर्धारित बीस हजार कुतंल लक्ष्य के सापेक्ष में मंगलवार को खरीद के अंतिम दिन 576 किसानों से 28,344 कुंतल धान की खरीद की जा चुकी है। जिसमें से 540 किसानों के धनराशि का भुगतान उनके खातों में किया जा चुका है,शेष के भुगतान की प्रक्रिया महकमें के द्वारा जारी है। मालूम हो कि यह धान की खरीद एक नवंम्बर 2022 से शुरू किया गया था।इस संबंध में राजकीय धान क्रय केन्द्र के एसएमआई कृष्ण कुमार ने बताया कि धान की खरीद लक्ष्य से अधिक हो चुकी है,भुगतान भी अंतिम चरण में है।

### सीडीओ श्रीप्रकाश ने सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारा



गाजीपुर। सीडीओ श्रीप्रकाश गुप्ता का तबादला आजमगढ़ हो गया है। श्रीप्रकाश गुप्ता को आजमगढ़ में सीडीओ की जिम्मेदारी मिली है। वहीं गाजीपुर सीडीओ संतोष कुमार वैश्य अपर जिलाधिकारी बदायूं को बनाया गया है। जिले में करीब तीन साल पूर्व तैनात सीडीओ श्रीप्रकाश गुप्ता कार्यकाल बहुत शानदार रहा है। सीडीओ कार्यालय में सभी फरियादियों की बात पूरी तन्मयता से सूनते थे। जितना हो सकता था जनता की समस्याओं का निपटारा करते थे। जनता की समस्या को लेकर उनके सामने ही संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते थे। सीडीओ जिले के विकास के लिए सरकार की योजनाओं को जमीन पर लाने का कार्य किया है। उन्होंने लाभार्थियों के आवास से लेकर सभी जरूरतों का ध्यान दिया है। भ्रष्टाचार के प्रति काफी आक्रामक रूख अपनाते थे। जितना हो सके उतना भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करने की कोशिश करते थे। जिले में विकास को लेकर सभी अधिकारियों के कार्य पर पूरी नजर रखते थे। सीडीओ के कार्यशैली की आला अधिकारी भी प्रशंसा करते है। सीडीओ श्रीप्रकाश गुप्ता जनता से नरम और अधिकारियों से सख्ती से पेश आते थे। उनके यहां पैरवीकार की संख्या बहुत कम थी। वह कार्य के आधार पर ही कोई निर्णय लेते थे। विकास खंडों से लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्य को की जांच पूरी निष्पक्षता के साथ किया है। जिससे संबंधित अधिकारी हमेशा भयभीत रहते थे।

### कल आयोजित होगी कबड्डी-वॉलीबॉल प्रतियोगिता

**गाजीपुर।** जी 20 पं.दीनदयाल उपाध्याय जन्मषताब्दी वर्ष के अवसर पर गुरूवार को जूनियर वर्ग बालकों की कबड्डी व वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता प्रातः 09:00 बजे प्रारम्भ होगी, प्रतिभाग करने वाली टीम समय से उपस्थित होकर कबड्डी सचिव एवं वालीबाल सचिव को अपनी उपस्थित दर्ज करायेगी। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली टीम के खिलाड़ी को प्रतियोगिता में विजेता,उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

# नरसंहार के आरोपी मंत्री अजय मिश्रा टेनी दें इस्तीफा : ईश्वरी


तुलसी सागर लंका स्थित कार्यालय पर बैठक के दौरान अखिल भारतीय किसान महासभा के सदस्य।

**गाजीपुर।** अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को तुलसी सागर लंका कार्यालय पर हुई। किसान महापंचायत बैठक में किसान महासभा का जिला सम्मेलन की तैयारी 20 मार्च को संसद पर किसान महापंचायत का आयोजन कर किसान विरोधी बजट के खिलाफ आक्रोश प्रकट करने का निर्णय लिया गया। अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि महापंचायत के माध्यम से एसकेएम सभी कृषि उत्पादों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की सीटू+50% पर खरीद की कानूनी गारंटी, सम्पूर्ण कर्ज मुक्ति, बिजली संशोधन विधेयक 2022 की वापसी, लखीमपुर खीरी में किसानों व पत्रकार के नरसंहार के आरोपी केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी की बरखास्तगी, प्राकृतिक आपदाओं के कारण किसानों की फसल बर्बाद होने पर शीघ्र क्षतिपूर्ति के लिए व्यापक एवं प्रभावी फसल बीमा योजना, सभी मध्यम, छोटे और सीमांत किसानों और कृषि श्रमिकों को प्रति माह 5,000 रुपये की किसान पेंशन, किसान आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ दर्ज सभी झूठे मामलों की वापसी, किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए सभी किसानों के परिवारों को मुआवजे का भुगतान, कृषि भूमि के अधिग्रहण पर रोक लगाने की मांग केंद्र सरकार के समक्ष रखेगा। तथा नक्सलबाड़ी दिवस पर 25 म ई को दिलदार नगर में अखिल भारतीय किसान महासभा का जिला सम्मेलन होगा। किसान महासभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सदानंद पटेल पर फर्जी चोरी का मुकदमा दर्ज करने की करन्डा थाना प्रभारी की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए कहा कि उन्होंने गांव में जमीन का बैनामा कराया है। खतौनी में नाम भी दर्ज हो गया है। आन्दोलन संघर्ष तेज करते हुए 2 मार्च को जिला मुख्यालय सरजू पांडेय में धरना- प्रदर्शन के माध्यम से उठाया जायेगा। बैठक को आजाद यादव,, जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह, जिला सचिव रामप्रवेश कुशवाहा, प्रमोद कुशवाहा, मुहम्मद सगीर, मोती प्रधान, मनोज कुशवाहा, रामबिलास यादव विचार व्यक्त किया।

# गर्मी के प्रभाव से आम के पेड़ों पर बंपर बौर आने का अनुमान

**मुहम्मदाबाद।** गर्मी बढ़ने के साथ इस बार मौसम आम के बेहतर उत्पादन के अनुकूल है। फरवरी में ही शुरू हुई गर्मी के प्रभाव से आम के पेड़ों पर अच्छा बौर आने का अनुमान है। जिन पेड़ों पर बौर नहीं आया है, उनके बागवानों को मौसम विज्ञानी छिड़काव का सुझाव दे रहे हैं। मौसम विज्ञानियों के अनुसार फरवरी के पहले सप्ताह से आम के पेड़ों पर बौर आने लगता है, जो 15 मार्च तक पूर्ण रूप से आ जाता है। कुछ पेड़ों पर बौर अच्छी तरह से आ चुका है। जिन पेड़ों पर बौर नहीं आया है, उसके लिए जल्द से जल्द सल्फर पाउडर दो ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। उन्होंने कहा कि आम के बागों की सिंचाई करने से इस समय किसान पूरी तरह से बचें, क्योंकि अभी पेड़ों को जितनी गर्मी मिलेगी, उतना ही अच्छा बौर आएगा। उन्होंने बताया कि आम में भुनगा कीट पैदा हो रहा है जो कोमल पत्ती का रस चूसता है। छोटे फलों को नुकसान पहुंचाता है। इसके उपचार लिए नीम का तेल पानी मे डालकर छिड़काव करें।

# मुख्य रेल पथ अभियंता ने कार्यों का लिया जायजा


दिलदारनगर स्टेशन पर निरीक्षण करते हाजीपुर के मुख्य रेल पथ अभियन्ता मुकेश कुमार।

**दिलदारनगर।** हाजीपुर के मुख्य रेल पथ अभियन्ता मुकेश कुमार अपने सहयोगियों के साथ अप श्रमजीवी एक्सप्रेस से दिलदारनगर स्टेशन पहुँच कर स्टेशन पर हो रहे कार्यो को समय से पूरा करने को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद बाई रोड दिलदारनगर होते हुए सोनवल तक रेल पटरियों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ में चल रही दानापुर मण्डल की तृतीय अभियंता स्वाति कुमारी व अन्य अधिकारियो के साथ आवश्यक बिचार विमर्श कर तारीघाट ब्रान्च लाइन मे पी क्यू आर एस मशीन द्वारा रेल स्लीपर व रेल पटरीयो को ठीक ढंग से लगाने को कहा एवं रेल पटरियों को सही ढंग से मरम्मत कर अच्छी तरह रख रखवा करने व निगरानी करने की हिदायत दिये। इसके बाद टीम के साथ डाउन में ट्रेन पकड़ कर दानापुर की तरफ रवाना हो गए।

इस मौके पर दानापुर के मंडल के अभियंता तृतीय स्वाति कुमारी,बक्सर के अवर अभियंता राजेश मिना,दिलदारनगर के रेल पथ निरीक्षक दिलीप कुमार सहित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# दैनिक दिनचर्या में खेलकूद को अपनाना जरूरी:कपिलदेव


नेहरू स्टेडियम में एक-दूसरे को पछाड़ते खिलाड़ी।

**गाजीपुर।** नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम में कबड्डी, वॉलीवॉल, लम्बी कूद, दौड़ 100 मीटर बालक वर्ग, दौड़ 100 मीटर बालिका वर्ग एदौड़ 400 मीटर बालक वर्ग आदि खेल.कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी कपिलदेव राम ने बताया कि ग्रामीण युवाओं को खेल के क्षेत्र में अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से इस खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विकास खंड से विजयी प्रतिभागियों को जनपद स्तर पर प्रतिभाग कराया गया। मुख्य अतिथि परियोजना निदेशक राजेश यादव ने कहा कि खेलकूद से न सिर्फ शारीरिक विकास होता है बल्कि मानसिक विकास भी होता है हम सभी को अपने दैनिक दिनचर्या में खेलकूद को अपनाना चाहिए । जिला क्रीड़ा अधिकारी अरविंद यादव ने भी अपने विचार प्रकट किए। खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत कबड्डी में विजेता एवं उपविजेता क्रमशः कासिमाबाद एवं सदर की टीम रही एवॉलीबॉल में विजेता जमानिया एवं उप विजेता सदर की टीम रही। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर क्रमश भानु प्रताप सिंह, अमित यादव, मनदीप कुशवाहा रहे । दौड़ 100 मीटर बालक वर्ग में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमश पल्लवी सिंह, प्रीति साहनी, एवं सोनम भारती रही । दौड़ 400 मीटर बालक वर्ग में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः अमित यादव ,अजीत कुमार यादव, एवं भानु प्रताप रहे। लंबी कूद में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर क्रमशः नवीन कुमार, अमित कुमार, एवं अभिराज कुमार रहे । इस अवसर पर सेवानिवृत्त जिला क्रीड़ा अधिकारी एसडी यादव ,राज्य प्रशिक्षक पारसनाथ यादव, रामाधार यादव जुगुनू ,संगीता यादव आदि लोग उपस्थित रहे एवं संचालन अंगद सिंह यादव ने किया ।

# बेटी का दर्द एक मां ही समझती है : संजय


जिला पंचायत हाल में युवती को प्रमाण पत्र देते जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय सोनी।

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** स्वयं सेवी संस्था ग्रामीण विकास संस्थान और ब्रेकथ्रू के संयुक्त तत्वावधान में जिला पंचायत सभागार में मेरी बेटी स्ट्रांग कार्यक्रम के अंतर्गत हौसलों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय सोनी ने कहा कि एक बेटी का दर्द एक मां बहुत ही अच्छे से समझती है। जैसा की उनकी कहानी मंच के माध्यम से प्रस्तुत की गई, साफ झलकता है। सबसे अच्छी दोस्त आपकी मां होती है आप अपने मन की हर बात उनसे बताये और उनका सहयोग प्राप्त कर अपने जीवन के पथ पर आगे बढ़े। महिला कल्याण अधिकारी नेहा राय ने कहा कि आज जैसे ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति को सक्रिय करने के लिए प्रधानो का योगदान मिल रहा है उससे काफी हद तक ड्राप आउट किशोरी किशोरियों को मदद के साथ साथ हिसा के मुद्दे उठने लगे है। ग्रामीण विकास संस्था के निदेशक शमीम अब्बासी आये हुए अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में कृति प्रकाश, विदिशा, उत्तरा, रश्मि गुप्ता, तौहीद अब्बासी, मनोज कुमार तिवारी, अरशद जमाल, सरिता पाल, पवन कुमार, उजमा, नसरीन, सरिता चौहान, रमाशंकर, सुनील कुमार,अभिषेक आदि रहें। संचालन विमलेश तिवारी एवं आशा कुशवाहा ने संयुक्त रूप से किया।

# सब्जियों के दाम धड़ाम किसान हुए परेशान

**लाचारी**

**अच्छी पैदावार व आवक बढ़ने से घटे दाम, किसानों के लिए लागत निकालना भी हो रहा मुश्किल**

**मुहम्मदाबाद।** सब्जियों के दाम में आई कमी के चलते जहां आम जनता को राहत मिली है, वहीं किसानों की परेशानी बढ़ गई है। सब्जियों की आवक बढ़ने के कारण कमी आई है। बीस रुपए किलो बिकने वाला आलू आठ से दस रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा है। हरा धनिया की भी आवक ज्यादा होने से उसके भाव आधे से भी कम हो गए हैं। सब्जियों का भाव गिरने से किसानों को नुकसान पहुंच रहा है। मंडी में सब्जियों की कीमत काफी गिर गई है। स्थिति यह है कि सब्जी की तोड़ाई और मंडी तक पहुंचाने का खर्च भी किसानों को नहीं मिल पा रहा है। सब्जियों का उत्पादन बढ़ा तो कीमत घटने से किसानों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। किसान भोलेनाथ, इजहारूल, इरफान, मोहित, देवतादीन, ओमप्रकाश आदि का कहना है कि मंडी में गोभी, टमाटर, आलू व प्याज के दाम आधे हो गए हैं। ऐसे में फसल की लागत निकाल पाना भी मुश्किल हो गया है।

सब्जियों का दाम इतना गिर जाएगा यह सोचा भी नहीं था। लागत की आधी कीमत भी नहीं मिल पा रही है। मंडी में दाम कम मिलने के कारण सब्जियां खेत में ही छोड़ देने का मन कर रहा है। अगले सीजन में सब्जियों की बोआई करने का मन ही नहीं है। प्रभुनाथ सोनाडी। आठ बीघा गोभी की फसल तैयार है। मंडी में चार से पांच किलो बिक रही है। मुनाफा तो दूर सिंचाई, बीज और खाद की लागत निकालनी मुश्किल हो गई है। हालात तो अब ऐसे हो गए हैं कि तैयार फसल को मंडी ले जाने के बजाय पशुओं को खिलाना पड़ रहा है। यही हाल आलू, प्याज, धनिया व टमाटर का भी है।

**इकराम, किसान**

**किसान बोले- बर्बाद होती नजर आ रही मेहनत**


मुहम्मदाबाद क्षेत्र में दस बीघा खेत 30 हजार रुपये प्रतिवर्ष की दर से लीज पर लेकर सब्जी की खेती कर रहे हैं। फसल तैयार है मगर मंडी में उचित दाम नहीं मिल पा रहा है। फसल तैयार होने में और उसे मंडी पहुंचाने में जो लागत आती है, वह भी नहीं निकल पा रही है। सब्जी की खेती में जो मेहनत की थी, वह बर्बाद होती नजर आ रही है।

**रामअवध सिंह यादव, किसान**

## जनसंपादकीय

# अशांत पंजाब बड़ी चिंता का विषय

**राजेश माहेश्वरी**



पंजाब की हवाओं में अशांति तैरने लगी है। बीते दिनों 'वारिस पंजाब दे' संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह के समर्थकों द्वारा अजनाला पुलिस थाने पर कब्जा कर लिया गया। जिस तरह सडक पर तलवारें, लाठियों और बंदूकों के साथ सिखों का सैलाब देखा गया और उसने अजनाला पुलिस स्टेशन पर धावा बोल दिया, तो लगा कि पंजाब पुलिस बेबस, लाचार और असहाय हो गई है! उसका मनोबल टूट चुका है।

पंजाब में बेकाबू हुए हालातों ने देशभर के लोगों का दिल दहला दिया है। 1995 के बाद बाद काफी हद तक खालिस्तानी घटनाएं कम हो गई थीं, जबकि भारत से बाहर खालिस्तान की मांग को लेकर आंदोलन होते रहे। अब हाल के वर्षों में पंजाब में एक बार फिर यह सिर उठा रहा है।

खालिस्तान यानी खालसाओं का अलग देश. इस आंदोलन के तार वैसे तो आजादी के 18 साल पहले 1929 में हुए लाहौर अधिवेशन से ही जुड़े हुए हैं, जिसमें शिरोमणि अकाली दल ने सिखों के लिए अलग राज्य की मांग की थी, लेकिन आजादी के बाद जब भारत और पाकिस्तान अलग हुए तो इस मांग को और हवा मिली। 1947 में ही 'पंजाबी सूबा आंदोलन' शुरू हुआ।1966 में जब इंदिरा गांधी की सरकार थी, तब पंजाब तीन टुकड़ों में बंटा। सिखों की बहुलता वाला हिस्सा पंजाब, हिंदी भाषियों की बहुलता वाला हिस्सा हरियाणा और तीसरा हिस्सा चंडीगढ़ बना. इसके बावजूद खालिस्तान की मांग जारी रही. अलग राज्य नहीं, अलग देश की मांग। 80 के दशक में पंजाब में हिंसक घटनाएं बढ़ती जा रही थीं। इसके पीछे था, जरनैल सिंह भिंडरावाले, जिसे 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' में मार गिराया गया।

वर्तमान में दुबई से लौटा अमृतपाल सिंह 'दूसरा भिंडरावाला' बनने के संकेत दे रहा है। भिंडरावाला ही उसका 'आदर्श' है। उसने खुद को 'स्वयंभू खालिस्तानी' घोषित कर दिया है। उसने साफ कहा है कि वह 'भारतीय' नहीं है। पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार बनने के बाद से कानून और व्यवस्था पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। सिंगर सिद्धू मूसेवाला, डेरा सच्चा सौदा के भक्त से लेकर हिंदूवादी नेता सुधीर सूरी की हत्या की बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। खालिस्तानी तत्व भी लगातार सिर उठा रहे हैं। खालिस्तानी तत्व भी लगातार सिर उठा रहे हैं। ऐसे में अमित शाह की हालात को कंट्रोल से बाहर न जाने देने की बात ये साफ कर रही है कि केंद्र सरकार पंजाब के हालात के प्रति उदासीन नहीं है।

खालिस्तानियों ने भी पंजाब में नई सरकार बनने के बाद अपनी गतिविधियां तेज कर दी है जिससे चिंताजनक हालात बन रहे है। लाकप्रिय पंजाबी गायक और कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला की दिन दहाड़े की गई हत्या ने पंजाब सरकार की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है। गौरतलब है कि सिद्धू मूसेवाला को लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही थी इसके बावजूद मान सरकार ने उनकी सुरक्षा व्यवस्था हटा ली थी। एक दिन पहले ही पंजाब सरकार ने सिद्धू मूसेवाला सहित लगभग 400 लोगों की सुरक्षा व्यवस्था हटाई थी। वह भी बगैर किसी समीक्षा के। यही नहीं बल्कि वाहवाही लूटने के लिए पंजाब सरकार ने बाकायदा इन चार सौ लोगों के नाम भी सार्वजनिक कर दिए थे कि उनकी सुरक्षा व्यवस्था हटा दी गई है। यही वजह है कि सुरक्षा हटते ही दुर्घटना घट गई। करोड़ों दिलों पर राज करने वाले विख्यात पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला को अपनी जान गंवानी पड़ी।

अमृतपाल ने खुद को 'वारिस पंजाब दे' संगठन का मुखिया भी घोषित कर दिया है। यह संगठन दिवंगत अभिनेता-गायक दीपसिद्धू ने बनाया था। बहरहाल अमृतपाल सिंह और उसके खालिस्तान-समर्थक सिखों, निहंगों ने जिस तरह अपने साथी लवप्रीत तूफान को जेल से रिहा कराया है और उसे तमाम आरोपों से मुक्त भी करना पड़ा है, यह पंजाब में खालिस्तान के दौर की वापसी के संकेत हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय को चिंतित होकर पंजाब पुलिस और गुप्तचर ब्यूरो से रपटें तलब करनी पड़ी हैं। सुरक्षा एजेंसियों की उच्चस्तरीय बैठक भी की गई, जिसके बाद 'नए भिंडरावाले' पर एक डोजियर तैयार किया जा रहा है। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह समेत कई नेताओं और पूर्व शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने केंद्र सरकार के हस्तक्षेप के आग्रह किए हैं।

पंजाब में खालिस्तान की भीड़ सडकों पर हथियार लहरा रही थी और मुख्यमंत्री भगवंत मान मुंबई में उद्धव ठाकरे से मुलाकात कर रहे थे। खालिस्तान के 'नए स्वयंभू' ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जैसा अंजाम भुगतने तक की धमकी दी है। मौजूदा प्रधानमंत्री मोदी को भी चुनौती दी गई है। बताया जा रहा है कि दुबई में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने अमृतपाल सिंह और उसके कुछ साथियों को हथियारबंद ट्रेनिंग दी थी और आगे के अभियान के लिए उन्हें भारत भेजा गया है।

कुछ माह पहले मोहाली में पंजाब पुलिस के खुफिया मुख्यालय में राकेट से किए गए हमले में खालिस्तानी आतंकियों का हाथ था। इसी तरह यह भी किसी से छिपा नहीं कि गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद विदेश में बैठे खालिस्तानी आतंकी पंजाब के अन्य लोगों को भी धमकियां देने में लगे हुए हैं। कई हिंदू नेताओं को भी धमकियां मिल रही हैं। शिवसेना नेता सुधीर सूरी को भी धमकियां मिल रही थीं। हालांकि उन्हें सुरक्षा प्रदान की गई थी, लेकिन इसके बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका।

पंजाब पुलिस के सामने पहले से ही कई चुनौतियां हैं। इनमें से एक पंजाब में नशीले पदार्थों का बढ़ता चलन है। पंजाब में नशे का जो कारोबार हो रहा है, उसमें भी खालिस्तानी तत्वों का हाथ दिख रहा है। वास्तव में पंजाब में जो कुछ हो रहा है, वह राष्ट्रीय चिंता का विषय बनना चाहिए। चूंकि पंजाब के माहौल को खराब करने में पाकिस्तान, कनाडा के साथ अन्य देशों में बैठे खालिस्तानी तत्वों की भी भूमिका दिख रही है इसलिए केंद्र सरकार को भी सक्रिय होना होगा। यह शुभ संकेत नहीं कि पंजाब में ऐसे तमाम समर्थक बेलगाम होते दिख रहे हैं। इनमें से कुछ तो खुलेआम पंजाब का माहौल खराब करने में जुटे हैं, लेकिन पुलिस उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं कर पा रही है।

पंजाब सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसकी पुलिस खालिस्तानी तत्वों पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाती हुई दिखे, क्योंकि इसमें कोई संदेह नहीं कि पिछले कुछ समय में ऐसे तत्वों की सक्रियता बढ़ी है। चिंता की बात यह है कि इन तत्वों की अपराधियों से साठगांठ भी कायम हो गई है। अब पंजाब में वहां की पुलिस आम आदमी पार्टी की सरकार के अधीन है लेकिन वहां कानून और व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती जा रही है।

पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगाना तो फिलहाल जल्दबाजी होगी, लेकिन अमृतपाल सिंह की नकेल कसने की कोशिश जरूर की जा सकती है। उसके सोशल मीडिया अकाउंट्स बंद करा दिए गए हैं। दरअसल पंजाब की 'आम आदमी पार्टी' की सरकार को न तो इन खालिस्तानी हरकतों की परवाह है और न ही मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान रणनीतिक सोच या ज्ञान वाले राजनेता हैं। पंजाब में आजकल कई स्तरों पर अराजकता दिख रही है। किसान और युवा भी आंदोलित होकर सडकों पर हैं। यदि वे और खालिस्तान-समर्थक आपस में मिल गए, तो बेहद चुनौतीपूर्ण ताकत बन सकते हैं। पंजाब सरकार को मंथन करना चाहिए और पंजाब जैसे संवेदनशील राज्य में शांति और व्यवस्था कामय रहे इसके लिए कारगर कमद उठाना चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो पाए।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# तकनीकी की नियति और गांधी

## सामयिकी

**डॉ. चित्रा माली**



आज हम जिस दौर से गुजर रहे हैं और जिस तरह की अतार्किकतायें हर जगह व्याप्त है,क्या ये अतार्किकतायें सिर्फ कुछ ही लोगों को परेशान कर रही हैं ? या समाज भी इनसे चिंतित और परेशान है ? ऐसे कई और सवाल है जो हमारे इर्द गिर्द मौजूद हैं लेकिन इन सवालों के जवाब तलाशने के बजाए सवालों को ही रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। सवालों से तार्किकता का विकास होता है और इन्हीं तर्कों से व्यक्ति में सही गलत की समझ और वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी विकसित होता है लेकिन लगातार इसकी आवश्यकता को नजरअंदाज किया जा रहा है । वर्तमान परिदृश्य में गांधी जी की 'वैष्णव जन' की अवधारणा क्या कहीं दिखाई देती है ? जिसमें पराई पीड़ा के दर्द को समझने उससे आत्मसात हो एकाकार होने की बात थी । क्या हम अपने बहुत ही नजदीकी लोगों का दर्द भी महसूस कर पा रहे हैं या सिर्फ अपनी ही पीड़ाओं से घिरे हैं और उनसे मुक्त होने का प्रयास कर रहे हैं । आधुनिकता से उत्तर आधुनिक होते समय में हम अपने आपको अधिक विकसित और सभ्य मानने का भ्रम पाले हुए हैं जबकि वास्तविकता में हम अपनी संवेदनाओं को अपनी कल्पनाशीलता को और अपने एहसासों को धीरे धीरे खत्म करते जा रहे हैं । आधुनिक और अत्याधुनिकता ने हमारी सोचने समझने की प्रक्रिया को भी बाधित किया है,जिसमें व्यक्ति सिर्फ अपने निजी स्वार्थ और हितों के अधीन है,इसमें परिवार और समाज की उपस्थिति भी नदारद है । विज्ञान का विकास मानव केंद्रित और मानवीय आवश्यकताओं के अनुसार किया गया है । विज्ञान के मानव केंद्रित विकास में मानव के हितों और उसके कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता से रखा गया है । विज्ञान की सभी खोजों का केंद्र मानव है लेकिन तकनीकी का विकास मानवकेंद्रित न होकर मानव को अपने अनुरूप ढालने के लिए किया गया है । तकनीकी एक जैसे मानव को निर्मित करने में उसे नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं । कई लोगों का तर्क हो सकता है कि तकनीकी मूल्य निरपेक्ष होती है और यह हम पर निर्भर करता है कि हम उसका उपयोग कैसे करते हैं । लेकिन हर तरह की तकनीकी व प्रौद्योगिकी की अपनी जरूरते या कहें कि स्वभाव होता है और उसे अपनाने पर वह वैसे ही परिणाम देती है । इन अर्थों में प्रौद्योगिकी अपने में एक विचारधारा बन जाती है,अतः उस विचार के राजनीतिक सामाजिक आयामों से बचा नहीं जा सकता है । प्रौद्योगिकी का संचालन जिनके द्वारा किया जा रहा है या जिनके पास तकनीकी का नियंत्रण है वह निरपेक्ष नहीं है । आधुनिकतावादी विकास और उत्पादन की प्रक्रिया प्रौद्योगिकी पर निर्भर है और प्रौद्योगिकी जितनी अत्याधुनिक और जटिल होगी वह उतनी ही हिंसक भी होगी । प्रौद्योगिकी नियतिवाद वर्तमान समय की मुख्य समस्याओं में से एक है । तकनीक का परिणाम केवल आर्थिक वृद्धि या कहें उत्पादन की प्रक्रिया और मात्रा तक सीमित नहीं है । वह उस पूरे समाज की संरचना को बदल देती है, जो उस पर निर्भर करता है । मार्क्स का यह मानना था कि सामाजिक संरचना उत्पादन - संबंधों का निर्धारण उत्पादन के उपकरणों और साधनों से होता है । किसी भी समाज की केवल आर्थिक संरचना ही नहीं, बल्कि संपूर्ण संरचना तकनीकी के आधार पर तय होती है । वुडरो विल्सन ने यह चेतावनी दी थी कि जिस लोकतंत्र को जनता का,जनता के द्वारा और जनता के लिए शासन कहा जाता है, वह ऐसे में विशेषज्ञों का शासन हो जाता है और आम नागरिक अपने आपको असहाय और कमजोर महसूस करता है । ब्रिटिश सोसाइटी फॉर सोशल रिस्पांसिबिलिटी ऑफ साइंस की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आज की परिस्थिति में वैज्ञानिक और तकनीकी ज्ञान ही सत्ता का स्त्रोत हो जाते है और उसी से वह विशाल संस्थाओं को नियंत्रित करने का काम करते हैं और इस प्रक्रिया में वह शक्तिशाली को और अधिक शक्तिशाली तथा कमजोर को और अधिक कमजोर और असहाय करता जाता है । दरअस्ल, यह समाज को आर्थिक शक्तियों के नियंत्रण में लाना है । आज के समय में इन्हीं आर्थिक शक्तियों के नियंत्रण को हर कहीं देखा और महसूस किया जा सकता है । लोकतंत्र में जहां शिक्षा,स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी आवश्यकताओं के साथ स्वतंत्रता और सामाजिक सुरक्षा का दायित्व लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गईं सरकार का होता है क्योंकि नागरिक अपनी प्रभुसत्ता राज्य को सौंपते हैं लेकिन सरकार या राज्य नागरिकों के हितों के लिए नहीं,बल्कि बाजार के हितों के लिए अधिक जिम्मेदारी दिखाते हैं जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था मूल्य विहीन हो जाती है । गांधी जी लोकतंत्र के बारे में कहते हैं कि ₹लोकतंत्र सभी की आम भलाई के लिए सभी वर्गों के समस्त भौतिक,आर्थिक और आध्यात्मिक संसाधनों के जुटाव की कला तथा विज्ञान है₹। सच्चे लोकतंत्र में प्रत्येक स्त्री-पुरुष को स्वयं विचार करने की शिक्षा दी जाती है । लोकतंत्र की सबसे ऊंची कसौटी यह है कि जब तक व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति की जान-माल को हानि न पहुंचाए तब तक उसे जो वह चाहे करने की आजादी होनी चाहिए । लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए लोगों में स्वाधीनता, आत्मसम्मान और एकता की उत्कट भावना होनी चाहिए और उन्हें ऐसे लोगों को अपना प्रतिनिधि चुनना चाहिए जो भले और सत्यनिष्ठ हो । यदि हम लोकतंत्र की सच्ची भावना का विकास करना चाहते हैं तो हमें असहिष्णु नहीं होना चाहिए । असहिष्णुता इस बात का प्रमाण है कि हमें अपने ध्येय में पूरी आस्था नहीं है । असहिष्णुता, असभ्यता, अशिष्टता और कठोरता लोकतंत्र की भावना के प्रतिकूल है और सभी सभ्य समाजों में वर्जित भी है । लोकतंत्र का विकास जब बाधित होने लगता है जब दूसरे या विरोधी पक्ष की बातों को सुना ही नहीं जाता है साथ ही लेखकों,कवियों और कलाकारों पर भी उनके लिखने,बोलने और अभिव्यक्ति के तौर तरीकों पर पाबंदिया और पहरे लगाए जाते हैं। अभी हाल ही में आलोचक और कवि अशोक वाजपेयी जी ने अर्थ और रेख्ता फाउंडेशन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जाने से इनकार कर दिया है क्योंकि उनसे कहा गया कि वे कार्यक्रम में उन्हीं कविताओं का पाठ करें जिनमें राजनीति की या सरकार की सीधे तौर पर आलोचना न हो । अशोक जी ने कार्यक्रम की इस तरह की सेंसरशिप को अस्वीकार किया । साथ ही अलग अलग शहरों में अलग अलग मंचों पर लिटरेरी फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लेखकों,कवियों और बुद्धिजीवियों के जाने और न जाने को लेकर भी सवाल और बहस हैं । कुछ लेखक इन पूंजीवादी मंचों का इस्तेमाल प्रतिरोध दर्ज कराने के लिए भी कर रहे थे, कि उनकी आवाज आम जन तक पहुंचे लेकिन अब इन मंचों पर भी सेंसरशिप का लगाया जाना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर पहरा है जो लोकतांत्रिक व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है । बेरी कॉमरान वर्तमान की समस्याओं को आधुनिक तकनीकी की असफलता न मानते हुए आधुनिक तकनीकी की सफलता मानते हैं,इन्ही सफलताओं के कारण ये समस्याएं उत्पन्न हुई हैं और विकराल होती जा रही है । तकनीकी ने धीरे धीरे मनुष्य को एक जोंबी में तब्दील कर दिया है जहां विवेक नगण्य है या कहे उसके इस्तेमाल करने की आवश्यकता को ही खत्म कर दिया गया है । विवेक की भांति ही संवेदनाएं भी समाप्त होती चली जा रही है जिससे किसी के भी दुःख, दर्द और पीड़ा से हमें कोई फर्क नहीं पड़ता हैं । ब्लैक एंड व्हाइट टेलीविजन से फोर के टेलीविजन तक के सफर में तकनीकी के साथ साथ मानव व्यवहार में उसके विवेक,संवेदना और आचरण में काफी कुछ परिवर्तन हुए है जो अलग से अध्ययन का विषय है । गांधी जब मशीनों का विरोध कर रहे थे तो वे इस मेकेनिज्म को समझ रहे थे,उसके खतरों को समझ रहे थे जो पूरी तरह से निरपेक्ष न रहकर किसी न किसी विचारधारा से संचालित होती है और संपूर्ण आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक राजनीतिक, संरचना को प्रभावित करने की क्षमता रखती है और सभी आयामों को हिडन तरीके से प्रभावित करती है । संवेदनाओं के खत्म होने के दौर में आजकल हमारी भावनाएं किसी भी छोटी से छोटी चीज से भी आहत हो जाती है और लोग हिंसा करने पर आमादा हो जाते हैं और एक पूरी भीड़ किसी भी व्यक्ति के जीवन के अधिकार,अभिव्यक्ति के अधिकार और स्वतंत्रता को लील जाती है जो इस प्रौद्योगिकी का ही परिणाम है।


**(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

> **आधुनिकतावादी विकास और उत्पादन की प्रक्रिया प्रौद्योगिकी पर निर्भर है और प्रौद्योगिकी जितनी अत्याधुनिक और जटिल होगी वह उतनी ही हिंसक भी होगी । प्रौद्योगिकी नियतिवाद वर्तमान समय की मुख्य समस्याओं में से एक है । तकनीक का परिणाम केवल आर्थिक वृद्धि या कहें उत्पादन की प्रक्रिया और मात्रा तक सीमित नहीं है । वह उस पूरे समाज की संरचना को बदल देती है, जो उस पर निर्भर करता है । मार्क्स का यह मानना था कि सामाजिक संरचना उत्पादन - संबंधों का निर्धारण उत्पादन के उपकरणों और साधनों से होता है। किसी भी समाज की केवल आर्थिक संरचना ही नहीं, बल्कि संपूर्ण संरचना तकनीकी के आधार पर तय होती है ।**

# भारत की पहली महिला इंजीनियर

## विशेष

**डॉ. सुधीर सक्सेना**



हम भारत वर्ष की अनेक ऐसी हस्तियों को नहीं जानते, जिन्हें हमें जानना चाहिये. ए. ललिता ऐसी ही शख्सियत थी; भारत की पहली महिला इंजीनियर, अय्यला सोमया जुली ललिता को भारत की प्रथम महिला अभियंता होने का श्रेय प्राप्त है. उसने स्त्रियों का माथा गर्वोन्नत किया और देश का नाम रोशन किया. इस अलीक शख्सियत ने भारतीय स्त्रियों को नयी राह दिखायी और दशार्या कि सफलता इच्छाशक्ति के वशीभूत है और एकाकी संकल्प से सौ राहें खुलती हैं.

27 अगस्त, सन 1919 को मद्रास में जन्मी थी ललिता, परिवार तेलुगुभाषी था. ललिता सात भाई- बहनों में मंझली थी. अभियांत्रिकी उसके रक्त में थी. पिता पप्पू सुब्बाराव इलेक्ट्रिकल इंजीनियरों के व्याख्याता थे. समाज में उन दिनों बालविवाह का प्रचलन था, अतः सन 1934 में पंद्रह वर्ष की वय में ललिता के हाथ पीले कर दिये गये. विवाहोपरांत ललिता अधिक अवधि तक पढ़ाई जारी नहीं रख सकी. दसवीं कक्षा के बाद उसकी पढ़ाई रुक गयी. इसकी वजह थी उसका मातृत्व. सर 1932 में उसने कन्या को जन्म दिया. नाम रखा श्यामला. दुर्भाग्य से चार माह बाद ही पति की मृत्यु हो गयी. ललिता पर पहाड़ टूटा. वह आगे पढ़कर अपने पैरों पर खड़ी होना चाहती थी, लेकिन महिला होना बड़ा अवरोध था. एक तो महिला, दूसरे विधवा. गोद मे दुधमुही बच्ची, समाज का रवैया नकारात्मक और प्रतिरोधी. करीब चौथाई सदी बाद अपने वैधव्य और संकल्प और समाज के हतोत्साहित करने वाले रवैये को याद करते हुए ललिता ने लंदन में कहा, 'यदि यह डेद सौ साल पहले होता तो मैं पति के साथ चिता पर जाला दी गयी होती.' ललिता ने आफ वीमेन इंजीनियर्स की पहली अंतरराष्ट्रीय मे जून 1964 में यह बात तब कही, जब वह गवीर्ला इतिहास रचने का श्रेय अर्जित कर चुकी थी. जाहिर है कि डेढ़ सौ सालो में रेनेसां, समाजसुधारको के अथक प्रयसों और शिक्षा के प्रसार से देश में बड़ा बदलाव आया था, फलतः सन 1939 लॉर्ड विलियम बैंटिक के जमाने का भारत न था, ललिता ने पिता और भाइयो के सहयोग से अपना संकल्प पूरा किया, उसने मद्रास के क्वीन मैरीज कॉलेज में दाखिला लिया और प्रथम श्रेणी मे इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की. वह चिकित्सा के संकाय में जाना चाहती थी. कुछ भारतीय महिलाएं डॉक्टर बनकर नयी राह प्रशस्त कर चुकी थी. छोटी-सी बच्ची के लालन- पालन के मद्देनजर डाक्टरी की पढ़ाई कठिन थी. ललिता ने विकल्पों पर नजर डाली. पिता उसके प्रेरणास्त्रोत और संबल भी. संकल्प को ठौर मिला. उसने पिता के नक्शे -पा चलने का फैसला कर लिया. लेकिन पिता के जूतों में पांव डालना आसान न था, तकनीकी शिक्षा तब नवजात दौर में थी और महिलाओं के लिए वर्जित प्रायः पिता ने पुत्री के दाखिले के लिए अपने संस्थान सीईजी के प्रिंसीपल डॉ. के सी चाकों से बात की, डॉ. चाको दुविधा और हैरत में पड़ गये. उन्होंने लोक शिक्षण संचालक सर आर एम स्टैथम से बात की. गोरे अफसर की रजामंदी से बात बन गयी. अब ए. ललिता इंजीनियरिंग के प्रतिष्ठित संस्थान की विधिवत छात्रा थी. इंजीनियरिंग - पाठ्यक्रम की पहली छात्रा- सैकड़ों छात्रों के बीच इकलौती छात्रा . कोई सहेली नहीं, कोई सहपाठिन नहीं. ऐसे में पिता ने नायाब रास्ता निकाला. उन्होंने अखबार में इश्तेहार देकर युवतियों से इंजीनियरों में प्रवेश की अपील की. युक्ति रंग लाई. दो और युवतियों ने कालेज में प्रवेश लिया. ये थी पीके थ्रेस्सिया और लीलम्मा जार्ज. प्रेस्सिया और जार्ज सिविल इंजीनियरिंग की छायाएं थीं और ललिता पिता के संकाय इलेक्ट्रिकल की. सितंबर, 1943 में उसने आनर्स के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर ली, लोकन डिग्री के लिए चार वर्ष कैंपस स्टडी और एक वर्ष प्रायोगिक अनुभव की शर्तों को पूरा करना जरूरी था. लिहाजा ललिता ने जमालपुर रेलवे वर्कशाप में एक साल अप्रेंटिसशिप की.

इस बात के पर्याप्त प्रमाण है कि कॉलेज आफ इंजीनियरिंग, गिण्डी में प्रशासन और छात्रवृंद ने ललिता का साथ दिव्या और अनुकूल वातावरण के साथ ही उसका मनोबल बनाये रखा. बरसों बाद उसकी बेटी श्यामला ने लिखा - 'लोगों की धारा के विपरीत अम्मा के कॉलेज बहुत सहयोगात्मक था. वह सैकड़ों छात्रों के बीच अकेली छात्रा थीं, लेकिन छात्रों ने अम्मा को कभी असहज महसूस नहीं होने दिया, जिसका उन्हें श्रेय देना चाहिये. प्रबंधक ने भी उनके लिए पृथक छात्रावास की व्यवस्था की. मैं अपने चाचा के साथ रहती रही औरअम्मा पढाई मे मशगूल रहीं. मुझसे मिलने वह हर सप्ताहान्त घर आती थी.

कॉलेज आफ इंजीनियरिंग, गिण्डी भारत ही नहीं, एशिया का प्राचीनतम तकनीकी संस्थान है- इसे योरोप के बाहर स्थापित प्रथम तकनीकी संस्थान होने का गौरव प्राप्त है और यह अपनी स्थापना के सवा दो साल पूरे कर चुका है. ईस्ट इंडिया कंपनी के राजकाल में उसकी स्थापना बक्सर की लड़ाई (1764) के तीस साल और प्लासी की लड़ाई (1757) के सैंतीस साल बाद ब्रिटिश मूल के माइकेल टॉपिंग ने की थी.

माइकेल टॉपिंग ने इसकी स्थापना कंपनी - सरकार को सर्वेयरों की जरूरत के मद्देनजर की थी. शुरू में इसका नाम था स्कूल आफ सर्वे, जो सन 1858 में सिविल इंजीनियरिंग स्कूल हुआ और अगले ही साल जून 1859 में कॉलेज आफ इंजीनियरिंग गिण्डी (सीईजी) संस्थान का सूत्र वाक्य है। 'लेबोर ओम्निमा विसिंट' यानि लेबर कॉन्कर्स आल यानि श्रमेव जयते.

मद्रास (अब चन्नै) में इस ऐतिहासिक संस्थान को ए. ललिता के रूप में देश को पहली महिला इंजीनियर की सौगात देने का श्रेय तो प्राप्त है ही, संस्थान में शिक्षित छात्रों ने विभिन्न संकायो में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की है और देश की प्रगति में योगदान दिया है.

सीईजी की एलुमनी पर नजर डालें तो विस्मय होता है. इसमें रमन मैग्सेसे और विश्व खाद्य पुरस्कार विजेता, भारत में श्वेत क्रांति के जनक पद्म विभूषण वर्गीज कुरियन है, स्वदेशी संगणक के विकास से जुड़े पद्म श्री रंगास्वामी नरसिंह अंतरिक्ष विज्ञानी पीएस वीराराघवन हैं, पद्मभूषण कनूरी लक्ष्मणराव, आईआईटी के चेयरमैन मुनिरत्न आनंदकृष्णन, बंगलौर में इलेक्ट्रॉनिक नगरी के संस्थापक आर के बालिगा और वैज्ञानिक तथा कृत्रिम इटलीजेंस एण्ड लेटिक्स से जुड़े वीसी महालिंगम भी है, क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पूर्व मुखिया एसी मुथैया, पद्मभूषण राज रेड्डी, टीवीएस मोटर कंपनी के वेणु श्रीनिवासन, माइंडट्री के कृष्णकुमार नटराजन, माइक्रोसॉफ्ट के एम सोमशेखर, गोपाल स्वामी पार्थसारथी ने यही शिक्षा पाई है. एस्सार के रवि रुइया भी यहीं पढ़े है और अभिनेता नागार्जुन और सिने- लेखक केजी मोहन भी. यही नहीं क्रिकेट के दिग्गज खिलाडियो एस. वेंकट- राघवन और के. श्रीकांत भी यही से पढ़कर निकले है. सीईजी ने 8 छात्रों से शुरूआत की थी. आज यह शैक्षिक संस्थान वटवृक्ष बन चुका है. यहां मेकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग, राजमार्ग- अभियांत्रिकी, मुद्रण प्रौद्योगिकी, पदार्थ विज्ञान आदि की डिग्रियां दी जाती है. ऐतिहासिक फोर्ट सेंट जार्ज के समीप उसकी लालरंग की ईटों की रंगों-नूर भरी इमारत चेन्नै की हेरीटेज- संपदा है.

ऐतिहासिक सीईजी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक अय्यला सोमयाजुला ललिता ने जीवन में चमकीली पारी खेली. वह शिमला में केन्द्रीय मानक संगठन (सीएसओ) में काम करने लगी. खाली समय में वह निर्धूम चूल्हों और विद्युत- चालित वाघ जेलेक्ट्रोमोनियम के विकास में लगे पिता का हाथ बंटाती. विद्युत आयुक्त के दफ्तर में तकनीकी सहायक होने के पूर्व उसने रेस्ट इंडियन रेलवे के विद्युत विभाग में एक वर्ष प्रायोगिक प्रशिक्षण लिया और फिर कलकत्ते में ब्रिटिश फर्म एसोशियेटेड इलेक्ट्रिकल

इंडस्ट्रीज (एईआई) से जुड़ गयी, जिसे बाद में सन 1886 में स्थापित अग्रणी ब्रिटिश कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी (जीईसी), जिसमें ढाई लाख से अधिक कर्मचारी काम करते थे, ने अधिग्रहित कर लिया. और सन 1990 के दशक में जिसका वार्षिक मुनाफा 1 बिलियन डॉलर को लांघ गया था. ललिता की बड़ी उपलब्धि थी भारत के विशालतम भाखड़ा नंगल बांध में ट्रांसमिशन लाइनों और उपकेन्द्रों के ले आउटों का काम, सन-1953 में लंदन स्थित इंस्टीट्यूशन आफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स ने उसे अपना एसोशिएट मेंबर चुना. सन 1966 में वह उसकी पूर्ण सदस्य बनायी गई. 1964 में महिला इंजीनियरों और वैज्ञानिकों की न्यूयार्क में आयोजित प्रथम अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेस मे भाग लेनेवाली वह भारत की इकलौती महिला इंजीनियर थी. अगले ही वर्ष वह ब्रिटिश वीमेंस इंजीनियरिंग सोसायटी की सदस्य चुनी गयी, उसने सन 67 में कैंब्रिज में आयोजित द्वितीय कांफ्रेस के लिए सोसायटी के भारत में प्रतिनिधि के तौर पर काम किया. उसके प्रयासों के फल स्वरूप कैंब्रिज कांफ्रेंस में भारत से पांच महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया. ललिता ने पति के देहांत के बाद पुनर्विवाह नहीं किया और अपना जीवन इंजीनियरिंग और बेटी को समर्पित कर दिया. 12 अक्टूबर, सन 1979 को 60 वर्ष की वय में मस्तिष्क में रक्तस्त्राव से ललिता की मृत्यु हो गयी लेकिन समय की शिला पर उसका नाम आज भी अमिट है.

**(लेखक कवि एवं संपादक हैं)**

> **इंजीनियरिंग - पाठ्यक्रम की पहली छात्रा- सैकड़ों छात्रों के बीच इकलौती छात्रा . कोई सहेली नहीं, कोई सहपाठिन नहीं. ऐसे में पिता ने नायाब रास्ता निकाला. उन्होंने अखबार में इश्तेहार देकर युवतियों से इंजीनियरों में प्रवेश की अपील की. युक्ति रंग लाई. दो और युवतियों ने कालेज में प्रवेश लिया. ये थी पीके थ्रेस्सिया और लीलम्मा जार्ज. प्रेस्सिया और जार्ज सिविल इंजीनियरिंग की छायाएं थीं और ललिता पिता के संकाय इलेक्ट्रिकल की. सितंबर, 1943 में उसने आनर्स के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर ली, लोकन डिग्री के लिए चार वर्ष कैंपस स्टडी और एक वर्ष प्रायोगिक अनुभव की शर्तों को पूरा करना जरूरी था.**

## व्यंग्य



# डराता हुआ फागुन

**अरविंद तिवारी**

पेड़ की सबसे ऊंची फुनगी और उस पर बैठे चिड़ा चिड़ी।दोनों का प्यार अभी अभी परवान चढ़ा है।कुछ समय पहले इसी चिड़े ने ने इसी चिड़िया की अस्मिता पर हमला किया था।तभी से चिड़िया नाराज थी।इस फागुन का असर है या पल पल बदलते मौसम का,आज दोनों में दोस्ती है।पर जानकार कह रहे हैं,दोनों की दोस्ती के मूल में भय है!इस बार फागुन में बहुत कुछ मुमकिन हो गया है।भय है,तो फागुन में कोयल की सक्रियता है।इन दिनों फागुन, मुमकिन और नामुमकिन के बीच झूल ही नहीं, झूम भी रहा है।पेड़ झूम रहा है तो डाली भी झूम रही है।डाली झूम रही है तो चिड़ा चिड़िया भी झूम रहे हैं।वे जानते हैं कि हवा कभी भी आंधी में तब्दील हो सकती है।कई देशों में इस फागुन ने भूकंप से तबाही मचाई है।तबाही में अस्तित्व बचा रहे,इसीलिए चिड़ा चिड़ी ने दोस्ती कर ली।अब वे साथ साथ उड़ते हैं और हमेशा एक दूसरे की कलाई थामे हुए देखे जा सकते हैं।दोनों उड़ सकते हैं ,यह उनके लिए प्लस प्वाइंट है।वे उड़कर दिल्ली के एम सी डी भवन के पास पेड़ पर बैठे रहते हैं।वहां अक्सर पार्षदों की लड़ाई देखते हैं।ऐसी दुश्मनी चिड़ा चिड़ी ने अपने जीवन में नहीं देखी।महिला पार्षदों के बाल पकड़कर खींचे जा रहे हैं।चिड़ी अपने चिड़े की ओर संदेह से देखती है।फिर भय से सिहिर उठती है।

इस बार का फागुन रोज बहशी हवा चला रहा है।हवा का सियासी हो जाना कोई नई बात नहीं है,पर इस बार तो पूरा फागुन ही सियासी हुआ पड़ा है।धूप जाने क्या सोचकर तल्ख हुई जा रही है।इन दिनों कोयल का भेष धारण कर कुछ कौए कांव कांव कर रहे हैं।फूलों की सुगंध नहीं है,चहुं ओर दुर्गंध तारी है।यह फागुन है या कोई लाचारी है।आदमी भौंरे के भेष में है और पूरा मौसम किसी भयंकर परिवेश में।फूलों की ऐसी किस्में पहले कभी नहीं देखीं गईं।फूलों ने कांटों के साथ गठबन्धन कर लिया है।गालियों का ऐसा भौंडा गायन पहले किसी फागुन में नहीं देखा गया।और तो और दिल्ली के हवाई अड्डे पर पिछले दिनों फागुन का हुड़दंग देखा गया।दिल्ली फागुन के प्रेम में, गिरफ़्तारी के दौर से गुजर रही है।चिड़ा चिड़ी यह जानकर हैरान थे कि उनकी तरह आदमी भी आसमान में उड़ सकता है,बशर्ते वह सियासत में हो!

यों साल भर देश में कीचड़ की कमी नहीं रहती पर इन दिनों साफ सुथरे लोग भी इसका गोदाम बनाए हुए हैं।इस बार का मौसम ऐसा है कि कुछ बूढ़े आमों पर भी बौर आ गया है,तो दूसरी ओर अपेक्षाकृत युवा पेड़ों ने फलने फूलने से इंकार कर दिया है।इस बार फागुन कुछ नहीं कर रहा।हर साल वह, हर जगह जाता था।सुरंगों के भीतर जाकर पैठ जाता था।अभी अभी जो वेलेंटाइन डे रिलीव होकर गया है पर कार्यभार फागुन को सौंप गया है।फागुन ने अश्लील प्रेम को मर्यादित उन्मुक्तता दे दी है।

व्यंग्य लिखने का मूड ही नहीं बन रहा।हंसना आसान होता तो लोग रोने से बच जाते!धकधकाते दिल में भय कौंध रहा है।यह शातिर मौसम का भय है।फागुन के पालने में भय का झूलना,अच्छा संकेत नहीं है।पंजाब में भय है तो उत्तर प्रदेश में भी है।रायपुर अपने नाम को सार्थक कर रहा है।वैसे सियासत में हर बंदा रायचंद बना हुआ है।महंतों के धाम तक राय दे रहे हैं।सभी लोग अपने अपने तरीके से भय को बढ़ा रहे हैं।उधर कवियों को फागुन की पड़ी है।वे कह रहे हैं ऊंच नीच, राग द्वेष ,ईर्ष्या आदि को होली में जला दो।ये जल गए तो भय कैसे पैदा होगा?भय हो तो माचिस तक नहीं जलती, तीली भी फुस्स ही जाती है!अब फागुन में आम्र मंजरी ,कोयल,पलाश के फूल उद्दीपन नहीं करते।यह सब किताबी हो गए हैं।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-

<raisubhash953@gmail.com>

# अहरौला थाने पहुंचे एसपी किया औचक निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य दोपहर में अहरौला के बिसईपुर गांव पहुंचे प्रयागराज की घटना में शहीद हुए गनर संदीप निषाद के पत्नी,पिता,भाई से गांव में जाकर मुलाकात की और परिजनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिलाया इसके बाद पुलिस अधीक्षक अहरौला थाना पहुंचे जहां एसएचओ योगेंद्र बहादुर सिंह व अन्य स्टाफ के साथ बैठक की अपराध नियंत्रण, अपराध रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन किया और पूरे परिसर का भ्रमण कर निरीक्षण किया, पत्रकारों से बात करते हुए पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया थाने की रिकार्डो का निरीक्षण संतोषजनक रहा है अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण है लेकिन परिसर में साफ सफाई नहीं है उसके लिए निर्देश किया गया है थाना परिसर में भोजनालय के नवनिर्माण का अवलोकन किया और उसकी सराहना किये।

वही थाना परिसर में तीन मंजिला निमार्णाधीन बैरक का भी निरीक्षण किया बैरक के प्लास्टर में अनियमितता देखकर कप्तान भड़क गए और उन्होंने हैंड ओवर की प्रक्रिया रोकने के लिए कहा और रिपोर्ट विभागीय स्तर पर भेजने के लिए निर्देशित किया वही परिसर में खड़ी जेसीबी को देखकर उसकी भी रिपोर्ट भेजने के लिए कहा और परिसर में इधर उधर खड़ी कबाड जप्त की गई गाड़ियों को देखकर काफी नाराज हुए गाड़ियों को प्रक्रिया के तहत संबंधित अधिकारी से परमिशन के बाद नीलाम करने के लिए भी निर्देश किया निरीक्षण के दौरान थाने में हड़कंप मचा रहा। आइए सुनाते हैं कि पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने क्या कहा।

**जायजा**

**निरीक्षण के दौरान थाने में रहा हड़कंप का माहौल**

**निमार्णाधीन बैरक में घटिया प्लास्टर पर हुए नाराज**

## मारपीट का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**आजमगढ़।** देवगांव पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले एक अभियुक्त को उसके घर करिया गोपालपुर से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया। बीते 4 फरवरी को उर्मिला प्रजापति पत्नी नन्दू प्रजापति निवासी करिया गोपालपुर थाना देवगाव ने थाना स्थानीय पर शिकायत किया कि विपक्षी प्रमोद यादव पुत्र स्व.बाबूराम यादव निवासी करिया गोपालपुर, थाना देवगांव आदि 9 लोगों द्वारा राजस्व विभाग के आदेश व पैमाईश के बावजूद भी वादिनी की जमीन में ईंट, करकट रखकर अवैध कब्जा कर रहे थे। विरोध करने पर वादिनी व वादिनी के लड़के जगदीश प्रजापति को लाठी डण्डा के साथ हमला कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में थी। मंगलवार को पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त प्रमोद यादव पुत्र बाबूराम यादव निवासी करिया गोपालपुर, थाना देवगांव, को उसके घर से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

## दुर्व्यवस्थाओं का शिकार है फूलपुर विद्युत उपकेंद्र

जनसंदेश न्यूज

**फूलपुर (आजमगढ़)।** वर्षो पूर्व फूलपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत में उदपुर के फूलपुर माहुल पिच मार्ग किनारे बिद्युत केन्द्र की स्थापना हुई थी और तहसील क्षेत्र के गावों को बिद्युत आपूर्ति की जाती थी। पचासों हजार बिद्युत कनेक्शन धारक इस फूलपुर बिद्युत केंद्र से बिद्युत प्राप्त करते थे। वर्तमान में कई सब स्टेशन स्थापित हो गए जैसे खुटौली बरईपुर गद्दोपुर सुदनीपुर नया भवन सयंत्र सब नया किया गया। वर्तमान में कई-कई लाख राजस्व बकाया की प्राप्ति हो रही है। ऊर्जा मंत्रालय से संचालित योजनाओं की जानकारी करने उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निगम के केंद्रीय कार्यालय लखनऊ हेड आफिस सहित बनारस और मण्डल के उच्चाधिकारी इस उपखण्ड कार्यालय आते रहे है और समस्यायों से सीधे अवगत हुए आश्वासन भी मिला पर फूलपुर से जाते ही भूल गए। किसी ने प्रांगण और खस्ताहाल कार्यालयों उपकरणों के प्रति संज्ञान नहीं लिया। भवनों रास्तों शौचालय पानी की सुविधा प्रांगण में हो जाय। बिद्युत कर्मियों के साथ सैकड़ो क्षेत्रवासी बिद्युत उपभोक्ता आते रहते हैं। सबसे दुखद अधिशासी अभियंता कार्यालय भी इस उपखण्ड प्रांगण में हैं जहां वर्षा ऋतु में बिद्युत कार्यालय और प्रांगण पोखरा तालाब के रूप में परिवर्तित हो जाता है। वहीं भीषण गर्मी में धूल इस कदर उड़ती है कि प्रांगण में प्रवेश करने वाला प्रदूषण से बच नहीं पाता। आवागमन का एक रास्ता वह भी हिचकोले देने वाला है। जबकि विभाग की सख्ती के बाद लाखों लाख रुपये प्रतिदिन राजस्व की प्राप्ति हो रही है। इस खस्ताहाल प्रांगण सड़क शौचालय पानी के बारे में अधिशासी अभियंता फूलपुर रामपाल सिंह यादवं ने बताया कि उच्चाधिकारियों के आगमन पर बात रखी जाती है। वर्तमान में मैं शासन स्तर तक कायाकल्प के लिए पत्र लिखकर अवगत करा दिया हूं जल्द ही सन्तोष जनक जबाब प्राप्त होगा।

## सीओ व थानाध्यक्ष असामाजिक तत्वों के ऊपर रखें कड़ी निगरानीः एसपी

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने सभी क्षेत्राधिकारियों तथा थानाध्यक्षों को असामाजिक तत्वों के ऊपर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि होलिका स्थलों को अपडेट कर लें। उन्होने कहा कि होली के अवसर पर पिछले दस सालों मे हुई घटनाओ को देखते सभी एसडीएम एवं सीओ मौके पर जाकर निरीक्षण कर सत्यापन करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि विधान सभा एवं प्रधानी के चुनाव मे हुई घटनाओं को लेकर सतर्क रहें। उन्होने कहा कि कोई भी पुलिस अधिकारी वाहन मे न बैठकर जुलूस के साथ चलकर सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि होली को देखते हुए आबकारी विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाकर अवैध शराब की बिक्री वाले क्षेत्रों मे विशेष सतर्कता रखें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि डायल 112 पर आने वाली सूचनाओं को गम्भीरता से ले तथा तत्काल रिस्पांस सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर व्यापार मण्डल के सदस्यों द्वारा दिए गये सुझाओं को सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल संज्ञान मे लेकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

## मोटर साइकिल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**महराजगंज (आजमगढ़)।** थाना महराजगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाइक चोरी की घटना का अनावरण किया। चोरी की बाइक के साथ 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।


महराजगंज थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

बीते 15 फरवरी को हरेन्द्र निषाद पुत्र सोमई निषाद निवासी गहजी थाना अहिरौला ने शिकायत किया कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा भलुवाई मोड़ के पास से उसका मोबाइल व बाइक चोरी कर कर लिया गया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में थी। मंगलवार को थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि दो व्यक्ति चोरी की मोटर साइकिल लेकर बेचने के लिए परशुराम पुल के पास स्कूल के गेट के सामने खड़े हैं किसी के आने का इन्तजार कर रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और दोनो व्यक्तियों को पकड़ लिया। नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम राघवेन्द्र शुक्ला उर्फ राहुल पुत्र स्व.दुर्गा प्रसाद शुक्ला, तथा दूसरे ने श्याम शर्मा उर्फ अन्तू पुत्र स्व.रामराज शर्मा निवासीगण नरायनपुर थाना महराजगंज बताया। उनके पास से दो अदद मोबाइल तथा चोरी की मोटर साइकिल बरामद हुआ।

# विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में दिखाया हुनर

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के निर्देशन में राजकीय पालिटेक्निक आजमगढ़ में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी लगायी गयी। प्रदर्शनी का उद्घाटन संस्था के प्रधानाचार्य इफ्तेखार अहमद ने किया। प्रधानाचार्य ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से लोगों के दैनिक जीवन को आसान बनाने की दिशा में काम करने का आह्वाहन किया।


विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते लोग।

जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक इं.कुलभूषण सिंह ने बताया कि वर्ष 1928 में भारतीय विज्ञानी, सर सीवी रमन द्वारा भारत में रमन प्रभाव के अविष्कार के दृष्टिगत प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को पूरे भारत में बड़े उत्साह के साथ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम ह्लवैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञानह्व राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित की गयी है। उक्त के क्रम में संस्था के इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रीकल्स तथा मैकेनिकल के छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान मॉडल बनाया गया। इलेक्ट्रानिक्स अन्तिम वर्ष के छात्रों ने ड्राइवर एन्टी स्लिप डिवाइस बनाया, जिसमें वाहन में ड्राइवर के नींद आने पर अलार्म बज जाता है। अन्धे व रात में कम दिखने वाले लोगों के लिए तीसरी आंख बनाया, एलपीजी लीकेज डिटेक्टर अलार्म, स्मोक डिटेक्टर अलार्म, पासवर्ड डोर लॉकिंग सिस्टम, वेदर स्टेशन जो रीयल टाइम प्रेसर व टेम्प्रेचर आदि बतायेगा, स्माल होम आटोमेशन सिस्टम, ह्यूमन फालोईंग रोबोट तथा इलेक्ट्रीकल अन्तिम वर्ष के छात्रों ने स्मार्ट डस्टबिन, फायर डिटेक्शन अलार्म, स्मार्ट ग्रिड मॉडल तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों ने इलेक्ट्रिक साइकल का मॉडल बनाया। इस अवसर पर इलेक्ट्रानिक्स विभागाध्यक्ष प्रेमानन्द पटेल, विद्युत विभागाध्यक्ष अनुराग द्विवेदी, प्रवक्तागण श्रुती सिंह, रागिनी यादव, सतीश कुमार, अजीत सोनकर, रजनीश मिश्रा, गौरव सिंह, सचीन सिंह, खरपत्तु राम, ओमकार यादव, नवीन नरायन सिंह, राम नगीना सिंह, संजीव शर्मा, संजय यादव आदि उपस्थित रहे।

# लिखित आश्वासन मिलने तक चलता रहेगा धरना

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जमीन-मकान बचाओ संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में खिरिया बाग में 139वें दिन धरना जारी रहा। किसान नेताओं और महिलाओं व सांस्कृतिक कर्मियों ने अपने सम्बोधन को गीतों व भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस दौरान जमकर सरकार विरोधी नारे भी लगाये गये।


खिरिया बाग में धरना देते किसान।

वक्ताओं ने कल सांसद दिनेश लाल निरहुआ के बयान पर सवाल उठाते हुए कहा कि शासन मौखिक तौर पर जब नहीं चल रहा तो आश्वासन मौखिक क्यों दिया जा रहा है? सांसद निरहुआ को शासन से किसानों के पास लिखित आश्वासन भेजवा देना चाहिए लेकिन वे किसान नेताओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट करवाने की बात कर रहें हैं। आखिर क्यों लिखित रुप से शासनादेश भेजकर सार्वजनिक करने में देरी की जा रही है। इतने दिन से खिरिया बाग के धरनारत महिलाओं, किसानों, मजदूरों को क्यों परेशान किया जा रहा है। धरना देने वालों को विपक्ष की राजनीति से प्रेरित होने का आरोप मढ़ा जा रहा है?

सत्तासीन सरकार लोकतांत्रिक संवाद की प्रणाली को ही खत्म कर देना चाहती है। कभी लोकगायिका नेहा सिंह राठौर को निशाना बना रही है, तो कल मीडियाकर्मी को। अब वह किसानों, मजदूरों, महिलाओं के धरने को भी निशाना बना रही है। खिरिया बाग की लड़ाई अपने लोकतंत्र बचाने की लड़ाई है। शासन द्वारा जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिल जाता तब तक हमारा धरना जारी रहेगा।

धरने को रामनयन यादव, दुखहरन राम, राजेश आजाद, रामकुमार यादव, नरोतम यादव, सूरजपाल, दान बहादुर मौर्या, अशोक यादव, मुरारी, सुनीता, किस्मती देवी, महेंद्र राय, रामधनी, नीलम, सुशीला, कालिंदी, सुशीला शर्मा, अजय यादव आदि ने संबोधित किया। अध्यक्षता महेंद्र राय और संचालन नीलम ने किया।

## केदार यादव की तेरही में टूटी दलीय सीमाएं

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी के ध्वजवाहक रहे स्व.केदार यादव की सोमवार को तेरहवीं में दलीय सीमाएं टूट गयी। सभी लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि किसी भी संगठन के लिए कार्यकर्ता ही रीढ़ होते हैं। केदार यादव जैसे कार्यकर्ता ही सपा की शक्ति रहे हैं। उन्होंने अपने जीवन का हर क्षण सपा के लिए समर्पित रखा। उनका निधन अपूर्णनीय क्षति है। पूर्व सांसद नन्द किशोर यादव ने कहा कि एक कार्यकर्ता के रूप में केदार यादव के पास पार्टी के लिए एक अलग तरह की ऊर्जा थी जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम को निवर्तमान अध्यक्ष हवलदार यादव, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव श्यामदेव यादव आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा, कमला यादव, हरि प्रसाद दूबे, लालू प्रसाद यादव, सर्वेश राय, राम दुलार राजभर आदि मौजूद रहे। कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव गुड्डू व सूबेदार यादव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 11 सदस्यों की नई बूथ समिति का होगा गठनः संजय राय

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर बूथ सशक्तिकरण अभियान के सम्बन्ध में जिला कार्यशाला हुई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री संजय राय मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री पवन सिंह मुन्ना ने किया।


कार्यशाला को संबोधित करते प्रदेश मंत्री संजय राय।

श्री राय ने कहा कि भाजपा का बूथ सशक्तिकरण अभियान फरवरी से प्रारंभ होकर मार्च महीने के अंत तक सम्पन्न होगा। इस अभियान के अंतर्गत सभी बूथों का पुनर्गठन एवं सत्यापन करना है। वर्तमान में गठित बूथ समिति में 21 सदस्य हैं जिसमें संशोधन कर 11 सदस्यों की नई बूथ समिति का गठन करना है। साथ ही मतदाता सूची के प्रत्येक पन्ने के लिए पन्ना प्रमुख बनाया जाएगा। एक मार्च से 5 मार्च तक बूथ सशक्तिकरण अभियान की विधानसभा कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। अभियान की सफलता के लिए जिला स्तर और मण्डल स्तर पर चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पदाधिकारी बारह महीने लगातार जनता के दरवाजे पर जाकर सरकार की योजना बताने का कार्य करते हैं। जन समस्या के निराकरण का प्रयास करते हैं। हम बूथ स्तर तक पार्टी की संरचना को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। इस अवसर पर शिवनाथ सिंह, डा श्याम नारायण सिंह, पवन सिंह मुन्ना, विनोद उपाध्याय, नन्हकू राम सरोज, नागेंद्र पटेल, अवनीश मिश्रा, हरिवंश मिश्रा, पूनम सिंह, बृजेश यादव, विनय प्रकाश गुप्ता, विवेक निषाद, अभिनव श्रीवास्तव, राजीव शुक्ला, अवनीश चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### कोटेदार के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत बिंदवल जयराजपुर गांव के ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ राशन वितरण में कटौती का आरोप लगाते हुए जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार राशन वितरण में कटौती करते हैं मानक के अनुसार राशन का वितरण नहीं करते हैं। शिकायत करने के बाद अभद्र व्यवहार करने पर उतारू हो जाते हैं। जबकि शासन प्रशासन के संबंधित अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत भी की गई है। परंतु जिम्मेदार बेखबर बने हुए हैं। वहीं जब कोटेदार आफताब से इस संबंध में पूछा गया तो इन आरोपों को कोटेदार ने निराधार बताया।

### 2024 के पूर्व सभी गरीबों को मिलेगी छतः सांसद



**बिलरियागंज (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के लखेश्वर गांव स्थित जीडी पब्लिक स्कूल प्रांगण में भाजपा द्वारा आपका सांसद आपके द्वार कार्यक्रम के तत्वाधान में सोमवार की शाम सदर सांसद दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार देश के प्रत्येक परिवार का एक कार्ड जारी कर रही है जिसको 2024 के पहले पूरा कर लिया जाएगा और देश का कोई गरीब बिना छत के न रहे, इसके लिए सरकार की ग्रामीण आवास योजना द्वारा लोगों को अपना घर मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं आपका सांसद हूं लेकिन पहले आपका सेवक हूं और हमारे कार्यकर्ता लोगों की समस्याओं को सुनकर उसका निदान करने के लिए हमेशा आगे रहे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र राय, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी, दीपक मिश्रा, शशांक शेखर मणि त्रिपाठी, हरीश पाठक, राकेश सिंह, उमा प्रकाश पांडेय, लालजी सिंह, बॉबी सिंह, अनिल सिंह, संजीव मिश्र आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र प्रताप सिंह ने किया।

### शिक्षक संघ नेता के निधन से शोक



**बिलरियागंज (आजमगढ़)।** स्थानीय विकास खण्ड अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय देवरिया अबू सईद के शिक्षक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बिलरियागंज के अध्यक्ष राम प्रकाश यादव की ह्दय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। निधन की खबर सुनते ही शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार की दोपहर विकास खण्ड के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं द्वारा ब्लाक संसाधन केंद्र बिलरियागंज पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में उपस्थित सभी शिक्षकों में दो मिनट का मौन रखते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। शोक सभा की अध्यक्षता प्राथमिक विद्यालय मोहिद्दीनपुर के प्रधानाध्यापक केदारनाथ वर्मा ने की। इस अवसर पर हरेंद्र यादव, विनय सिंह, विनोद पटेल, शिव प्रसाद चैहान, मंजू यादव, संध्या राय, धर्मेंद्र मिश्र आदि ने श्रद्धांजलि दिया।

### अपनी दोस्ती नशामुक्त दोस्ती बनाने का आह्वान



**आजमगढ़।** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री कौशल किशोर द्वारा चलाए जा रहे ह्लनशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का के तहत मंगलवार को अहरौला स्थित बाबा बैद्यनाथ महाविद्यालय में नशामुक्त संकल्प कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेत्री व नशा मुक्ति सेनानी सामाजिक कार्यकत्री प्रतिमा सिंह द्वारा किया गया। वक्ताओं ने नशे के दुष्परिणाम बताए व नशे से दूर रहने, अपनी दोस्ती नशामुक्त दोस्ती बनाने का आह्वान करते हुए छात्र, छात्राओं व ग्रामीणों को नशामुक्ति का संकल्प दिलाया गया। भाजपा नेत्री प्रतिमा सिंह ने कहा कि नशा बड़ी तेजी से युवाओं के जीवन को बर्बाद कर रहा है। नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद करता है और उससे भी आगे जाकर यह पूरे समाज को बर्बाद करता है। समाज में कई तरह के अपराध तो केवल नशे के कारण होते हैं। खास कर वे युवा जो बेरोजगार हैं, या जिनकी आमदनी कम है, वे अगर नशे के चंगुल में फंस गए तो उनके पास अपनी यह जरूरत पूरी करने के लिए केवल गलत रास्ते ही हैं। सभी के प्रति आभार जताते हुए महाविद्यालय के संस्थापक वेद प्रकाश सिंह बादल ने सभी अभियान से एक दूसरे को जोड़कर नशा पर करारा प्रहार किया। इस अवसर पर पवन सिंह, प्रधानाचार्य रविन्द्र नाथ सिंह, प्रवीण सिंह छोटू, पूर्व ग्राम प्रधान अधिवक्ता जय प्रकाश सिंह, घनश्याम रावत, लवकुश प्रकाश, प्रवेश यादव आदि मौजूद रहे।

### तमंचा, कारतूस के साथ एक धराया

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना तरवां पुलिस ने अवैध असलहा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया। मंगलवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान फद्दुपुर तिराहे से एक मुकदमें से संबंधित अभियुक्त आशीष यादव पुत्र पोल्हावन यादव को एक अदद अवैध पिस्टल व एक अदद जिन्दा कारतूस .32 बोर व एक अदद खोखा कारतुस 32 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया तथा एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया।

### विभाग के पेंशनर करायें केवाईसी वरना होगा कनेक्शन विच्छेदन

**आजमगढ़।** अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड प्रथम, आजमगढ़ ने विद्युत विभाग से संबंधित पेन्शनरों को सूचित किया है कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ एवं पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, वाराणसी के आदेशानुसार समस्त कार्मिकों का कनेक्शन एलएमवी-10 में लेजराइज किया जाना नितान्त आवश्यक है। उन्होने निर्देशित किया है कि वे अपना केवाईसी कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा कनेक्शन विच्छेदित कर दिया जायेगा।

### वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थियों के खाते में भेजी गयी धनराशि

**आजमगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल ने राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत जनपद के समस्त वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों को सूचित किया है कि होली के शुभ अवसर पर वृद्धावस्था पेंशन के 140768 के सापेक्ष रुपया 421755000 की धनराशि खाते में अन्तरित हो गयी है। जिन लाभार्थियों का आधार सीड हो गया है, वह अपने खाते से पेंशन की धनराशि प्राप्त कर सकते हैं।

# संवेदनशील स्थलों पर पहुंचकर सीओ व एसडीएम लोगों से करें सम्पर्क : डीएम

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मे होली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत बैठक आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी, सीओ को निर्देशित किया कि होली के दृष्टिगत अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण सुनिश्चित कर लें। उन्होने कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों के अन्तर्गत पीस कमेटी की बैठक समय से कर लें। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूर्व के विवादों को हल्के मे न लें, उसकी अच्छी तरह से जानकारी प्राप्त कर लें। उन्होने कहा कि विवादित स्थानो एवं संवेदनशील स्थलों पर सीओ एवं एसडीएम स्वयं जाकर लोगो से बात करें। जिलाधिकारी ने कहा कि होली के अवसर पर निकलने वाले रंगो के जुलूस, शोभा यात्रा एवं मटकी फोड़ने वाले कार्यक्रमो की वीडियो ग्राफी, ड्रोन वीडियो ग्राफी कराना सुनिश्चित करे। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी गम्भीरता से अपनी ड्यूटी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के अधिकारी कहीं किसी प्रकार के विवाद की सूचना मिलने पर पर्याप्त तैयारी के साथ पहुंचे। उन्होंने नगर पालिका, नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों एवं संबन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया है कि मार्गों पर जो भी तार जर्जर हैं, पोल तथा ट्रांसफार्मर खराब है, उन्हें तत्काल बदल दें। उन्होने कहा कि लटकने वाले तारों को टाइट एवं ऊंचा कर लें, ताकि किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न घटे।


बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, ईओ नगर पालिका सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### अवैध शराब की बिक्री पर लगायें रोक : डीएम

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग को निर्देशित किया है कि संयुक्त टीम बनाकर छापेमारी आदि की कार्यवाही सुनिश्चित करें। कहीं पर भी अवैध शराब आदि की बिक्री नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में साफ-सफाई, दवाओं का छिड़काव तथा पानी आदि की व्यवस्था दुरूस्त करा ली जाये तथा नगर पंचायतों के अधिशाषी अधिकारी भी ये सुनिश्चित कर लें कि साफ-सफाई, पानी आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित रहे। उन्होने कहा कि विशेष कर होलिका स्थलों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए।

## त्यौहारों के समय खाद्य पदार्थों पर रखें विशेष निगरानी

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा, को निर्देशित किया कि त्यौहारों के समय खाद्य पदार्थों पर विशेष निगरानी रखें, किसी भी दशा में मिलावटी खाद्य पदार्थ की बिक्री न होने पाये, मिलावटी खाद्य-पदार्थों की बिक्री करने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा कि होली के पर्व को देखते हुए दुकानो की सैम्पलिग एवं टेस्टिंग मे तेजी लाएं, जिससे मार्केट मे मिलावटी खाद्य पदार्थ न बिकने पाए। उन्होने व्यापारियों से अनुरोध किया कि आप लोग भी खाद्य सुरक्षा विभाग को सहयोग करें।

## बिना अनुमति के न चलाया जाय डीजे

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बिना अनुमति के डीजे न चलाया जाये तथा मानक के अनुसार ही डीजे का संचालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया है कि होली के दृष्टिगत सभी अस्पतालों में डॉक्टर, एम्बुलेंस तथा दवाओं की उपलब्धता 24 घन्टे सुनिश्चित करायी जाए। उन्होने कहा कि एम्बुलेंस 108 पर आने वाली कालों को तत्काल संज्ञान मे लिया जाए। उन्होंने पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया है कि ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई की व्यवस्था तथा जहां पर पानी की टंकियां हैं, उसकी साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें।

# बूथों को मजबूत कर चुनाव जीतेगी भाजपाः अनूप गुप्ता

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** भाजपा लालगंज की बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत जिला कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक सभागार तहबरपुर में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री व सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता ने बूथ सशक्तिकरण अभियान में सभी बूथों का गठन एवं सत्यापन करने, पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति व्हाट्सएप ग्रुप का गठन, अल्पकालीन विस्तारक अभियान आदि के विषय में व्यापक रूप से विचार व्यक्त किया।


कार्यक्रम को संबोधित करते अनूप गुप्ता।

उन्होंने कहा कि यह बूथ सशक्तिकरण अभियान 15 मार्च से 25 मार्च तक चलेगा। बूथ केंद्रित अभियान यानी बूथ जीता तो चुनाव जीता का मंत्र देते हुए बूथ पर पार्टी की संरचना या बूथों का पुनर्गठन पर जोर देते हुए कहा कि जो बूथ कमेटी पहले 21 की होती थी अब वह 11 की होगी और बाकी कार्यकर्ता पन्ना प्रमुख बनेंगे। यह अभियान देश के सभी जनपदों में चलाए जा रहे हैं जिसके लिए जिले के चार पदाधिकारी, मंडल के चार पदाधिकारियों की टोली, अल्पकालीन विस्तारक 10 दिन के लिए जितने भी शक्ति केंद्र हैं उस पर प्रवास करेंगे और बूथ का पुनर्गठन 15 मार्च से 25 मार्च तक संपूर्ण करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष व लालगंज की पूर्व सांसद नीलम सोनकर, बूथ सशक्तिकरण अभियान के जिला संयोजक जिला महामंत्री जयप्रकाश जयसवाल, हरीश तिवारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संचिता श्री चैहान, प्रदेश मंत्री पिछड़ा मोर्चा विनोद राजभर, जिला उपाध्यक्ष हनुमंत सिंह, शेर बहादुर सिंह, योगेंद्र राय, चंद्रजीत तिवारी, जिला मंत्री शैलेंद्र नाथ यादव, अजय यादव, तहबरपुर मंडल अध्यक्ष आशुतोष राय उर्फ पंकज राय, मनोज यादव, मीडिया प्रभारी पंकज राय तथा मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, आईटी सेल तथा सोशल मीडिया के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष शेर बहादुर सिंह तथा संचालन जिला महामंत्री सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने किया।

# फर्जी कम्पनी बनाकर पैसे की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**कसा शिकंजा**

**तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल**

**पत्रकार वार्ता में एसपी सिटी ने दी जानकारी**

**जनसंदेश न्यूज**



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते एसपी सिटी

**मीरजापुर।** फर्जी कम्पनी बनाकर रोजगार के नाम पर पैसे का ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फास, 03 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कब्जे से इन्वर्टर, प्रिंटर व मोबाइल फोन बरामद किया।

थाना को0कटरा, मीरजापुर पर 27 फरवरी को वादी अनुज उपाध्याय पुत्र रामेश्वर नाथ उपाध्याय निवासी बेदौरानाथ मंदिर जिगना थाना जिगना मीरजापुर द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध फर्जी कम्पनी स्मार्ट बिजनेस इंटरप्राइजेज बनाकर रोजगार देने तथा होम लोन, व्यापार लोन व अन्य प्रकार के विभिन्न लोन दिलाने के लिये प्रोसेसिंग फीस के नाम पर फ्राड कर धन की उगाही करने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0कटरा पर धारा 420,406 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त फ्राड की घटना को गंभीरता से लेते हुए सन्दर्भित प्रकरण में त्वरित विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए पर्याप्त साक्ष्य संकलन कर आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक को0कटरा को निर्देश दिए गये थे। उक्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्रीकांत के नेतृत्व में उ0नि0 अनिल विश्वकर्मा थाना को0कटरा मय पुलिस बल द्वारा मंगलवार को भौतिक व इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलन तथा मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को0कटरा क्षेत्र से तीन आरोपियों सुमित कुमार सोनी पुत्र महेश कुमार सोनी, रवि कुमार पुत्र गोपाल जी कसेरा, व मनीष कुमार केशरवानी पुत्र दिनेश कुमार केशरवानी को मुकदमा में अंतर्गत धारा में गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से इन्वर्टर, 01 प्रिंटर व 01 मोबाइल फोन बरामद किया गया।

# डीसी मनरेगा ने सचिवों और तकनीकी सहायकों की ली समीक्षा बैठक

**हलिया।** ब्लाक सभागार में डीसी मनरेगा मोहम्मद नफीस ने मंगलवार को ग्राम सचिवों व तकनीकी सहायकों तथा रोजगार सेवकों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में डीसी मनरेगा ने कहा कि मनरेगा जॉब कार्ड धारकों का आधार बेस पर भुगतान के लिए जॉब कार्ड को आधार कार्ड से शत-प्रतिशत फिडिंग कराना सुनिश्चित करें।

ब्लॉक में अब तक 96. 50% मनरेगा श्रमिकों के जॉब कार्ड से आधार कार्ड की फिडिंग की कार्रवाई की जा चुकी है अवशेष जॉब कार्ड धारकों के आधार फिडिंग को तीन दिवस के अंदर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें जिम्मेदारी में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। तत्पश्चात डीसी मनरेगा ने पीएम सीएम आवास की समीक्षा की। बताया कि ब्लॉक में कुल 597 सीएम आवास के सापेक्ष 376 आवास पूर्ण करा लिया गया है शेष आवास पर कार्य चल रहा है जल्द ही उसको भी पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया गया है। वही पीएम आवास कुल 1626 के सापेक्ष 1614 लाभार्थियों के खाते में धन भेजा गया था जिसमें से 825 लाभार्थियों को द्वितीय किस्त जारी कर दिया गया है 46 लाभार्थियों को तृतीय किस्त तथा 12 आवास के लाभार्थियों के द्वारा आवास को पूर्ण कर लिया गया है और ज्यादा से ज्यादा आवास को पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया गया। अमृत सरोवर के कार्य को अभिलंब पूर्ण कराएं तथा सामुदायिक शौचालय को क्रियाशील रखे। रोस्टर के मुताबिक सामुदायिक शौचालय ग्राम पंचायतों में खुलना चाहिए?। इस दौरान संयुक्त खंड विकास अधिकारी श्री राम, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, एडीओ एजी नरेंद्र कनपुरिया, एडीओ सहकारिता धर्मेंद्र निषाद मौजूद रहे।

# प्रभारी डीएम ने जेल का किया औचक निरीक्षण



जेल का निरीक्षण करतीं सीडीओ साथ में हैं एडीएम वित्त व एसपी सिटी

**मीरजापुर।** मंगलवार की देर शाम प्रभारी जिलाधिकारी श्री लक्ष्मी वीएस, एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ल व एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। अचानक से अधिकारियों के जिला कारागार में पहुंचने से हड़कंप मच गया। मंगलवार की देर शाम जिला कारागार में पहुंचे अधिकारियों के द्वारा जहां पहले बैरक की तलाशी ली गई। बैरक की सघन तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, जिसके बाद साफ-सफाई को लेकर अधिकारियों ने जायजा लिया। इस दौरान साफ सफाई व्यवस्था से सीडीओ संतुष्ट नजर आई। साफ सफाई व्यवस्था देखने के बाद सीडीओ सीधे भोजनालय में पहुंची, जहां पर उन्होंने खाने की गुणवत्ता को लेकर जानकारी लिया। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि खाने की गुणवत्ता के साथ बिल्कुल भी ना खिलवाड़ किया जाए। अचानक से अधिकारियों के जेल में पहुंचने से हड़कंप मचा रहा। इस दौरान जेलर अरुण मिश्रा सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही।

## बैठक में अनुपस्थित रहने पर बीडीओ सीखड़ का वेतन अवरुद्ध

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा हेतु जिला अनुश्रवण समिति की बैठक विकास भवन सभागार, में आहूत की गयी। बैठक में आपरेशन कायाकल्प, जिला टास्क, ब्लाक टास्क फोर्स निरीक्षण, सपोर्टिव सुपरविजन, क्लासरूम ट्रान्जैक्शन, विद्यालयों को निपुण बनाये जाने, कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों के संतृप्तीकरण तथा व्यय, डी0बी0टी0 के माध्यम से बच्चों के अभिभावकों के खातों में जूता-मोजा, बैग, स्वेटर, तथा यूनीफार्म के कय हेतु प्रेषित की गयी धनराशि के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद् अहरौरा के विद्यालयों में दिव्यांग शौचालय, फर्नीचर, चहारदीवारी व कक्षा-कक्षों का टाइलीकरण में कार्य न होने के कारण तथा ब्लाक टास्क फोर्स का माह फरवरी में मात्र 45 प्रतिशत निरीक्षण होने के कारण निर्देशित किया गया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर पालिका को मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया जाय। ब्लाक टास्क फोर्स का निरीक्षण जिन 03 विकास खण्डों के सर्वाधिक कम है, ऐसे खण्ड शिक्षा अधिकारियों को चेतावनी जारी किया जाय।

# बैठक में अनुपस्थित रहने पर बीएसए को कारण बताओ नोटिस जारी

**बैठक**

**मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न**



बैठक में संबोधित करतीं सीडीओ

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित समस्त कार्यक्रमों की समीक्षा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चुनार पर संचालित होने वाले एनआरसी हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी एवं अधीक्षक, सा0स्वा0 केन्द्र, चुनार को निर्देशित किया गया की जल्द से जल्द एनआरसी को संचालित किया जाय।

आरबीएसके बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा अवगत गया था कि बैठक में एबीएसए के द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा किन्तु स्वयं व उनके प्रतिनिधि में से कोई भी बैठक में उपस्थित नही हुआ। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला बेसिक शिक्षा को कारण बताओं नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित मंत्रा एप पर जनपद में होने वाले प्रसव के पंजिकरण की समीक्षा करते हुए गहरी नाराजगी व्यक्त की गयी एवं समस्त अधीक्षक/प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द मंत्रा एप पर समस्त प्रसवों का पंजीकरण किया जाय। मुख्य विकास अधिकारी ने आशाओं के मानदेय का भुगतान समय से करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्यचिकित्साधिकारी डा0 राजेन्द्र प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, प्राचार्य माँ विन्ध्यवासिनी, स्वशासी राज्य मेडिकल कालेज आरबी कमल, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एके राय, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह एवं ब्लाक स्तरीय समस्त अधीक्षक/प्रभारी चिकित्साधिकारी के साथ-साथ जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी उपस्थित रहें।

# कर्मचारियों के हित की होगी लड़ाई : अनूप कुमार पांडेय

**चुनाव**

**लेखपाल संघ का चुनाव संपन्न**

**जनसंदेश न्यूज**



चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारी

**लालगंज।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के निर्देश पर तहसील सभागार में मंगलवार को लेखपाल संघ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीयों का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी द्वय अजय कुमार मिश्र व विनीत कुमार त्रिपाठी ने चुनाव निर्विरोध कराते हुए अध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता का शपथ कराया गया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपील किया कि वे अपने पद की गोपनीयता बनाए रखें और निष्ठा ईमानदारी के साथ संगठन का काम करें। चुनाव अधिकारी अजय कुमार मिश्र व विनीत कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में लेखपाल संघ का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद से अनूप कुमार पांडेय निर्विरोध निर्वाचित किए गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद से कृष्ण चंद व सचितानंद, मंत्री विनोद कुमार, उपमंत्री मधुकरधर, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार बिंद, ऑडिटर मनोज कुमार मिश्र निर्विरोध निर्वाचित किए गए। चुनाव अधिकारी ने चुनाव निर्विरोध संपादित होने के बाद सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ कराया गया। कहा कि पद की गोपनीयता बनाए रखें। चुनाव अधिकारी द्वय ने बताया कि आपसी सहमति के आधार पर लेखपाल संघ का चुनाव निर्विरोध निर्वाचित किया गया। प्रेक्षक के रूप में जिला मंत्री अवनीश कुमार पटेल रहे। इस अवसर पर लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, जिला मंत्री अवनीश पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय शंकर यादव, तनवीर शौकत, जोगेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, अशोक पाल, एवं तहसील के राजस्व निरीक्षक सूर्जबली बिंद, नंदलाल समेत सभी लेखपाल गण उपस्थित रहे।

## सीडीओ की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला पोषण समिति/बाल विकास पुष्टाहार की माह जनवरी की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने नरायनपुर में आंगनबाड़ी केन्द्रों परनीली गोली की उपलब्धता, ई कवच ऐप पर फीडिंग कराने हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया। पोषण ट्रैकर एप पर जनवरी माह की फीडिंग 837 है जिसे बढ़ाने हेतु सी0डी0पी0ओ0 को निर्देशित किया। सैम बच्चों को एन0आर0सी0 में संदर्भित करने के साथ-साथ चिकित्सीय आवश्यकता वालें बच्चों को संदर्भित करने का निर्देश दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने चिन्हित 100 सैम बच्चों की फीडिंग पोषण ट्रैकर एप पर कराने हेतु निर्देशित किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर हो रही ई0सी0सी0ई0 गतिविधियों की फीडिंग कराने हेतु निर्देश किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद, जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# देवरहा बाबा के आश्रम पर मोहन भागवत ने की हनुमान साधना

## हनुमान जी को 51 मन लड्डू चढ़ाया, माता विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन कर किया नमन

**मीरजापुर।** विंध्याचल क्षेत्र के देवरहा बाबा आश्रम में मंगलवार को आरएसएस चीफ मोहन भागवत ने हनुमान जी की विधिवत पूजा आराधना किया। पवन पुत्र हनुमान की वैदिक मंत्रों से पूजा अर्चना कर 51 मन लड्डू का भोग लगाया। इसके बाद माता विंध्यवासिनी के धाम में दर्शन पूजन पर प्रयाग राज के लिए प्रस्थान कर गए। सोमवार को सायंकाल आश्रम में पहुंचे मोहन भागवत ने देवरहा हंस बाबा के साथ सत्संग किया। इस दौरान सनातन संस्कृति, राष्ट्र धर्म एवं मानव धर्म समेत विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। रात्रि विश्राम कर मंगलवार को मोहन भागवत कलयुग के साक्षात देव कहे जाने वाले हनुमान जी की भक्ति में लीन हो गए। वेद एवं पौराणिक मंत्रों के बीच हनुमान जी की आराधना कर षोडशोपचार पूजन अर्चन किया। देव की स्तुति कर 51 मन लड्डू का भोग लगाया गया। पूजन अर्चन और प्रसाद ग्रहण कर श्री भागवत कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच माता विंध्यवासिनी के धाम में हाजिरी लगाई। मंदिर परिसर में ही विराजमान त्रिदेवियों का दर्शन पूजन कर नमन किया। दर्शन पूजन के बाद उन्होंने निर्माणाधीन विन्ध कॉरिडोर के निर्माण कार्य को भी देखा। इसके बाद उनका काफिला प्रयागराज के लिए हुए रवाना हो गया। मोहन भागवत के आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया गया था। चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात थे। आम नागरिकों के साथ ही उन्होंने प्रवास और आराधना के दौरान मीडिया से दूरी बनाये रखा।



मां का दर्शन पूजन करते मोहन भागवत

# दिघुली में होलिका को लेकर हुई बैठक विफल, नहीं बनी आम सहमति

## पारंपरिक स्थल पर होलिका लगाने के मामले ने पकड़ा तूल

**जनसंदेश न्यूज**

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दिघुली गांव में होलिका लगाने को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए हैं। एक पक्ष पारंपरिक स्थल पर होलिका लगाने को अडिग है तो दूसरा पक्ष गांव की बस्ती से दूर अन्यत्र स्थान पर होलिका लगवाने के लिए लिए प्रयासरत है। तत्कालीन उप जिलाधिकारी लालगंज के निर्देश पर दिघुली स्थित खेलकूद के मैदान नवागत उपजिलाधिकारी भरत लाल सरोज तहसीलदार शशांक शेखर राय इंस्पेक्टर लालगंज ज्ञानू प्रिया की मौजूदगी में बैठक संपन्न हुई। किंतु आम सहमति न पाने पर उप जिलाधिकारी लालगंज ने दो दिन के अंदर खुली बैठक करके मामले के निस्तारण हेतु प्रधान को निर्देशित किया है। गांव के पूर्व प्रधान राजेश मिश्रा ने बताया कि पीडब्लूडी सड़क के बगल बंजर की भूमि पर पचासों वर्षों से होलिका लगती आ रही है। किंतु होलिका स्थल पर एक परिवार का अवैध ढंग से कब्जा हो जाने के कारण हर वर्ष होलिका लगाने के लिए विवाद खड़ा हो जाता है। दोनों पक्षों की गहमागहमी को देखते हुए इंस्पेक्टर ज्ञानू प्रिया ने वस्तु स्थिति पर नियंत्रण रखने का निर्देश दिया है। आगे निर्णय चाहे जो भी हो फिर हाल दो दिन के लिए होलिका न लगाने का दोनों पक्षों को निर्देशित किया गया है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य दिलीप पटेल, पूर्व प्रधान सुभाष चन्द्र, राजेश मिश्रा, मिश्रीलाल, शिव पूजन दूबे, धर्मराज सिंह व मिठाई लाल के अलावा सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



ग्रामीणों से वार्ता करते एसडीएम व एसओ लालगंज

# बीएचयू में मुर्गी पालन पर कार्यशाला का आयोजन

**मीरजापुर।** बरकछा स्थित राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर में पशु पोषण विभाग, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय द्वारा ग्रीष्म ऋतु में कुक्कुट पोषण एवं प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस कार्यशाला में 45 मुर्गी पालक महिला एवं पुरुष किसानो नें भाग लिया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि डॉ राजेश कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, रहे। जिन्होने किसानों को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया एवं उनका लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित किया। डॉ धनंजय कुमार छात्र सलाहकार, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय ने उत्पाद एवं मूल्य संवर्धन प्रकाश डाला। डॉ एस एन सिंह, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, बरकछा ने कृषि आय बढ़ाने के लिए एकीकृत खेती और आजीविका निर्माण में इसकी भूमिका के बारे में चर्चा की। आयोजन सचिव डॉ महिपाल चौबे ने कार्यशाला के विषय के महत्व और वर्तमान संदर्भ में इसकी प्रासंगिकता के बारे में बताया। डॉ. अभिषेक कुमार सिंह व डॉ. संदीप कुमार चौधरी ने गर्मी के तनाव के दौरान कुक्कुट पक्षियों के वैज्ञानिक पोषण और उनके आहार प्रबंधन के बारे में बताया। मंच संचालन डॉ. संदीप ने किया।

# दुकानदार के खेल में विभाग हो गया फेल

**मनमानी**

**ओवर रेटिंग के खेल में विभाग का भी है मेल**

**खुले आम बिक रही है एमपी की बनी मिलावटी शराब**

**जनसंदेश न्यूज**



दुकान में बिक रही शराब

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर शराब की बिक्री की जा रही है जिसमें राजपुर सोनगढ़ सिकटा छतरीहा, पंवारी, अहुँगी कला गोर्गी आदि गांव में होली के त्यौहार को देखते हुए गांव में दारू की इकट्ठा बना कर बेंच रहे हैं। वहीं कई जगहों पर एमपी की निर्मित दारू व मिलावटी दारू गांवों में बेचे जा रहे हैं जिसमें राहगीरों को और सम्मानित व्यक्तियों को रोड पर चलना दुश्वार हो गया है और विक्रेता निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर शराब की बिक्री की जा रही है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के कई दुकानों पर धड़ल्ले से मिलावटी अंग्रेजी शराब बेची जा रही है।

इसके चलते उपभोक्ताओं ने बताया कि दोबारा खरीदना पड़ता है। सूत्रों कीमाने तो ड्रमंडगंज कस्बा, भैसोड़ बलाय पहाड़ पर स्थित एक बार की दुकान पर मिलावटी शराब बेची जा रही है।

जिसमें रतेह चौराहा, मझिगवां गड़बड़ा पुल, हलिया, अदवा कालोनी, सहित आदि स्थानों पर स्थित शराब की दुकानों पर धड़ल्ले से मिलावटी अंग्रेजी शराब की बिक्री की जा रही है। बताया जाता है कि तथाकथित सेल्समैन क्वार्टर और अद्धी बोतल की ढक्कन खोल कर उसमें मिलाकर के शराब को बेचते हैं और बाद में मशीन से पुनः नया ढक्कन लगा देते हैं। इससे शराब उपभोक्ताओं को मिलावटी शराब खरीदने को विवश होना पड़ रहा है। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि क्षेत्र की समस्त अंग्रेजी शराब की दुकानों पर प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर शराब की बिक्री हो रही है। खास बात यह है कि इस मामले की शिकायत आबकारी विभाग से कई बार की जा चुकी है। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में आबकारी निरीक्षक निशा सिंह ने बताया कि मामले की जांच करायी जायेगी और दोषी पाये जाने पर विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## संक्षेप

### आलू खोदने की मशीन का छात्रों ने किया प्रदर्शन



**मीरजापुर।** जिला विज्ञान क्लब के द्वारा गुरु नानक इंटर कॉलेज आवास विकास कॉलोनी के सभागार में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्य पूर्णिमा द्विवेदी एवम भौतिक विज्ञान प्रवक्ता व जिला समन्यवक सुशील कुमार पांडेय ने नोबेल पुरस्कार व भारत रत्न वैज्ञानिक सी वी रमन के चित्र पर माल्यर्पण कर तथा दीप प्रज्वलित करके किया। भौतिक प्रवक्ता सुशील कुमार पांडेय ने सी वी रमन के बारे में जानकरी देते हुए विज्ञान के पहलुओं एवम रमन इफेक्ट के बारे में प्रयोग के माध्यम से समझाया। जिला समन्यवयक ने कहा कि हमारे घर मे ही किचेन एक प्रयोग शाला है जिसमे प्रतिदिन नए प्रयोग होते रहते है। ग्रुप ए ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में बच्चों के बीच खाद्य पदार्थो में मिलावट की जांच का प्रयोगिक प्रदर्शन करते हुए जिला समन्यवक ने हल्दी, सरसो के तेल, जीरा, मरीच, लवंग, देशी घी, शहद, दूध, बेसन, खोवा आदि की जांच करके दिखाया। ओनम सिंह नावप्रवर्तक व कक्षा 11 के छात्र ने अपने द्वारा बनाई गई। आलू खोदने की मशीन का प्रदर्शन करके छात्रों को नवप्रवर्तन करने की सलाह दी।

### ननद की जगह परीक्षा देने वाली भाभी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना मड़िहान पर 27 फरवरी को महेन्द्र नाथ उप प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज मड़िहान द्वारा नामजद महिला आरोपी के विरूद्ध धोखे से किसी अन्य के स्थान पर बैठ कर परीक्षा देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना मड़िहान पर धारा 419 भादवि व 6/10 उ0प्र0 सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए मुकदमें की निष्पक्ष विवेचना करते हुए आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक मड़िहान को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में मंगलवार को उ0नि0 सुनील कुमार मय पुलिस बल द्वारा थाना मड़िहान पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित आरोपिता सरिता यादव पुत्री रामकृष्ण यादव निवासी हरूआ थाना मड़िहान मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त में विवेचना में पाये गये पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर आरोपिता को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### करंट की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

**मड़िहान।** क्षेत्र के शीतल गढ़ गांव में करेन्ट के चपेट में आने से श्रमिक की दर्दनाक मौत हो गयी। बताया जाता है कि गांव निवासी दिनेश पटेल के घर सोमवार रात बर्थडे पार्टी का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में टेन्ट लगाने शेरुआ गांव निवासी बुद्धन का 30 वर्षीय पुत्र सत्यनारायण गया हुआ था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद मंगलवार की सुबह टेन्ट उतार रहा था कि तार खींचते ही तार शरीर में चिपक गया जिससे हादसे में सत्यनारायण झुलसकर नीचे गिर गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़िहान ले जाया गया जहां देखते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। तब तक परिजन भी अस्पताल पर पहुँच गये और मौत की जानकारी मिलते ही कार्यवाही हेतु हंगामा मचाने लगे। सूचना पर पहुँची पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए कार्यवाही हेतु शव पीएम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता बुद्धन ने टेन्ट मालिक रामकुमार व दिनेश पटेल समेंत सात लोगों के विरुद्ध करन्ट से मारने का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी। घटना के सम्बंध में प्रभारी थानाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी। तब तक जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना चुनार पर 26 फरवरी को थाना चुनार क्षेत्रांतर्गत ग्राम भरपुर लाइन निवासी सुर्यबली सिंह यादव द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने तथा धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। वही एसपी के निर्देश के क्रम में घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए मंगलवार को उ0नि0 शिवजी यादव मय पुलिस बल द्वारा थाना चुनार पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित आरोपी झगडू पुत्र राममूरत निवासी बहरामगंज थाना चुनार मीरजापुर तथा साक्ष्य संकलन व विवेचना से प्रकाश में आये आरोपी श्याम सुन्दर पुत्र राजेन्द्र साहनी निवासी साहबगंज थाना साहबगंज चन्दौली को गिरफ्तार कर आरोपियों को जेल भेजा गया।

### कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** एसपी डॉ राजीव नारायण मिश्र के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान क्रम में 27 फरवरी को उ0नि0 भरत राय मय पुलिस टीम द्वारा थाना राजगढ़ क्षेत्र से 01 आरोपी संतराम पुत्र हरिनाथ निवासी मढ़ईपुर सेमरा बरहो थाना राजगढ़ मीरजापुर को 20 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई।

### अपात्रों को आवास दिये जाने पर ग्रामीणों ने केन्द्रीय राज्यमंत्री से की शिकायत

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के मधोर गांव निवासी एक व्यक्ति ने गांव में अपात्रों को आवास दिए जाने पर केंद्रीय वाणिज्य उद्योग राज्य मंत्री भारत सरकार से लिखित शिकायत की है। मधोर गांव निवासी शिवनारायण ने शिकायती पत्र में कहा है कि गांव में आवंटित किए गए आवास अपात्रों को दे दिया गया हैं जबकि पात्र व्यक्ति इससे वंचित कर दिये गये है। पक्के मकान तथा खेती बाडी, पप्प सेट, मोटर साइकिल, आर्थिक रूप से सम्पन्न, चार चक्का वाहन स्वामी को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास आवंटन कर दिया गया है। गरीब भूमि हीन व्यक्तियों को सरकारी आवास नहीं दिया गया है। आवास आवंटन मे घोर धांधली की गई है। जिसकी शिकायत उन्होंने केंद्रीय वाणिज्य उद्योग राज्यमंत्री भारत सरकार से शिकायत करते हुए जांच करा कर आवश्यक कार्यवाही करने की अपील की है।

### एडीओ पंचायत को दी गई विदाई

**चील्ह।** विकास खण्ड कोन में तैनात एडीओ पंचायत बरसातू राम के सेवानिवृत होने पर मंगलवार को दोपहर ब्लाक कार्यालय के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह के अवसर पर उन्होंने अपने कार्यकाल के अनुभव को साझा किया। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी राकेश कुमार शुक्ला ने उनके कार्य व व्यवहार की सराहना करते हुए कहा कि सभी को इमानदारी व मेहनत से अपने कार्यो को करना चाहिए। इसके बाद डीजे बाजा के साथ ब्लाक से चील्ह तिराहे तक पैदल डीजे की धुन पर थिरकते हुए विदाई किया गया। इस अवसर पर विनीत मौर्या, अक्षैवरनाथ यादव, अल्केश मौर्या, अभिषेक परासर, उदय प्रकाश, विनोद यादव, मंगल, सहित समस्त ब्लाक कमार्चारी व प्रधानगण उपस्थित रहे।

### छात्रों को मेडल देकर किया गया पुरस्कृत

**जिगना।** मंगलवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय जासा बघौरा 96 विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिगना थाना प्रभारी अरविंद कुमार पांडे उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक विजय बहादुर यादव की उपस्थिति में विज्ञान शिक्षक सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में पंच बहादुर सिंह, दिनेश सिंह, मंजुला, अखिलेश शुक्ला, विनोद कुमार, मनोज दुबे, राजेश दुबे, ग्राम प्रधान भोला बिंद, कौशलेश चंद्र त्रिपाठी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वर्ण विक्षेपण सकीना बानो, दूसरा पुरस्कार राज शर्मा स्पंगलर सेट, तीसरा पुरस्कार प्रशांत जेसीबी के रूप में चयनित हुआ। जिसे मुख्य अतिथि के द्वारा मेडल देकर पुरस्कृत किया गया।

### आरोपी को आजीवन कारावास

**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत 12 जनवरी 2012 को थाना चुनार पर वादी दुलारे पुत्र स्व0 बद्री निवासी तारापुर थाना लंका वाराणसी द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध अपनी (वादी की) पुत्री की दहेज के लिए प्रताड़ित करने व हत्या कर देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके क्रम में नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जिसके बाद न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोपी राजकेश उर्फ मन्नान पुत्र लालता राजभर निवासी जगन्नाथपुर थाना चुनार मीरजापुर को आजीवन कारावास एवं 10 हजार के अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी।

### नवनीत सेहरा बने एसडीएम चुनार

**मीरजापुर।** प्रशासनिक व्यवस्था में डीएम दिव्या मित्तल ने बड़ा बदलाव किया जिसमें तीन एसडीएम के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया। जिसमें ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिला अधिकारी नवनीत सेहरा को लालगंज से चुनार का उपजिलाधिकारी बनाया गया। एसएलओ भरत लाल सरोज को उपजिलाधिकारी लालगंज, तो वही उप जिलाधिकारी चुनार नीरज प्रसाद पटेल को हटाकर एसएलओ की जिम्मेदारी दी गई। तबादला आदेश जारी करते हुए डीएम ने तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया।

### उप जिलाधिकारी पद पर ग्रहण किया कार्यभार

**लालगंज।** नवागत उप जिलाधिकारी भरत लाल सरोज ने लालगंज में उप जिलाधिकारी पद पर कार्यभार ग्रहण किया। इसके पहले वे एसएलओ मड़िहान न्यायिक मजिस्ट्रेट पर आसीन थे। पदभार ग्रहण करते ही तहसील के अधिकारी एवं कर्मचारी से परिचय प्राप्त किया। इनके पहले यहां पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएस नवनीत सेहरा आसीन थे। उनका ट्रांसफर चुनार उप जिलाधिकारी के पद पर भेजा गया।

### रक्तदान जागरूकता गोष्ठी आज

**मीरजापुर।** माँ विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मीरजापुर के प्रांगण में एक मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान जागरूकता गोष्ठी एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## होली, शबेबारात को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**बीजपुर/डाला।** आगामी होली, शबेबारात के त्यौहार के मद्देनजर मंगलवार को थाना प्रांगण में प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुयी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि होली और शबेबारात का त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। होली के दिन शराब पीकर हुड़दंग करने वालों को कड़ई बख्शा नही जाएगा। उन्होंने क्षेत्र में जलने वाली होलिकाओं के बारे में जानकारी ली। बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी थाना क्षेत्र के 63 स्थानों पर शांतिपूर्ण होलिका दहन होगा। इस मौके पर अशोक कुमार यादव, ओम प्रकाश सिंह, विश्राम सागर गुप्ता, विजय सिंह, विनोद भारती, रामअवध रामरतन, सलीम, बालगोविंद, इज्जात शेख समेत तमाम लोग मौजूद रहे। डाला संवाददाता के अनुसार–होली, शबेबारात के त्यौहार के मद्देनजर चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता ने चौकी परिसर में मंगलवार की सायं पीस कमेटी की बैठक आयोजित किया। इस मौके पर योगेन्द्र सिंह, हनुमान सिंह, भैरव जायसवाल, सुभाष पाल, शाहनवाज शाह, रियाज, डा. राकेश सिंह, मनीष तिवारी, अंशु पटेल समेत कई लोग मौजूद रहे।

# रेलवे संरक्षा आयुक्त ने जांचा रेलवे लाइन दोहरीकरण का कार्य

**निरीक्षण**

### सैलून ट्रेन पर सवार होकर की यात्रा, संबंधितों को दिये निर्देश

जनसंदेश न्यूज

**डाला/ओबरा।** सलैयबनवा रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की सुबह रेलवे संरक्षा आयुक्त ने रेलवे के दोहरी करण का क्रमवार निरीक्षण किया। रेलवे संरक्षा आयुक्त के आगमन से रेलवे कर्मचारियों मे अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

रेलवे संरक्षा आयुक्त पूर्वी जोन सुबोमोई मित्रा व डीआरएम धनबाद आशीष बंसल ने संयुक्त रूप से सर्वप्रथम रेलवे दोहरीकरण के नक्शे को देखा उसके बाद पैनल रुम का निरीक्षण करके विस्तृत जानकारी लिया। इसके पूर्व उन्होंने बिल्ली जक्शन व ओबरा डैम रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर स्टेशन की व्यवस्था व रेलवे दोहरीकरण का जायजा लिया। मोटर ट्राली पर सवार होकर सलैयबनवा, ओबरा, बिल्ली स्टेशन के बीच बने दोहरीकरण परियोजना के प्लेटफार्म की ऊंचाई, फुट ओवर ब्रिज की गुणवत्ता सहित विभिन्न जगहों पर मोटर ट्राली रोक कर निरीक्षण किया। दोपहर बाद तीव्र गति से विशेष ट्रेन द्वारा स्पीड ट्रायल भी किया गया। सलईबनवा, ओबरा डैम और बिल्ली जंक्शन के बीच लगभग 16 किलोमीटर दोहरीकरण के कार्यों का स्वस्थ प्रमाण पत्र जारी होने के बाद ही निर्मित रेलवे ट्रैक से नियमित ट्रेन का परिचालन होगा। रेलवे संरक्षा आयुक्त से सलैयबनवा स्टेशन मास्टर योगेन्द्र कुमार द्वारा गर्मी में होने वाली पेयजल समस्या से अवगत कराया। इस मौके पर मुख्य प्रशासनिक निर्माण दक्षिण एस के गर्ग, मुख्य वरीय परिचालन पदाधिकारी अंजय तिवारी, आरपीएफ इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार राणा समेत वरिष्ठ अधिकारी, टेक्निकल टीम मौजूद रही। ओबरा संवाददाता के अनुसार-पूर्व मध्य रेलवे धनबाद मंडल अंतर्गत रमना से सिंगरौली तक रेलवे लाइन के हो रहे दोहरीकरण और विद्युतीकरण का रेलवे सुरक्षा आयुक्त पूर्वी जोन सुबोमय मित्रा व डीआरएम धनबाद आशीष बंसल ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मंगलवार को सलईबनवा से ओबरा डैम रेलवे स्टेशन होते हुए बिल्ली जंक्शन तक मोटर ट्रॉली द्वारा रेल लाइन दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण की गहनता से निरीक्षण किया।

करीब साढ़े ग्यारह बजे ओबरा डैम रेलवे स्टेशन पहुंचे सुरक्षा आयुक्त ने स्टेशन पर बने रिले रूम, कंट्रोल रूम, आईपीएस रूम, पैनल रूम, सिग्नल रूम, नव निर्मित प्लेटफार्म की ऊंचाई, फुट ओवर ब्रिज की गुणवत्ता सहित कई अंदरूनी हिस्सों का निरीक्षण किया। इसके बाद वे बिल्ली रेलवे जंक्शन की ओर रवाना हो गए। बिल्ली रेलवे जंक्शन पहुंचकर अधिकारियों ने वहां बने सभी तकनीकी निर्माण की जांच की। कुछ देर रुकने के बाद अधिकारियों का दल सलईबनवा स्टेशन की ओर रवाना हो गया।



सलैयबनवा स्टेशन पर मोटर ट्राली पर सवार होकर पटरियों का निरीक्षण करते रेलवे संरक्षा आयुक्त सुबोमोई मित्रा

### जब सैलून ट्रेन में हुई खराबी

**डाला।** सलैयबनवा में सीआरएस का निरीक्षण होना था, जिसको लेकर चोपन से तय सीमा पर स्पेशल सैलून ट्रेन सवार होकर निकले थे कि ओबरा स्टेशन पर पहुंचते ही सैलून ट्रेन में तकनीकी खराबी हो गई। जिससे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में रेलवे के अधिकारियों द्वारा दूसरी लाइक इंजन की व्यवस्था की गई, जिस सवार होकर रेलवे संरक्षा आयुक्त सुबोमोई मित्रा समेत अन्य अधिकारियों को तय सीमा से चालीस मिनट देर सलईबनवा स्टेशन पर आना पड़ा।

## वनिता मंडल ने आयोजित किया रंगारंग कार्यक्रम

**ओबरा।** स्थानीय अधिकारी क्लब एच में वनिता मंडल की सदस्यों द्वारा होली के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा नृत्य, गायन, फैंसी ड्रेस, मिमिक्री आदि की प्रस्तुति देकर पूरे माहौल को मनमोहक बना दिया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश के प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात वनिता मंडल की महिलाओं द्वारा एक से बढ़कर एक होली गीत होली खेले रघुवीरा अवध में, आज बिरज में होली रे रसिया आदि गीतों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। फैंसी ड्रेस के साथ-साथ पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और सुंदर बना दिया। अध्यक्षता वनिता मंडल की अध्यक्ष भारती कुमारी ने किया। संचालन विधि भटनागर ने किया। इस अवसर पर कल्पना मिश्रा, नीलिमा गुप्ता, सुनीता अग्रवाल, अरुणा सिंह, रंजना गुप्ता, रीना चतुर्वेदी, मधुलिका राय, शिल्पा, रीता, रूपम, पल्लवी समेत तमाम महिलाएं उपस्थित रहीं।

## संक्षेप

### सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को एसपी ने दी भावभीनी विदाई



सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के साथ एसपी

**सोनभद्र।** मंगलवार को जिले सात पुलिसकर्मी अपनी सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर पुलिस लाइन चुर्क सभागार कक्ष में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों हेतु विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक डा यशवीर सिंह ने सभी को उपहार, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र देकर उनके आगामी सुखमय व समृद्ध जीवन की कामना कर विदाई दी। सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों में जवाहर सिंह यादव, समर बहादुर सिंह, डोला राम, वीरेन्द्र कुमार सिंह, भूपेन्द्र सिंह, रामलाल सिंह, अमला सिंह यादव शामिल रहे।

### फर्जी हस्ताक्षर कर परिवार रजिस्टर जारी करने का आरोप

**बभनी।** विकास खण्ड बभनी के डूमरहर ग्राम पंचायत में तैनात पंचायत सहायक पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी का फर्जी हस्ताक्षर कर रजिस्टर का नकल जारी करने का आरोप प्रधान, सचिव व ग्रामीणों ने लगाया है। वहीं प्रधान व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र लिख कर कार्यवाही की मांग की है। विनोद, छोटू, मनमोहन को 12 फरवरी को परिवार रजिस्टर की नकल जारी किया गया। साथ ही परिवार रजिस्टर बनाने के नाम पर धन उगाही का भी मामला सामने आया है। सेकेट्री का फर्जी हस्ताक्षर कर नकल जारी किया जा रहा है। मामला संज्ञान में आने के बाद ग्रामीणों व ग्राम पंचायत सदस्यों ने डीपीआरओ को पत्र भेजकर कार्यवाही व जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कार्यवाही की मांग की है।

### आंगनबाड़ी केंद्र के छत निर्माण में मानकों की अनदेखी, रोका काम

**बभनी।** विकास खण्ड के घघरी ग्राम पंचायत के तेन्दुघुटरा प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में दो वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया जा रहा है। ठेकेदार की मनमानी के कारण आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण के पहले ही जर्जर हो गया है। विभाग के लोग इस निर्माण में कार्यवाही नही कर रहे हैं। आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग से किया जा रहा है। भवन निर्माण में मानकों की अनदेखी किया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर भवन की कुछ दीवार तोड़ कर पुनः निर्माण कराया गया। अब छत ढलाई ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है, जिसमें मानकों की अनदेखी की जा रही है। भाजपा नेता सुधीर पांडेय ने ग्रामीणों की शिकायत पर कार्य को अवरूद्ध कर जिलाधिकारी से काम के गुणवत्ता की जांच करने की मांग की है। अवर अभियंता शिवराज सिंह ने बताया कि छत ढलाई में मानकों की अनदेखी किया जा रहा है तो कार्यवाही की जाएगी।

### कर्मचारी कल्याण संघ चुनाव में दिवाकर सिंह बने महामंत्री

**बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद परियोजना के कर्मचारी कल्याण संघ के महासचिव समेत सदस्य पद हेतु कल्याण केंद्र संगम प्रेक्षागृह में हुए मतदान में दिवाकर सिंह ने 254 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राम कुमार मिश्रा को 66 मतों से पराजित कर जीत दर्ज किया। पूर्व महामंत्री रहे दिवाकर ने दुबारा चुनाव जीत कर कर्मचारियों के बीच अच्छी छबि का परिचय दिया। सदस्यों में अमित कुमार केसरी, कृष्ण कुमार, प्रमोद द्विवेदी, मयूर मित्तल, राम निवास यादव और गुरमीत सिंह ने जीत हासिल किया। मतदान अधिकारी सिद्धार्थ कुमार अपर महाप्रबंधक ऑपरेशन एनटीपीसी रिहन्द ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। इस दौरान 513 सदस्यों में 447 ने मतदान किया, एक मत अवैध हुआ।

### बाइक सवार जख्मी

**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र के जवारीडाड़ में मंगलवार की सायं एक वाहन की टक्कर से बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से चोपन सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार बाईक सवार 30 वर्षीय पुरुषोत्तम पुत्र स्व सरजू निवासी पंचम खाडी गुरमुरा थाना चोपन जो तेलगुड़वा से गुरमुरा जा रहा था कि जवारीडाड़ पहुंचते ही एक वाहन के चपेट में आ गया।

## एनटीपीसी सिंगरौली में सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली की समग्र सुरक्षा को बढ़ाने एवं सुरक्षा संस्कृति को बनाए रखने के दृष्टिकोण से राजीव अकोटकर परियोजना प्रमुख के कर कमलों द्वारा सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण एनटीपीसी कॉर्पोरेट सुरक्षा विभाग के दृष्टिकोण और उद्देश्य के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु हुआ है। प्रशिक्षण केन्द्र में एनटीपीसी सिंगरौली के विद्युत विभाग के 95 संविदा कर्मियों को सभी 23 कारपोरेट सेफ्टी मॉड्यूल का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। राजीव अकोटकर ने टाउनशिप इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस विभाग को सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र की नई पहल हेतु हार्दिक बधाई दी एवं सभी कर्मचारियों से संयंत्र और टाउनशिप में उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखने एवं उनका पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने सुरक्षा सुपरवाइजर के साथ भी बातचीत की और एनटीपीसी सिंगरौली में शून्य दुर्घटना प्राप्त करने के लिए संयंत्र और टाउनशिप में हर जगह समग्र सुरक्षा में सुधार के संबंध में उनकी प्रतिक्रिया ली। इस अवसर पर एलके बेहरा, प्रबोध कुमार, देबब्रत कर, जोसेफ बास्टियन समेत तमाम अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल में एक माह से बंद है अल्ट्रासाउंड

**परेशान**

### रेडियोलाजिस्ट न होने से मीरजापुर व बीएचयू भेजना पड़ रहा

### प्राइवेट पैथोलाजी व डायग्नोस्टिक सेंटर वसूल रहे मनमाना

जनसंदेश न्यूज




जिला संयुक्त चिकित्सालय

**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र के जिला संयुक्त चिकित्सालय में रेडियोलाजिस्ट की तैनाती न होने से करीब एक माह के ऊपर से अल्ट्रासाउंड बंद है। ऐसे में उनको प्राइवेट डायग्नोस्टिक सेंटर में जाना पड़ रहा है और मरीजों की जेब ढिली हो रही है। वही जिला अस्पताल की तरफ से उन मरीजों को मीरजापुर या फिर बीएचयू भेजना पड़ रहा है।

बता दें कि आदिवासी और अत्यंत पिछड़ा जनपद होने के कारण यह जनपद भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जनपद के रूप में भी चयनित है। इस जनपद में करीब एक माह पूर्व जनपद में तैनात रेडियोलाजिस्ट केके राय का ट्रांसफर जौनपुर जनपद में हो गया, लेकिन किसी की तैनाती नहीं की गई। जिसके बाद से ही जिला संयुक्त चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड नहीं हो रहा है। किसी गंभीर समस्या पर आदिवासी, गरीब मरीजों को प्राइवेट डायग्नोस्टिक सेंटर का शरण लेना पड़ रहा है और वहां मरीजों से मनमाना पैसा वसूला जा रहा है। प्रभारी सीएमओ आरजी यादव ने बताया कि रेडियोलाजिस्ट न होने के कारण अल्ट्रासाएउंड बंद है, पूर्व में शासन को पत्राचार भी किया गया था, लेकिन तक किसी भी तैनाती नहीं हो सकी है। इस बारे में सदर विधायक भूपेश चौबे ने बताया कि रेडियोलाजिस्ट की मांग के लिए शासन को पत्राचार किया गया है। जल्द ही तैनाती होने की उम्मीद है।

### प्राइवेट पैथोलाजी व डायग्नोस्टिक सेंटर में हो रहा दोहन

**सोनभद्र।** जनपद के प्राइवेट पैथोलाजी और डायग्नोस्टिक सेंटर मरीजों से मनमाना वसूल रहे है। जनपद के किसी भी पैथोलाजी और डायग्नोस्टिक सेंटरों पर जांच निर्धारित मूल्य का बोर्ड नहीं लगा है। ऐसे में मरीजों का दोहन हो रहा है। लोगों ने इस ओर जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए स्वास्थ्य विभाग से मनमाना वसूली पर शिकंजा कसने की मांग की जा रही है। वही निजी अस्पतालों द्वारा निर्धारित जगह पर जांच नहीं कराई जाती है तो वो रिपोर्ट स्वीकार नहीं की जाती। उक्त मांग को लेकर मंगलवार को युवक मंगल दल के कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी मुख्यालय को ज्ञापन सौंप निर्धारित रेट चस्पा करने की मांग किया है।

# लैंड ट्रांसफर नहीं किये जाने से ठप्प पड़ा है सुरंग निर्माण का कार्य

**काम बाधित**

### वन भूमि में सुरंग निर्माण के बदले में कोरची व भीसुर में देनी होगी उतनी ही भूमि

### डूब गांव कोरची व भीसुर में पैकेज लेने के बाद भी गांव खाली नही करने से आ रही समस्या

जनसंदेश न्यूज

**दुद्धी।** तहसील क्षेत्र के हरनाकछार गांव से सदर तहसील के कुड़वा तक सुरंग निर्माण का कार्य वन भूमि के बदले उतनी ही भूमि हस्तानांतरण नही होने के वजह से बाधित है, जबकि वन विभाग से एनओसी दो वर्ष पूर्व ही मिल चुकी है। पिछले दिनों हरनाकछार में सुरंग निर्माण का कार्य शुरू होने के बाद वन विभाग ने लैंड ट्रांसफर नही होने का हवाला दे काम रोक दिया था।

सिंचाई विभाग के सूत्रों की माने तो इसमें तहसील प्रशासन के सहयोग नही होने से कोरची व भीसुर के विस्थापित पैकेज लेने के बाद भी वहां से नहीं हटे है और टनल निर्माण के लिए वन भूमि के बदले सिचाई विभाग को इन्ही दो गांवों की भूमि देनी है। सिचाई विभाग द्वारा वन विभाग को लैंड ट्रांसफर नही करने से टनल का काम अधर में लटक गया है जिससे बांध बनने के बाद भी दायीं नहर का पानी पांडु वेसिन तक नही पहुँच सकेगा और कोन ब्लॉक इस परियोजना के पानी से असिंचित रह जायेगा।

बता दें कि प्रशासन की मौखिक स्वीकृति के बाद दिसम्बर माह में हरनाकछार में सुरंग निर्माण का कार्य शुरू हुआ था लेकिन कार्य शुरू होने के कुछ दिन बाद वन विभाग ने इस कार्य को यह कहते हुए रोक दिया था कि अभी लैंड ट्रांसफर नही हुआ है। हरनाकछार से कुड़वा के बीच करीब 2.9 किमी तक सुरंग बनना है अभी तक 1.5 किमी तक के कार्य हो चुके है,वन विभाग को लैंड ट्रांसफर न होने से शेष कार्य बाधित है।

> कोरची व भीसुर गांव के ग्रामीण पैकेज पाने के बाद भी गांव नही छोड़ रहे है जिससे वन विभाग को प्लांटेशन के लिए लैंड ट्रांसफर की प्रक्रिया पूरी नही हो पायी है इस कारण वन विभाग सुरंग निर्माण को रोक दिया है जिससे सुरंग निर्माण का कार्य बाधित है।
>
> **वीर बहादुर सिंह**
> **अधिशासी अभियंता खण्ड 1 - कनहर**

## एआरटीओ प्रवर्तन कक्ष महीनों से बंद, लटक रहा ताला

**सोनभद्र।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में लंबे समय से एआरटीओ प्रवर्तन के कक्ष का ताला न खुलने से आए दिन वाहन स्वामियों एवं चालकों को भटकना पड़ रहा है। बता दें कि सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में बकायदे एआरटीओ प्रवर्तन का कक्ष बनाया गया है, जिसके दरवाजे के ऊपर एआरटीओ प्रवर्तन भी लिखा गया है। बावजूद इसके कक्ष का दरवाजा में ताला लटका मिलता है।

बताया जा रहा है कि उक्त कक्ष कई महीनों से खुला ही नहीं है। इससे साबित हो रहा है इसमें कोई भी अधिकारी नहीं बैठता है। जबकि जनपद में एआरटीओ प्रवर्तन के पद पर दो-दो अधिकारी तैनात है। जिनमें धनवीर यादव एआरटीओ प्रशासन व राजेश्वर यादव को एआरटीओ प्रवर्तन के रूप में तैनाती की गई है, लेकिन एआरटीओ प्रवर्तन राजेश्वर यादव वे कहां बैठते हैं, और उनका कक्ष कहा है, यह पता न चलने से आए दिन वाहन संबंधित कार्य लेकर परिवहन कार्यालय में आने वालों को इधर-उधर भटकना पड़ता है। बता दें कि बीते दिनों जनपद में परिवहन मंत्री का दौरा होने से सचेत एआरटीओ प्रवर्तन के कक्ष पर राजेश्वर यादव का नेम प्लेट भी लगा था, मगर कुछ घंटे बाद ही उक्त नेम प्लेट राजेश्वर यादव ने हटवा दिया।

# पॉक्सो ऐक्टः दोषी गुड्डू कोल को उम्रकैद 50 हजार अर्थदंड

**कार्रवाई**

### साढ़े चार वर्ष पूर्व 9 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म का मामला

**सोनभद्र।** साढ़े चार वर्ष पूर्व 9 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी गुड्डू कोल को उम्रकैद एवं 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की समूची धनराशि 50 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक घोरावल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने एक सितंबर 2018 को घोरावल थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 26 अगस्त 2018 की रात में उसकी 9 वर्षीय नाबालिग बेटी को घोरावल थाना क्षेत्र के महांव गांव निवासी गुड्डू कोल पुत्र बिहारी कोल उठाकर ले गया और उसके साथ छेड़खानी व बलात्कार किया। बेटी को सुबह छोड़ दिया। जब बेटी घर आई तो आप बीती बताई। जब गुड्डू को पकड़ने के लिए गए तो वह भाग गया। एक सितंबर को पकड़ में आया है और उसे पकड़ने में चोट भी लगी है। आवश्यक कार्रवाई की मांग किया। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में गुड्डू कोल पुत्र बिहारी कोल निवासी महांव, थाना घोरावल, जिला सोनभद्र के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## अनपरा डी में हो रहा श्रम कानूनों का उल्लंघन

**अनपरा।** अनपरा डी में श्रम कानूनों के हो रहे उल्लंघन और ठेका मजदूरों को न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं न देने के खिलाफ श्रम बंधु दिनकर कपूर ने मंगलवार को उपश्रमायुक्त मिजार्पुर क्षेत्र पंकज सिंह राणा से मुलाकात कर पत्रक दिया। जिस पर उपश्रमायुक्त ने अनपरा के मुख्य महाप्रबंधक को पत्र भेज सभी अभिलेखों के साथ 21 मार्च को अपने कार्यालय में तलब किया है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दिनकर कपूर ने बताया कि अनपरा औद्योगिक क्षेत्र में किए दौरे के दौरान अनपरा डी में कार्यरत ठेका मजदूरों ने बताया था कि वहाँ कानून में मिली हुई बुनियादी सुविधाएं भी कंपनी नहीं दे रही है। मजदूरों को वेतन पर्ची नहीं दी जाती और ओवरटाइम का दुगना मजदूरी भुगतान नहीं किया जाता है। हालत इतनी बुरी है कि शिफ्ट ड्यूटी करने वाले मजदूरों को ड्यूटी के दौरान लंच ब्रेक नहीं दिया जाता। यहां तक की मजदूरों को बैठने की भी सुविधा नहीं है और कोई रेस्ट रूम प्रबंधन व संविदाकार द्वारा नहीं बनाया गया है, कंपनी में फर्स्ट एड की भी सुविधा नहीं है। बताया कि आईटीआई, पालिटेक्निक किए कुशल मजदूरों से काम लेकर उन्हें अकुशल या अर्द्ध कुशल मजदूर की मजदूरी दी जा रही है।

# सोनभद्र के लेखकों की दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में धूम

**अवसर**

### जिलों के स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास पर लिखी गई हैं पुस्तकें

**सोनभद्र।** नई दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में जनपद के तीन लेखकों की पुस्तकों को सम्मान सहित प्रदर्शित किया गया है। 25 फरवरी से प्रारम्भ और 5 मार्च तक चलने वाले दुनिया के सबसे बड़े पुस्तक मेले की इस बार थीम आजादी का अमृत महोत्सव रखा गया है, सोनभद्र के तीनों लेखकों की पुस्तकें स्वतंत्रता आंदोलन पर ही केंद्रित हैं। स्वतंत्रता आंदोलन और सोनभद्र की पुस्तक राबर्टसगंज नगर निवासी वरिष्ठ पत्रकार विजय शंकर चतुवेर्दी द्वारा लिखी गयी है जबकि स्वतंत्रता आंदोलन और मिजार्पुर देवगढ़, घोरावल निवासी इतिहासकार डॉ जितेंद्र कुमार सिंह संजय व स्वतंत्रता आंदोलन व भदोही को देवगढ़, घोरावल निवासी श्वेता सिंह ने तैयार किया है। विंध्य मंडल के तीनों जिलों की पुस्तकों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित किया गया है। शासन द्वारा अप्रैल 2022 में इस शोधपरक कार्य के लिए तीनों लेखकों का चयन उत्तर प्रदेश शासन द्वारा किया गया था। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के संरक्षण में प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम और निदेशक संस्कृति शिशिर कुमार के निर्देशन में अयोध्या शोध संस्थान व संगीत नाटक अकादमी ने इन पुस्तकों को परीक्षण के बाद अंतिम रूप दिया था, तत्पश्चात पुस्तकें प्रकाशित की गयीं। सभी तीनों लेखकों को सरकार द्वारा 75 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। विजय शंकर चतुवेर्दी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता आंदोलन का प्रमुख केंद्र-शहीद उद्यान व सोनभद्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पुस्तकें भी तैयार की जा रही हैं जिनका शीघ्र प्रकाशन होगा।




पुस्तक का कवर पेज

## सड़क हादसे में बाइक सवार सहित बुजुर्ग महिला घायल

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के चौबे ट्रान्सपोर्ट के पास क्रासिंग पर मंगलवार की सांय छ बजे सड़क पार कर रही एक बुजुर्ग महिला को कार ने सीधे टक्कर मार दी, टक्कर लगते ही स्थानीयों ने ब्रेकर की माँग को लेकर वाराणसी शक्तिनगर मुख्य मार्ग बीस मिनट के लिए जाम कर दिया।जाम करने की सूचना पाकर मौके पर पहुचे डाला चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता ने स्थानीयों को ब्रेकर की समस्या के लिए पत्राचार करके ब्रेकर बनवाने का आश्वासन दिया।जानकारी के अनुसार 65 वर्षीय शातिं देवी निवासी डाला बाजार एक मेडिकल से दवा लेकर अपने घर जा रही थी कि चोपन की तरफ से आ रही एक वैगनार कार ने सीधा टक्कर मार दिया, टक्कर लगने के बाद महिला हवा में उड़ गई।घायल बृद्ध महिला को आनन फानन मे क्रासिंग पर स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है। दुर्घटना के तुरंत बाद ही मौका पाकर कार सवार अन्य वाहनों को टक्कर मारते हुए भाग गया।वही दूसरी तरफ मंगलवार की सायंकाल साढे पांच बजे डाला चौकी क्षेत्र के खनिज बैरियर नंबर छ के पास डाला से कोटा की तरफ मार्केट करके जा रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया।

# पार्टी की मजबूती को बूथों पर पुनर्विचार कर गठन करने की आवश्यकता

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यशाला बूथ सशक्तिकरण अभियान व राबट्र्सगंज नगर निकाय चुनाव की बैठक मंगलवार को जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री व जिला प्रभारी अशोक चौरसिया, जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीन दयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें अपने सभी विधानसभा के बूथों को शक्तिशाली बनाना है, बीजेपी दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है। पार्टी को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए बूथों पर पुनर्विचार कर गठन करने की आवश्यकता है।

उन्होंने बूथ सशक्तिकरण अभियान के सभी बिंदु कार्यकर्ताओं के समक्ष रखे और बताया कि जल्द ही इसी प्रकार के कार्यक्रम मंडल और बूथ स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी में जुट गई है। इसी के अंतर्गत बूथ सशक्तिकरण अभियान पूरे प्रदेश भर में चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र, जिला, मंडल और बूथ को सशक्त बनाने के लिए पूर्ण रणनीति तैयार कर ली गई है। जिससे लोकसभा चुनाव में एक बार पुनः जीत का परचम लहराया जा सके। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मतदाता सूची के प्रत्येक पन्ने पर पन्ना प्रमुख बनाना है, बूथों को सशक्त करने के लिए अल्पकालीन विस्तारक बनाये जा रहे हैं, जो कि पूर्ण रुप से बूथों पर प्रवास करके बूथ सशक्तिकरण का कार्य करेंगे। कार्यशाला में छोटेलाल खरवार, अजीत रावत, आलोक सिंह, रामसुन्दर निषाद, अमरनाथ पटेल, कृष्णमुरारी गुप्ता, जीत सिंह खरवार, उदयनाथ मौर्य, ओम प्रकाश दूबे, रंजना सिंह, अशोक मौर्य, संतोष शुक्ला, शम्भूनारायण सिंह, गुड़िया वर्मा, राकेश मेहता, अनूप तिवारी, सूर्यमणी तिवारी, सुरेन्द्र अग्रहरी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते जिला प्रभारी अशोक चौरसिया

# लोस चुनाव-2024 के लिए बूथों को बनाए सशक्त : सुशील


भाजपा कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में उपस्थित भाजपाई।

**चंदौली।** भाजपा की बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी रहे। बैठक में प्रमुख रूप से बूथ सशक्तिकरण अभियान के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि बूथ स्तर पर 24 प्रकार के कार्यों के माध्यम से बूथ को सशक्त बनाने पर जोर दिया।

कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत सभी 24 कार्य महत्वपूर्ण हैं, लेकिन प्राथमिकता के आधार पर पांच कार्यों को 21 मार्च तक पूर्ण करना है। बताया कि 11 कार्यकताओं की बूथ समिति बनाना है उसमें दिए हुए फॉर्मेट पर कार्य विभाजन कराना है। मतदाता सूची के प्रत्येक पेज के लिए एक प्रमुख पन्ना प्रमुख तय करना है। उक्त पन्ना प्रमुख वोटर सूची के उसी पेज से तय किया जाएगा। जिस पन्ने पर पदाधिकारी कार्यकर्ता का नाम शामिल हो बूथ समितियों, पन्ना प्रमुखों की सरल ऐप में एंट्री करना है। प्रत्येक बूथ का व्हाट्सएप ग्रुप बनाना है। जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने कहा कि भूत सशक्तिकरण अभियान एक बहुत बड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। इसी अभियान के आधार पर हर बूथ को जीतना है। प्रधानमंत्री के मन की बात पर भी चर्चा करनी है। विधानसभा स्तर पर कार्यशाला में अपेक्षित टोली बनाना है। विधानसभा कार्यशाला में प्रथम सत्र में बूथ सशक्तिकरण के चुनावी महत्व को रेखांकित करना, बूथ के करणी कार्यों की भी चर्चा करनी है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री उमाशंकर सिंह, काशीनाथ सिंह, सुजीत जायसवाल, जितेंद्र पांडेय, शिवराज सिंह, हरिवंश उपाध्याय, जैनेंद्र कुमार, देवेश पांडेय, राकेश मिश्रा, आशीष गुप्ता, प्रमोद चौबे, विजय मौर्या आदि उपस्थित थे।

## दुर्व्यवस्था को लेकर अधिवक्ताओं ने लगाया आरोप

**सकलडीहा।** तहसील में व्याप्त दुर्व्यवस्था को लेकर अधिकक्ताओं में आक्रोश पनपने लगा है। अधिवक्ताओं ने नामांतरण की कई फाइलों के नही मिलने का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया है। समस्या का समाधान नही होने पर आन्दोलन की चेतावनी दिया है। बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसील के अधिवक्ता भवन के समीप गंदगी का अंबार बना हुआ है। लाखों रुपए खर्च करके शौचालय में ताला लगा हुआ है। पूर्व अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने आरोप लगाया कि कई अधिवक्ताओं का नामांतरण की फाईल महीनों से गायब है। जिसके कारण न तो कम्प्यूटर पर चढ़ पा रहा है न तो आर सिक्स में दर्ज हो रहा है। इससे वादकारी से लेकर अधिवक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है। बार के अधिवक्ता जयप्रकाश नारायण, बुद्धिराम, सच्चिदानंद सिंह सहित अन्य अधिवक्ताओं समस्याओं का निस्तारण नही होने पर आन्दोलन की चेतावनी दिया है।

# ईनामी बदमाशों के खिलाफ कार्यवाही करे पुलिस

**बोले आईजी**

### वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी सहित अन्य बिंदुओं पर की समीक्षा

जनसंदेश न्यूज


पुलिस लाइन में अफसरों संग बैठक करते आईजी वाराणसी।

**चंदौली।** आईजी वाराणसी परिक्षेत्र के सत्यनारायण मंगलवार को जनपद दौरे पर थे। इस दौरान पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। निर्देश दिया कि लंबित विवेचनाओं का त्वरित निस्तारण करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि उच्च स्तर से प्राप्त जांच की स्थिति, फुट पेट्रोलिंग, न्यायालय सुरक्षा, माफियाओं एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की।

कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था को बनाए रखना पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है। थाना इंचार्ज क्षेत्र का बराबर चक्रमण करते रहें, ताकि किसी प्रकार की घटना पर अंकुश लगाया जा सके। खासकर रात्रि में पुलिस गश्त आवश्यक है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। कहा कि थाने में आने फरियादियों की शिकायत को गंभीरता से सुनने के बाद कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। किसी भी क्षेत्र में अपराध कारित होता है तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित थाना प्रभारी की होगी। निर्देश दिया कि आने वाले दिनों में त्योहारों को देखते हुए नगरीय इलाकों व कस्बों में पुलिस को सक्रियता बढ़ानी होगी, ताकि अपराध पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस के अधिकारी लोगों से जन संवाद स्थापित करें इससे अपराध के नियंत्रण में सहूलियत होगी। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## डीएम ने उतरगामी सेतु के निर्माण का दिया निर्देश

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कक्ष में जनपद में संचालित विभिन्न परियोजनाओं के संबंध में बैठक हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त परियोजनाओं द्वारा प्रभावित काश्तकारों को तत्काल नोटिस वितरण करके यथा शीघ्र भुगतान करते हुए कार्य में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उपपरियोजना प्रबंधक एवं सेतु निगम चंदौली को निर्देशित करते हुए कहा कि तीन उपरगामी सेतु से संबंधित सेतु निर्माण का कार्य ग्राम-बरठी कमरौर, जगदीशपुर, भगवानपुर, सीरसी व बनौली खुर्द, कटसिला व हिनौता (जगदीशसराय) का तत्काल कार्य प्रारंभ कराये। साथ ही निर्देश देते हुए कहा कि काश्तकारों को भुगतान के संबंध में तहसील स्तरों से फाइल सत्यापन कराकर भुगतान ससमय कराये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा, उप परियोजना प्रबंधक, सेतु निगम के अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत सहित उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### पड़ाव क्षेत्र में बेची जा रही प्रतिबंधित थाई मांगुर


पड़ाव क्षेत्र स्थित मछली मंडी में बेची जा रही प्रतिबंधित थाई मांगुर।

**पड़ाव।** क्षेत्र के मछली मंडी में बेखौफ प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली का कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा है जिस पर पुलिस और संबंधित विभाग के कर्मचारी पूरी तरह आंख मूंद कर बैठे हुए है। विदित हो कि थाई मांगुर को सर्वप्रथम 1998 में केरल सरकार ने पालने और बेचने पर प्रतिबंध लगाया था इसके बाद 2000 में केंद्र सरकार ने पूरे देश में पालने और बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया। अब एनजीटी (राष्ट्रीय हरित क्रांति न्यायाधिकरण) द्वारा पूरी तरह थाई मांगुर पर प्रतिबंध लगा दिया गया है उसके बावजूद कुछ लोग चोरी छुपे ज्यादा मुनाफा के चक्कर में प्रतिबंधित मछली थाई मांगुर का पालन कर मंडियों तक पहुंचा कर लोगों के सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इस संबंध में क्षेत्रीय चौकी इंचार्ज दिलीप कुमार श्रीवास्तव से वार्ता की गई तो उन्होंने कहा मेरे संज्ञान में नहीं है मौके पर जाकर जांच की जाएगी। पकड़े जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह को मूर्त रूप देने में जुटे अधिकारी

**चंदौली।** जनपद में मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसके बबात जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने सभी खंड विकास अधिकारी व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को तिथि की घोषणा कर विवाह सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। इसी क्रम में एक मार्च को चहनियां विकास खंड में सामुहिक विवाह का आयोजन होगा। वही बरहनी, धानापुर, चकिया, शहाबगंज, सदर व नगर पंचायत चंदौली, नियामताबाद, सकलडीहा व नौगढ़ में 13 मार्च को सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए डीएम ने विकास खंड व नगर पंचायत के सभी अधिकारियों सभी व्यवस्था पूर्ण करने का निर्देश दिया। सत्यापन कर जोड़ों की सूची समाज कल्याण अधिकारी को उपलब्ध करा दें।

### डीआरएम ने सेवानिवृत्त 48 रेल कर्मियों को दी विदाई

**डीडीयू नगर।** पूर्व मध्य रेल के डीडीयू मंडल द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सेवानिवृत होने वाले रेलकर्मियों को समापक भुगतान देकर विदाई दी गई। मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक राजेश कुमार पांडेय ने डीडीयू मंडल के कुल 48 रेलकर्मियों को विभिन्न मदों में कुल 195165967 रुपये का समापक भुगतान कर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके कार्यो से सेवानिवृत करते विदा किया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने सेवानिवृत्त रेल कर्मियों के स्वास्थ्य एवं समृद्ध जीवन की कामना करते हुए कहा कि रेल प्रशासन भविष्य में भी उनकी सेवा के लिए तत्पर रहेगा। समारोह में मंडल के विभिन्न शाखा अधिकारी तथा रेलकर्मी उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई विदाई

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्राधिकारी सदर रामवीर सिंह ने सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक कमलेश यादव व आरक्षी अशोक कुमार को माल्यार्पण कर उन्हें विदाई दी। विभाग की ओर से सुखमय जीवन की कामना के साथ उपहार दिया। कहा कि नौकरी में सेवानिवृत्त होना एक हिस्सा है। एक न एक दिन सभी कर्मचारी अधिकारी को सेवानिवृत्त होना है लेकिन इससे समाज से निमृत नहीं हो सकता हैं। हम सभी को समाज की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

# सेहत के साथ खिलाड़ियों का कैरियर भी संवारता है खेलः मनोज डब्लू

**क्रिकेट प्रतियोगिता**

### हार-जीत से इतर खिलाड़ी खेल मैदान पर खेल भावना का परिचय दें


लौंदा में क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मनोज सिंह डब्लू।

**चंदौली।** क्षेत्र के लौंदा गांव में मंगलवार को क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन सैयदराजा के पूर्व विधायम मनोज सिंह डब्लू ने किया और उद्घाटन मैच खेल रहे दोनों टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात कर परिचय प्राप्त किया। साथ ही उनका हौसला बढ़ाया। उद्घाटन मैच दिलदारनगर और डिग्घी के बीच खेला गया, जिसमें डिग्घी की टीम विजयी रही। इस दौरान मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि खेल में कई संभावनाएं है।

खेल से न केवल मानसिक व शारीरिक शक्ति मिलती है, बल्कि यह खिलाड़ियों के कैरियर को भी संवारता है। जरूरत है निरंतर कड़ी मेहनत से अपने खेल कौशल को निखारने व संवारने की। कहा कि हार-जीत से इतर खिलाड़ी खेल मैदान पर खेल भावना का परिचय दें। इससे आपसी प्रेम और प्रगाढ़ होता है। चंदौली जनपद के ग्रामीण इलाके में प्रतिभाएं है। लेकिन खेल मैदान, कोच व संसाधनों के अभाव के कारण खिलाड़ियों को बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका नहीं मिल पाता है। जिला प्रशासन व शासन को चाहिए कि जनपद में जिला स्तरीय स्टेडियम के निर्माण के साथ ही ब्लाक व ग्रामीण स्तर पर मिनी स्टेडियम का निर्माण कराए, ताकि लम्बे समय से चले आ रहे अभाव को दूर किया जा सके।

## लेखपाल संघ के अध्यक्ष बने चंदन और मंत्री प्रेमानंद

**सकलडीहा।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के तहसील ईकाई का मंगलवार को सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी सुजीत यादव और सहायक चुनाव अधिकारी संदीप सिंह द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा करने पर लेखपाल संघ ने नवनिर्वाचि पदाधिकारियों को मालाफूल पहनाकर बधाई दिया। तहसील के लेखपाल संघ की चुनाव को लेकर सुबह से ही लेखपालों के बीच काफी गहमा गहमी बना रहा। चुनाव अधिकारी द्वारा चुनाव की प्रक्रिया शुरू किया गया। काफी देर बाद अध्यक्ष सहित सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव होने की सहमति बनने पर चुनाव अधिकारी द्वारा नामों की घोषणा किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर चंदन यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चन्द्रभूषण, कनिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश पासवान, मंत्री प्रेमानंद मौर्य, उपमंत्री सौरभ सिंह और कोषाध्यक्ष रामप्रवेश व आडिटर ओमप्रकाश को निर्विरोध चुनाव गया। इस मौके पर अखिलेश मिश्रा, केहर सिंह सुनील कुमार पांडेय, बृजेश यादव, पूजा सिंह, अरूण अवस्थी, पूजा राय, शिव प्यारे दूबे,रामकेश यादव, रामप्रवेश, राजेश, दिवस प्रकाश, शशीकपूर, रामबली पाल आदि मौजूद रहे।

# चोरी की मोबाइल के साथ अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे


चोरी की मोबाइल के साथ गिरफ्तार चोर।

**डीडीयू नगर।** कोतवाली प्रभारी दीन दयाल उपाध्याय व मुगलसराय पुलिस टीम को उस वक्त बड़ी सफलता मिली जब सोमवार को संदिग्ध व्यक्ति व संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान धर-दबोचा गया। मंगलवार को खुलासा करते हुए कोतवाली प्रभारी दीनदयाल पांडेय ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति चोरी के मोबाइल बेचने के फिराक में राम मन्दिर से भूपौली जाने वाले रोड पर पीपल के पेड के पास खड़ा होकर आने जाने वाले लोगों से सस्ते दाम में मोबाइल बेचने की बात कर रहा है। इस सूचना पर मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा राम मन्दिर से भुपौली रोड के पास मुखबिर ने इशारा करते ही खड़े व्यक्ति को धरदबोचा गया। कोतवाली लाकर पूछताछ किया गया तो अपना नाम पवन बिन्द उर्फ पिन्टू पुत्र कमला शंकर बिन्द उम्र करीब 20 वर्ष निवासी छमुआ टाड थाना देहात कोतवाली मीरजापुर बताया। तलाशी लेने पर अभियुक्त के पास से एक चोरी का मोबाइल फोन बरामद किया गया। पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गई।

# एसएस गुरुकुलम में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस


राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल गुरुकुलम के बच्चे।

**नियामताबाद।** एसएस गुरुकुलम एकेडमी जमालपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ राकेश शर्मा ने बताया कि महान भारतीय भौतिक वैज्ञानिक डा.सीवी रमन कल्याणकारी खोज, रमन प्रभाव के सम्मान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। हम राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मना कर बच्चों को यह संदेश देने का प्रयास करते हैं कि बच्चे इस महान वैज्ञानिक को जाने व पहचाने। देश निर्माण के लिए विज्ञान के क्षेत्र में सबसे बड़ा योगदान इनका रहा है। प्रधानाचार्य ने बताया कि वेंकटरमन की इस खोज ने क्वांटम भौतिकी के क्षेत्र में अत्यंत क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है। रमन प्रभाव की खोज वेंकटरमण के जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि थी। इस अवसर पर प्रबंधक बीएन यादव, उप प्रबंधक प्रवीण यादव, सीनियर कोऑर्डिनेटर देवेश देव, अमित पांडेय, अविनाश पांडेय, अरुण कुमार, रवि कुमार, विवेक कुमार, शुभम, तान्या, मरजीना, शीला, निशा एवं प्रीति और सभी बच्चे उपस्थित रहे।

## इंटरमीडिएट की परीक्षा में नकल करते हुए एक धराया

**चंदौली।** यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट के विभिन्न विषय की परीक्षा मंगलवार को कड़ी निगरानी के बीच सम्पन्न हुई। परीक्षा के दौरान जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों ने निगाह बनाए रखी। वहीं सचल दस्ता टीम ने भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। माध्यमिक शिक्षा परिषद् की इंटरमीडिएट की प्रथम पाली में मुद्रण, रंगीन फोटोग्राफी, रेडियो, तकनीक बुनाई, आटोमोबाइल एवं रंगीन टेलीविजन एवं हिन्दी व अंग्रेजी टंकण विषय की परीक्षा हुई। इसमें कुल 253 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। इसके सापेक्ष 235 ने परीक्षा दी। वहीं 18 परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित रहे। दूसरी पाली में भी इंटरमीडिएट में नागरिक शास्त्र एवं कृषि भाग एक और कृषि भाग 2 की परीक्षा सम्पन्न हुई। इसमें पंजीकृत 9253 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 8242 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 1061 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा केंद्रों का जिला विद्यालय निरीक्षक जय प्रकाश सहित सभी जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों और विभाग की तरफ से नियुक्त सचल दल ने निरीक्षण किया। इस दौरान खोर स्थित विमला इंटर कालेज में बने परीक्षा केंद्र में पूनम सिंह के नेतृत्व में गठित सचल दल ने चेकिंग के दौरान छात्र मनोज कुमार कृषि विषय की परीक्षा में अनुचित साधन प्राप्त होने पर रिस्टीकेट कर दिया।

# नीति आयोग से संबंधित बिंदुओं पर डीएम ने की समीक्षा बैठक

**बैठक**

### समस्त संबंधित विभाग नीति आयोग के फंड का नियमानुसार करे व्यय


चंदौली कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम निखिल टी. फुंडे।

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे नीति आयोग से संबंधित बिंदुओं की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने नीति आयोग के निर्धारित मानकों पर अपेक्षित कार्य करते हुए बेहतर प्रगति सुनिश्चित किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कहा कि समस्त संबंधित विभाग नीति आयोग के फंड का नियमानुसार व्यय करें।

नीति आयोग से संबंधित कराए गए कार्यों क्रय की गई सामग्रियों में यदि कहीं कोई कमी परिलक्षित हो तो तत्काल दूर कर अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। संबंधित उपलब्ध कराई गई धनराशि के सापेक्ष निर्धारित कार्यों को अविलंब पूर्ण करा लें। इस दौरान नीति आयोग के अंतर्गत बाल विकास, स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा, कृषि आदि विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। कहा कि भ्रूण हत्या किसी भी स्थिति में न होने पाए। भ्रूण हत्या को रोकने के लिए पेंटिंग,स्लोगन व अन्य माध्यमो से लोगों को जागरूक करे। नीति आयोग से सम्बंधित कराए जा रहे कार्यों में जो छोटे-छोटे कार्य अभी अधूरे रह गए है उनको अगली बैठक तक पूर्ण करा ले। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्वत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.वाईके राय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला पंचायतीराज अधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबंधक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, बेसिक शिक्षा, कौशल विकास, आई टी आई आदि संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# एडीओ समाज कल्याण का कार्य संभाल रहा सफाई कर्मी

जनसंदेश न्यूज


शहाबगंज ब्लाक में एडीओ समाज कल्याण की कुर्सी पर बैठकर पत्रावली देखता सफाई कर्मी।

**शहाबगंज।** विकास खण्ड में एडीओ समाज कल्याण के कुर्सी पर मंगलवार को एक सफाई कर्मी बैठकर कार्य सम्पन्न कराता नजर आया। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त सफाई कर्मी अपने नियुक्ति के गांव में कभी नहीं जाता है। हालांकि डीपीआरओ ने उक्त सफाई कर्मी के किसी भी दफ्तर से अटैच ना होने की बात कही है। सफाई कर्मियों की नियुक्ति बसपा सरकार में गांव की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए हुई थी। लेकिन समय बिताने के साथ सफाई कर्मियों की रुचि साफ सफाई करने से कम होने लगी। वही कुछ सफाई कर्मी अधिकारियों की परिक्रमा लगाकर कार्यालयों में अटैच होकर कार्य करने लगे। जो शासनादेश की अवहेलना है। इसी प्रकार का नजारा खण्ड विकास कार्यालय के एडीओ समाज कल्याण के टेबल पर देखने को मिला, जहां ठेकहा ग्राम पंचायत में नियुक्त सफाई कर्मी राकेश कुमार कुर्सी पर बैठकर कार्य करता हुआ दिखाई दिया। वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन व सामूहिक शादी के पत्रावली को देखता नजर आया।

वही पेंशन नही मिलने की समस्या को लेकर आने वाले ग्रामीणों को फटकारते भी नजर आया। जबकि समाज कल्याण के पद पर राजकुमार चौधरी की नियुक्ति की गयी है। लेकिन उनके भी आने व जाने का कोई समय सारणी निश्चित नहीं है। उनकी गैर मौजूदगी में बाकायदे समाज कल्याण की कुर्सी पर बैठ कार्य करता है। जबकि लगभग चार माह पूर्व विकास खण्ड के एक गांव में तैनाती हुई थी। सवाल यह उठता है कि राकेश कुमार किसके आदेश पर वृद्धा, विधवा व शादी अनुदान का फार्म जमा करता है और एडीओ समाज कल्याण के कार्यालय में कार्यों को करता है यह कोई बताने वाला नहीं है। इस सम्बन्ध में जिला पंचायत राज अधिकारी ब्रम्हाचारी दुबे ने बताया कि इनकी तैनाती शहाबगंज विकास खण्ड के एक गांव में की गई है किसी कार्यालय से अटैच नहीं किया गया हैं। अगर इस तरह की शिकायत मिलती है तो जांच कर उनके खिलाफ निलंबन जैसी कार्रवाई की जाएगी।

# विकसित भारत का रोडमैप है अमृतकाल का पहला बजट

**बोले डा. महेंद्रनाथ**

### भाजपा कार्यालय पर मीडिया से रूबरू हुए केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री


फोटो-05 डा. महेंद्रनाथ पांडेय।

**चंदौली।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री व सांसद डा.महेंद्रनाथ पांडेय मंगलवार को भाजपा कार्यालय पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय बजट पर बात की। कहा कि बजट पर बोलने के लिए विपक्ष के पास कुछ भी नहीं, यही वजह है कि विपक्ष के नेताओं ने बजट को लेकर रटे-रटाए जुमले बोले। उन्होंने कहा कि अमृतकाल का यह पहला बजट, विकसित भारत का रोडमैप है।

जिसमें भारत को 2045 तक सबसे विकसित राष्ट्र तथा 2027 तक विश्व की सबसे तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का सोच है। डा.महेंद्रनाथ पांडेय गाजियाबाद के एक अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद केंद्रीय बजट के महत्व को चंदौली की मीडिया से साझा किया। उन्होंने कहा कि बजट पेश करते समय वित्त मंत्री ने सप्तऋषि का उल्लेख किया था यानी समावेशी विकास, अंतिम छोर तक पहुंचना, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता को उजागर करना, ग्रीन ग्रोथ, युवा शक्ति और वित्तीय क्षेत्र, बजट की प्राथमिकताएं हैं। बजट-2023 आकांक्षी समाज का बजट है जो गरीब, किसान, मध्यम वर्गी सभी के सपने पूरा करने का वाहक बनेगा। बताया कि सरकार ने पूंजीगत व्यय को 33 प्रतिशत बढ़ाकर 10 लाख करोड किया है। गरीबों को मुफ्त अनाज देने के लिए पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना पर 2 लाा करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जिसका लाभ अंत्योदय और प्राथमिकता प्राप्त परिवारों को मिलेगा। सरकार ने टैक्स स्लैब में बदलाव कर नौकरीपेश मध्यम वर्गीय परिवारों को बढ़ी राहत दी है। वहीं रेलवे को रिकार्ड 2.40 लाख करोड़ का बजट दिया गया है, जो 2013 में रेलवे के मिले फंड से 9 गुना अधिक है।

इससे रेलवे के सुविधाओं व संसाधनो को बढ़ाया जाएगा, जिससे रेलवे से यात्रा करने वाले आम, सामान्य व गरीब वर्ग को लाभ मिलेगा। रेलवे लाइन बिछाने के साथ ही उसके विद्युतीकरण कार्य हो रहा है। बताया कि सरकार को महिलाओं की चिंता है। दो लाख के बचत पर पर महिलाओं को 7.5 प्रतिशत ब्याज मिलेगा, वहीं दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को 81 लाख स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा गया है। कहा कि सरकार ने किसानों के एमएसपी में बढ़ोत्तरी की है। साथ ही एमएसपी का दायरा बढ़ाया है। 20 लाख नए किसान क्रेडिटकार्ड जारी होंगे। मोटे अनाज और एग्री स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जा रहा है। बताया कि मत्स्य सम्पदा योजना के तहत 6 हजार करोड़ का निवेश का फैसला लिया गया है। प्राकृति खेती के लिए तीन वर्षों में एक करोड़ किसानों को 10 हजार जैव इनपुट संसाधन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। सरकार ने किसानों को 20 लाख करोड़ कर्ज देने का लक्ष्य रखा है। पीएम कौशल विकास योजना 4.0 के जरिए 47 लाख युवाओं को 3 साल तक भत्ता दिया जाएगा। युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग दी जाएगी। जिससे युवा रोजगार से जुड़कर देश के साथ ही परिवार को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने का काम करेंगे। अंत में उन्होंने यूपी सरकार के बजट को भी सराहा। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, सुशील त्रिपाठी, हरिवंश उपाध्याय, निकेतन मिश्रा, काशीनाथ सिंह, शिवराज सिंह समेत आदि नेता मौजूद रहे।

## ईवी को बढ़ा दे रही केंद्र सरकारः डा.महेंद्रनाथ

**चंदौली।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डा. महेंद्रनाथ पांडेय ने बजट में भारी उद्योग मंत्रालय के लिए फेम स्कीम के तहत 2908 करोड़ के बजट को बढ़कार 5172 किए जाने पर पीएम नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का आभार जताया। कहा कि इवी को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि बढ़े शहरों के साथ ही छोटे शहरों में प्रदूषण को कम किया जाए। नए चार्जिंग प्वाइंट स्थापित करने के लिए 10 हजार पेट्रोल पंप चुने गए हैं। इसके अलावा लीथियम बैट्री पर कस्टम ड्यूटी कम कर दी गयी है। बताया कि आज ग्रामन एनर्जी का जमाना है और युवा तेजी से इस ओर आकर्षित हो रहा है। इसके अलावा पुरानी कार को स्क्रैब करने के बदले सरकार प्रोत्साहन राशि भी दे रही है।

## मेसी फीफा प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित

**पेरिस।** अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम के कप्तान लियोनल मेसी को यहां फीफा प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। मेसी की कप्तानी में ही अर्जेंटीना ने गत वर्ष फीफा विश्वकप जीता था। मेसी ने फ्रांस के खिलाफ खेले गए विश्वकप के फाइनल मुकाबले में दो गोल दागे थे। तब फाइनल मुकाबला 3-3 ड्रॉ होने के बाद पेनल्टीज में गया था। जिसको अर्जेंटीना ने जीतकर 36 साल के बाद विश्वकप अपने नाम किया था। मेसी के अलावा अर्जेंटीना को विश्वकप जिताने वाले कोच लियोनल स्केलोनी को फीफा का कोच ऑफ द ईयर 2022 अवार्ड दिया गया। इसके अलावा गोलकीपर एसी माटीर्नेज को भी फीफा का गोलकीपर ऑफ द ईयर के अवॉर्ड दिया गया। आपको मेसी ने हाल ही में ओलिम्पिक डी मार्सिले के खिलाफ लीग 1 में पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के लिए खेलते हुए अपनी क्लब करियर के 700 गोल भी पूरे किए थे।

# ईरानी कप के लिए शेष भारत की टीम में मुलानी शामिल

**मुंबई।** मयंक मारकंडे के चोटिल होने के कारण ऑलराउंडर शम्स मुलानी को ईरानी कप के लिए शेष भारत टीम में शामिल किया गया है। अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने कहा है कि मयंक अब टूनार्मेंट में नहीं खेल पायेंगे और उनकी जगह मुलानी को अवसर दिया गया है। मारकंडे को अभ्यास के दौरान यह चोट लगी थी। शेष भारत का मुकाबला इस टूर्नमेंट में रणजी विजेता रही मध्य प्रदेश टीम से 1 से 5 मार्च तक ग्वालियर के कप्तान रूप सिंह स्टेडियम में होगा। ईरानी कप में शेष भारत की कमान मयंक अग्रवाल करेंगे। इससे पहले टीम की कप्तानी बल्लेबाज सरफराज खान को मिली थी पर वह हल्के फ्रैक्चर के कारण बाहर हो गये थे। सरफराज अभी दिल्ली कैपिटल्स के प्री-आईपीएल कैंप में हैं। टीम में अन्य खिलाड़ियों की बात करें तो बंगाल के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और आकाश दीप भी टीम में शामिल हैं। बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार को शेष भारत ने शामिल किया है। वहीं दूसरी ओर रजत पाटीदार मध्य प्रदेश की कप्तानी करेंगे। **शेष भारत टीम :** मयंक अग्रवाल (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, यशस्वी जायसवाल, यश ढुल, बाबा इंद्रजीत, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), अतीत सेठ, सौरभ कुमार, हार्विक देसाई, नवदीप सैनी, मुकेश कुमार, चेतन सकारिया, आकाश दीप, शम्स मुलानी , पुलकित नारंग, सुदीप कुमार घरामी।

## आईसीसी ने शुभमन को जनवरी माह का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया

**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट बार्ड (आईसीसी) ने भारतीय टीम के बल्लेबाज शुभमन गिल को महीने का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर घोषित किया है। शुभमन के साथ सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर की दौड़ में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और न्यूजीलैंड टीम के बल्लेबाज डेवॉन कॉनवे भी शामिल थे। शुभमन ने जनवरी महीने में कुल 5 टी20 और सात एकदिवसीय मुकाबले खेलकर कुल 643 रन बनाए हैं। एकदिवसीय में इस बल्लेबाज ने कुल 567 रन बनाए, जिसमें एक दोहरा शतक, दो शतक और एक अर्धशक शामिल है हालांकि पांच टी20 में उनके नाम केवल 76 रन ही हैं। शुभमन ने जनवरी महीने का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर बनने की दौड़ में अपने ही देश के तेज गेंदबाज सिराज और बल्लेबाज कॉनवे को पीछे छोड़ा। शुभमन के साथ इन दोनों खिलाड़ियों को भी जनवरी माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के अवॉर्ड के लिए नामांकित किया गया था पर शुभमन का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। सिराज का भी पिछले महीने शानदार प्रदर्शन रहा है। सिराज ने जनवरी महीने में 5 एकदिवसीय मुकाबले खेलकर कुल 14 विकेट अपने नाम किए थे।



पेरिस में फीफा ने महिला फुटबॉल के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को अवार्ड दिये। इसके तहत क्रिस्टीयन एंडलर , लुसी ब्रांज सहित कई खिलाड़ियों को अवार्ड दिये गये।

## राहुल को उपकप्तानी से हटाना किसी प्रकार का संकेत नहीं : रोहित

**इंदौर।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि लोकेश राहुल का उपकप्तानी से हटाने का यह मतलब नहीं है कि उन्हें बाहर किया जा रहा है। तीसरे टेस्ट से पहले रोहित ने कहा कि प्रबंधन खिलाड़ियों का समर्थन करता रहेगा। रोहित और शुभमन गिल ने मंगलवार को वैकल्पिक अभ्यास में साथ-साथ नेट्स पर बल्लेबाजी की जबकि राहुल ने टीम के अधिकांश सदस्यों के साथ होटल में रहने का फैसला किया। गिल और राहुल दोनों ने सोमवार को ट्रेनिंग सत्र के दौरान एक साथ बल्लेबाजी की थी। 47 टेस्ट के बाद राहुल का औसत 33.4 का है, जबकि शुभमन ने सीमित ओवरों के क्रिकेट में जमकर रन बनाये हैं। इसके बाद से ही वह टेस्ट में अवसर का इंतजार कर रहे हैं। राहुल, जो अपनी पिछली 10 टेस्ट पारियों में केवल 25 रन बनाने के कारण दूसरे टेस्ट के बाद उप-कप्तान के रूप में हटा दिया गया, जिसके बाद माना जा रहा था कि उन्हें



अगले दो टेस्ट में जगह नहीं मिलेगी। रोहित ने कहा, मैंने पिछले मैच के बाद भी इसके बारे में बात की थी। जो खिलाड़ी कठिन समय से गुजर रहे हैं, उन्हें अपनी क्षमता को देखते हुए अपने को साबित करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा। मैं आपको कुछ नहीं बता सकता। उस समय वे उपकप्तान थे। किसी का उपकप्तान होना और ना होना, आपको किसी भी तरह के संकेत नहीं देता है। उन्होंने आगे कहा, हां, यह बात है कि शीर्ष क्रम ने अभी तक उतने रन नहीं बनाए हैं, जितनी उम्मीद की जा रही थी, लेकिन हमारी कोशिश है कि शीर्ष स्तर पर क्वालिटी लाई जाए, जिसका परिणाम जरूर मिलेगा।

# सीरीज जीतकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने उतरेगी

**भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट आज से, सुबह 9:30 बजे शुरू होगा मैच**

**इंदौर।** यहां होल्कर स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बुधवार से बॉर्डर-गावस्कर सीरीज का तीसरा क्रिकेट टेस्ट मैच शुरू होगा। भारतीय टीम इस मैच को जीतकर सीरीज के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में अपनी जगह पक्की करने उतरेगी। भारतीय टीम अभी 2-0 से इस सीरीज में आगे है। भारतीय टीम ने नागपुर और दिल्ली टेस्ट में बड़ी जीत दर्ज की है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं दूसरी ओर मेहमान ऑस्ट्रेलियाई टीम अब तक टूनार्मेंट में विफल रही है। ऐसे में उसपर वापसी का भारी दबाव रहेगा। वहीं भारतीय टीम का इस मैदान पर भी अच्छा रिकार्ड रहा है। इससे वह जीत की प्रबल दावेदार नजर आ रही है। दूसरी ओर मेहमान ऑस्ट्रेलियाई टीम अब तक बल्लेबाजी और गेंदबाजी में विफल रही है। ऐसे में उसे सीरीज में वापसी के लिए काफी प्रयास करना होगा।

भारतीय टीम इस मैच में खराब फॉर्म से जूझ रहे लोकेश राहुल को ही रखती है या युवा शुभमन गिल को अवसर देती है यह देखना होगा। अब तक के संकेतों के अनुसार राहुल को अपने को साबित करने का एक और अवसर मिल सकता है। इस सीरीज में भारतीय टीम की ओर से अब तक केवल एक शतक कप्तान रोहित शर्मा ने लगाया है। ऐसे में अब चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली जैसे प्रमुख बल्लेबाजों को भी रन बनाने होंगे। गेंदबाजी की बात करें तो अभी तक इस इस सीरीज में भारतीय स्पिनर हावी रहे हैं। रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल की गेंदों के सामने कंगारु टिक नहीं पाये हैं और ये तीनों ही इस सिलसिले को बनाये रखना चाहेंगे। इन तीनों ने ही गेंदबाजी के साथ ही काफी रन भी बनाये हैं। निचले क्रम में हालांकि उनसे नियमित रूप से रन बनाने की उम्मीद नहीं की जा सकती है ऐसे में शीर्ष क्रम को रनों की जिम्मेदारी उठानी होगी। भारतीय स्पिनरों के खिलाफ स्वीप शॉट खेलने की ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की रणनीति पूरी तरह से विफल रही पर भारतीय बल्लेबाजों ने प्रतिद्वंद्वी स्पिनरों के खिलाफ पारंपरिक तरीका अपनाया और उन्हें इसका फायदा भी मिला। रोहित का फुटवर्क शानदार रहा तो वहीं कोहली भी बल्लेबाजी के दौरान सहज दिखे। अपने 100वें टेस्ट की दूसरी पारी में चेतेश्वर पुजारा ने नाबाद 31 रन की पारी खेली जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ होगा।

होलकर स्टेडियम में टर्न और उछाल कम होने की संभावना है। इंदौर में ऑस्ट्रेलियाई टीम में कई बदलाव के साथ मैदान पर उतरेगी। कप्तान पैट कमिंस के निजी कारणों से स्वदेश लौटने के बाद टीम की कमान अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को मिली है। एश्टन अगर, जोश हेजलवुड और डेविड वॉर्नर भी चोट के कारण स्वदेश लौट आए हैं। ऐसे में तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की वापसी तय नजर आ रही है। इस सीरीज में स्पिनरों को मिल रही सहायता को देखते हुए टीम नाथन लियोन, टॉड मर्फी और मैथ्यू कुहनेमैन के रूप में तीन विशेषज्ञ स्पिनरों के साथ मैदान में उतर सकती है। भारतीय स्पिनरों के खिलाफ स्वीप शॉट लगाने में मिली असफलता को देखते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज अश्विन और जडेजा के खिलाफ स्वीप शॉट खेलने की जगह पारंपरिक तरीके से बल्लेबाजी करेंगे। इन दोनों गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अक्षर को इन दो टेस्ट मैचों में केवल 26 ओवर गेंदबाजी करने का मौका मिला है। वॉर्नर की गैरमौजूदगी में उस्मान ख्वाजा के साथ ट्रेविस हेड पारी की शुरूआत करेंगे। ख्वाजा ने दिल्ली में पहली पारी में 81 रन बनाये थे जबकि दूसरी पारी में हेड ने भारतीय स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाकर दबाव कम करने का प्रयास किया था।

## बॉलीवुड न्यूज

### ग्लोबल स्पाई सीरीज के मुख्य भूमिका में होंगी प्रियंका चोपड़ा



**मुंबई।** इंतजार की घड़ियाँ खत्म हुईं और प्राइम वीडियो ने आज एक्शन से भरपूर स्पाई थ्रिलर, सिटाडेल के फर्स्ट-लुक की तस्वीरें जारी की, साथ ही यह भी घोषणा की गई कि इस धमाकेदार सीरीज का एक्सक्लूसिव प्रीमियर शुक्रवार, अप्रैल 28 को प्राइम वीडियो पर होगा जिसमें जबरदस्त रोमांच और उत्साह से भरे दो एपिसोड शामिल होंगे। इसके बाद 26 मई तक हर हफ्ते प्रत्येक शुक्रवार को एक नया एपिसोड रिलीज किया जाएगा। रुसो ब्रदर्स अग्ब्रेड और शो-रनर डेविड वील इस लैंडमार्क, हाई-स्टेक ड्रामा के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं, जिसमें स्टेनली टुकी और लेस्ली मैनविल के साथ रिचर्ड मैडेन और प्रियंका चोपड़ा जोनास ने मुख्य किरदार निभाए हैं। सिटाडेल दुनिया के 240 देशों एवं क्षेत्रों में दर्शकों के मनोरंजन के लिए उपलब्ध होगा। आठ साल पहले सिटाडेल पूरी तरह तबाह हो चुका था। यह स्वतंत्र रूप से अपना काम करने वाली ग्लोबल स्पाई एजेंसी थी, जिसे लोगों की हिफाजत और सुरक्षा को बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी – लेकिन उसे मन्टिकोर के गुर्गों ने नष्ट कर दिया था, जो परछाई बनकर दुनिया को अपने इशारों पर नचाने वाला एक शक्तिशाली सिंडिकेट है। सिटाडेल की तबाही के समय इसके सबसे बड़े एजेंट, यानी मेसन केन (रिचर्ड मैडेन) और नादिया सिंह (प्रियंका चोपड़ा जोनास) किसी तरह से अपनी जान बचाने में सफल रहे थे और इससे जुड़ी यादों को भूल चुके थे। इसके बाद से ही वे दुनिया की नजरों से ओझल हो गए हैं, और अपने अतीत को भूलकर एक नई पहचान के साथ जिंदगी जी रहे हैं। लेकिन एक रात सब कुछ बदल जाता है, जब मेसन के साथ सिटाडेल में पहले काम कर चुकी बर्नार्ड ऑरलिक (स्टेनली टुकी) उसे ढूंढ निकालती है, जिसे मन्टिकोर को दुनिया पर काबू करने से रोकने के लिए उसकी मदद की सख्त जरूरत है। मेसन अपनी पूर्व सहयोगी नादिया को ढूंढता है।

### अभिषेक निगम ने अपने किरदार की खासियत बताई



**इंदौर।** अलीबाबा- एक अंदाज अनदेखा : चैप्टर 2 पूरे परिवार का मनोरंजन करने वाला और प्रशंसकों का चहेता शो है, जिसमें अली अपनी जमीन के आस-पास मंडराने वाले कई खतरों से उसे बचाते हुए बड़ी हिम्मत वाले काम करता है। अभिषेक निगम अलीबाबा- एक अंदाज अनदेखा के कलाकारों के साथ हाल ही में अली बनकर जुड़े हैं। अभिषेक ने इस शो से जुड़ने, अपने किरदार और साथी कलाकारों के साथ शूटिंग के अनुभव के बारे में बताया।सोनी सब पर वापसी करना अपने घर लौटने से कम नहीं है। हर कोई बड़ा ही प्रतिभाशाली और अपनी कला को लेकर सच्चा है। सीखने का अनुभव लगातार मिलता है, क्योंकि मैं सचमुच अपने साथी कलाकारों और सीनियर्स की ओर देखता हूँ, क्योंकि उनके पास हमेशा देने के लिये बहुत कुछ होता है। मैं यह भूमिका देने और इसे निभाने का जिम्मेदार समझने के लिये चैनल का भी बहुत आभारी हूँ। सोनी सब मेरे लिये बेहद खास है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चो ने दिखाया अपना प्रोजेक्ट

**विज्ञान प्रदर्शनी**

### सेवानिवृत्त कमिश्नर ने देखा बच्चो द्वारा बनाया गया प्रोजेक्ट


चहनियां लोक मंगल स्कूल में बच्चों की विज्ञान प्रदर्शनी को देखते सेवानिवृत्त कमिश्नर भोला नाथ मिश्रा।

**चहनियां।** कस्बा स्थित लोक मंगल पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओ द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त कमिशनर भोला नाथ मिश्रा ने बच्चो द्वारा विज्ञान से सम्बंधित बनाये गये एक एक प्रोजेक्ट को देखा । बच्चो से प्रोजेक्ट बनाने का तातपर्य भी पूछे। प्रदर्शनी के पश्चात बच्चो द्वारा रंगारंग डांस का आयोजन हुआ। बच्चो द्वारा प्रदर्शनी में प्रिंस विश्वकर्मा की टीम द्वारा बिद्यालय का नक्शा तारकोल द्वारा,वैसवणी मिश्रा टीम द्वारा ग्लोबल वार्मिंग, अभिषेक मौर्या टीम द्वारा राज्य,राजधानी व भाषा, अमित टीम द्वारा प्रकाश संश्लेषण, साक्षी टीम द्वारा संज्ञा मॉडल, अनुज टीम द्वारा स्पेस सेटल, कृष्णा टीम द्वारा बटर फ्लाई,आस्था टीम द्वारा मॉडल सीटी व गांव, आयुष टीम द्वारा रेन वाटर, अर्पित टीम द्वारा एयर प्रदूषण, अंश टीम द्वारा लेजर लाइट सिक्युरिटी, रुद्र टीम द्वारा सोलर लाइट ड्रोन आदि आदि दर्जनों बच्चो द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी लगायी गयी थी। मुख्य अतिथि भोला नाथ मिश्रा ने कहा कि ऐसे प्रदर्शनी से ही बच्चो के अंदर प्रतिभा निखरती है। जो आगे चलकर इन्हें उचाईयो पर ले जाते है। पढ़ाई के साथ प्रेक्टिकल बहुत जरूरी है। इस दौरान प्रबंधक योगेंद्र मिश्रा, प्रिंसिपल नीलू गुप्ता, सुनील मौर्या, नागेश गुप्ता, साधना पाण्डेय, पिंकी देवी, संजीव मौर्य, आशीष मोदनवाल, अनिल कुमार, श्रेया शर्मा, रंजना कुमारी, रिशु कुमारी, पुनिता यादव आदि लोग उपस्थित थे।

# मानसिक स्वास्थ्य शिविर में लाभान्वित हुए 165 मरीज


शहाबगंज में मानसिक स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकीय परामर्श लेते ग्रामीण।

**शहाबगंज।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में मंगलवार को मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. निलेश मालवीय व मानसिक रोग विशेषज्ञ डा. नितेश ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। मानसिक स्वास्थ्य शिविर में दूर दराज से आये 165 मरीजों की जांच करने के बाद उन्हें निशुल्क दवा प्रदान की गयी। चिकित्सक ने मानसिक रोगियों को आवश्यक परामर्श दिया। डा. नितेश मालवीय ने बताया कि लोगों को मानसिक रोगों के प्रति अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है। आज हर घर में कोई ना कोई व्यक्ति किसी न किसी कारण तनाव में हैं। तनाव में रहने से समस्याएं बढ़ती है समस्याएं बहुत साधारण स्तर से शुरू होकर बाद में जटिल मानसिक रोग या पागलपन का रूप ले लेती है। ऐसी समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर काउंसलिंग व योग के माध्यम से आसानी से दूर किया जा सकता है। मानसिक रोगों से बचने के लिए हमें खानपान, जीवन-शैली में सुधार लाने और नियमित रूप से योग को अपनाने की जरूरत है। इस दौरान डा. संजय कुमार, डा. अजय कुमार, डा.अवधेश, डा.रजनीश, डा.अमित, डा. एके श्रीवास्तव, निरंजन पाण्डेय, रिता, श्वेता, अंजलि, चांद, रावेद्र सिंह, मौजूद रहे।

# योजनाओं व उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ

**चंदौली।** जिला मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग लखनऊ द्वारा आयोजित केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों व उपलब्धियों पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने फीता काटकर किया। डीएम ने कहा कि आम जनमानस को सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों तथा उपलब्धियों की जानकारी व प्रचार प्रसार के उद्देश्य से इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित चित्र प्रदर्शनी में रोजगार के अवसर, महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा एवं सम्मान, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, आपरेशन कायाकल्प, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना, कोविद टीकाकरण, आरोग्य मेला, प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स, स्वनिधि योजना, गन्ना भुगतान, एक्सप्रेस वेज, आई टी आई इलेक्ट्रॉनिक्स, ऐतिहासिक धरोहरें, भगवान बुद्ध की भूमि सारनाथ, गोरक्षनाथ की तपोभूमि गोरखनाथ, आधुनिक एवं अलौकिक श्री रामनगरी अयोध्या आदि सहित केंद्र एवं प्रदेश सरकार की प्रमुख योजनाओं, विकास कार्यों व उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव, कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी एसपी सिंह, जिला सूचना अधिकारी डा. एसएन पाल, डा. अमित सिंह उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत की बैठक 17 को

**चंदौली।** जिला पंचायत की ओर से चार मार्च को आयोजित बैठक यूपी विधानसभा की कार्यवाही चलने के कारण स्थगित कर दी गई है। अब उक्त बैठक 17 मार्च को जिला पंचायत सभागार में पूर्वाह्न 11 बजे होगी, जिसमें 11 बिंदुओं पर आधारित एजेंडे पर चर्चा व प्रस्तावों को अनुमोदित किया जाएगा। यह जानकारी अपर मुख्य अधिकारी अशोक कुमार मद्धेशिया ने दी है।

## इलिया में शराब संग तस्कर गिरफ्तार

**इलिया।** स्थानीय पुलिस ने कस्बा के मदरसा तिराहा मोड़ के पास चेकिंग के दौरान पवन कुमार सिंह नामक तस्कर को 45 टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। स्थानीय पुलिस बिहार बॉर्डर की सीमा पर गौ तस्करों तथा शराब तस्करों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चला रही थी, इसी बीच एक व्यक्ति को बोरा में भरकर शराब लेकर जाते वक्त पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसके विरुद्ध स्थानीय थाने में आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। थानाध्यक्ष मिर्जा रिजवान बेग ने बताया कि बिहार में तस्करी के लिए शराब ले जा रहे कैमूर जिला के चांद गांव निवासी पवन कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के अलावा उप निरीक्षक राम सिंह, कांस्टेबल महेश प्रताप सिंह शामिल रहे।

# निष्ठा और ईमानदारी व्यक्ति को दिलाती है सम्मान : प्राचार्य

**जनसंदेश न्यूज**


प्राचार्य संगीता चौधरी को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र से सम्मानित करते शिक्षक।

**सकलडीहा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पर मंगलवार को डायट प्राचार्य संगीता चौधरी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन डायट प्रशासन द्वारा किया गया। इस मौके पर डायट प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र सहित मालाफूल से सम्मानित किया गया।

इस मौके पर वरिष्ठ प्रवक्ता माया सिंह सहित अन्य प्रवक्ताओं ने प्राचार्य को भावभीनी विदाई दिया। प्राचार्य संगीता चौधरी ने कहा कि व्यक्ति का स्वभाव सरल और निष्ठावान होना चाहिये। पद पर दायित्व का निर्वहन ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक होना चाहिये। वही वरिष्ठ प्रवक्ता माया सिंह ने कहा कि शिक्षक सदैव समाज के नींव को मजबूत करता है। शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्त नही होता है। सेवानिवृत्त होने के बाद भी समाज और राष्ट्र के लिये कार्य करता है। इसके पूर्व डायट प्रशासन की ओर से कार्यकाल के अंतिम दिन प्राचार्य को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्रम मालाफूल से सम्मानित करते हुए विदाई दिया। इस मौके पर प्रिया पांडेय, प्रवक्ता बैजनाथ पांडेय, रोशन कुमार सिंह, राजश्री सिंह, मोहम्मद अजहर सईद, प्रवीण कुमार राय, जितेन्द्र सिंह, संतोष गुप्ता, राजेश सिंह, कमर कमर अयूब, उपस्थित रहे।


मैक्सिको में अमेरिका के जॉन इस्नर एटीपी ओपन टेनिस में रिटर्न शॉट लगाते हुए।

# शैक्षिक धरा के महान शिल्पी थे ठा. तिलकधारी सिंह

**जौनपुर।** तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्थापक दिवस समारोह का आयोजन बलरामपुर हाल में आयोजित किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने दीप प्रज्वलित व ठा. तिलकधारी सिंह के चित्र पर माल्यार्पण

**कार्यक्रम**

### टीडीपीजी कालेज में आयोजित हुआ संस्थापक दिवस समारोह

### अतिथियों ने चित्र पर अर्पित किये श्रद्धासुमन







संस्थापक दिवस समारोह में मंचासीन अतिथिगण व उपस्थित लोग

कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

मुख्य अतिथि के रूप में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर पंजाब सिंह ने कहाकि तिलकधारी सिंह द्वारा स्थापित यह शैक्षिक मंदिर मालवीय जी के समकालीन है। तिलकधारी सिंह ने जनपद के लिए महामना मालवीय जैसे कार्य किए हैं। वैश्विक परिदृश्य में देखा जाए तो पूर्वांचल का यह क्षेत्र शिक्षा के लिए विशेष माना जाता है उसमें कहीं न कहीं तिलकधारी महाविद्यालय भी जुड़ा हुआ है। किसी भी महाविद्यालय की खूबसूरती वहां का शैक्षिक वातावरण है। बच्चों में एक अच्छी सृजनात्मकता यहां के शिक्षक पैदा करें तिलकधारी सिंह की यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. एसके सिंह ने कहा कि स्व. ठाकुर तिलकधारी सिंह महान तपस्वी एवं शिक्षा शिल्पी रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पद्मश्री ख्यातिप्राप्त साहित्यकार विद्या बिंदु सिंह ने कहा कि तिलकधारी सिंह का नाम ही समाज का नेतृत्व करने वाला था, वह इस समाज के शैक्षिक विधा के ऐसे शिल्पी थे जिन्होंने आज शिक्षा के क्षेत्र में पूर्वांचलवासियों के लिए अप्रतिम शिक्षा मंदिर का निर्माण किया है, वह शैक्षिक धरा के महान शिल्पी थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि महाविद्यालय अपने पूर्व गरिमा के अनुसार कार्य करें यही ठाकुर तिलकधारी सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। महाविद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि महाविद्यालय में एक सृजनात्मक शैक्षिक वातावरण तथा महाविद्यालय का चतुर्दिक विकास ही हमारी प्रथम बरीयता है और यही तिलकधारी सिंह के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में आए हुए समस्त अतिथियों का आभार प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह ने व्यक्त किया। महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए प्रोफेसर आरएन ओझा ने महाविद्यालय से जुड़ी समस्त उपलब्धियों को कार्यक्रम में सभी के सामने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बोलते हुए वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार सिंह ने कहा कि यह महाविद्यालय पूरे उत्तर प्रदेश में शिक्षा का अप्रतिम उदाहरण है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर समर बहादुर सिंह ने पूरे कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं संयोजित तरीके से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य डॉ. राधेश्याम सिंह, डॉ. विनोद कुमार सिंह डॉ. अरुण कुमार सिंह डॉ. सरोज सिंह डॉ. डीआर सिंह, डॉ. दिनेश सिंह बब्बू, दुष्यंत सिंह एडवोकेट, संजय सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, डॉ. उपेंद्र सिंह, डॉक्टर सुभाष सिंह, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह तथा महाविद्यालय के मुख्य अनुशास्ता एवं कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर राजीव रतन सिंह, प्रोफेसर अरुण कुमार चतुर्वेदी, डॉ. अशोक रघुवंशी, प्रोफेसर दल सिंगार सिंह, प्रोफेसर ज्ञानेंद्रधर दुबे, प्रो. वंदना दुबे, प्रो. सुषमा सिंह, प्रोफेसर शशी सिंह, प्रो. रीता सिंह, डॉक्टर माया सिंह, डॉ. हिमांशु सिंह डॉ. मनोज कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# हाइड्रोजन एनर्जी, सोलर एनर्जी के शोध पर विशेष ध्यान : प्रो. मौर्य



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सतत विकास के लिए विज्ञान की भूमिका विषयक एक-दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से मंगलवार को किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने सर सीवी रमन द्वारा किये गये वैज्ञानिक कार्यों को छात्रों से चर्चा करते हुए कहा कि मानव सभ्यता के विकास में विज्ञान का योगदान अप्रतिम है। साथ ही कहा कि वर्तमान समय की जरूरत को ध्यान में रखते हुए पूर्वांचल विश्वविद्यालय में वैकल्पिक उर्जा स्त्रोतों द्वारा ऊर्जा के रूपांतरण और भंडारण हेतु हाइड्रोजन एनर्जी, सोलर एनर्जी एवं रिचार्जेबल बैटरी के शोध एवं विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। संगोष्ठी में विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। साथ ही साथ छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे पोस्टर व ओरल प्रेजेंटेशन, रंगोली, एक्सटेम्पोर, क्विज प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के वक्ता वैज्ञानिक, विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश के डॉ. सुमित श्रीवास्तव ने विज्ञान और तकनीकी विकास की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के द्वारा विज्ञान प्रसार के कार्यक्रमों को छात्रों से साझा किया जिससे कि छात्र उनमें प्रतिभाग कर सकें। संगोष्ठी में निदेशक प्रो. देवराज सिंह तथा प्रो. बीबी तिवारी ने अभियांत्रिकी संकाय ने विषय प्रवर्तन करते हुए सर सीवी रमन के योगदान और वैज्ञानिक विकास के महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की। विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का समन्वयन, कार्यक्रम आयोजन सचिव डॉ. रामान्शु पी. सिंह ने किया।

रंगोली प्रतियोगिता में एमएससी सूक्ष्मजैविकी विभाग के सतीश राजभर के ग्रुप को प्रथम, एमएससी भौतिकी विभाग की रश्मि मौर्या के ग्रुप को द्वितीय एवं श्येमा अफरोज के ग्रुप को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वैकल्पिक उर्जा शोध केंद्र के शोधार्थी अनिल कुमार शर्मा व भौतिकी विभाग के शोधार्थी शिवम कुमार सिंह को बेस्ट ओरल प्रेजेंटेशन, एमएससी भौतिकी विभाग के जमुना प्रसाद यादव को बेस्ट पोस्टर प्रेजेंटेशन प्राप्त हुआ। एक्सटेम्पोर व क्विज के विजेता इंजीनियरिंग संस्थान के स्वर्णिम मिश्रा और सैयद अजमत हुसैन रहे। सेमिनार में प्रो. राम नारायण, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. सुजीत चौरसिया, डॉ. रसिकेश, डॉ. सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉ. धीरेन्द्र चौधरी तथा डॉ. काजल डे ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# हादसे में घायल की जेब से दस हजार नकद व मोबाइल उड़ाया

**जनसंदेश न्यूज**



**हादसा**

### उपचार के लिए वाराणसी ले जाते समय घायल ने तोड़ दिया था दम

**खुटहन।** प्रकृति के सभी जीवधारियों में मानव सर्वोत्कृष्ट रचना मानी जाती है। लेकिन इंसान कब, कहां और क्या गुल खिला दे, शायद यह उसे बनाने वाला भी नहीं समझ सकता। दुर्घटना के बाद एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में सड़क पर पड़ा जीवन मौत से लड़ रहा था। आसपास के कुछ लोग वहां पहुंचते हैं। कुछ समय बाद 112 पुलिस के जवान भी आ जाते हैं। इस बीच घायल की जेब में रखा उसका पर्स जिसमें दस हजार नकद और मोबाइल गायब हो जाता है।

उपचार को ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत भी हो जाती है। बावजूद इसके उस संवेदनाहीन की नैतिकता इस कदर मर चुकी है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी न तो पैसे वापस किया और न ही मोबाइल। मृतक के पिता ने इसको लेकर थाने में तहरीर भी दिया है। कहाकि पैसे न मिले तो कोई बात नहीं लेकिन मोबाइल मिल जाए तो बहुत अच्छा है। मामला खुटहन गांव निवासी उदयशंकर दूबे के जवान पुत्र रितेश का है। वह शादी ब्याह में जयमाल का मंडप सजाने का काम करता था। गत 22 फरवरी को वह विवाह के एक समारोह में मंडप सजाया था। सारी रस्में पूरी होने के बाद उसने रात में ही वधू पक्ष से दस हजार रुपए लिया। वहां से वह अपनी बाइक से वापस घर लौट रहा था। सब्जी मंडी में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। वह सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। मौके पर आस पास के कुछ लोग पहुंच गए। घटना की सूचना पर 112 पुलिस भी पहुंच गयी। स्वजन भी घटनास्थल पर पहुंच उसे उपचार हेतु सीएससी ले गए जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। वहां से बीएचयू ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। बाद में स्वजन उसकी मोबाइल तलाश करने लगे। तब पता चला कि उसकी जेब में दस हजार रुपए भी थे। पीआरबी पुलिस और प्रत्यक्षदर्शी सभी ने इन्कार कर दिया। मामले में चंद रुपये व मोबाइल का गायब होना बहुत मायने नहीं रखता। यह घटना एक आइना है कि इंसान का मानवीय मूल्य, नैतिकता और संवेदनशीलता किस कदर गिर चुका है। घटना साफ साफ इसी का एहसास करा रही है।

# ट्रक की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

**जनसंदेश न्यूज**

**सुजानगंज।** बदलापुर मार्ग पर बखोपुर में तेज गति से आ रही ट्रक की चपेट में आने से हरिशंकर पांडे (28) निवासी गधिआंवां थाना आसपुर देवसरा प्रतापगढ़ की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। हरिशंकर पांडे पुत्र छविनाथ पांडे थाना अंतर्गत ग्राम सभा देवकली के कोटिला गांव में सूर्य नारायण दुबे के यहां अपनी ससुराल आया था।

मंगलवार को सुबह साइकिल से वह अपने घर जा रहा था कि बखोपुर के पास बदलापुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दे शव को कब्जे में लेकर थाने ले आई। सूचना पर परिजन भी आ गए। पुलिस अग्रिम कार्यवाही करते हुए शव को अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। मौके से ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया है। मौत की खबर से घर एवं ससुराल में कोहराम मचा हुआ है।

# परीक्षा केन्द्रों का सेक्टर मजिस्ट्रेट ने किया औचक निरीक्षण

**जनसंदेश न्यूज**

**सुइथाकला।** यूपी बोर्ड की दोनों पालियों में चल रही परीक्षा के दौरान सोमवार को सेक्टर मजिस्ट्रेट ने क्षेत्र के कई परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। सोमवार को प्रथम पाली में यूपी बोर्ड की हाई स्कूल के विज्ञान और द्वितीय पाली में इण्टर के जीव विज्ञान और गणित की परीक्षा कराई जा रही थी। इसी बीच तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट पशु चिकित्सक डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल ने क्षेत्र के कई परीक्षा केन्द्रों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों से सकुशल परीक्षा कराए जाने का निर्देश दिया। सेक्टर मजिस्ट्रेट सबसे पहले प्रथम पाली में क्षेत्र के मोहम्मद हुसैन इण्टर कालेज खानबड़ेपुर व इन्दिरा स्मारक सर्वोदय इण्टर कालेज कटघर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों को परीक्षा सम्बन्धी जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए परीक्षा का हाल जाना। वहीं शाम की पाली में चल रही इण्टर की जीव विज्ञान और गणित की परीक्षा के दौरान बाल संरचना संस्थान इण्टरमीडिएट कालेज का भी दौरा कर जायजा लिया। इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट ने शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा संचालित होते देख सन्तुष्टि जाहिर की।




## संक्षेप



### विज्ञान दिवस का हुआ आयोजन

**जौनपुर।** नगर के कलीचबाद स्थित बलराम इंटर कॉलेज में विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि के रूप मे डा. अलोक यादव रहे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमें प्रकृति के प्रति जागरूक करते हैं। ऐसे कार्यक्रमों से हमें प्रेरणा मिलती है। कालेज के बच्चों ने कई प्रकार की चीजें बनाकर प्रदर्शनी में चार-चांद लगा दिया। इस मौके पर रिशु यादव, प्रगति सिंह, रतन यादव, राहुल प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे।

### पॉलीथिन रखने पर चार दुकानदारों पर लगा जुर्माना

**खेतासराय।** ईओ रवींद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को पॉलिथीन के खिलाफ अचानक अभियान चलाया। कर्मचारियों ने पुलिस बल के साथ छापेमारी कर चार दुकानों से भारी मात्रा में पॉलिथीन बरामद किया। पॉलिथीन प्रयोग करने पर इन दुकानदारों पर 11 सौ रुपए का जुर्माना लगाया। पिछले कई महीने से जांच न होने से बाजार में प्लास्टिक कैरी बैग का प्रयोग धड़ल्ले से हो रहा था। नगर प्रशासन को इसकी जानकारी हुई तो अचानक अभियान चलाया गया। दोपहर बाद पुलिस के साथ अचानक नगर पंचायत कर्मचारियों को सब्जी और फल की दुकानों पर पॉलिथीन की जांच करते देख दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कुछ दुकानदार प्लास्टिक का कैरीबैग इधर उधर छिपा लिए। इस दौरान चार दुकनदारों के पास से लगभग आधा किलो पॉलिथीन जब्त कर 11 सौ रुपए का जुर्माना लगाया गया। अभियान में शोभनाथ पाल, प्रमोद यादव, मो. अख्तर, जावेद, दिनेश कुमार, रमेश शामिल रहे।

# गोली से घायल युवक की डॉक्टर ने उपचार कर बचाई जान

**सरायख्वाजा बैजारामपुर गांव का मामला**

**जनसंदेश न्यूज**

**करंजाकला।** सरायवाजा थाना क्षेत्र के बैजारामपुर गांव निवासी एक युवक के सीने में गोली ऐसे लगी थी जिसे डॉक्टर ने उपचार कर निकाल दी और उसकी जान बचा ली। अब वह खतरे से बाहर बताया गया है।

जानकारी के अनुसार बैजारामपुर गांव निवासी 40 वर्षीय राजेश कुमार यादव के लाईसेंसी रिवाल्वर का संतुलन बिगड़ा और वह जमीन पर गिर पड़ा था, जिससे गोली उनके पेट से घुसी और सीने को भेद दिया जिससे राजेश को भारी मात्रा में खून बहने लगा। वहां भगदड चीख पुकार मच गयी। आनन-फानन में परिजनों ने उपचार के लिए नईगंज स्थित एक हॉस्पिटल के डॉक्टर से वार्ता कर भर्ती कराया। मामले की जानकारी पुलिस को देकर डॉ. आलोक कुमार यादव ने मानवहित को देखते हुए घायल युवक का उपचार शुरू कर दिया और जांच-पड़ताल के बाद चला गोली पेट से घुसते हुए सीने को भेद दिया जिससे रक्त बहना बंद नहीं हो रहा था। काफी जटिल मामला होते देख उन्होंने इलाज शुरू कर दिया। घंटे भर उपचार के बाद उन्होंने कहा कि यह खतरे से बाहर है। जिसके बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। डॉ. आलोक कुमार यादव ने कहा कि वह पूरी तरह स्वस्थ हो जाएंगे और खतरे से बाहर है। उपचार के बाद भी उन्हें डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी की जान बचाना मेरी प्राथमिकता है। कंडीशन किसी भी तरह की हो। इस बारे में पुलिस को भी जानकारी दी गई और पुलिस ने पहुंचकर पीड़ित से पूछताछ की और बयान लेकर वह लौट गई।

# पूर्व सांसद ने धर्मशाला निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

**सिकरारा।** पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने सोमवार की देर शाम प्रतापगंज बाजार में स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर परिसर में भव्य धर्मशाला निर्माण हेतु वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमिपूजन किया। उन्होंने अपने हाथों से पांच फावड़ा मारकर खोदे गए गड्ढे में नींव की ईंट रखी। पूर्व सांसद ने धर्मशाला निर्माण में बढ़ चढ़कर सहयोग देने की बात कही।

**शिलान्यास**

### प्रतापगंज के संकटमोचन मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ फावड़े से खुदाई कर रखी नींव

### गुलजारगंज बाजार में बने नवनिर्मित श्रीराम जानकी मंदिर में स्थापित होने वाली मूर्तियों पर किया दुग्धाभिषेक



धर्मशाला निर्माण के लिए भूमिपूजन करते धनंजय सिंह

मंदिर परिसर में धर्मशाला निर्माण की मांग वर्षो से किया जा रहा था। पूर्व सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि मंदिर आस्था के केंद्र होते है। धर्मशाला का निर्माण हो जाने से आस-पास के इलाके के लोगों को भी छोटे कार्य कराने में सुविधा मिलेगी। धर्मशाला निर्माण हो जाने से पूजन-अर्चन करने के लिए आ रहे साधु-संतों को ठहरने की सुविधा हो जाएगी साथ ही बाजारवासियों को भी राहत मिलेगी। निर्माण समिति के अध्यक्ष गुड्डू जायसवाल, दिनेश जायसवाल चफनू व अन्य पदाधिकारियों की देखरेख में सोमवार देर शाम मौनीबाबा मंदिर के पुजारी दर्शनदास महाराज के नेतृत्व में पूरे विधि विधान से पूर्व सांसद ने भूमिपूजन कर धर्मशाला की आधारशिला रखी।

पूर्व सांसद ने गांव के प्रधान राजेश कुमार बिल्लू से मंदिर में अन्य समस्याओं पर भी चर्चा कर उसके निदान का आश्वासन दिया। इस मौके पर मुन्ना प्रसाद सेठ, आनन्द जायसवाल, भरत जायसवाल, चंदन जायसवाल, अनिल सेठ, विजय सेठ, विनोद सिंह, चन्द्रसेन सिंह, मुन्ना सेठ, अवधेश सेठ, आनन्द जायसवाल सहित भारी संख्या में बाजारवासी मौजूद रहे। संचालन डा. वीके शर्मा ने किया। वहां से वे सीधे गुलजारगंज बाजार में नवनिर्मित श्रीराम जानकी मंदिर में पहुंचे। वहां स्थापित हेतु आयी मूर्तियों का मंत्रोच्चार के साथ दुग्धाभिषेक किया। मुख्य यजमान अशोक उमर वैश्य व अच्छे लाल हलवाई ने पूर्व सांसद को स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया।

# अनाज बैंक ने दी होली पर मुसहर परिवारों को खुशियों की सौगात

**केराकत।** होली का त्योहार रंगों एवं पकवानों के लिए जाना जाता है। घर से उठने वाली पकवानों की खुशबू और होली के उड़ते गुलाल खुशियों में चार चांद लगा देते हैं। लेकिन कुछ घर ऐसे है

**खुशी**

### अनाज के साथ रंग का भी हुआ वितरण

### हिन्दू मुस्लिम संवाद केंद्र का हुआ उद्घाटन



मुसहर परिवारों में अनाज वितरित करते संस्था के लोग

जहां खुशियों पर गरीबी ने ग्रहण लगा दिया है। मुसहर परिवार की चिंता यही थी कि होली पर इस बार भी सब फीका ही रहेगा जिसे देखते हुए विशाल भारत संस्थान द्वारा संचालित विश्व के पहले अनाज बैंक की जौनपुर शाखा ने मुसहर परिवारों की चिंता की और 60 मुसहर परिवार को आटा, चावल, दाल, मसाला और रंग अनाज बैंक के अंतर्राष्ट्रीय चेयरमैन एवं विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजीव ने वितरित किया। इस दौरान विशाल भारत संस्थान के सरायबीरु स्थित सेवा कार्यालय में हिन्दू-मुस्लिम संवाद केन्द्र का उद्घाटन भी किया गया। इस संवाद केन्द्र के जरिये प्रत्येक माह हिन्दू-मुस्लिमों की बैठक होगी और उसमें सांझा संस्कृति, सांझा विरासत और पूर्वजों पर चर्चा होगी। साथ ही देश में फैलाये जा रहे नफरत को खत्म करने का सूत्र तलाशा जाएगा।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. राजीव ने कहा कि भारतीय संस्कृति दूसरों की खुशियों में खुश होने और प्यार बांटने की प्रेरणा देता है। अनाज बैंक होली पर विशेष अभियान चलाकर यह प्रयास जरूर करेगा कि कोई भी परिवार त्योहार पर भूखा न रहे। मुसहर परिवार सबसे वंचित समाज के हैं लेकिन उनको भी त्योहार पर अच्छे पकवान बनाने का अधिकार है। भोजन के अधिकार के साथ इनको खुशियों का भी अधिकार है। अनाज बैंक अपनी जिम्मेदारी समझता है। मुसहर परिवार के बच्चों के लिए रंगों की भी व्यवस्था की गई है ताकि वे त्योहार का पूरा आनन्द ले सकें। उन्होंने कहा कि हिन्दू-मुस्लिम संवाद केन्द्र दोनों समुदायों को नजदीक लाने का व्यवहारिक प्रयास है। एक दूसरे के साथ बैठने से आपसी दूरी कम होगी, गलतफहमी दूर होगी और एक दूसरे के प्रति सम्मान और प्यार बढ़ेगा। यह प्रयोग अन्य जिलों में भी किया जाएगा। अनाज बैंक के डिप्टी चेयरमैन ज्ञान प्रकाश ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा के लिए अनाज बैंक सबसे आगे खड़ा है। मुसहर परिवार के लोगों को भूख से मुक्ति दिलाने की योजना पर कार्य करता रहेगा।

अनाज बैंक की प्रबन्ध निदेशक अर्चना भारतवंशी ने कहा कि अनाज बैंक से जुड़े निकासी खाताधारकों को केवल भूख से मुक्ति का स्वराज ही नहीं, बल्कि मुसहर परिवार की महिलाओं को साक्षर बनाकर सक्षम बनाने की भी योजना है। संगठन ने सर्वसम्मति से हिन्दू-मुस्लिम संवाद केन्द्र का प्रभारी विशाल भारत संस्थान के जिला चेयरमैन नौशाद को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पंडित दिव्येन्दु मुखर्जी, निदेशक ओम प्रकाश पाण्डेय, इली भारतवंशी, फरहान अहमद, सर्वेश दीक्षित, महेन्द्र प्रताप सिंह, मो. अहसान, रमेश कुमार सिंह, मो. आजम, राम भवन यादव, रीता देवी, अब्दुल तौवाब, हिमांशु राय, अकरम ने कार्यक्रम में हिस्सेदारी की।

# जनपद में मिले स्नेह को कभी भुला नहीं पाऊंगा : मनीष वर्मा

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा का स्थानांतरण नोएडा होने के उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के तत्वावधान में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतीक चिन्ह, पुष्पगुच्छ, शॉल आदि भेंट कर उन्हें विदाई दी गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासकीय सेवा में स्थानान्तरण एक नैतिक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि जिस जनपद में रहने लगते है वहां से एक जुड़ाव हो जाता है और यहां के लोग, यहां के अधिकारीगण, सभी लोग अच्छे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड के समय के सभी लोगों ने मिलकर, एकजुट होकर, टीम भावना से काम किया है। मेडिकल कॉलेज में भी मिलकर कार्य किया जिसका परिणाम है कि आज वहां क्लासेज चलने लगी हैं। गांव में खेलकूद के मैदान में विकास विभाग की टीम ने लगकर कार्य किया और आज जनपद में सबसे ज्यादा खेल का मैदान संभव हो सका इसमें पूरी टीम का कार्य सराहनीय रहा जो बधाई के पात्र हैं। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से अपेक्षा की कि जो भी बचे हुए खेल के मैदान हैं उनको भी इसी तरह आगे पूरा कराया जाएगा।



जिलाधिकारी को राधा-कृष्ण की प्रतिमा प्रदान करते अधिकारीगण

जल जीवन मिशन को मूर्त रूप दे दिया गया है और हर गांव का डीपीआर स्वीकृत हो चुका है इसके लिए भी टीम को बधाई देते हुए कहाकि जनपद में आप लोगों का जो स्नेह मिला है वह हमेशा याद रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी को जिस जगह तैनाती मिले उसे पूरी लगन और निष्ठा के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनपद में नवागत जिलाधिकारी अनुज झा 2009 बैच के आईएएस (यूपी कैडर) हैं उनके नेतृत्व में आप सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को और भी अनुभव मिलेगा और नये कार्य सीखने का अनुभव प्राप्त होगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त मीडिया बन्धुओं को उनके कार्यावधि में शासन प्रशासन का सहयोग करने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

**समारोह**

### जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ और प्रतीक चिह्न देकर दी गयी विदाई

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व गणेश प्रसाद, पीडी जयकेश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला, जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव सिंह, कलेक्ट्रेट कर्मचारी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जनपद का दौरा कर अध्यक्ष ने जानी हकीकत

**जायजा**

**मिलने वाली सुविधाओं के बारे में ली जानकारी, दिये आवश्यक निर्देश**

**जनसंदेश न्यूज**



**जौनपुर।** अध्यक्ष (राजमंत्री स्तर) उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग डॉक्टर देवेंद्र शर्मा ने जनपद भ्रमण में सर्वप्रथम उमानाथ सिंह जिला चिकित्सालय में एनआरसी का दौरा किया जिसमें 10 बच्चे भर्ती पाए गए। सभी बच्चों के अभिभावकों से अध्यक्ष द्वारा वार्ता की गई एवं मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानना चाहा जिसमें सभी लोगों ने मिलने वाली सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया और बताया कि समय से खाना, बच्चों को दूध और दवाइयां उपलब्ध हैं। बच्चों में उत्तरोत्तर विकास प्रदर्शित हो रहा है।

तत्पश्चात अध्यक्ष द्वारा इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया गया और वहां आए हुए लोगों से वार्ता की गई। अध्यक्ष ने चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। अध्यक्ष द्वारा जिला जेल के महिला सेल का निरीक्षण किया गया जिसमें उनके द्वारा पाया गया कि बच्चे अपने अभिभावकों के साथ महिला सेल की बैरक में रह रहे हैं। तत्पश्चात अभिनव प्राथमिक विद्यालय चौकिया धाम का निरीक्षण किया गया जिसमें विद्यालय में सभी कक्षाओं में जाकर बच्चों से वार्ता की गई और बच्चों को पढ़ाए जाने वाले विषय में जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने पढ़ाए जाने वाले विषय के संबंध में बताया जिस पर अध्यक्ष द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। विद्यालय प्रांगण में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ती द्वारा अध्यक्ष के द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन की रस्म पूर्ण करवाई गई। अंत में अध्यक्ष द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय धर्मापुर ब्लॉक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कक्षा 6, 7 एवं 8 की कक्षाओं में जाकर बच्चों से उनके पढ़ाए जाने वाले पुस्तकों के बारे में जानकारी ली और बच्चों के साथ ही खाना खाया। अपराह्न 2 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बाल संरक्षण के मुद्दे पर समीक्षा बैठक की। बैठक में एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान को जनपद में प्रभावी तरीके से चलाए जाने हेतु टीम वर्क पर जोर दिया। इस दौरान सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग में बच्चों हेतु संचालित योजनाओं की प्रगति प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्चना ओझा अतिरिक्त उपजिलाधिकारी द्वितीय द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार पांडेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम बदन सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी करंजाकला अभिषेक द्विवेदी, सुरेश वर्मा, ईसीएमओ जिला चिकित्सालय के अधीक्षक डॉक्टर राय, वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जायसवाल जिला समन्वयक बालिका शिक्षा, चंदन राय बाल संरक्षण अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनएसएस शिविर में जल संचय पर लोगों को किया जागरूक



शिविर में लोगों को जागरूक करते स्वयंसेवक

**करंजाकला।** पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय सिद्दीकपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के स्वयंसेवकों ने आसपास के कई गांव में जाकर ग्रामीण बच्चों को जागरूक किया और उन्हें जल संचय की लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम डॉ. राकेश कुमार सरोज ने कहा कि पृथ्वी पर जल की कमी न हो और इसके लिए लोगों को अभी से पानी बचाना होगा और यह सब की जिम्मेदारी होगी। इस बारे में छात्रों छात्राओं ने लोगों को नुक्कड़ सभा कर घर-घर जाकर जानकारी दी और जल बर्बाद न करने की अपील किया। राजबहादुर पीजी कॉलेज गुलालपुर में एनएसएस शिविर में प्राथमिक विद्यालय छतौरा में शुरू किया। विशेष शिविर में स्वयंसेवकों ने बस्तियों में जाकर शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया और कहा कि शिक्षा अनमोल है और इसमें पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती। सब लोग पढ़ सकते हैं। लेकिन बच्चों को किसी बहाने घर पढ़ने से न रोके। उन्हें सरकारी स्कूलों में भेजें और शिक्षा ग्रहण करें। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. ज्योतिष प्रकाश यादव ने भी संबोधित किया।

## संक्षेप

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन




**जौनपुर।** नगर के सुंगुलपुर स्थित सृजन संस्था द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सृजन विशेष विद्यालय और गीता प्ले स्कूल के बच्चों के साथ-साथ आम लोगो का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उनको मुफ़्त दवा भी दिया गया। संस्था के निदेशक डॉ. संजय मिश्रा द्वारा इस शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर में उपस्थित करीब 250 लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य चिकित्सा प्रदान की गई। इस शिविर में डॉ. विपुल सिंह (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. अवनीश कुमार सिंह (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. राहुल सिंह (दन्त रोग विशेषज्ञ), डॉ. डीके सिंह (मानसिक रोग विशेषज्ञ) ने मरीजों का मुफ्त इलाज एवं दवाओं का वितरण किया। कार्यक्रम का शुभांरभ ललित कुमार, मैनेजर सृजन संस्था द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सम्बोधन सरिता जैसवार एवं धन्यवाद ज्ञापन सोनी यादव समन्वयक सृजन संस्था ने किया। इस मौके पर अनामिका सिंह, सुमन देवी, पूजा मिश्रा, आरती कन्नौजिया ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

### बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने दो विद्यालयों का किया निरीक्षण



**गौराबादशाहपुर।** बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा ने मंगलवार को बीएसए डॉ. गोरख नाथ पटेल के साथ धर्मापुर ब्लॉक परिसर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा 6 की छात्रा सुहानी यादव से विज्ञान दिवस के बारे में सवाल पूछे तथा छात्रा द्वारा सही जवाब पाकर संतुष्ट दिखे। अध्यक्ष ने विद्यालय में बन रहे छात्राओं के भोजन को चखकर देखा। उन्होंने विद्यालय की वार्डन शशि रानी से बालिकाओं के लिए बनने वाले भोजन को हर रोज सर्वप्रथम खुद चख कर तब छात्राओं को परोसने का निर्देश दिया। उन्होंने सदैव बेहतर शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करने तथा साफ-सफाई का भी निर्देश दिया। तत्पश्चात ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय शीतला चौकियां पर भी बीएसए के साथ पंहुचे बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पाल ने कक्षा 2 के छात्र-छात्राओं से ब्लैक बोर्ड पर सवाल हल करने को दिया जिसको उक्त बच्चों द्वारा हल कर लिया गया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से उनके लक्ष्य के बारे में पूछा। इस दौरान बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल, बीईओ धमार्पुर अरविंद यादव, सीडीपीओ अभिषेक द्विवेदी, वार्डेन शशि रानी, महेंद्र यादव, बबिता सिंह, ममता चतुर्वेदी, पूजा सिंह आदि मौजूद रहे।

### रोमांचक फाइनल मुकाबले में मेजबान चनौली को किया पराजित



**खुटहन।** टीडी कालेज जौनपुर की टीम ने चनौली गांव में संपन्न हुई खुटहन वॉलीबॉल प्रतियोगिता जीत ली है। देर रात खेले गए फाइनल रोमांचक मुकाबले में उसने मेजबान चनौली की टीम को पहले दोनों सेट जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। तीसरे सेट की जरूरत ही नहीं पड़ी। इससे पूर्व सेमीफाइनल मैच टाई होने पर किस्मत के सहारे चनौली की टीम ने फाइनल में जगह बनाई थी। टुर्नामेंट में कुल 24 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव, अमर देव यादव, राजीव कुमार यादव राजू, पूर्व ब्लाक प्रमुख, थानाध्यक्ष राजेश यादव, लाल बहादुर यादव, धर्मेंद्र मौर्य प्रधान, हरिश्चंद्र यादव नेता, दिनेश यादव, वीरेंद्र यादव, सुधांशु यादव, अरुण कुमार यादव प्रधान, अखंड प्रताप यादव, डॉ. अजीत यादव आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता के मुख्य संयोजक उमा शंकर यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। मैच रेफरी की भूमिका धर्मेंद्र यादव, संतोष सिंह, सूर्यमणि यादव, लालमणि यादव व जिया लाल यादव ने निभाई। विवेक यादव व अंगद यादव ने प्रतियोगिता की सफलता में अहम योगदान किया। टीमों के संयोजन में अदनान आलम की विशेष भूमिका रही। कमेंट्री मोहम्मद नजीर ने की। संचालन प्रतियोगिता की परिकल्पना करने वाले नीरज यादव स्वतंत्र ने किया। मुख्य संयोजक उमा शंकर यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### चाकू संग गोवध का अभियुक्त गिरफ्तार



**सुइथाकला।** मंगलवार को पुलिस द्वारा गोवध के एक अभियुक्त को चाकू संग गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर लिखा पढ़ी करते हुए उसे न्यायालय को भेज दिया गया। बतौर पुलिस थाना क्षेत्र का डकहा कम्मरपुर गांव निवासी गोवध का अभियुक्त शादाब अंसारी पुत्र आफताब मंगलवार को उपनिरीक्षक राघवेन्द्र राय व हमराहियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक नाजायज चाकू संग गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर लिखा पढ़ी करते हुए उसे आर्म्स एक्ट व गोवध निवारण अधिनियम के तहत न्यायालय को भेज दिया गया। गिरफ्तारी के दौरान हेड कान्स्टेबल रामसागर यादव और कान्स्टेबल बरखूराम मौजूद रहे।

### सांड़ के हमले में महिला शिक्षामित्र घायल

**सुइथाकला।** स्थानीय बीआरसी पर सांड़ के हमले में सोमवार को एक महिला शिक्षामित्र बुरी तरह से घायल हो गयी। घायल होने की सूचना पाते ही खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य अन्य अधीनस्थों संग घायलावस्था में उसे शाहगंज ले जाकर एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि स्थानीय शिक्षा क्षेत्र के राजधरपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय पर तैनात शिक्षामित्र प्रमिला यादव एफएलएन प्रशिक्षण हेतु सोमवार को बीआरसी गई हुई थी जहाँ वह सांड़ के हमले में बुरी तरह से घायल हो गई। आनन फानन में उसे उपचार हेतु शाहगंज ले जाकर एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां उपचार चल रहा है। उक्त सांड़ बगल के गौशाले का बताया जाता है जो अक्सर गौशाले के बाहर टहलता है। ऐसे में किन परिस्थितियों में उक्त सांड़ गौशाले के बाहर सार्वजनिक स्थानों पर चला जाता है यह जिम्मेदारानों की कार्यशैली पर सवालिया निशान उठा रहा है।

### क्राइम ब्रांच व थाना सुरियावां की संयुक्त टीम को मिली बड़ी कामयाबी

**ज्ञानपुर।** थाना सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विजयीपुर स्थित ग्राहक सेवा केंद्र पर बाइक सवार दो अज्ञात बदमाश केंद्र संचालिका को तमंचे से धमका कर काउंटर में रखा कैश लेकर भाग गए थे। सूचना पर तत्समय ही आरोपियों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। प्रातः जनपदीय पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में ग्राहक सेवा केंद्र पर लूट की घटना में शामिल एक लुटेरे पर 25 हजार रुपये पुरस्कार घोषित अभियुक्त निवासी महरछा थाना सरायममरेज जनपद प्रयागराज को घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का दावा है कि मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए लुटेरे का एक साथी मौके से फरार हो गया था जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था। मुखबिर की सूचना के आधार पर लूट की घटना में शामिल 25 हजार रुपये पुरस्कार घोषित वांछित अंतर्जनपदीय लुटेरे निवासी महरछा थाना सरायममरेज जनपद प्रयागराज को ग्राम करियाही महमदपुर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा वांछित लुटेरों के निशानदेही पर लूट के 10000 नगद व घटना में प्रयुक्त एक अदद तमंचा मय दो अदद जिंदा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तारशुदा अंतर्जनपदीय लूटेरे के विरुद्ध जनपद भदोही व वाराणसी में लूट हत्या के प्रयास चोरी व आयुध अधिनियम के अंतर्गत लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

### ओबीसी सर्वे रिपोर्ट की गणना में लापरवाही का आरोप

**भदोही।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष हसनैन अंसारी ने उपजिलाधिकारी भदोही को पत्र देकर नगर पालिका सीमा क्षेत्र अंतर्गत कराये जा रहे ओबीसी सर्वे में भेद भाव व मनमानी का आरोप लगाया है। सपा नेता ने दिये गये पत्र में कहा है कि शासन द्वारा नगर पालिका परिषद भदोही अन्तर्गत स्थित मोहल्लो का सर्वे कार्य सम्पादित करने का निर्देश हुआ है। जिसके क्रम में प्रशासन द्वारा अपने स्तर से अधिकारियो कर्मचारियो को ओबीसी सर्वे रिर्पोट घर-घर जाकर गणना करके प्रस्तुत करने का आदेश है। लेकिन जिन कर्मचारियो की ड्यूटी लगायी है वह घर-घर न जाकर एक जगह बैठकर गलत रिर्पोट तैयार कर रहे है। मांग किया कि सर्वे रिर्पोट की गणना पारदर्शिता के साथ सही और स्पष्ट करायी जाय।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें विद्यार्थी : प्रो. गणेशन

**बैठक**

**कुटीर पीजी कालेज में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने प्रस्तुत किया मॉडल**



**पराऊगंज।** कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में विज्ञान परिषद द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित अभयजीत दुबे सभागार में आयोजित हुआ।

काशी हिंदू विश्वविद्यालय से आए प्रोफेसर गणेशन ने गोष्ठी में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को साइंस प्रदर्शनी में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा विज्ञान सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं है दैनिक जीवन की प्रत्येक गतिविधि में विज्ञान का योगदान निहित है। वहीं महाविद्यालय का वातावरण हरा भरा देखकर अभिभूत हुए विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर कृष्णमूर्ति ने कहा कि शहरों से उत्तम ग्रामीण अंचल में बना ये महाविद्यालय काशी हिंदू विश्वविद्यालय से इसकी तुलना कम नहीं की जा सकती। डॉ. मनीष कुमार ने भारत की दर्शन वसुधैव कुटुंबकम पर विस्तार से चर्चा किया।

प्राचार्य मेजर डॉक्टर रमेश मणि त्रिपाठी ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों को बताया कि छात्र अपने जीवन में विवेक एवं संयम रखें जिससे राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सके। उक्त अवसर पर छात्रों ने मानव शरीर आकारकीय, कोरोना वायरस रेन वाटर हार्वेस्टिंग, ग्लोबल वार्मिंग, डीएनए मॉडल टेस्ला क्वाइल सतत विकास वेस्ट मैनेजमेंट इत्यादि मॉडल प्रस्तुत किए।

# बोलेरो ने ऑटो में मारी टक्कर, तीन घायल

**गौराबादशाहपुर।** जौनपुर-आजमगढ़ बाईपास पर बिथार गांव के पास हुई एक घटना में बोलेरो ने सवारी भरे ऑटो में टक्कर मार दिया जिससे ऑटो में बैठे हुए तीन व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गए। सभी को उपचार हेतु सीएचसी चोरसंड ले जाया गया जहां से बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं टक्कर मारने के बाद बोलेरो चालक गाड़ी सहित फरार होने में सफल रहा। मंगलवार की सुबह लगभग 11 बजे सवारी लादकर जौनपुर की तरफ जा रहा ऑटो बिथार गांव के पास सामने से आ रही बोलेरो से टकरा गया जिसमें ऑटो में बैठे हुए बरदह आजमगढ़ थाना क्षेत्र के भूलनडीह निवासी रमेश बिंद 32, सच्चिदानंद राय 28, रितेश राय 30 बुरी तरह से घायल हो गये। इस मामले में पूछे जाने पर चौकी इंचार्ज राम जी सैनी ने बताया कि घायलों को उपचार हेतु भेजकर बोलेरो की तलाश की जा रही है।




# वार्षिक महासेल मेले में उमड़ी खरीदारों की भीड़

**मेला**

**आवागमन को लेकर यातायात पुलिस के छूटे पसीने, पूरे दिन लगा रहा जाम**

**जनसंदेश न्यूज**



वार्षिक महासेल मेले में खरीदारी करते लोग

**जौनपुर।** नगर प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को नगर में लगने वाले वार्षिक छूट मेले में मंगलवार को खरीदारों की भीड़ उमड़ी रही। महासेल के इस खास मेले में पुरुष, महिला ग्राहकों का ऐसा रेला उमड़ा कि पैदल एक कदम चलना भी मुश्किल रहा। होली के पहले लगने वाले इस महासेल में जमकर हुई खरीदारी से बाजार चमक उठा। यातायात पुलिस को आवागमन व्यवस्था सुचारु बनाये रखने में पसीने छूट गये। पूरे दिन रास्ता जाम में लोगों का आवागमन काफी प्रभावित हुआ। वहीं दूसरी ओर होने वाले इस वार्षिक आयोजन को लेकर यातायात पुलिस ने आवागमन के सम्बन्ध में पहले से रूट परिवर्तित कर दिया था जिससे दो पहिया व चार पहिया वाहनों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

वर्षों से चल रहे इस वुलेन मेंले में सभी सस्ते व महगें कपड़ों का सालाना महासेल लगता है जिसमें पहले सिर्फ ऊनी वस्त्रों की दुकानें सजती थीं, लेकिन इधर कुछ वर्षों से स्टाक में बचे हर सामान को बेचकर गोदाम खाली करने व मूल धन निकालने का यह नुस्खा दुकानदारों को कुछ ऐसा रास आ गया है कि बैग, सिले-सिलाए वस्त्र, सौन्दर्य प्रसाधन आदि की भी सेल लगने लगी है। इस बार सालाना सेल के 8 दिन बाद होली का पर्व होने से बाजार कुछ ऐसे गुलजार हुए कि नवाब युसुफ रोड से ओलंदगंज व जहांगीराबाद से बदलापुर पड़ाव तक शहर के मुख्य मार्ग कसेरी बाजार, हरलालका रोड और ओलंदगंज पर पैदल चलना भी मुश्किल रहा।

# छात्र-छात्राओं ने क्विज प्रतियोगिता व वैज्ञानिक मॉडलों का किया प्रदर्शन

**उपलब्धि**

**राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित हुई कार्यशाला**

**जनसंदेश न्यूज**



पोस्टर उन्मुखीकरण क्विज प्रतियोगिता में वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन करती छात्राएं

**भदोही।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर मंगलवार को वाराणसी भदोही मार्ग पर स्थित आईआईसीटी भदोही में वैश्विक हित में विज्ञान एवं इंजीनियरिंग का महत्व विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने पोस्टर उन्मुखीकरण क्विज प्रतियोगिता एवं वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन किया। संस्थान के शिक्षक डॉ. आरके मलिक, डॉ. अनिल मिश्रा, डॉ. प्रमोद गुप्ता, डॉ. जयंत देश पांडेय ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका अदा की। वैज्ञानिक मॉडल की उपयोगिता में कुलदीप एवं अभिनव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने जल संचयन की विधि पर मॉडल प्रस्तुत किया। विपिन कुमार ने ड्रोन का महत्व बताया और पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शन किया। पोस्टर प्रस्तुतीकरण में लेशिका व अनुज मौर्य ने क्विज प्रतियोगिता में सुशांत की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

कार्यशाला के समापन समारोह में संस्थान के प्रोफेसर सनत कुमार पाल ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। कार्यशाला का संयोजन डॉ. अतानु मन्ना व डॉ. मोमिना बेरा ने किया। डॉ. अनु मिश्रा ने कार्यशाला में सम्मिलित अतिथियों का आभार जताया।

### गांव चलो अभियान के तहत बसपा ने की बैठक

**ज्ञानपुर।** विधानसभा क्षेत्र भदोही में गांव चलो अभियान के तहत सेक्टर नंबर 14 कस्तुरीपुर चकचन्दा व सेक्टर नंबर 12 अबरना स्थान बीसापुर साड़ा में बहुजन समाज पार्टी की बैठक बसपा नेता बलराज गौतम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शामिल मुख्य अतिथि गुड्डू राम चमार मुख्य जोन इन्चार्ज मीरजापुर मण्डल ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के शासन काल में हर तबका खुश था व प्रदेश में कानून का राज था। कानून के डर से अपराधियो का पलायन हो गया था। आज प्रदेश की जनता बहन जी की तरफ आशा भरी नजरों से देख रही हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में बसपा का पलड़ा सबसे भारी रहेगा। इस मौके पर रामलाल पाल जोन इन्चार्ज मीरजापुर मण्डल, कृष्ण कुमार पाल, रतनलाल यादव जिला सचिव, सुरेश चंद्र गौतम जिला सचिव, विधानसभा अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम, डाक्टर यशवन्त राव अम्बेडकर जिला पंचायत सदस्य, इरफान अंसारी, सेक्टर अध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम, कल्लू, रविन्द्र कुमार गौतम आदि रहे। अबरना बीसापुर साड़ा की बैठक नीरज कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। दोनों सेक्टर कार्यक्रम का संचालन जय प्रकाश चौधरी जिलाध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी ने किया।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सिराज अख्तर

**जनसंदेश न्यूज**

**चुनाव**

**कूड़े के ढेर में मिली देश के महापुरुषों की तस्वीर**

**भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने जताया खेद**



**गोपीगंज।** राष्ट्रीय राजमार्ग के नगरीय क्षेत्र कांजी हाउस के पास कूड़े के ढेर में देश के महान विभूतियों के फोटो को देखने के बाद लोगो द्वारा ऐसे कृत्य करने वालो पर रोष व्यक्त किया गया।

गोपीगंज नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कांजी हाउस का जहां उस समय मौजूद लोगों का खून खौल उठा, जब देश के महान तीन विभूति डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, मदर टेरेसा, पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर ए पी जे अब्दुल कलाम के फ्रेमिंग किए हुए फोटो कूड़े के ढेर में फेंके दिखे, जिसकी भनक लगते ही काफी संख्या में स्थानीय लोग एकत्रित हो गए और इस प्रकार देश के महान विभूतियों के चित्र को कूड़े के ढेर में देख ऐसा कृत्य करने वाले अज्ञात लोगों को कोसते नजर आए। भीड़ देख मॉर्निंग वॉक पर निकले भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सिराज अख्तर व सभासद मजहरुल्ला भी मौके पर पहुचे, और तत्काल महान विभूतियों के फोटो को कूड़े के ढेर से निकालकर प्रणाम किये, और इस प्रकार का कृत्य करने वालो को कोसते हुए फोटो को ससम्मान अपने साथ घर ले गए।

# हाईस्कूल विज्ञान विषय में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ाया

**कार्रवाई**

**दोनों आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत, नकलची परीक्षार्थियों के विरुद्ध की जाएगी सख्त वैधानिक कार्यवाही**

**भदोही।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित इण्टरमीडिएट व हाईस्कूल के बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन व शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। सभी परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक टीम सहित सीसीटीवी कैमरों का व्यवस्थापन व पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। 27 फरवरी को थाना ऊंज क्षेत्र अंतर्गत परीक्षा केंद्र-रामनरेश इंटरमीडिएट कॉलेज ग्राम सरांवा (रघुरामपुर) पर हाईस्कूल विज्ञान विषय परीक्षा के दौरान वास्तविक परीक्षार्थी के स्थान पर दूसरा विद्यार्थी परीक्षा देते हुए पकड़ा गया। केंद्र व्यवस्थापक से प्राप्त तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना भदोही में अभियोग पंजीकृत किया गया। नकलची परीक्षार्थियों व परीक्षा में अशांति फैलाने वाले अवांछनीय तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन, शूचितापूर्ण निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु भदोही पुलिस व प्रशासन प्रतिबद्ध है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# आगे जा रही मारुति कार को टूरिस्ट बस ने मारी टक्कर

**गोपीगंज।** कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित काजी हाउस के पास मंगलवार को प्रातः अजमेर से जायरीनों को लेकर टूरिष्ट बस बंगाल को वापस जा रही थी। आगे चल रही मारुति को टक्कर मार दी। घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है कि मंगलवार को प्रातः 5 बजे के लगभग अजमेर से जायरीनों को लेकर लौट रही बस आगे चल रही मारुति सुजुकी जो ऊंज के समीप एक गांव से शादी समारोह से माधोसिंह को जा रही थी को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर जोरदार होने की वजह से मारुति सड़क के किनारे एक गोमती में जा घुसी जिससे वहां पर बैठे मेवालाल यादव 35 निवासी काजी हाउस घायल हो गए। जिन्हे नजदीकी निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों गाड़ियों के ड्राइवर को अपने कब्जे में ले लिया है। बस ड्राइवर सत्यजीत महतो का कहना है कि मारुति चालक एकाएक सड़क पर गाड़ी को रोक दिया। हम स्पीड में जा रहे थे। ब्रेक लगाया परंतु ब्रेक रोल होने से यह घटना घटी है।

# अस्पताल में समारोह आयोजित कर दी विदाई

**समारोह**

**सेवानिवृत्त चौकीदार काशीनाथ को दी गई विदाई**



सेवानिवृत्त चौकीदार काशीनाथ को फूल माला पहना कर विदाई देते अस्पताल के लोग

**भदोही।** महाराजा बलवंत सिंह राजकीय चिकित्सालय में चौकीदार के पद पर तैनात रहे काशीनाथ रिटायर हो गए। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद मंगलवार को वहां पर विदाई समारोह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर उनको विदाई दी गई। इस अवसर पर महाराजा बलवंत सिंह राजकीय चिकित्सालय के चिकित्सकों और वहां के स्टाफ द्वारा सेवानिवृत्त चौकीदार काशीनाथ को फूलों का हार पहनाया। वक्ताओं ने कहा कि काशीनाथ महाराजा बलवंत सिंह राजकीय चिकित्सालय में 40 साल से चौकीदार के पद पर तैनात थे। अपनी पूरी उम्र उन्होंने एमबीएस अस्पताल में नौकरी करके बिता दिया। अपने सेवाकाल के दौरान इन्होने किसी को भी शिकायत का मौका नहीं दिया। आज अपने पूरे सेवाकाल को पूर्ण करते हुए काशीनाथ सेवानिवृत्त हो गए। इस मौके पर डॉ.वीके मौर्या, डॉ.सुरेंद्र सिंह, डॉ.मुकुल पांडेय, डॉ.आरआर मौर्या, डॉ.सुशील गुप्ता, डॉ अर्चना यादव, डॉ.चंद्रशेखर, मुकेश श्रीवास्तव, प्रदीप आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### लायंस क्लब ज्ञानपुर को मिला, राष्ट्रीय रक्तनायक अवार्ड

**ज्ञानपुर।** नेशनल फेडरेशन ऑफ आर्टिस्ट एंड एक्टिविस्ट द्वारा करनाल, हरियाणा में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान पर राष्ट्रीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें लायंस क्लब ज्ञानपुर के लॉयन अरविंद भट्टाचार्य को दो रक्तदान शिविर आयोजित कर 72 यूनिट रक्तदान संपन्न कराने पर राष्टीय रक्तनायक अवार्ड हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सम्मानित किया। नीफा ने आजादी के अमृत महोत्सव पर पूरे देश में 75 दिनों में 750 रक्तदान शिविर आयोजित कर 75000 यूनिट रक्तदान संपन्न कराया था। इसी क्रम में लायंस क्लब ज्ञानपुर द्वारा दो रक्तदान शिविर नीफा के सहयोग से किया एवं 72 यूनिट रक्तदान हुआ।



# जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित हो तो बने औद्योगिक माहौल

**काशी समेत पूर्वांचल ही नहीं यूपी में यूपीसीडा के माध्यम से उपलब्ध हो सकते हैं भूखंड**

**औद्योगिक नीतियों के क्रियान्वयन व फैसीलेटर की भूमिका में हो केंद्र और प्रदेश सरकार**

**बेहतर कानून व्यवस्था, कनेक्टिविटी, सुशासन, सरल एवं आकर्षक औद्योगिक नीति मिले**

**बनारस के चहुंमुखी विकास में पीएम मोदी की परिकल्पना व सीएम योगी की लगनशीलता**

जितेंद्र श्रीवास्तव

वाराणसी। सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक नगरी काशी अपने जन्मकाल से ही देश ही नहीं समूचे विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान कायम किए हुए हैं। भगवान शिव का काशी से विशेष महात्य है। काशी में घाट और उत्तरवाहिनी गंगा एवं श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में स्थापित शिवलिंग वाराणसी को धर्म, अध्यात्म, भक्ति एवं ध्यान का महत्वपूर्ण केंद्र की ख्याती प्रदान करता है। इस ख्याति में अब तो चार चांद लग चुके हैं। इसके बीच जिस गति से उद्योगों का विकास होना चाहिए, वह न होने से यहां के उद्यमियों को काफी कष्ट है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काशी समेत पूर्वांचल और उत्तर प्रदेश में उद्योगों का जाल बिछाने के लिए प्रयत्नशील है। लेकिन इसमें सबसे बड़ी बाधा जमीन की उपलब्धता सामने आ रही है। जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित हो तो औद्योगिक माहौल बनने से कोई रोक नहीं सकता है। विविध प्रकार के उत्पादन वाले कल-कारखानें लगने से रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे और बेरोजगारी पर लगा ग्रहण भी समाप्त होगा। यह कहना है इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन (आईआईए) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास समिति के अध्यक्ष एवं प्रमुख उद्योगपति आरके चौधरी का। 'जनसंदेश टाइम्स' से 'खास मुलाकात' में उन्होंने औद्योगिक नीतियों और काशी में हुए विकास के बाबत खुलकर बात की।

## खास मुलाकात
### आरके चौधरी के साथ

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी का कहना है कि वर्तमान में जब भी आर्थिक विकास की बात होती है तो उद्योगों की संरचना की तस्वीर आंखों के सामने घूमने लगती है। सबके मानस पटल पर उत्तर प्रदेश का नाम सबसे ऊपर आता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र होने के नाते काशी की बात न की जाएं तो बेमानी होगी। हालांकि पीएम मोदी की परिकल्पना और सीएम योगी के कुशल मार्गदर्शन में हमारी काशी और हमारा प्रदेश उनके संकल्प पर खरा उतर रहा है। किसी भी जिले और प्रदेश में औद्योगिक माहौल की खातिर और उद्योगों की स्थापना के लिए चार बातें जरुरी हैं। इसमें बेहतर कानून व्यवस्था, कनेक्टिविटी, सुशासन, सरल और आकर्षक औद्योगिक नीति का अहम् रोल होता है। केंद्र और प्रदेश सरकार को औद्योगिक नीतियों के क्रियान्वयन और फैसीलेटर की भूमिका में होनी चाहिए। काशी समेत पूर्वांचल ही नहीं यूपी में नये उद्योग लगाने के लिए यूपीसीडा के माध्यम से भूखंड मिल सकते हैं। इसके लिए संकल्प का होना आवश्यक है। इसके लिए पीएम मोदी और सीएम योगी काफी प्रयत्नशील है। यहीं वजह है कि बीते 10 से 12 फरवरी को लखनऊ में हुए वैश्विक निवेशक सम्मेलन में 17 लाख करोड़ से अधिक के निवेश के प्रस्ताव आए हैं। इन प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की खातिर प्रशासनिक अमले को दृढ़ और समयबद्ध संकल्प शक्ति दिखाना होगा।

## काशी के विकास में बढ़-चढ़कर भागीदारी

**आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी काशी के विकास में भी महती भूमिका निभा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने वाराणसी विकास समिति का गठन भी किया। इस समिति ने शासन और प्रशासन के सहयोग से काशी के विकास में नये आयाम गढ़े।**

**1.** सुगम यातायात के लिए ट्रैफिक ब्रिगेड की नियुक्ति और यातायात नियोजन समिति का गठन। **2.** नि:शुल्क थल व जल शव वाहिनी का संचालन। वर्तमान में जल वाहिनी का संचालन एनडीआरएफ के हवाले। **3.** श्री विश्वनाथ मंदिर क्षेत्र एवं वरुणा कॉरिडोर के विकास की पहल, कार्य प्रगति पर। **4.** हरिश्चंद्र घाट पर विद्युत शवदाह गृह का पुन: संचालन करवाना। **5.** भेलूपुर, रथयात्रा, महमूरगंज आदि क्षेत्रों में प्रशासन के सहयोग से सड़क का चौड़ीकरण करवाना। **6.** अंधरापुल सुरंगों का चौड़ीकरण कार्य। शहर के 36 चौराहों का सुंदरीकरण। **7.** वाराणसी से शताब्दी एक्सप्रेस चलाने की मंजूरी दिलवाना। **8.** फुलवरिया फोर लेन व कंवेंशन सेंटर की मंजूरी दिलवाना। **9.** शहर में स्वच्छता कार्यों को गति, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण। इसके लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करना। **10.** शहर के विभिन्न इलाकों में बेतरतीब लगे विद्युत पोलों को व्यवस्थित करवाना। **11.** शहर में सुगम यातायात की खातिर रोड डिवाडरों का निर्माण करवाना आदि।









## कोरोना काल में लगवाया ऑक्सीजन प्लांट

उन्होंने बताया कि कोरोना काल में ऑक्सीजन की उपलब्धता के लिए उन्होंने पांडेयपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला चिकित्सालय में एक करोड़ की लागत से 600 एलएमपी का ऑक्सीजन प्लांट लगवाया गया। यह प्लांट रेकार्ड समय महज 10 दिन में स्थापित किया गया। इसके अलावा, चंदौली स्थित जिला अस्पताल में भी 600 एलएमपी का ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करवाया गया। इन दोनों ऑक्सीजन प्लांट के चालू होने से तत्कालीन समय में कोरोना पीड़ित मरीजों को काफी फायदा मिला।

## बेहतर औद्योगिकरण के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव

1. वर्ष 2014 एवं 2017 की औद्योगिक नीति की प्रोत्साहन राशि को अविलंब मुक्त किया जाना औद्योगिक निवेश एवं विकास में आवश्यक है। दरअसल, यह प्रोत्साहन राशि उद्योगों के कार्यशील पूंजी का हिस्सा होती है।

2. प्रदेश में काफी निवेश के लिए सबसे बड़ी एवं अहम समस्या जमीन की होगी। इसके लिए सरकार पूरी तरह से प्रयासरत है। प्रदेश में आज यूपीसीडा से काफी भूखंड उपलब्ध हो सकते हैं। मसलन, औद्योगिक क्षेत्र रामनगर में 25 .56 एकड़ भूमि निष्प्रयोज्य पड़ी है। इस निष्प्रयोज्य भूखंडों को सरल एवं तरल नीति के तहत आवंटित करना होगा।

3. प्लाटों के सब डिवीजन प्रक्रिया को अधिक सरल एवं तर्कसंगत बनाया जाना उचित और भूखंडों की उपलब्धता बढ़ाने में सहायक होगा।

4. निवेश मित्र पोर्टल में व्यवहारिक सुविधाओं को बढ़ाने और उद्यमियों की ऊर्जा क्षरण को रोकने के लिए उचित कदम उठाने की आवश्यकता है। जैसे उद्योग विभाग से संबंधित फायर एनओसी, प्रदूषण, यूपीसीडा, बिजली, फैक्ट्री लाइसेंस, इलेक्ट्रिकल सेफ्टी आदि।

# महाश्मशान पर चिता की भस्म से खेलते हैं होली

**एक ओर जलती हैं चिताएं, दूसरी ओर खेलते हैं होली**

**महाश्मशान पर चार मार्च को मनायी जायेगी मसाने वाली होली**



राधेश्याम कमल

वाराणसी। काशी का महाश्मशान जहां एक ओर विलाप और शोक है वहीं रंगभरी एकादशी के दूसरे दिन होने वाली मसाने वाली होली में सभी चिता भस्म से सराबोर हो जाते हैं। ये भी काफी अजीब है कि एक ओर जहां चिताओं पर अंतिम संस्कार किया जाता है वहीं दूसरी ओर लोग चिता भस्म से जम कर होली खेलते हैं। यह परम्परा लगभग दो दशकों से चल रही है। मणिकर्णिकाघाट महाश्मशान पर रंगभरी एकादशी के दूसरे दिन होने वाली मसाने की होली में चिता की राख (भस्म) से होली खेली जाती है। चिता भस्म की होली अपने आप में अद्भुत एवं अनोखी है। इसे देखने व इसमें भाग लेने के लिए काशी ही नहीं दूर दराज से आये लोग इसमें शरीक होते हैं। मसाने वाली होली बनारस ही नहीं विश्व में भी मशहूर है। विदेशियों के लिए भी यह आकर्षण का केन्द्र बन जाता है। मसाने वाली होली की शुरूआत 1999 में हुई। चिता भस्म की होली कार्यक्रम के संयोजक गुलशन कपूर बताते हैं कि पहले यह आयोजन बाबा मसान के मणिकर्णिकाघाट स्थित मंदिर पर हुआ करता था। सभी लोग मंदिर के अंदर परम्परागत ढंग से इसका निर्वाह करते थे। 1999 में धीरे-धीरे इसको आमजनमानस से जोड़ दिया गया। जब इसकी शुरूआत हुई तो काशीवासी व अन्य लोग इससे जुड़ गये। धीरे-धीरे इसकी ख्याति बढ़ती गई। इसके साथ ही महाश्मशान पर लोगों की भीड़ भी बढ़ती गई। तीन चार महीना पहले श्मशानघाट पर चिताओं की राख (भस्म) को एकत्र करते हैं। उसको चलनी से साफ करके सिर्फ राख को रख लिया जाता है। इस तरह लगभग 15 बोरी (50 किलो वाली) राख एकत्र करके उसे मसाने वाली होली पर होली खेलते हैं। मसाने की होली के अध्यक्ष चैनू प्रसाद गुप्ता बताते हैं कि इस दिन सभी चिता भस्म की होली से सराबोर हो जाते हैं। मध्याह्न में बाबा महाश्मशान का स्नान कराने के बाद उनकी आरती की जाती है। इसके बाद मध्याह्न में ही मसाने वाली होली की शुरूआत हो जाती है। इसे आदि से अनंत की यात्रा का पर्व भी कहते हैं। रंगभरी एकादशी के दूसरे दिन द्वादशी पर काशी के महाश्मशान मणिकर्णिकाघाट पर जलती हुई चिताओं के बीच मसाने की होली होती है।

# रंगभरी एकादशी पर सजेगी मां मणिकर्णिका की झांकी

**तैयारी**

**काशी में चक्रपुष्करिणी तीर्थ में होंगे उत्तराभिमुख गोमुख के दर्शन**

**काशी तीर्थ पुरोहित सभा की ओर से होगा आयोजन**

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। अनादि तीर्थ मणिकर्णिका चक्रपुष्करिणी तीर्थ में स्थित उत्तराभिमुख गोमुख का दर्शन श्रद्धालु करेंगे। गोमुख का दर्शन व पूजन वर्ष में महज दो बार ही होता है। पहला रंगभरी एकादशी और दूसरा अक्षय तृतीया के दिन। काशी ही नहीं देश भर से श्रद्धालु गोमुख व कुंड के दर्शन के लिए काशी आते हैं।

इस वर्ष तीर्थ का वार्षिक श्रृंगार भी तीन मार्च को रंगभरी एकादशी की रात होगा। काशी तीर्थ पुरोहित सभा की ओर से होने वाले आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। काशी तीर्थ पुरोहित सभा के अध्यक्ष व कुंड के प्रधान तीर्थ पुरोहित पं. मनीष नंदन मिश्र ने बताया कि तीर्थ चक्र रंगभरी एकादशी के दिन काशी तीर्थ पुरोहित सभा की ओर से मां मणिकर्णिका का षोडशोपचार विधि से पूजन किया जाएगा। साथ ही गुलाल सहस्त्रार्चन व वृहद श्रृंगार के बाद महाआरती की जाएगी। 21 वैदिक आचार्यों के आचार्यत्व में रुद्री पाठ का आयोजन भी होगा। महाश्रृंगार की झांकी रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगी जिसका दर्शन रात्रिपर्यंत चलेगा। इस अवसर पर कुंड में स्थित उत्तराभिमुख गोमुख का भी दर्शन होगा।



## मां गंगा से पहले से काशी में है चक्रपुष्करिणी तीर्थ

तीर्थ पुरोहित पं. मनीष नंदन मिश्र ने बताया कि यह कुंड मां गंगा के पृथ्वी पर अवतरित होने के पहले से ही मणिकर्णिका तीर्थ पर काशी में है। अनादिकाल में भगवान विष्णु ने अपने चक्र से इसका निर्माण किया था। उसके बाद भगवान विष्णु ने यहां पर 60 हजार वर्षों तक तपस्या की थी। इस दौरान उनके तन से निकले पसीने से कुंड भर गया। मान्यता है कि कुंड के जल का स्त्रोत हिमालय (बद्रिकाश्रम) से आता है। श्रृंगार वाले दिन देखते ही देखते समुद्र में आए ज्वार-भाटे की तरह, कुंड धवल जल से लबालब भर जाएगा। उसी कुंड में डुबकी लगाने और मणिकर्णिका माता के श्रृंगार पूजा करने के लिए लोग लालायित रहते हैं। श्रद्धालु कुंड के जल को प्रसाद स्वरूप पात्र में भरकर घर ले जाते हैं और वितरित करते हैं।

# बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार से सम्मानित कलाकारों की प्रस्तुति

**समारोह**

**चार दिवसीय अमृत युवा कलोत्सव 2022-2023 का आरम्भ**

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। संगीत नाटक अकादमी संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं संगीत एवं मंच कला संकाय काशी हिंदू विश्वविद्यालय, के सहयोग से अमृत युवा कलोत्सव उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार 2020 से सम्मानित कलाकार 28 फरवरी से 3 मार्च 2023 तक अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। अमृत युवा कलोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मविभूषण पं. छन्नूलाल मिश्र एवं गुरू प्रेमचंद होम्बल का सम्मान किया गया । पं. छनूलाल मिश्र ने उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार 2020 से सम्मनित कलाकारों को आशीर्वचन दिए।

अमृत युवा कलोत्सव का आरम्भ संगीत नाटक अकादमी के उपसचिव डा. ऋता स्वामी चौधरी एवं उपसचिव राजू दास के स्वागत भाषण से हुआ। पद्म विभूषण पं. छन्नूलाल मिश्र, गुरू श्री प्रेमचंद होम्बल, प्रो. मंजू सुंदरम, प्रो. के. शशिकुमार, डा. विधि नागर ने दीप प्रज्ज्वलन किया। इसके पश्चात डा. दिवाकर कश्यप एवं प्रभाकर कश्यप के युगल हिंदुस्तानी गायन हुआ जिसमें उन्होंने राग मुल्तानी में बहुत ही सुंदर प्रस्तुति की। छत्तीसगढ़ के लोक संगीत और नृत्य बारझुलनी, कमार्नृत्य और ढोल नृत्य की प्रस्तुति धनी राम कड़मिया ने की। सुश्री त्रिना राय ने कथक नृत्य में सर्वप्रथम शिव वंदना, धमार ताल और अंत में कृष्ण दास का भजन होली खेलत है नंदलाल की अद्भुत प्रस्तुति दी । सुश्री प्रियंका द एडवरटाइजमेंट नामक नाटक की प्रस्तुति दी। प्रो. संगीता पंडित, प्रो. संगीता सिंह, प्रो. वीरेन्द्रनाथ मिश्र, डा. केए. चंचल, प्रो. शारदा वेलंकर, डा. विजय कपूर, पंकज राय, डा. प्रेम किशोर मिश्र, डा. रामशंकर आदि शामिल थे।



# महंत आवास पर हुई गौरा की हल्दी, गाए गए मंगल गीत

**उत्सव**

**गौना के लिए मंहत आवास बना गौरा का मायका**

वाराणसी। शिव-पार्वती विवाह के उपरांत रंगभरी (अमला) एकादशी पर बाबा के गौना की रस्म उत्सव का क्रम मंगलवार से टेढ़ीनीम स्थित विश्वनाथ मंदिर के महंत आवास पर आरंभ हो गया। महंत आवास पर गौरा के रजत विग्रह को संध्या बेला हल्दी लगाई गई। महंत आवास पर गौरा के विग्रह को तेल हल्दी की रस्म के लिए सुहागिनों और गौनहारिनों की टोली संध्या बेला में महंत आवास पहुंची। इस उत्सव में मुहल्ले की बुजुर्ग महिलाएं भी शामिल हुईं। शुक्रवार की शाम हुए इस उत्सव में ढोलक की थाप और मंजीरे की खनक के बीच मंगल गीत गाते हुए महिलाओं ने गौरा को हल्दी लगाई। मांगलिक गीतों से महंत आवास गुंजायमान हो उठा। लोक संगीत के बीच बीच शिव-पार्वती के मंगल दाम्पत्य की कामना पर आधारित पारंपरिक गीतों का क्रम देर तक चला। गौरा के हरदी लगावा, गोरी के सुंदर बनावा...सुकुमारी गौरा कइसे कैलास चढ़िहें..., गौरा गोदी में लेके गणेश विदा होइहैं ससुरारी... आदि गीतों में गौने के दौरान दिखने वाली दृश्यावली का बखान किया गया। मंगल गीतों में यह चर्चा भी की गई कि गौना के लिए कहां क्या तैयारी हो रही है। दुल्हे के स्वागत के लिए कौन कौन से पकवान पकाए जा रहे हैं। सखियां पार्वती का साज श्रृंगार करने के लिए कैसे कैसे सुंदर फूल चुन कर ला रही हैं। हल्दी की रस्म के बाद नजर उतारने के लिए साठी क चाऊर चूमिय चूमिय.. गीत गाकर महिलाओं ने गौरा की रजत मूर्ति को चावल से चूमा। गौरा के तेल-हल्दी की रस्म के लिए महंत डा. कुलपति तिवारी सानिध्य मे संजीवरत्न मिश्र ने माता गौरा का श्रृंगार किया। हल्दी रस्म पूजन आचार्य सुशील त्रिपाठी ने कराया। अंक शास्त्री पं. वाचस्पति तिवारी के संयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम शिवांजली के अंतर्गत श्रद्धालु महिलाओं ने शिव भजनों की प्रस्तुति की।